सूर्योदय : 5:28
सूर्यास्त : 6:38
अधिकतम तापमान : 34.0
न्यूनतम : 28.0

RNI NO : UPHIN/2010/31173

डाक पंजीकरण संख्या:
SSP/LW/NP-422/2014-2016

वर्ष-18 अंक-348 पेज-16
मूल्य : 3 रुपया

लखनऊ, शुक्रवार, 13 जून 2025
16 जिलहिज्जा 1446 हिजरी

हिन्दी दैनिक
अवधनामा
www.avadhnama.com




# अहमदाबाद विमान हादसे में 241 की मौत

## चालक दल के 10 सदस्य सहित 242 लोग सवार थे, एक यात्री बचा, गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री व भाजपा नेता विजय रुपाणी की भी मौत

**अहमदाबाद।** लंदन जा रहा एअर इंडिया का एक विमान गुरुवार दोपहर अहमदाबाद हवाई अड्डे से उड़ान भरने के कुछ ही मिनट बाद यहां एक आवासीय इलाके में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। विमान में दो पायलट और चालक दल के 10 सदस्य सहित 242 लोग सवार थे। हादसे में 241 लोगों की मौत की पुष्टि हुई है।

अहमदाबाद से लंदन के गैटविक के लिए उड़ान भरने वाले विमान में सवार यात्रियों में गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री एवं भाजपा नेता विजय रुपाणी भी थे। विमान गुरुवार दोपहर सरदार वल्लभभाई पटेल अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के निकट मेघाणी नगर में शहर के सिविल अस्पताल और बीजे मेडिकल कॉलेज के चिकित्सकों एवं नर्सिंग स्टाफ के आवासीय क्वार्टर के पास दुर्घटनाग्रस्त हो गया। नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) के एक बयान के अनुसार, ''विमान ने अहमदाबाद से अपराह्न 1:39 बजे रनवे 23 से उड़ान भरी। इसने एटीसी (हवाई यातायात नियंत्रण) को 'मेडे' (आपातकालीन संदेश देने के लिए) कॉल किया, लेकिन उसके बाद एटीसी द्वारा की गई कॉल का विमान से कोई जवाब नहीं मिला।'' दुर्घटनास्थल के वीडियो में झुलसे हुए शवों को बाहर निकाले जाते तथा घायलों को, जिनमें से कई झुलसे हुए थे, नजदीक स्थित शहर के सिविल अस्पताल में ले जाते देखा जा सकता है। दुर्घटना में मारे गए या घायल हुए लोगों का कोई आधिकारिक अनुमान नहीं लगाया जा सका है। यह 2020 के बाद से भारत की दूसरी सबसे बड़ी विमान दुर्घटना है, जब एअर इंडिया एक्सप्रेस का विमान केरल के कोझीकोड में उतरते समय गीले रनवे से फिसल गया और उसके दो टुकड़े हो गये थे। विमान में सवार 190 लोगों में से दो पायलट सहित 21 लोगों की जान चली गई थी। बोइंग 787 ड्रीमलाइनर विमान (एआई171) को उड़ान भरने के तुरंत बाद एकदम तेजी से नीचे आते देखा गया और यह दुर्घटनाग्रस्त हो गया। अहमदाबाद में प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि आग इतनी भीषण थी कि इसकी वजह से कम से कम एक बहुमंजिला इमारत बुरी तरह प्रभावित हो गई। शहर में हवाई अड्डे पर उड़ानों का परिचालन अस्थायी रूप से स्थगित कर दिया गया है।



### मृतकों के परिजनों को 1 करोड़ का मुआवजा

अहमदाबाद में हुए प्लेन क्रैश में मृतकों के परिजनों के लिए राहत भरी खबर है। टाटा संस के चेयरमैन एन चंद्रशेखरन ने घोषणा की है कि मृतकों के परिजनों को 1 करोड़ रुपये का मुआवजा दिया जाएगा। इसके अलावा, घायलों को मुफ्त इलाज की सुविधा भी प्रदान की जाएगी।

### मुख्यमंत्री योगी और अखिलेश यादव ने जताया शोक, घटना को बताया बेहद दुखद


**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अहमदाबाद से लंदन जा रहे एअर इंडिया के विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने पर गहरा दुख व्यक्त किया। मुख्यमंत्री ने इस घटना को बेहद दुखद बताया और पीड़ितों के परिजनों के प्रति अपनी हार्दिक संवेदना व्यक्त की। लंदन जा रहा 'एअर इंडिया' का विमान अहमदाबाद हवाई अड्डे से उड़ान भरने के कुछ ही देर बाद दुर्घटनाग्रस्त हो गया। विमान में चालक दल के सदस्यों समेत 242 यात्री सवार थे। वहीं सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने अहमदाबाद विमान हादसे पर शोक जताते हुए कहा कि इस दुखद दुर्घटना का त्वरित स्पष्टीकरण सामने आना चाहिए ताकि सभी प्रकार की आशंकाएं दूर हो सकें।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने विमान दुर्घटना को हृदय विदारक आपदा बताते हुए बृहस्पतिवार को कहा कि राष्ट्र इस अवर्णनीय दुख की घड़ी में प्रभावित लोगों के साथ खड़ा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''अहमदाबाद की त्रासदी से हम स्तब्ध और दुखी हैं। यह हृदय विदारक है जिसे शब्दों में बयां नहीं किया जा सकता।'' सूत्रों ने बताया कि मोदी ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और नागरिक उड्डयन मंत्री राम मोहन नायडू से भी बात की तथा उनसे अहमदाबाद जाकर, दुर्घटना प्रभावित लोगों को तत्काल यथासंभव सहायता उपलब्ध कराने को कहा है।

डीजीसीए ने एक बयान में बताया कि उड़ान की कमान कैप्टन सुमित सभरवाल के हाथों में थी। उनके साथ फर्स्ट ऑफिसर क्लाइव कुंदर भी थे। सभरवाल के पास 8,200 घंटे की उड़ान का अनुभव था, जबकि कुंदर के पास 1,100 घंटे की उड़ान का अनुभव था। बयान के अनुसार, रनवे 23 से उड़ान भरने के तुरंत बाद विमान हवाई अड्डे की परिधि के बाहर, नीचे गिर गया। बयान में कहा गया है, ''12 जून 2025 को एअर इंडिया का बी787 विमान वीटी-एएनबी उड़ान संख्या एआई-171 के साथ अहमदाबाद से उड़ान भरने के तुरंत बाद दुर्घटनाग्रस्त हो गया।'' इसमें कहा गया है कि विमान में दो पायलट और चालक दल के 10 सदस्य सहित 242 लोग सवार थे।

## गंडक नदी में पांच युवक डूबे, तीन का मिला शव

अवधनामा ब्यूरो



- दो की तलाश में एनडीआरएफ टीम का रेस्क्यू जारी
- धनहा में गंडक नदी में अचानक नदी में डूबे युवक

**कुशीनगर।** जनपद से सटे पड़ोसी प्रान्त बिहार के गौतम बुद्ध सेतु के समीप गंडक नदी में पांच युवक नदी में डूब गए। डूबे पांच युवकों में से तीन युवक के शव को एनडीआरएफ की टीम ने गुरुवार की दोपहर बाद तक नदी की धारा से बरामद कर लिया। वही बाकी बचे दो युवकों के शव की बरामदगी के लिए एनडीआरएफ टीम का रेस्क्यू जारी है। वही धनहा एवं भितहा थाना की पुलिस ने नदी की धारा से बरामद तीन युवकों के शव को पोस्टमार्टम के लिए अनुमंडलीय अस्पताल बगहा भेज दिया। घटना की सूचना पर बाल्मीकि नगर विधायक धीरेंद्र प्रताप सिंह उर्फ रिंकू सिंह गुरुवार की दोपहर सेमर बारी ठोकर के समीप घटनास्थल पर पहुंचे। जहां नदी में डूबे युवकों के परिजनों से मिलकर उन्हें सांत्वना दिया। एनडीआरएफ की टीम लगातार रेस्क्यू अभियान चला रही है।

पड़ोसी प्रान्त बिहार के धनहा गंडक नदी में बुधवार की दोपहर धनहा थाना क्षेत्र के खलवा पट्टी हनुमान मंदिर गांव से ट्रैक्टर ट्रॉली पर सवार होकर 20 से 25 की संख्या में युवक धनहा गौतम बुद्ध सेतु पुल के समीप गंडक नदी में नहाने के लिए पहुंचे थे। नहाने के दौरान पांच युवक गहरे पानी में चले गए। सुचना के बाद एनडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंच नदी में डूबे युवकों कि तलाश करना शुरू किया जिसमे टीम ने 3 युवकों को कि शव को नदी से बरामद करने में सफल रही। नदी की धारा से बरामद शव की पहचान खलवापट्टी गांव निवासी झागट गद्दी के 25 वर्षीय पुत्र आस मोहम्मद, सफी मोहम्मद के पुत्र मोहताब गद्दी एवं बचई गद्दी के पुत्र नेयाज गद्दी के रूप में हुई है। विधायक रिंकू सिंह ने कहा कि यह काफी दुखद घटना है। एनडीआरएफ की टीम लगातार रेस्क्यू अभियान चला रही है। इस दुख की घड़ी में आहत पीड़ित परिवार को मेरी सहानुभूति है।

## अमेरिका के रक्षा मंत्री का बड़ा दावा, युद्ध की तैयारी कर रहा चीन

**वाशिंगटन।** चीन जिस तेजी से अपनी सेना का विस्तार कर रहा है और ताइवान के निकट हमले का अभ्यास कर रहा है, इससे स्पष्ट है कि वह युद्ध की तैयारी कर रहा है। इस लिहाज से अमेरिका के लिए चीन बड़ा खतरा है। यह बात अमेरिका के रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने कही है।

अमेरिकी संसद की रक्षा मामलों की उपसमिति के समक्ष रक्षा मंत्री ने कहा, कम्युनिस्ट चीन हमारे लिए खतरा बन रहा है। कहा, चीन हिंद-प्रशांत क्षेत्र में युद्ध की तैयारी कर रहा है। युद्ध लड़कर वह क्षेत्र में अपना प्रभाव साबित करना चाहता है, उसका लक्ष्य विश्व की सबसे बड़ी शक्ति बनने का है। अगर चीन सफल होता है तो वह अमेरिका के उद्योगों को ठप कर देगा। हेगसेथ जब बता रहे थे उस समय अमेरिकी सेनाओं के प्रमुख भी उनके साथ थे।

## मेधावी छात्रों को सीएम योगी ने किया सम्मानित

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को विद्यार्थियों से सार्वजनिक संपत्ति की सुरक्षा की जिम्मेदारी लेने का आग्रह करते हुए कहा कि ऐसी संपत्ति सामूहिक प्रयास का परिणाम है और किसी भी परिस्थिति में इसे नुकसान नहीं पहुंचाया जाना चाहिए।

मेधावी छात्रों को सम्मानित करने और स्कूल खेल पुरस्कार वितरित करने के लिए एक राज्य स्तरीय कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा, ''सार्वजनिक संपत्ति निजी संपत्ति नहीं है - यह पूरे समाज के योगदान से बनी है। अगर कोई इसे नुकसान पहुंचाता है तो वह देश को नुकसान पहुंचा रहा है। इस तरह के कृत्यों को रोका जाना चाहिए, सूचना दी जानी चाहिए और उजागर किया जाना चाहिए।'' सीएम ने विद्यार्थियों से सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचाने वालों की रिकॉर्डिंग करने और सूचना देकर कार्रवाई करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा, ''आप सभी के पास मोबाइल फोन हैं। अगर आप किसी को सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाते देखें तो उसका वीडियो बनाएं। हम यह सुनिश्चित करेंगे कि पोस्टर के जरिए उस व्यक्ति की पहचान की जाए और उससे वसूली की जाए।'' उन्होंने माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की नकल-मुक्त परीक्षाएं आयोजित करने के लिए प्रशंसा की और 2017 से राज्य की शिक्षा प्रणाली में बड़े सुधारों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा, ''पहले, शिक्षा के नाम पर सामूहिक नकल एक धंधा बन गया था। लोग परीक्षा फॉर्म भरते थे और परीक्षा देने के लिए किसी और को नियुक्त करते थे।'' पूर्ववर्ती सरकारों पर निशाना साधते हुए आदित्यनाथ ने इस तरह की अवैध गतिविधियों को बंद करने और एक , निष्पक्ष परीक्षा प्रणाली बनाने के लिए खुद की सरकार को श्रेय दिया। पहले जिन परीक्षाओं को आयोजित करने में दो से तीन माह लगते थे वे अब सिर्फ 13 दिन में समाप्त हो जाती हैं। उन्होंने छात्रों को प्रधानमंत्री मोदी की पुस्तक ''एग्जाम वॉरियर्स'' पढ़ने के लिए प्रोत्साहित करते हुए कहा, ''परीक्षाएं छात्रों को परेशान करने का माध्यम नहीं होनी चाहिए, बल्कि उनका मूल्यांकन करने और उन्हें प्रतिस्पर्धी भावना के साथ जीवन की चुनौतियों का सामना करने के लिए तैयार करने का माध्यम होना चाहिए।



- विद्यार्थी सार्वजनिक संपत्ति की सुरक्षा की जिम्मेदारी लें
- नकल-मुक्त परीक्षाएं आयोजित करने के लिए की प्रशंसा

## महागठबंधन के घटक तेजस्वी को सौंपेंगे अपनी पसंदीदा सीटों की सूची



**पटना।** महागठबंधन में सीट बंटवारे पर चर्चा आगे होने वाली बैठकों में ही होगी। बहुत संभव है कि समन्वय समिति की अगली बैठक से बातचीत की प्रक्रिया शुरू हो। ऐसा घटक दलों का मानना है। हालांकि, राजद सूत्रों का कहना है कि कोई जल्दबाजी नहीं है। अभी समन्वय और सहयोग पर फोकस है, ताकि कार्यक्रमों को आगे बढ़ाया जा सके।

गुरुवार को हुई बैठक में साझा आयोजन-आंदोलन पर सहमति बन गई है। इसके लिए तिथियों का निर्धारण यथाशीघ्र होगा। नौ जुलाई को प्रस्तावित ट्रेड यूनियन की हड़ताल में सभी घटक दलों की सक्रिय सहभागिता रहेगी। इस बीच वे अपनी पसंदीदा सीटों की सूची तेजस्वी यादव को सौंप देंगे। राजद द्वारा दावों की वस्तुस्थिति का आकलन करने के बाद ही सीट समझौते पर बातचीत की शुरुआत होगी। तेजस्वी की अध्यक्षता में महागठबंधन की यह चौथी बैठक थी, जो उनके सरकारी आवास पर हुई। समन्वय समिति के साथ उसकी पांचों उप-समितियों की पहली बैठक रही। तय हुआ कि प्रदेश की तरह ही प्रखंड स्तर तक समन्वय बढ़ाया जाए। उप-समितियां नियमित रूप से बैठक कर अपने कार्य-क्षेत्र से संबंधित जन-समस्याओं का समाधान सुझाएं।

## थर्मामीटर की रीडिंग से ज्यादा महसूस हो रही गर्मी

**नई दिल्ली।** उत्तर भारत के कई हिस्सों में भीषण हीटवेव लोगों को झुलसा रही है। लेकिन अगले कुछ दिन तापमान में कमी के बावजूद लोगों को असहनीय गर्मी का सामना करना पड़ेगा। दरअसल बुधवार शाम से हवाओं के रुख में बदलाव आया है। ऐसे में बंगाल की खाड़ी से नम मानसूनी हवाएं दिल्ली तक पहुंच रही है, इससे हवा में आर्द्रता का स्तर बढ़ा है। गर्मी और हवा में बढ़ती आर्द्रता के चलते ऐसी स्थिति बन रही है जिससे दर्ज किए जा रहे तापमान से ज्यादा गर्मी लोगों को महसूस हो रही है। गुरुवार दोपहर लगभग 2.30 बजे दिल्ली में गर्मी 42.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज की गई। जबकि हवा में आर्द्रता का स्तर 39 फीसदी होने के चलते लोगों को 53.5 डिग्री सेल्सियस के बराबर गर्मी महसूस हुई। मौसम वैज्ञानिकों के मुताबिक अगले कुछ दिन दिल्ली और आसपास के लोगों इस तरह की उमस भरी भीषण गर्मी का सामना करना पड़ सकता है।

- हवा में बढ़ी नमी बढ़ा रही मुश्किल



दिल्ली में मौसम विभाग ने पिछले साल हीट इंडेक्स की शुरुआत की है। इस इंडेक्स के तहत मौसम के तीन कारकों जैसे हवा की स्पीड, तामपान और नमी के स्तर के आधार पर वास्तविक गर्मी का विश्लेषण किया जाता है। सहनीय और असहनीय गर्मी के आधार पर मौसम विभाग ने रंगों का एक चार्ट बनाया है। मौसम विभाग हर दिन अपने बुलेटिन में हीट इंडेक्स के आधार पर भी जानकारी भी देता है। मौसम वैज्ञानिक कहते हैं कि बुधवार शाम से बंगाल की खाड़ी से उठी मानसून की नम हवाओं के चलते हवाओं का रुख बदला है। ये नम हवाएं आसपास की हवा में आर्द्रता का स्तर बढ़ा रही हैं जिससे गर्मी ज्यादा महसूस हो रही है। एक उदाहरण से समझें तो अगर वास्तविक तापमान 40 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया जा रहा है और हवा में आर्द्रता का स्तर 20 फीसदी या उससे कम है तो आपको 40 डिग्री सेल्सियस के बराबर ही गर्मी महसूस होगी। लेकिन अगर तापमान 40 डिग्री है और हवा में आर्द्रता का स्तर भी 40 डिग्री के करीब पहुंच जाए तो आपको 48 डिग्री सेल्सियस के बराबर गर्मी महसूस होगी। वास्तविक गर्मी और महसूस होने वाली गर्मी के अंतर को हीट इंडेक्स या डिस्कंफर्टेबल इंडेक्स के जरिए नापा जाता है।

## डीएम की अनावश्यक व्याख्या पर हाईकोर्ट ने जताई नाराजगी

**इलाहाबाद।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने बिजनौर की जिला मजिस्ट्रेट द्वारा दाखिल हलफनामे पर कड़ी आपत्ति दर्ज करते हुए कहा कि डीएम ने अपने हलफनामे में यूपी-राजस्व संहिता नियमावली, 2016 के तहत एक प्रावधान की अनावश्यक अनुचित व्याख्या की है। यह न्यायालय कानून जानता है।

कोर्ट ने माना कि मामले में उक्त नियम की प्रायोज्यता या व्याख्या के बारे में कोई विवाद नहीं था। ऐसे में हलफनामे में इस प्रावधान का हवाला देने का औचित्य नहीं बनता है। उक्त आदेश न्यायमूर्ति जेजे मुनीर की एकल पीठ ने ग्राम तैमूरपुर, बिजनौर में भूमि के कुछ हिस्सों पर अतिक्रमण से संबंधित एक याचिका में डीएम द्वारा दाखिल हलफनामे पर कड़ी आपत्ति जताई।

## दोपहिया वाहन चालकों के लिए अच्छी खबर, अब देश में बनेगी अलग लेन

**नई दिल्ली।** सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली दोपहिया चालकों की मौत का आंकड़ा कम करने को देश भर में अलग लेन बनाने की तैयारी शुरू हो गई है। मलेशिया व वियतनाम की तर्ज पर इस लेन में केवल दोपहिया ही चलेंगे। माना जा रहा है कि इससे दोपहिया चालकों की मौतों के मामले में 25 प्रतिशत तक की कमी आ जाएगी।

सीएसआइआर (केंद्रीय सड़क अनुसंधान संस्थान) के निदेशक डॉ. मनोरंजन परिदा ने जागरण से बातचीत में बताया कि 2024 के दौरान भारत में लगभग 1.80 लाख लोग सड़क दुर्घटनाओं में काल का ग्रास बन गए थे। चौंकाने वाला तथ्य यह कि इनमें दोपहिया वाहन चालकों की मौत का आंकड़ा कुल मौतों का लगभग 60 प्रतिशत यानी करीब एक लाख था।

### डिजाइनिंग भी तकनीकी रूप से बेहतर होगी

परिदा ने बताया कि बड़े वाहनों की चपेट में आने से दोपहिया चालकों का संतुलन बिगड़ जाता है। अगर उनके लिए अलग लेन होगी एवं सड़क की डिजाइनिंग भी तकनीकी रूप से बेहतर होगी तो इस स्थिति में काफी सुधार संभव होगा।

परिदा ने बताया कि 20 जून को इंडियन रोड कांग्रेस के अर्धवार्षिक सम्मेलन में इस अलग लेन का ड्राफ्ट जारी होगा। इसके बाद सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय सहित अन्य संबंधित मंत्रालयों के सहयोग से इसके आगे की प्रक्रिया पर काम शुरू किया जाएगा।

**अहमदाबाद हादसा** एअर इंडिया के लिए आगे की राह मुश्किल

## निजीकरण के बाद खराब होती छवि

- 1932 में स्थापित एयरलाइन के लिए हादसा बड़ा झटका

**नई दिल्ली।** देश की सबसे बड़ी और प्रतिष्ठित एयरलाइनों में से एक एअर इंडिया की ओर से संचालित बोइंग 787 ड्रीमलाइनर विमान गुरुवार को अहमदाबाद में हादसे का शिकार हो गया। विमान अहमदाबाद से लंदन गैटविक जा रहा था, जो उड़ान भरने के कुछ ही क्षण बाद दुर्घटनाग्रस्त हो गया। विमान पर चालक दल के सदस्यों समेत 242 लोग सवार थे। निजीकरण के बाद सुविधाओं के मामले में अपनी खराब होती छवि के बीच अहमदाबाद विमान हादसा एअर इंडिया के लिए एक बड़े झटके की तरह है। सरकारी टैग हटने के बाद अब तक विमानन कंपनी की साख फिर से बहाल करने के लिए टाटा समूह की ओर से क्या-क्या किया गया है? अहमदाबाद हादसे के क्या मायने हैं? आइए विस्तार से जानते हैं।



एअर इंडिया की शुरुआत 1932 में उद्यमी जेआरडी टाटा ने की थी। 1953 में भारत सरकार ने इसका अधिग्रहण कर लिया था। सरकार के अधीन, वर्षों के कुप्रबंधन और बढ़ती प्रतिस्पर्धा के कारण एयरलाइन पर कर्ज का बोझ बढ़ता गया। उसके बाद टाटा समूह ने 2022 में 2.2 बिलियन डॉलर के सौदे में एयरलाइन का संचालन अपने हाथ में ले लिया। उसके बाद से एयरलाइन को वापस ऊंचाइयों की पर पहुंचाने की कोशिश हो रही है। लेकिन, एअरलाइन की सेवाओं पर सवाल उठने से समय-समय पर उसकी छवि खराब होती रही है। खुद केंद्रीय मंत्री विमान में मौजूद सुविधाओं पर सवाल उठा चुके हैं। इस बीच, अहमदाबाद में हुआ यह हादसा विमानन कंपनी के लिए एक बड़े झटके की तरह है। यहां से आगे की राह विमानन कंपनी के लिए बहुत कठिनाई भरी हो सकती है।

एअर इंडिया वर्तमान में 43 घरेलू और 41 अंतरराष्ट्रीय गंतव्यों के लिए उड़ान भरती है। मई महीने तक के आंकड़ों के अनुसार, यह 191 विमानों का संचालन करती है। इसके बेड़े में एयरबस और बोइंग दोनों विमान निर्माता कंपनियों के संकीर्ण (नैरो) और चौड़ी (वाइड) बॉडी मॉडल शामिल हैं। वर्तमान में यह देश की एकमात्र एयरलाइन है जो ऑस्ट्रेलिया से लेकर यूरोप और उत्तरी अमेरिका तक लंबी दूरी के गंतव्यों तक सीधी उड़ान भरती है। इसकी कम लागत वाली इकाई, एयर इंडिया एक्सप्रेस, भारत और विदेश में 55 गंतव्यों के लिए उड़ान भरती है, जिसका मुख्य ध्यान मध्य पूर्व के देशों पर है।

## सिपाही भर्ती के चयनित अभ्यर्थियों को अमित शाह और योगी देंगे नियुक्ति पत्र

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश पुलिस में आरक्षी के पद पर चयनित 60,244 अभ्यर्थियों को 15 जून को लखनऊ के इकाना स्टेडियम में एक भव्य समारोह में नियुक्ति पत्र दिए जाएंगे।

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी मौजूद रहेंगे। सिपाही भर्ती परीक्षा में चयनित यूपी के सभी अभ्यर्थियों को विशेष वाहनों से लखनऊ पहुंचाने की तैयारियां शुरू हो गई हैं। बरेली जोन से 1488 अभ्यर्थी आरक्षी के पद पर चयनित हुए हैं। इसमें 1240 पुरुष और 248 महिलाएं शामिल हैं। डीआईजी अजय सहानी ने बरेली, पीलीभीत, शाहजहांपुर और बदायूं-चारों जिलों के पुलिस अधिकारियों को विशेष निर्देश दिए हैं। चयनित अभ्यर्थियों को 35 विशेष बसों से लखनऊ ले जाया जाएगा। जिलों में एडिशनल एसपी स्तर के अधिकारियों को नोडल अफसर नियुक्त किया गया है।

## किसानों को खुशहाल बनाएगी योगी सरकार मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना योजना की शुरुआत

- दुर्घटनावश मृत्यु-विकलांगता की दशा में अधिकतम पांच लाख दिए जाने का प्रावधान

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में दुर्घटना में किसी किसान की मृत्यृ-दिव्यांगता आदि होने पर आश्रितों/परिवारों के लिए मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना संबल बनी है। यह योजना 14 सितंबर 2019 से लागू हुई थी। योजना के अंतर्गत दुर्घटनावश मृत्यु-विकलांगता की दशा में अधिकतम पांच लाख रुपये दिए जाने का प्रावधान है।



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2025-26 के तहत शुक्रवार (13 जून) को अंबेडकर नगर के शिवबाबा मैदान में जनपद के 431 लोगों को सहायता राशि का चेक प्रदान करेंगे। इसमें 408 लोगों को पांच लाख रुपये की सहायता प्रदान की जाएगी। 10 लोगों को ढाई लाख, एक किसान परिवार को 1.25 लाख व 12 लाभार्थियों को एक-एक लाख रुपये की सहायता राशि का डेमो चेक प्रदान किया जाएगा। कुल राशि 20 करोड़, 78 लाख, 25 हजार रुपये (लगभग 21 करोड़) है। यह राशि डीबीटी के माध्यम से सीधे खाते में जाएगी। मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2025-26 के तहत अब तक प्रदेश के सभी 75 जनपदों में 11690 लोगों के आवेदन स्वीकृत किए गए हैं। इन्हें योगी सरकार द्वारा 5 अरब, 61 करोड़, 86 लाख, 28,200 रुपये की सहायता प्रदान की जाएगी।

# डीएम ने दिए सफलता के टिप्स और बधाई

## अटल सभागार में सीएम कार्यक्रम की हुई लाइव स्ट्रीमिंग



*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर खीरी।** टॉपर विद्यार्थियों के लिए खास रहा जिला प्रशासन की ओर से कलेक्ट्रेट स्थित सभागार में यूपी बोर्ड परीक्षा के हाईस्कूल, इंटरमीडिएट परीक्षा 2025 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले टॉप टेन विद्यार्थियों का भव्य अलंकरण समारोह आयोजित हुआ, जिसमे मेधावियों को प्रोत्साहन राशि की 21 हजार की डेमो चेक के साथ ही एक-एक टैबलेट और मेडल भी प्रदान किया माध्यमिक शिक्षा परिषद उप्र द्वारा आयोजित कार्यक्रम की शुरुआत में मुख्यमंत्री जी के कार्यक्रम की लाइव स्ट्रीमिंग देखी और सुनी गई। कार्यक्रम में डीआईओएस डॉ महेंद्र प्रताप सिंह ने कार्यक्रम की आवश्यकता एवं प्रासंगिकता बताइ। डीएम, विधायक ने सीडीओ संग जिला स्तर की टॉप टेन सूची में अपना नाम दर्ज कराने पर इंटरमीडिएट और हाईस्कूल विद्यार्थियों को 21 हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि का डेमो चेक, एक टैबलेट सहित मेडल और प्रशस्ति पत्र प्रदान किया। विधायक योगेश वर्मा ने कहा कि इतिहास गवाह है कि हमेशा कोशिश करने वालों की ही जीत होती है। कम्पटीशन युग में अपने को कड़ी मेहनत के लिए तैयार करें। सभी मेधावी छात्राओं को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने कहा कि मुख्यमंत्री के संकल्पानुसार प्रदेश में नकलविहीन, पारदर्शी व शुचितापूर्ण परीक्षाएं सम्पन्न हुई हैं। ऐसी परीक्षाएं न केवल योग्यता की पहचान को सुनिश्चित करती हैं, बल्कि छात्रों में ईमानदारी और आत्मविश्वास को भी मजबूत करती हैं। उन्होंने छात्र-छात्राओं, उनके गुरुजनों और अभिभावकों को हार्दिक बधाई देते हुए कहा कि इनकी मेहनत, समर्पण और अनुशासन ही इस सफलता का आधार हैं उन्होंने बच्चों को प्रेरित करते हुए कहा कि कठिन परिश्रम से कभी पीछे न हटें। दृढ़ इच्छाशक्ति और मेहनत के बल पर कोई भी व्यक्ति समाज में मनचाहा मुकाम हासिल कर सकता है। सकारात्मक सोच के साथ हमेशा बड़े लक्ष्य तय करें और उसे प्राप्त करने के लिए पूरी शिद्दत से जुट जाएं। सीडीओ अभिषेक कुमार ने कहा कि मेधावी छात्र-छात्राओं ने कठिन परिश्रम से बोर्ड परीक्षा को उल्लेखनीय अंकों के साथ उत्तीर्ण कर परिवार व जिले का नाम रोशन किया है।

### हाईस्कूल के मेधावी

अंजलि, पीयूष तिवारी, दिव्यांश श्रीवास्तव,अंश कुमार, सृष्टि तिवारी, अद्रिका वर्मा, अंशिका वर्मा, अर्पिता शर्मा, शुभ रस्तोगी, अभिजीत पाल।

### इंटर के मेधावी

यशी रस्तोगी, अमन वर्मा, शिवा वर्मा, अंकित कुमार, अंशिका वर्मा, आकांक्षा वर्मा, निशि, कुलसुम, अनमोल वर्मा, समीर वर्मा।

# बी.ए. छठे सेमेस्टर हिन्दी विषय की हुई परीक्षा



*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर-खीरी।** युवराज दत्त स्नातकोत्तर महाविद्यालय लखीमपुर में चल रही विश्वविद्यालयीय परीक्षाओं के अंतिम दिन आज दिनाँक 12.06.2025 को बी0ए0 छठे सेमेस्टर हिन्दी विषय की परीक्षा हुई। जिसमें कुल पंजीकृत 357 परीक्षार्थियों के सापेक्ष 351 उपस्थित रहे तथा 06 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहें। विदित हो कि महाविद्यालय में लखनऊ विश्विद्यालय द्वारा आयोजित स्नातक / स्नातकोत्तर कक्षाओं की सम सेमेस्टर परीक्षायें दिनाँक 03.05.2025 से प्रारम्भ हुई थी और आज दिनाँक 12.06.2025 को शान्तिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हो गई। प्राचार्य प्रो0 हेमन्त पाल ने शासन की मंशा के अनुरूप महाविद्यालय केंद्र पर विश्वविद्यालयीय परीक्षाओं को शान्तिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के लिए चीफ प्राक्टर प्रो0 सुभाष चन्द्रा, प्रो0 नीलम त्रिवेदी, प्रो0 एस0के0 पाण्डेय सहित समस्त शिक्षकों एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारियों के प्रति आभार व्यक्त किया तथा परीक्षाओं में सम्मिलित छात्र-छात्राओं को उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी।

## मारपीट, पथराव और फायरिंग के मामले में पुलिस ने एक और आरोपी को किया गिरफ्तार

**लखीमपुर-खीरी।** थाना भीरा क्षेत्र के गांव मुड़िया हेमसिंह में मारपीट, पथराव और फायरिंग के मामले में पुलिस ने एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है। अब तक इस मामले में पांच आरोपी जेल जा चुके हैं। पुलिस की लगातार कार्रवाई से तमाम लोग घरों से भूमिगत हो गए हैं। उन्हें गिरफ्तारी का डर सता रहा है बकरीद से करीब 15 दिन पहले गांव मुड़िया हेमसिंह निवासी इमाम मोहम्मद कयूम और गांव के ही एक युवक के बीच किसी बात को लेकर विवाद हो गया था। इस पर आरोपी युवक ने इमाम को काफी अपशब्द कहे थे। चौकी बिजुआ पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की थी, लेकिन चौकी इंचार्ज ने इसे गंभीरता से नहीं लिया और कोई कार्रवाई नहीं की सावर्जनिक तरीके से बेइज्जत किए जाने से नाराज इमाम ने इस्तीफा दे दिया था इससे दो पक्ष आमने-सामने आ गए थे। एक पक्ष बकरीद की नमाज इमाम के पढ़ाने के पक्ष तो दूसरा विरोध में खड़ा था इसको लेकर बकरीद के एक दिन पहले देर शाम गांव में पंचायत बुलाई गई थी बातचीत के दौरान दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए थे और उनमें जमकर मारपीट, पथराव और कई राउंड फायरिंग हुई थी गोलियां की तड़तड़ाहट से गांव गूंज उठा था सीओ की फटकार के बाद पुलिस ने दोनों पक्षों की तहरीर पर एक दूसरे पक्ष के 21 लोगों को नामजद कर कई अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की थी। पुलिस ने एक पक्ष के मुनौवर हुसैन और दूसरे पक्ष के रहीफुल को दूसरे दिन गिरफतार कर एक राइफल व एक बंदूक बरामद की थी। दोनों को गिरफ्तार कर चालान भेजा था। दो दिन पहले पुलिस ने गांव के ही गुड्डू उर्फ जुल्फिकार और जमाल को एक-एक तमंचे के साथ गिरफ्तार कर जेल भेजा था। गुरुवार को पुलिस ने मटरू उर्फ सालिम को भी गिरफ्तार किया है। उसके पास से 315 बोर का तमंचा और दो जिंदा कारतूस बरामद हुए हैं। पुलिस ने आरोपी का चालान भेजा है। अब तक उस मामले में पांच आरोपी जेल भेजे जा चुके हैं। उधर पुलिस की लगातार चल रही कार्रवाई से ग्रामीणों में भय व्याप्त है। तमाम ग्रामीणों को गिरफ्तारी होने का खतरा सताने लगा है।

## मजिस्ट्रेटियल जांच शुरू, 17 जून तक एसडीएम कार्यालय में दर्ज कराएं साक्ष्य

**लखीमपुर खीरी।** उप जिला मजिस्ट्रेट सदर ने बताया कि दिनांक 20-12-2010 को लखीमपुर स्थित उप्र राज्य सड़क परिवहन निगम के बस स्टेशन पर, कैण्ट डिपो वाराणसी के वाहन संख्या यू0पी0 65 एआर-0084 में वाहन चालक को बेहोशी की हालत में पाया गया, जिसे चिकित्सालय ले जाने पर मृत घोषित कर दिया गया। इस दुर्घटना के फलस्वरूप मृत / घायलों के लिए उप्र कराधान नियमावली 1998 के नियम-31 के अन्तर्गत राहत प्रदान की जानी है उक्त दुर्घटना की मजिस्ट्रीरियल जॉच उपजिला मजिस्ट्रेट सदर लखीमपुर द्वारा की जा रही है। अतः समस्त सम्बंधित से अपेक्षा की जाती है कि वह 17 जून 2025 तक किसी भी कार्यदिवस पर कलेक्ट्रेट लखीमपुर स्थित, उप जिला मजिस्ट्रेट सदर लखीमपुर के कार्यालय में उपस्थित आकर अपना साक्ष्य प्रस्तुत कर सकते हैं तथा बयान भी अंकित करा सकते है।

## 01 नफर अभियुक्त गिरफ्तार

लखीमपुर-खीरी ।थाना भीरा पुलिस द्वारा मु0अ0सं0 227/2025 धारा 333/64/351(2) ब्नहस् में वांछित 01 नफर अभियुक्त शिवबिहारी गिरी पुत्र फूलचन्द उम्र करीब 55 वर्ष निवासी ग्राम सोनारीपुर थाना भीरा को ग्राम सोनारीपुर से गिरफ्तार किया गया तथा गिरफ्तारशुदा वांछित अभियुक्त उपरोक्त को न्यायालय के समक्ष पेश करने हेतु भेजा गया।

## दिव्यांग बच्चों को लाभ दिलाने के लिए 20 जून से चलेगा विशेष अभियान: जिलाधिकारी

**सहारनपुर।** जिलाधिकारी मनीष बंसल ने बताया कि दिव्यांगजन बच्चों के चिन्हांकन हेतु विकास खण्ड स्तर पर शिविर आयोजित कर उनके चिकित्सीय परीक्षण, दिव्यांग प्रमाण पत्र, सहायक उपकरण व अन्य योजनाओं का लाभ दिलाने हेतु 20 जून से विशेष अभियान चलाया जाएगा।

जिलाधिकारी मनीष बंसल ने बताया कि शिविर में नोडल अधिकारी सहित अधिकारियों एवं कर्मचारियों की तैनाती कर दी गयी है।

## हाईटेंशन लाइन के नीचे कोई शिविर न लगाएं: नगरायुक्त



### नगरायुक्त ने निगम अधिकारियों व कांवड़ शिविर संचालकों के साथ किया कांवड़ रुट का निरीक्षण

**सहारनपुर।** नगरायुक्त शिपू गिरि ने शिविर संचालकों से स्पष्ट कहा है कि किसी भी हाईटेंशन लाइन के नीचे कोई शिविर न लगाए। उन्होंने भैरो मंदिर के निकट रेलवे लाइन क्रास करने का रास्ता भी पूरी तरह से बंद कराने के निर्देश दिए। उन्होंने इसके लिए रेलवे और पुलिस विभाग को पत्र लिखने का सुझाव दिया। उन्होंने कहा कि कांवड़ यात्रा सुरक्षित और निर्विघ्न सम्पन्न कराने के लिए जरुरी है कि हर तरह से सावधानी बरती जाए।

नगरायुक्त आज निगम अधिकारियों के साथ अम्बाला रोड स्थित बड़ी नहर से देहरादून रोड स्थित कुम्हार हेड़ा तक कांवड़ रुट (नगर निग सीमा क्षेत्र ) का निरीक्षण कर रहे थे। इस दौरान कांवड़ यात्रा संघ के अध्यक्ष संजय फुटेला, दिनेश सेठी, रमन कपूर, रविकांत धीमान व राजीव चानना आदि शिविर संचालक भी साथ रहे। शिविर संचालकों के सुझाव पर उन्होंने अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

अम्बाला रोड स्थित बड़ी नहर किनारे शिविर स्थल के निरीक्षण के दौरान शिविर संचालकों ने नगरायुक्त को बताया कि उक्त स्थल पर बड़ा शिविर लगता है, लेकिन वर्षा की स्थिति में वहां काफी जलभराव हो जाता है। नगरायुक्त ने जलभराव के लिए पुख्ता इंतजाम करने तथा साफ सफाई व अस्थायी खडंजा लगाकर शिविर स्थल को ऊंचा उठाने के निर्देश दिए। उन्होंने इसी मार्ग पर तालाब के निकट एक स्थायी शौचालय निर्माण कराने, डबनी वाला कब्रिस्तान के बाहर बने शौचालय पर निगम शौचालय का ग्लोसाइन बोर्ड लगवाने के भी निर्देश दिए। उन्होंने कुतुबशेर के निकट निर्माणाधीन शौचालय का निर्माण कांवड़ यात्रा से पहले पूरा कराने पर जोर दिया।

नगरायुक्त शिपू गिरि ने घण्टाघर बिजलीघर के निकट तथा देहरादून रोड पर क्लार्क होटल से कुम्हार हेड़ा तक लगने वाले सभी कांवड़ शिविर स्थलों का जायजा लिया। घंटाघर पर नाले की सफाई कराने तथा नाले का अतिक्रमण हटाने के भी निर्देश दिए। शिविर संचालकों ने अनेक शिविर स्थलों के पास जल भराव की समस्या से अवगत कराते हुए नाला निर्माण की मांग की। इस पर नगरायुक्त ने निगम द्वारा फिलहाल आवश्यकतानुसार जेसीबी से कच्चा नाला बनवाने का आश्वासन दिया। पक्के नाले के लिए पीडब्लूडी से लिखा पढ़ी करने का उन्होंने सुझाव दिया। उन्होंने देहरादून चौक से कुम्हार हेड़ा तक जितने भी स्थायी शौचालय है उन्हें पूरी तरह साफ रखते हुए खुला रखने के निर्देश दिए। उन्होंने निगम शौचालयों पर निगम शौचालय के ग्लो साइन लगवाने के लिए भी कहा।

निरीक्षण के दौरान अपर नगरायुक्त प्रदीप कुमार यादव व मृत्युंजय, मुख्य अभियंता निर्माण बी के सिंह, महाप्रबंधक जल पुरुषोत्तम कुमार, सहायक नगरायुक्त शिवराज सिंह, नगर स्वास्थय अधिकारी प्रवीण शाह, निगम के पशु चिकित्सा कल्याण अधिकारी डॉ. संदीप मिश्रा, अधिशासी अधिकारी वी बी सिंह व आलोक श्रीवास्तव, प्रवर्तन दल प्रभारी कर्नल एच बी गुरुंग, अतिक्रमण प्रभारी सुधीर शर्मा, जेडएसओ राजीव चौधरी व मुख्य सफाई निरीक्षक इंद्रपाल सिंह आदि मौजूद रहे।

# 12 से 17 जून तक चलेगा बाल श्रम निषेध सप्ताह

## डीएम ने बाल श्रम निषेध सप्ताह (12 से 17 जून) के अभियान का फीता काटकर विधिवत शुभारंभ किया

*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर खीरी।** जिले में अन्तर्राष्ट्रीय बाल श्रम निषेध दिवस पर बाल श्रम के विरुद्ध जन-जागरूकता की अलख जगी। गुरुवार को डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने बाल श्रम निषेध सप्ताह (12 से 17 जून) के अभियान का फीता काटकर विधिवत शुभारंभ किया।डीएम ने हस्ताक्षर अभियान का भी आगाज करते हुए अधिकारियों, बच्चों और नागरिकों से बाल श्रम के विरुद्ध एकजुट होकर आवाज बुलंद करने की अपील की। उन्होंने कहा कि हर बच्चा किताबों का हकदार है, न कि काम की जिम्मेदारी का। समाज तभी प्रगतिशील कहलाएगा जब उसका हर बचपन सुरक्षित और शिक्षित होगा डीएम ने कहा कि हर वर्ष 12 जून को अंतरराष्ट्रीय बाल श्रम निषेध दिवस के रूप में मनाया जाता है। इसका उद्देश्य समाज को





बाल श्रम जैसी कुप्रथा के प्रति जागरूक करना और इसके उन्मूलन के लिए सरकार द्वारा किए जा रहे प्रयासों में सहभागिता हेतु प्रेरित करना है। हर बच्चे को शिक्षा, सुरक्षा और बचपन का अधिकार मिलना चाहिए शहर में बाल श्रम के खिलाफ निकाली गई जन-जागरूकता रैली कार्यक्रम का प्रमुख आकर्षण रही। डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने कलेक्ट्रेट परिसर से हरीझंडी दिखाकर रैली को रवाना किया। यह रैली विलोबी मेमोरियल होते हुए सदर चौराहे पर समाप्त हुई, जिसमें स्कूली बच्चों, स्वयंसेवी संस्थाओं व सामाजिक कार्यकर्ताओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस दौरान एडीएम (न्यायिक) अनिल कुमार रस्तोगी, एसडीएम अमिता यादव, श्रम प्रवर्तन अधिकारी संतोष त्रिपाठी, प्रियंका वर्मा सहित बड़ी संख्या में अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे श्रम प्रवर्तन अधिकारी संतोष त्रिपाठी ने बताया कि बाल श्रम अधिनियम के तहत वित्तीय वर्ष 2024-25 में श्रम विभाग लखीमपुर खीरी द्वारा 106 स्थलों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान कुल 140 बाल श्रम से जुड़े मामलों की पहचान की गई, जिनमें 4 खतरनाक व 136 गैर-खतरनाक कार्य श्रेणी में आए। अब तक कुल 80 मामलों में विधिक अभियोजन दर्ज किया गया है। प्रशासन ने 11 बच्चों का शैक्षिक पुनर्वासन सुनिश्चित किया, जबकि 1 मामले में आर्थिक पुनर्वासन की कार्रवाई की गई। साथ ही, एक सेवायोजक से ?20,000 की वसूली भी कराई गई।

# हर्षोल्लास से मनाया मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का जन्म दिन

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** विश्व हिंदू महासंघ के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री एवं गौरक्ष पीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ महाराज का 54वां जन्म दिन हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस दौरान महासंघ के पदाधिकारियों ने देश की सेना के शौर्य को नमन करते हुए मुख्यमंत्री को जन्म दिन की शुभकामनाएं प्रेषित की।

गांव तल्हेड़ी बुजुर्ग में विहिंम के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम का आयोजन मंडल प्रभारी डॉक्टर सतीश गौतम के नेतृत्व में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रदेश अध्यक्ष भिखारी प्रजापति, प्रदेश उपाध्यक्ष बृजेश प्रजापति, हस्तिनापुर संभाग प्रभारी पंकज बलिया ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को जन्म दिन की शुभकामनाएं देते हुए अपने राष्ट्र हित विचारों को रखते हुए देश में शांति और उन्नति का संदेश दिया। कार्यक्रम में रामपुर ब्लाक प्रमुख विजयपाल, भारतीय शिक्षा चैरिटेबल ट्रस्ट के अध्यक्ष जयराम गौतम, मुजफ्फरनगर से जिला अध्यक्ष राजेश शर्मा, डॉक्टर सतीश कुमार गौतम, संगठन की मातृशक्ति एवं प्रदेश मंत्री श्रीमती आशा सब्बरवाल, जिला अध्यक्ष मातृशक्ति अन्नु शर्मा, महानगर अध्यक्ष मातृशक्ति श्रीमती विशाखा शर्मा, पूनम चौधरी, अश्वनी सैनी, मनीष सैनी, प्रेम प्रधान, सुधीर कुमार, दयाराम गुप्ता, सचिन सैनी, चंद्रभान, प्रदीप सैनी, सुबोध गुप्ता, तहसील उपाध्यक्ष अनिल त्यागी, विपिन त्यागी आदि उपस्थित रहे। संचालन ओमवीर प्रधान ने किया।

# जनप्रतिनिधियों ने मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित कर वितरित किए टैबलेट

## जनकल्याणकारी लाभार्थीपरक योजनाओं में लाभान्वित लाभार्थियों को वितरित किए गये स्वीकृति पत्र

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** केन्द्र व राज्य स्तरीय बोर्ड परीक्षाओं में उच्च अंक प्राप्त मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान एवं टैबलेट वितरण कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों द्वारा मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित कर उनको टैबलेट वितरित किए गए। जनमंच सभागार में महापौर डॉ.अजय सिंह, विधायक नगर राजीव गुम्बर, विधायक रामपुर मनिहारान देवेन्द्र निम, जिलाध्यक्ष बीजेपी महेन्द्र सैनी एवं मुख्य विकास अधिकारी सुमित राजेश महाजन की उपस्थिति में आयोजित कार्यक्रम में राष्ट्रीय विद्यालयी खेल प्रतियोगिता में पदक विजेता खिलाडियों को मुख्यमंत्री विद्यालयी खेल पुरस्कार का वितरण एवं कल्याण सेक्टर की जनकल्याणकारी लाभार्थीपरक योजनाओं में लाभान्वित लाभार्थियों को स्वीकृति पत्र वितरित किये गये।



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम का जनमंच सभागार में सजीव प्रसारण भी देखा गया। कार्यक्रम के दौरान अतिथियों ने वित्तीय वर्ष 2025 में यूपी बोर्ड की परीक्षा में हाई स्कूल व इण्टर मीडिएट की परीक्षा में टॉप टेन सूची में स्थान प्राप्त करने वाले बालक-बालिकाओं को प्रशस्ति पत्र व मैडल के साथ टेबलेट का वितरण करते हुए सम्मानित किया। इस अवसर पर बाल सेवा योजना (कोविड) के 02 लाभार्थियों को लेपटॉप का वितरण किया गया। बाल सेवा योजना (सामान्य) के 50 लाभार्थी, स्पॉन्सरशिप योजना के 50 लाभार्थी, निराश्रित महिला पेंशन योजना के 100 लाभार्थी, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना के 50 लाभार्थी, दिव्यांग भरण-पोषण पेंशन के 50 लाभार्थी, वृद्धावस्था पेंशन योजना के 250 लाभार्थी, राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजना के 85 लाभार्थी, पूर्वदशम व दशमोत्तर छात्रवृत्ति योजना के 70 लाभार्थियों को स्वीकृति पत्र प्रदान करते हुए सम्मानित किया गया। महापौर डॉ.अजय कुमार सिंह ने सरकार की योजनाओं और सहारनपुर नगर में किये गये विकास कार्यो की जानकारी प्रदान की। विधायक राजीव गुम्बर द्वारा सरकार की उपलब्धियों को गिनाते हुए जन सामान्य को सरकार की योजनओं से रूबरू कराया गया। विधायक देवेन्द्र निम ने किसान सम्मान निधि, उज्जवला योजना तथा सरकार द्वारा चलायी जा रही विभिन्न लाभार्थिपरक योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने का लक्ष्य प्राप्ति की जानकारी प्रदान करते हुए प्रदेश के हर व्यक्ति तक उक्त योजनाओं का लाभ पहुंचाने हेतु अधिकाधिक प्रचार-प्रसार करने की बात कही। मुख्य विकास अधिकारी सुमित राजेश महाजन ने विभिन्न योजनाओं के विषय में जानकारी प्रदान करते हुए उप्र सरकार महिला सशक्तिकरण के प्रति संकल्पबद्ध होने के विषय में बताया। जिला प्रोबेशन अधिकारी अभिषेक कुमार पाण्डेय ने महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की विस्तार पूर्वक जानकारी प्रदान की गयी। कार्यक्रम के दौरान जिला समाज कल्याण अधिकारी, जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला पिछडा वर्ग कल्याण अधिकारी व अन्य जनपद स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

## संबंधित अधिकारी वार्डो की समस्याओं का करें त्वरित निस्तारण: नगरायुक्त

# वार्डो में लगे कैंप में आयी 34 समस्याएं



*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** नगर निगम द्वारा वार्डो में लोगों की समस्याओं के निस्तारण हेतु लगाये जा रहे जनसमस्या निस्तारण कैंपों की श्रृंखला में वार्ड 16, 17 व 18 में सड़क निर्माण, बिजली, नाला सफाई, टैक्स, जलकल व सीवर सम्बंधी कुल 34 समस्याएं सामने आयी। सभी समस्याओं के निस्तारण हेतु नगरायुक्त ने सम्बंधित अधिकारियों को निर्देश दिए।

वार्ड 16 के नवीन नगर में शिव मंदिर के सामने आयोजित जनसमस्या निस्तारण कैंपों में नगरायुक्त शिपू गिरि ने महाप्रबंधक जल पुरुषोत्तम कुमार, मुख्य अभियंता निर्माण बी के सिंह ,नगर स्वास्थय अधिकारी डॉ.प्रवीण शाह व सीटीओ संगीता गुप्ता के साथ समस्याओं की सुनवाई की। जन कल्याण समिति सहित क्षेत्र के लोगों द्वारा सात प्रार्थना पत्र दिये गए। तीन प्रार्थना पत्र नवीन नगर वासियों द्वारा सामूहिक रुप से मंदिर के सामने जलभराव तथा सड़क निर्माण व नालियों की सफाई के सम्बंध में दिए गए। सीवर व लाईट ठीक कराने के लिए भी प्रार्थना पत्र दिए गए। नगरायुक्त ने सम्बंधित अधिकारियों को समस्याओं के त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए। नगरायुक्त का कैंप में पहुंचने पर क्षेत्रीय पार्षद सलेख चंद, पूर्व पार्षद अंकुर अग्रवाल व नरेश रावत तथा मंदिर के पुजारी पं. गोपाल काण्डपाल ने बुके भेंट कर स्वागत किया।

वार्ड 17 गढ़ी मलूक जनसमस्या निस्तारण कैंप में 13 समस्याएं दर्ज की गयी। इनमें टैक्स, जलकल, सड़क निर्माण व सफाई सम्बंधी शिकायतें रही। वार्ड 18 गढ़ी मलूक में आयी 14 शिकायतों में सात शिकायतें अधिक टैक्स वृद्धि, तीन सफाई सम्बंधी तथा दो नाला निर्माण, एक हाई मास्ट लाईट और एक पानी में रेत आने से सम्बंधित रही। सभी समस्याओं को सम्बंधित विभागों के अधिकारियों को भेजते हुए नगरायुक्त ने त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए। निर्माण सम्बंधी मामलों में स्थलीय निरीक्षण कर आगणन प्रस्तुत करने को कहा गया।

# जिलाधिकारी ने शिक्षा क्षेत्र से जुड़े नव निर्मित भवनों का किया उद्घाटन

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** जिलाधिकारी मनीष बंसल ने आईटीसी स्वास्थ्य किरण ग्रामीण निरोग योजना के तहत सचल चिकित्सा सेवा का शुभारम्भ किया। उन्होने इस मौके पर मोबाइल मैडिकल वाहन को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया।

जनपद में जिलाधिकारी के प्रयासों से सचल मेडिकल सुविधा प्रारम्भ होने से ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधाएं पहुँचाने में मदद मिलेगी। इसके उपरान्त प्राथमिक विद्यालय मंडी शिवपुरी में आईटीसी मिशन सुनहरा कल के अंतर्गत राउंड टेबल इंडिया द्वारा निर्मित नव भवन का उद्घाटन किया गया। उन्होंने नव निर्मित भवन का अवलोकन किया और आईटीसी मिशन सुनहरा कल के तहत शिक्षा क्षेत्र में किए जा रहे कार्यो की सराहना की। इसी के साथ ग्राम पंचायत कांकरकुई में लाइट हाउस इनिशिएटिव के अंतर्गत आईटीसी द्वारा चलाए जा रहे ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन कार्यक्रम का भी अवलोकन किया गया। जिसमे स्वयं सहायता समूह द्वारा डोर टू डोर कचरा उठान एवं आरआरसी पर गीले कचरे का प्रबंधन का भी अवलोकन किया गया।

जिलाधिकारी द्वारा रामपुर ब्लॉक के आदर्श ग्राम चकवाली में आंगनबाड़ी केंद्र के नव निर्मित भवन का भी उद्घाटन किया गया। उन्होने आईटीसी की इस पहल को समाज के लिए एक सकारात्मक कदम बताया। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी सुमित राजेश महाजन, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 प्रवीण कुमार, जिला पंचायत राज अधिकारी आलोक शर्मा, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कोमल, जिला कार्यक्रम अधिकारी नंदलाल प्रसाद, खंड विकास अधिकारी रामपुर, ग्राम प्रधान नकुल, तथा आईटीसी टीम से रवि बंसल और पमिश कुमार भी उपस्थित रहे।

# इसुजु मोटर्स इंडिया ने देशभर में आई-केयर मानसून सर्विस कैंप की शुरुआत की

**गोरखपुर।** इसुजु अपने ग्राहकों को बेमिसाल सेवा और स्वामित्व अनुभव प्रदान करने के अपने संकल्प पर कायम है और इसी संकल्प को मजबूती देने का प्रयास करते हुए, इसुजु मोटर्स इंडिया की ओर से अपने इसुजु डी-मैक्स पिक-अप और एसयूवी की रेंज के लिए देश भर में 'इसुजु आई-केयर मानसून कैंप' का आयोजन किया जाएगा। इस सर्विस कैंप का उद्देश्य ग्राहकों को आकर्षक फायदों के साथ-साथ रखरखाव के लिए एहतियाती जाँच की सुविधा उपलब्ध कराना है, ताकि पूरे देश में सभी ग्राहकों को इस मौसम में बिना परेशानी के शानदार ड्राइविंग का अनुभव मिल सके। कैंप में आने वाले ग्राहकों को निम्नलिखित सुविधाएँ मिलेंगी मुफ़्त में 37 पॉइंट्स की पूरी जाँच,लेबर चार्ज पर 10% की छूट, पार्ट्स पर 5% की छूट,ल्यूब और फ्लूइड पर 5% की छूट,रिटेल RSA की खरीद पर 10% की छूट, मुफ़्त



'REGEN। 'इसूज़ू केयर' की पहल के तहत, 16 से 21 जून, 2025 (दोनों दिन शामिल है) के बीच देश भर में इसूज़ू के सभी अधिकृत डीलर सर्विस आउटलेट्स पर मॉनसन कैंप का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान ग्राहक अपने वाहनों के लिए खास ऑफर्स के साथ-साथ शानदार फायदों का भी आनंद ले सकते हैं। मानसून कैंप का आयोजन इसूज़ू के सभी अधिकृत सर्विस आउटलेट्स पर किया जाएगा, जो अहिल्यानगर, अहमदाबाद, अंबिकापुर, बेंगलुरु, बरेली, बाड़मेर, बठिंडा, भांडुप, भोपाल, भुवनेश्वर, बीकानेर, बिलासपुर, कालीकट, छत्रपति संभाजी नगर, चेन्नई, कोयंबटूर, डिब्रूगढ़, दीमापुर, दुर्गापुर, एर्नाकुलम, गांधीधाम, गोरखपुर, गुड़गांव, गुवाहाटी, हिसार, हावड़ा, हुबली, हैदराबाद, इंदौर, ईटानगर, जयगांव, जयपुर, जालंधर, जम्मू, जोधपुर, कडप्पा, करनाल, खम्मम, कोलाहलपुर। कोलकाता, कोट्टायम, कुरनूल, लेह, लखनऊ, लुधियाना, मदुरै, मंडी, मैंगलोर, मेहसाणा, मोहाली, मैसूर, नागपुर, नासिक, नेल्लोर, नेरुल, नई दिल्ली, नोएडा, पटना, पुणे, रायपुर, राजमुंदरी, राजकोट, रत्नागिरी, सतारा, शिवमोग्गा, सीकर, सिलीगुड़ी, सोलापुर, श्रीनगर, सूरत, त्रिशूर, तिरुनेलवेली, तिरूपति, त्रिची, त्रिवेन्द्रम, वडोदरा, विजयवाड़ा और विशाखापत्तनम में स्थित हैं।

# संकल्प से सिद्धि का अनुपम उदाहरण लिंक एक्सप्रेसवे

- जहां सड़क बनाना कठिन था, वहां योगी सरकार ने बना दिया एक्सप्रेसवे
- 17 जून को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ करेंगे गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे का लोकार्पण



**अवधनामा संवाददाता**

**गोरखपुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ विकास कार्यों की चर्चा करते हुए प्रायः एक मंत्र का स्मरण कराते हैं। वह मंत्र है 'संकल्प से सिद्धि'। यानी दृढ़ इच्छाशक्ति हो तो कठिन से कठिन कार्य भी करके दिखाया जा सकता है। इस लिहाज से 17 जून को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के हाथों लोकार्पित होने जा रहा गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे भी 'संकल्प से सिद्धि' की मिसाल है।

लो लैंड के कारण जहां सामान्य सड़क बनाना ही कठिन था, वहां योगी सरकार ने एक्सप्रेसवे बना दिया है। यूं तो यह एक्सप्रेसवे गोरखपुर से आजमगढ़ के बीच चार जिलों से गुजरता है लेकिन इसकी कनेक्टिविटी से राजधानी लखनऊ की राह भी और आसान हो रही है। रोड इंफ्रास्ट्रक्चर की इस शानदार सौगात का नाम है, गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे। प्रदेश में रोड कनेक्टिविटी को सुदृढ़ करने पर लगातार काम कर रही योगी सरकार 17 जून को गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे पर आवागमन की पूर्ण सुविधा के साथ इसका लोकार्पण करने को तैयार है। इस एक्सप्रेसवे से गोरखपुर क्षेत्र, पूर्वांचल एक्सप्रेसवे के माध्यम से लखनऊ, आगरा एवं दिल्ली तक त्वरित एवं सुगम यातायात कॉरिडोर से जुड़ रहा है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की प्राथमिकता वाली परियोजनाओं में से एक गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे गोरखपुर बाईपास एनएच- 27 ग्राम जैतपुर के पास से प्रारंभ होकर पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर जनपद आजमगढ़ के सालारपुर में समाप्त हो रहा है। यह यूपी एक?सप्रेसवे इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट अथॉरिटी (यूपीडा) की फ्लैगशिप परियोजना है।

91.35 किमी लंबे गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे की अद्यतन कुल लागत 7283.28 करोड़ रुपये (भूमि अधिग्रहण पर व्यय समेत) है। इससे जनपद गोरखपुर, अम्बेडकरनगर, संतकबीरनगर, आजमगढ़ सीधे तौर पर लाभान्वित हुए हैं। गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे तीव्र संपर्क तथा बेहतर यात्रा अनुभव प्रदान करेगा। साथ ही साथ संबंधित क्षेत्र के जनमानस को भी एक दूसरे के और निकट लाने में मदद करेगा। गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे के निर्माण का कार्य अत्यंत दुरूह था। कारण, गोरखपुर जिले में जितनी भी दूरी इस एक्सप्रेसवे के दायरे में आती है, वह लो लैंड वाला है। यहां सामान्य सड़क भी हर साल क्षतिग्रस्त हो जाती थी। ऐसे में एक्सप्रेसवे के लिए मिट्टी भराई करना चुनौतीपूर्ण कार्य था। पर, सीएम योगी के निर्देश पर प्रशासन के अफसरों ने इस चुनौती को भी सफलतापूर्वक निपटा दिया है। अब जबकि एक्सप्रेसवे बनकर तैयार है, अधिकारी अपनी मेहनत पर संतोष व्यक्त कर रहे हैं। गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे से पूर्वांचल एक्सप्रेसवे होते हुए लोगों को गोरखपुर से लखनऊ पहुंचने में महज साढ़े तीन घंटे का समय लगेगा। इसके अलावा इसकी कनेक्टिविटी से लोग दिल्ली से लेकर आगरा तक के शानदार सफर का आनंद ले सकेंगे। गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे के निर्माण से गोरखपुर क्षेत्र के सर्वांगीण विकास का मार्ग प्रशस्त होगा। एक्सप्रेसवे के प्रवेश नियंत्रित होने से वाहनों के ईंधन खपत में महत्वपूर्ण बचत, समय की बचत एवं पर्यावरणीय प्रदूषण का नियंत्रण भी संभव हो सकेगा। एक्सप्रेसवे से अच्छादित क्षेत्रों के सामाजिक एवं आर्थिक विकास के साथ ही कृषि, वाणिज्य, पर्यटन तथा उद्योगों की आय को बढ़ावा मिलेगा।

**एक्सप्रेसवे : एक नजर में**

प्रारंभ बिंदु : जैतपुर (गोरखपुर)
अंतिम बिंदु : सालारपुर (आजमगढ़) में पूर्वांचल एक्सप्रेसवे से कनेक्ट
कुल लंबाई : 91.35 किमी
कुल लागत (भूमि लागत सहित) : 7283 करोड़.28 लाख
एक्सप्रेसवे में पड़ने वाले जिले : गोरखपुर, सन्तकबीरनगर, अम्बेडकरनगर, आजमगढ़

**ढांचागत विशेषताएं**

पूर्णतः प्रवेश नियंत्रित फोरलेन (सिक्सलेन में विस्तारणीय)
-9 टोल प्लाजा/रैम्प प्लाजा
-9 रैम्प (चढ़ने-उतरने के लिए)
-2 जनसुविधा परिसर
-2 टॉयलेट ब्लॉक
-7 फ्लाईओवर
-8 बड़े पुल
-14 छोटे पुल
-49 पैदल अंडरपास
-55 लघु वाहन अंडरपास
-20 वाहन अंडरपास
-01 वाहन ओवरपास

# खैर टेक्निकल की टॉपर को डीएम ने किया सम्मानित



- उम्मे सलमा फारूकी को मेडल, चेक एवं सम्मान प्रमाण पत्र से नवाज़ा गया

**अवधनामा संवाददाता**

**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** मेधावी विद्यार्थी सम्मान समारोह में गुरुवार को जिलाधिकारी सिद्धार्थनगर डा. राजा गणपति आर द्वारा बनगवा बरई डुमरियागंज स्थित खैर टेक्निकल इंटर कॉलेज की वर्ष 2025 की हाईस्कूल की छात्रा उम्मे सलमा फारूकी को सर्वोच्च अंक प्राप्त करने पर मेडल, चेक एवं सम्मान प्रमाण देकर सम्मानित किया गया।

जिलाधिकारी डा0 राजा गणपति आर0 ने मेधावी छात्र/छात्राओं को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि छात्रा की इस सफलता के पीछे इनके शिक्षक एवं माता-पिता भी बधाई के पात्र हैं। इन्होंने सर्वोच्च अंक प्राप्त कर जनपद एवं प्रदेश का नाम रोशन किया है। सभी बच्चे प्रेरित होकर कड़ी मेहनत कर सर्वोच्च अंक प्राप्त करें, जिससे उनका भी जनपद एवं प्रदेश में सम्मान हो। जबकि उम्मे सलमा फारूकी ने कहा कि कोई भी परीक्षा निकालने के लिए कोई शॉर्टकट नहीं होता है। कठिन परिश्रम से ही परीक्षा पास किया जा सकती है। उम्मे सलमा की इस उपलब्धि पर खैर टेक्निकल इंटर कॉलेज के प्रबंधक, प्रधानाचार्य और अध्यापकों ने बधाई दी है।

# अभियान के तहत एक लाख दस हजार की राजस्व वसूली

**बांसी सिद्धार्थनगर।** विद्युत केंद्र के अंतर्गत चिन्हित क्षेत्रों हॉटस्पॉट एरिया में बिजली चोरी रोकने और राजस्व बढ़ाने का अभियान बुधवार को चलाया गया। बिजली विभाग के एसडीओ बांसी, दशरथ राम ने बताया कि अभियान के तहत जांच करने के लिए चार टीम गठित की गई है। इसमें ऐंचनी गांव को हॉटस्पॉट चुना गया। जहा पर चेकिंग अभियान चलाया। जिसमें 69 कनेक्शनधारियों के बिजली कनेक्शन को चेक किया गया।

चेकिंग के दौरान 6 नग पर अधिकार पाया गया, इस पर 6 किलो वाट भार की वृद्धि की गई। साथ ही 4 लोगों के यहा नया कनेक्शन के साथ मीटर लगाया गया। 8 उपभोक्ताओं का मीटर से केवल लगाकर परिसर से बाहर किया गया। वहीं 15 कनेक्शन धारी के यहा से 1.10 लाख रुपए की राजस्व वसूली की गई। साथ ही 25 उपभोक्ताओं का कनेक्शन भी काटा गया। वही तीन उपभोक्ता जिनका एक लख रुपए के आसपास बिजली बिल बकाया पाया गया। विच्छेदन के बाद उपयोग कर रहे थे उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई गई।

# मिशन शक्ति अभियान-5 के अन्तर्गत बालिकाओं को किया गया जागरूक

**अवधनामा संवाददाता**

**अलीगढ़।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजीव सुमन के निर्देशन में जनपद में गठित मिशन शक्ति टीमों के द्वारा महिलाओं/बालिकाओं के सुरक्षार्थ चलाए जा रहे ÷मिशन शक्ति अभियान-5÷ के अंतर्गत समस्त थाना क्षेत्रों में कम्युनिटी पुलिसिंग एवं महिला सशक्तिकरण हेतु ÷शक्ति दीदी÷ के माध्यम से महिला सम्मान, सुरक्षा व जागरूकता हेतु अभियान चलाया जा रहा है।

मिशन शक्ति फेज-05 के विशेष अभियान (शक्ति दीदी) के तहत थानों में नियुक्त महिला बीट अधिकारियों, समस्त थानों पर गठित महिला सुरक्षा विशेष दल द्वारा *गाँवों/कस्बों/मोहल्लों में जन चौपाल लगाकर तथा बस स्टैंड/बाजार/
गांव/कस्बा/स्कूल/कालेज/कोचिंग सेंटर इत्यादि सार्वजनिक एवं भीड़-भाड़ वाले स्थानों* पर बालिकाओं/महिलाओं से वार्ता कर महिला सुरक्षा सम्बन्धी उपायों के बारे में जागरूक करते हुए शक्ति दीदी के रुप में महिलाओं/बालिकाओं से जुड़ कर उन्हे सक्त बनाने का प्रयास किया जा रहा है। शक्ति दीदी अभियान के तहत महिलाओं/ बालिकाओं को शासन/ यूपी पुलिस द्वारा चलाई जा रही सुरक्षा संबंधित सेवाएं जैसे *वीमेन पावर लाइन 1090, महिला हेल्पलाइन 181, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076, पुलिस आपातकालीन सेवा 112, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, स्वास्थ्य सेवा 102, एम्बुलेंस सेवा 108, सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म, साइबर सम्बन्धी एवं सीयूजी नम्बरों* के बारे में विस्तृत जानकारी देकर जागरुक किया जा रहा है। महिलाओ एवं बालिकाओं से वार्ता कर उनके अन्दर आत्मविश्वास को बढ़ाने का प्रयत्न किया जा रहा है।

# सभी 14 ब्लॉकों के मास्टर ट्रेनर को राष्ट्रीय योग प्रशिक्षक महेश कुमार ने किया प्रशिक्षित



**अवधनामा संवाददाता**

**सिद्धार्थनगर।** जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी शैलेष कुमार के आदेश के क्रम में गुरुवार को बेसिक शिक्षा विभाग के शिक्षकों का एक दिवसीय योग प्रशिक्षण जिला अलंकृत उद्यान पार्क नौगढ़ सिद्धार्थनगर में सकुशल संपन्न हुआ।

बतौर मुख्य योग प्रशिक्षक के रूप में राष्ट्रीय योग प्रशिक्षक महेश कुमार ने सभी योग प्रशिक्षुओं को विश्व योग दिवस के संपूर्ण प्रोटोकॉल (शिथिलीकरण अभ्यास में ग्रीवा चालन, स्कंध चालन, कटिचालन, घुटना संचालन, खड़े होकर किए जाने वाले आसन में ताड़ासन, वृक्षासन, पादहस्तासन, अर्धचक्रासन, त्रिकोणासन, बैठ कर किए जाने वाले आसन में भद्रासन, वज्रासन,अर्ध उष्ट्रासन, उष्ट्रासन, शशकासन, उत्तान मंडूकासन, वक्रासन/मरीच्यासन पेट के बल लेटकर मकरासन, अर्ध भुजंगासन, भुजंगासन, शलभासन एवं पीठ के बल लेटकर किए जाने वाले आसन में सेतुबंधासन, उत्तान पाद हस्तासन, अर्ध हलासन, शवासन) आदि करवाए गए और अंत में कपालभांति तथा प्राणायाम में अनुलोम विलोम/ नदीशोधन, शीतली प्राणायाम, भ्रामरी एवं ध्यान करवाया गया। इस अवसर पर आयुष विभाग के डॉक्टर श्वेत चन्द पाण्डेय, मुस्तन सेरुल्लाह, साधुशरण, रमेश चंद्र, डॉक्टर इफ्तेखारुन्निसा आदि उपस्थित रहे।

# 11 वर्षों में भारत ने पीएम नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में नए युग मे प्रवेश किया

**उरई (जालौन)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 11 वर्षों की सेवा, सुशासन और जनकल्याण की प्रेरणादायक यात्रा पर आयोजित प्रेस वार्ता की गई एवं प्रदर्शनी उद्घाटन कर प्रोफेशनल मीट प्रबुद्ध सम्मेलन किया। जिसकी मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष महिला कल्याण की अध्यक्ष कमला वती एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री भानु प्रताप वर्मा रहे।

मुख्य अतिथि ने बताया कि सरकार के 11 वर्षों से भारत ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में, एक नए युग में प्रवेश किया है। सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण की भावना के साथ भारत ने विकास के हर मोर्चे पर ऐतिहासिक उपलब्धियाँ हासिल की हैं। उनके नेतृत्व में उज्ज्वला योजना ने महिलाओं को धुएं से मुक्ति दिलायी, आयुष्मान भारत जैसी उत्कृष्ट स्वास्थ्य सेवा ने घर-घर को स्वास्थ्य सुविधा दी, प्रधानमंत्री आवास योजना ने करोड़ों को छत दी।

# एएमयू में गूंजे घुड़सवारी के स्वर, समर राइडिंग कैंप ने निभाई परंपरा

- एएमयू राइडिंग क्लब विश्वविद्यालय की प्रतिष्ठित खेल संस्थाओं में से एक है

**अलीगढ़।** अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय में 5वां वार्षिक समर राइडिंग कैंप 2025 परंपरा, अनुशासन और खेल भावना के साथ शुरू हो यगा। एएमयू राइडिंग क्लब द्वारा आयोजित एक माह के कैंप में विश्वविद्यालय के छात्रों के साथ-साथ बाहरी घुड़सवारी इच्छुकों को भी आकर्षित करता है, जिसमें सभी आयु वर्ग के प्रतिभागी भाग ले रहे हैं।

एएमयू भारत का पहला विश्वविद्यालय है जिसने घुड़सवारी को संस्थागत रूप से अपनाया, और यह कैंप केवल एक खेल आयोजन नहीं, बल्कि जीवंत परंपरा का हिस्सा है। एएमयू राइडिंग क्लब विश्वविद्यालय की सबसे प्रतिष्ठित खेल संस्थाओं में से एक है, जो सांस्कृतिक विरासत और आधुनिक प्रशिक्षण विधियों का समन्वय करता है। प्रोफेसर सैयद अमजद अली रिज़वी (सचिव, खेल समिति), प्रोफेसर वासिफ मोहम्मद अली (अध्यक्ष, राइडिंग क्लब), प्रशिक्षक इमरान खान शिबली और कैप्टन मोहम्मद उमैर खान के मार्गदर्शन में प्रतिभागियों को आधारभूत चालों से लेकर उन्नत नियंत्रण अभ्यास तक घुड़सवारी की विधिवत ट्रेनिंग दी जा रही है। प्रतिभागियों को घोड़ों की देखभाल, शिष्टाचार और उपकरणों के प्रयोग की जानकारी भी दी जा रही है, जिससे उनके कौशल के साथ आत्मविश्वास और जिम्मेदारी की भावना भी विकसित हो रही है। 20 प्रशिक्षित घोड़ों के बेड़े के साथ, यह कैंप हर वर्ष बढ़ती रुचि को दर्शाता है, जो इसकी प्रासंगिकता और प्रभाव को प्रमाणित करता है। प्रत्येक प्रतिभागी को समापन पर प्रमाण पत्र और विशेष टी-शर्ट प्रदान की जाती है।

## दहेज में कार और 2 लाख नकद न मिलने पर विवाहिता को मारपीट कर घर से निकाला केस दर्ज

**गोरखपुर।** सहजनवां थाना क्षेत्र के विडार निवासी एक विवाहिता की ससुराल के लोगो को दहेज में कार और 2 लाख रुपया न मिलने पर उसे मारपीट कर घर से निकाल दिया। पीड़िता के तहरीर पर पुलिस ने पति सहित ससुराल के चार अन्य लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। मिली जानकारी से थाना क्षेत्र के विडार निवासी मंजू साहनी पुत्री जोगेंद्र साहनी की शादी 11 दिसंबर 2020 को टीकरियां निवासी निरंजन पुत्र इंद्रजीत साहनी के साथ हुई है। ससुराल पहुंचने के बाद विवाहिता को ससुराल के लोग किस्म दहेज लाने का तजना मारना शुरू कर दिए थे। और दौरान ससुराल के लोग प्रताड़ित करने साथ गाली गलौज और मारपीट पर आमादा थे। इस बीच 3 वर्ष का एक बच्चा भी चुका है। आए दिन पति और ससुराल के लोग कार और 2 लाख रुपया नकद की मांग करते रहते थे। इंकार करने पर मारपीट कर घर से निकाल दिए।पीड़िता के तहरीर पर पुलिस ने आरोपी पति निरंजन,सास यशोदा,देवर इंद्रजीत,नंदन,ननद गुड़िया उर्फ सरस्वती के खिलाफ दहेज उत्पीड़न,मारपीट,जान से मारने की धमकी देने का केस दर्ज कर लिया है।

## रास्ते में गोबर फेकने से मना करने पर मनबढ़ो ने पीटा चार पर केस दर्ज

**गोरखपुर।** सहजनवा थाना क्षेत्र के चडराव निवासी एक व्यक्ति द्वारा रास्ते में गोबर फेकने से मना कर पर मनबढ़ो ने पीड़ित के घर पर चढ़ कर मारा पीटा। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। मिली जानकारी से थाना क्षेत्र के चडराव निवासी सन्नी सिंह पुत्र स्व रामानन्द सिंह के पड़ोसी आए दिन रास्ते में गोबर फेक कर रास्ता अवरुद्ध कर रहे थे। जिसका विरोध किया तो आरोपी घर पर चढ़ आए। और गाली गलौज करते हुए लाठी डंडे से मारने पीटने लगे। बचाव करने पहुंचे पड़ोसी महेंद्र सिंह ,संध्या,नेहा को भी मारपीट कर घायल कर दिए। पीड़ित के तहरीर पर पुलिस ने आरोपी अजय सिंह,पप्पू सिंह उर्फ महिपाल सिंह,संजय सिंह,श्याम मोहन सिंह कर खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

## प्रधान ने बीडीओ से पांच बिंदुओं पर मांगी जनसूचना

**गोरखपुर।** ब्लाक क्षेत्र के ग्राम प्रधान सीहापार की ग्राम प्रधान मांडवी शुक्ला ने सूचना अधिकार अधिनियम के तहत जनसूचना अधिकारी/बीडीओ से पांच बिंदुओं पर वित्तीय वर्ष 2024 - 25 की नियमानुसार जानकारी मांगी है। ग्राम प्रधान मांडवी शुक्ला ने मनरेगा कार्य में मजदूरी तथा सामग्री मद में (कच्चा तथा पक्का) खर्च का प्रतिशत अनुपात प्रतिशत के बारे में जानकारी मांगी है।इसके अलावा ब्लॉक के सभी ग्राम पंचायतों में मजदूरी तथा सामग्री मद में व्यय डेटा भी मांगा है।ग्राम प्रधान ने ग्राम सभा सीहापार में वित्तीय सत्र 2024-25 में मजदूरी तथा सामग्री मद में कितना खर्च किया गया है।इसका अलग-अलग विवरण मांगा है।सूचना अधिकार के तहत ग्राम सीहापार में वित्तीय वर्ष 2024-25 में पक्की सड़क से रामजीत हरिजन के घर तक मिट्टी तथा ह्यूम पाइप का कार्य हुआ है।लेकिन भुगतान के लिए इसकी फीडिंग नहीं कराई गई है।फीडिंग न होने के कारण की जानकारी देने की मांग की गई है।इसी क्रम में भगवान दास शर्मा के खेत से पूजन यादव के घर तक मिट्टी कार्य तथा ह्यूम पाइप का कार्य हुआ है लेकिन भुगतान के लिए फीडिंग नहीं कराई गई है।अब तक फीडिंग न होने के कारण जानकारी मांगी गई है।

## कांग्रेस ने घर घर जाकर झंडा लगाओ अभियान चलाया

**गोंडा।** शाहिद अली कुरेशी शहर अध्यक्ष सभासद कांग्रेस कमेटी गोंडा के नेतृत्व में शहर में अभियान चलाकर कार्यकर्ताओं के घर-घर जाकर झंडा लगाने का काम किया गया और लोगो को जोड़ने का काम कर रहे है कांग्रेस के वरिष्ठ नेता हनुमान प्रसाद शिवकुमार दुबे प्रवक्ता वाजिद अली पूर्व लोकसभा प्रत्याशी मंजूर अली वसीम सिद्दीकी शहजादे मेवाती खरगेश चतुर्वेदी कालिया बरकत कवलजीत वाल्मीकि मोहम्मद इमरान खान हाफिज मोहम्मद मुकेश सोनी निरमेश श्रीवास्तव बृजेंद्र कुमार श्रीमती शाहिद अंजुम निर्मला देवी जर्नेल हयात सहित सैंकड़ों कार्यकर्ता अभियान में भाग लिए।

## मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने यूपी बोर्ड टॉपर्स को किया सम्मानित

**उरई (जालौन)।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ स्थित लोक भवन के सभागार में यूपी बोर्ड हाई स्कूल एवं इंटरमीडिएट परीक्षा-2025 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रदेश के टॉप विद्यार्थियों को सम्मानित किया। इस अवसर का सजीव प्रसारण जालौन के विकास भवन के रानी लक्ष्मीबाई सभागार में एलईडी स्क्रीन के माध्यम से सदर विधायक गौरी शंकर वर्मा, जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय, कालपी विधायक प्रतिनिधि आशुतोष चतुर्वेदी, अशोक राठौर, विभिन्न विभागीय अधिकारी एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं ने देखा। मुख्यमंत्री द्वारा हाई स्कूल परीक्षा में यूपी मेरिट सूची में स्थान प्राप्त करने वाले जालौन जनपद के होनहार छात्र यश प्रताप सिंह भदौरिया (प्रथम स्थान), सिमरन गुप्ता को सम्मानित किया।

# पुलिस मुठभेड़ के दौरान 45 हजार व 25 हजार के 2 ईनामिया सहित 4 शातिर अभियुक्त गिरफ्तार

- वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु जनपद में चलाया जा रहा अभियान

**अवधनामा संवाददाता**

**अलीगढ़।** अभियुक्तगण उत्तर-प्रदेश, हरियाणा, उत्तराखण्ड प्रान्त में घटनायें करते हैं घटना एटीएम बूथ से पैसा निकालने वाले साधारण व्यक्तियों को निशाना बनाकर उनका एटीएम पिन की जानकारी करते हैं तथा एटीएम कार्ड बदलकर अपने साथ एटीएम स्वाइप मशीन फोन-पे रखते हैं तथा बदले हुये एटीएम द्वारा धनराशि को बैंक फ्रॉड कर दूसरे एकाउन्ट में ट्रान्सफर कर भौतिक लाभ प्राप्त करते हैं। जिसके सम्बन्ध में अलीगढ व जनपद मथुरा व फरीदाबाद एवं अन्य प्रान्तो में अभि0गणों के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत हैं।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा जनपद में अपराध की रोकथाम व वांछित अभियुक्तो की गिरफ्तारी हेतु जनपद में चलाये जा रहे अभियान के क्रम मे पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के निर्देशन में, क्षेत्राधिकारी खैर के पर्यवेक्षण में थाना टप्पल पुलिस टीम व एसटीएफ आगरा यूनिट की संयुक्त कार्यवाही मे 04 शातिर अभियुक्त 1. मुस्तकीम उर्फ मोलम पुत्र मैनुद्दीन निवासी ग्राम नूरपुर थाना टप्पल जनपद अलीगढ 2.आजाद पुत्र अली शेर निवासी घाघौट थाना चांदहट जनपद पलवल हरियाणा 3. असलम पुत्र आजाम निवासी घाघौट थाना चांदहट जनपद पलवल हरियाणा 4. अमनपाल पुत्र पप्पूपाल निवासी अटोर नगला थाना नंदग्राम जनपद गाजियाबाद जिनके विरुद्ध विभिन्न थानों मे कई अभियोग पंजीकृत है को पुलिस मुठभेड़ के दौरान मय 02 अवैध तमंचे 315 बोर व 04 खोखा कारतूस 315 बोर, 01 स्वाइप मशीन फोन पे, 04 अवैध एटीएम,04 मोबाइल फोन व एक ब्रेजा कार के साथ यमुना एक्सप्रेस वे नोएडा से आगरा सर्विस रोड पर ग्राम टप्पल - कृपालपुर अडंरपास के पास से गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर थाना हाजा पर 321/25 धारा 318(4)/109 बीएनएस व 66 आईटी एक्ट व 3/25/27 आर्म्स एक्ट पंजीकृत किया गया। मुस्तकीम उर्फ मोलम उपरोक्त जोकि थाना टप्पल से अवैध शस्त्र फैक्ट्री चलाने के मुकदमे में वांछित है और इस पर 25 हजार रुपये का ईनाम थाना टप्पल अलीगढ़ व 20 हजार रुपये का ईनाम थाना रिफाइनरी मथुरा से भी घोषित है।

# भाजपा से निष्कासित हुए जिलाध्यक्ष अमर किशोर कश्यप

**अवधनामा संवाददाता**



**गोंडा।** पिछले दिनों सुर्खियों में बना वायरल वीडियो महिला कार्यकर्ता के साथ अश्लील हरकत को लेकर बीजेपी प्रदेश कार्यालय से जिलाध्यक्ष अमर किशोर कश्यप से स्पष्टीकरण मांगा गया था लेकिन समुचित स्पष्टीकरण ना दे पाने पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष के निर्देश पर पार्टी से निष्कासित कर दिया है यह कार्यवाही भाजपा प्रदेश मुख्यालय से की गई है।

भाजपा प्रदेश के महामंत्री और मुख्यालय प्रभारी गोविन्द नारायण शुक्ल ने पत्र जारी करते हुए अवगत कराया की जिलाध्यक्ष अमरकिशोर कश्यप को तत्काल प्रभाव से पार्टी से निष्कासित किया जाता है, अमरकिशोर कश्यप को जारी पत्र के माध्यम से बताया गया है की जिलाध्यक्ष द्वारा उपलब्ध कराये गए स्पष्टीकरण से पार्टी पूरी तरह असंतुष्ट है, आचरण अनुशासन हीनता की श्रेणी में आता है विचारोउपरान्त प्रदेश अध्यक्ष के निर्देश पर पार्टी से निष्कासित किया जा रहा है इसके साथ ही अध्यक्ष पद रिक्त हो गया है जिससे नई नियुक्ति को लेकर राजनीतिक चर्चाएं हो रही हैं।

# डीएम ने विद्युत विभाग व जिला अस्पताल का देर रात किया निरीक्षण

- जनसमस्याओं के समाधान में लापरवाही बर्दाश्त नहीं

**उरई (जालौन)।** उत्तर प्रदेश सरकार की जनहितकारी नीतियों के अनुरूप जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने कल देर रात विद्युत विभाग कार्यालय व जिला अस्पताल का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने जनता से जुड़ी समस्याओं के त्वरित निस्तारण के निर्देश देते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

सबसे पहले जिलाधिकारी विद्युत विभाग के कंट्रोल रूम पहुंचे, जहां उन्होंने उपस्थित कर्मचारियों से शिकायत निस्तारण प्रक्रिया की जानकारी ली। उन्होंने निर्देश दिया कि प्राप्त शिकायतों का विधिवत रजिस्टर में अंकन किया जाए तथा शिकायतकर्ताओं को समाधान के उपरांत फोन कर अवगत कराया जाए। अधिशासी अभियंता को कंट्रोल रूम में दो-दो कर्मचारियों की नियमित ड्यूटी लगाने के निर्देश दिए, जिससे शिकायत निस्तारण प्रक्रिया को और अधिक सशक्त बनाया जा सके।

इसके पश्चात जिलाधिकारी जिला अस्पताल पहुंचे, जहां उन्होंने इमरजेंसी वार्ड सहित विभिन्न कक्षों का निरीक्षण किया। भीषण गर्मी को देखते हुए उन्होंने इमरजेंसी वार्ड में चार अतिरिक्त एसी स्वीकृत किए, और वार्डों में दो-दो एसी स्वीकृत किए और मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देशित किया कि 48 घंटे के भीतर इन्हें लगवाया जाए। निरीक्षण के दौरान कूलर की साफ सफाई न होने से ठंडी हवा न होने पर, तीन एसी खराब पाए गए, जिनकी तत्काल मरम्मत के निर्देश सीएमएस को दिए गए।

इमरजेंसी कक्ष में तैनात डॉक्टर अमरीश द्वारा मरीज का परीक्षण करते समय जिलाधिकारी ने रजिस्टर देखा और स्पष्ट निर्देश दिया कि मरीज को देखने का समय अवश्य अंकित किया जाए तथा समुचित रजिस्टर मेंटेन किया जाए। जिलाधिकारी ने वार्डों में भर्ती मरीजों और उनके तीमारदारों से सीधा संवाद भी किया। उन्होंने दवा व भोजन की उपलब्धता के संबंध में जानकारी ली, जिस पर तीमारदारों ने बताया कि दवाएं अस्पताल परिसर से ही उपलब्ध कराई जा रही हैं और भोजन समय पर मिल रहा है। हालांकि, सफाई व्यवस्था में लापरवाही पाई गई।

# विकसित कृषि संकल्प के अन्तर्गत कृषक गोष्ठी हुई

**उरई (जालौन)।** विकासखंड कदौरा के ग्राम अकबरपुर इटौरा में स्थित सोसाइटी में विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत किसान गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिंसमे किसानों को उन्नत शील किसान बनने और जानवरो से अधिक दुग्ध उत्पादन में बारे में समझाया गया। इस गोष्ठी में 210 किसानों ने भाग लिया।

गोष्ठी में डा. सुल्तान सिंह वैज्ञानिक भारतीय चारागाह एवं चारा अनुसंधान संस्थान झांसी ने किसानो को बताया कि नैपियर घास को किसानों को लगाना चाहिए क्योंकि नैपियर घास को किसान अपने जानवरो को वर्ष भर हरा चारा दे सकते है। जिससे जानवरों का अधिक दुग्ध उत्पादन कर सकते है। इसके बाद डा0 रवि प्रकाश सैनी ने बताया कि पशुओं को हमें दूध के हिसाब से संतुलित भोजन देना चाहिए और साथ में मिनरल मिक्चर जरूर खिलाना चाहिए।

## कार्यालयः अधिशासी अभियंता जोन-7 इन्दिरा नगर, जलकल विभाग, नगर निगम, लखनऊ।

### अल्पकालीन निविदा सूचना

जलकल विभाग में पंजीकृत ठेकेदारों से नीचे दिये गये विवरण के अनुरूप कार्य कराने हेतु निविदायें दिनांक-19.06.2025 के सायंकाल 4:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र किसी भी कार्य दिवस में दिनांक-19.06.2025 को 1:00 बजे तक निविदा मूल्य का नगद भुगतान कैश काउन्टर पर करके निविदा प्राप्त किये जा सकते है। भरी हुई सील्ड निविदायें उसी दिन अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में सायंकाल 3:30 बजे तक निविदा बाक्स में प्राप्त की जायेगी। निविदा बाक्स से प्राप्त सभी निविदायें उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष सांय 4:00 बजे खोली जायेगी।

| क्र. सं. | कार्य का विवरण | निविदा का मूल्य | धरोहर धनराशि |
|---|---|---|---|
| 01 | जोन-7 इन्दिरा नगर के अन्तर्गत जोनल कार्यालय में 3 कमरों का का वाशरूम मरम्मत एवं टाईल्स लगाने व रंगाई पुताई का कार्य। | 200.00 | 3900.00 |
| 02 | जोन-7 इन्दिरा नगर के अन्तर्गत जोनल कार्यालय में 3 कमरों का वाशरूम का प्लास्टर एवं छज्जे का निर्माण व रंगाई पुताई का कार्य। | 300.00 | 4600.00 |

नियम एवं शर्तें निविदा प्रपत्र में दी गई हैं, जिन्हे देखा जा सकता है। विस्तृत जानकारी अधिशासी अभियंता जोन-7 इन्दिरा नगर लखनऊ के कार्यालय में सम्पर्क कर किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है। निविदा बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार अद्योहस्ताक्षरी /महाप्रबन्धक में निहित है।

प0सं0- 39/एल0जे0एस0/ ईई-7
दिनांक-12-06-2025

अधिशासी अभियन्ता जोन-7
जलकल विभाग

# मोदी सरकार निर्णय लेने वाली सरकार है, कांग्रेस कार्यकाल में थी नीतिगत शिथिलताः सूर्य प्रताप शाही

## प्रेस वार्ता में गिनाईं केंद्र सरकार की उपलब्धियां



अवधनामा संवाददाता

अयोध्या । मोदी सरकार को निर्णय लेने वाली सरकार बताते हुए प्रदेश के कृषि मंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने कहा कि पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकारें नीतिगत मामलों में पूरी तरह से शिथिल थीं। उन्होंने कहा कि मुंबई हमले के बाद कांग्रेस सरकार बदले की बातें करती रही, लेकिन कार्रवाई नहीं हुई, जबकि मोदी सरकार ने सर्जिकल स्ट्राइक और एयर स्ट्राइक कर आतंकवाद को करारा जवाब दिया।सर्किट हाउस में आयोजित प्रेस वार्ता में मंत्री ने कहा कि तीन तलाक पर कानून बनाना, धारा 370 का निरस्तीकरण, नागरिकता संशोधन कानून, नारी शक्ति वंदन अधिनियम, भारतीय न्याय संहिता, नोटबंदी, जनधन योजना, चंद्रयान अभियान जैसी उपलब्धियां मोदी सरकार की निर्णायक क्षमता को दर्शाती हैं। उन्होंने कहा कि यह सब कार्य इतिहास में स्वर्णाक्षरों में दर्ज किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि गरीब कल्याण के संकल्प के साथ केंद्र सरकार ने योजनाओं की श्रृंखला चलाई, जिससे 20 करोड़ लोग गरीबी रेखा से बाहर आए। भारत की अर्थव्यवस्था 11वें से चौथे स्थान पर पहुंची है। कोविड काल में हर नागरिक को निःशुल्क डबल डोज वैक्सीन दी गई। महिला सशक्तिकरण के लिए लखपति दीदी, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, स्वयं सहायता समूह जैसी योजनाएं चलाई गईं। 375 करोड़ की राशि किसान सम्मान निधि के अंतर्गत सीधे खातों में पहुंचाई गई। सौभाग्य योजना के तहत निःशुल्क बिजली कनेक्शन, स्वच्छ भारत मिशन में 12 करोड़ शौचालय, और 15 करोड़ घरों में नल से जल पहुंचाया गया है। भ्रष्टाचार पर लगाम के लिए डीबीटी व जेम पोर्टल की व्यवस्था लागू की गई। 120 आर्थिक रूप से पिछड़े जिलों को चिन्हित कर योजनाओं से सशक्त किया गया। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने आंतरिक व बाहरी सुरक्षा को मजबूत किया है। सरदार पटेल की प्रतिमा व डॉ. अम्बेडकर से जुड़े पंचतीर्थों की स्थापना कर महापुरुषों को सम्मान दिया गया।

# गरीबों के चेहरों पर लौटी मुस्कान संस्था ने वितरित की निशुल्क खाद्यान्न किट



बीकापुर - अयोध्या। (अवधनामा संवाददाता) सामाजिक सरोकार की मिसाल पेश करते हुए सामाजिक संस्था जूपीडिया ने बीकापुर क्षेत्र के भिटौरा करनपुर गांव में जरूरतमंद ग्रामीणों के बीच निशुल्क खाद्यान्न किट का वितरण किया। संस्था के कार्यकर्ताओं ने मलीन बस्तियों में पहुंचकर लगभग तीन दर्जन गरीब परिवारों को राशन, कपड़े और बच्चों की स्टेशनरी सामग्री की किट प्रदान की।संस्था द्वारा आयोजित एक संगोष्ठी में ग्रामीणों को जूपीडिया के उद्देश्यों और सामाजिक कार्यों से अवगत कराया गया। संस्था का उद्देश्य न सिर्फ आर्थिक रूप से कमजोर तबके को मदद पहुंचाना है, बल्कि उन्हें रोजगार के अवसर प्रदान कर आत्मनिर्भर बनाना भी है। कार्यक्रम के दौरान संतोष कुमार, सुरेंद्र कुमार, प्रदीप, मुकेश, रिंकू, रितेश, सावित्री, अंशु, अर्चना और खुशबू सहित अन्य कार्यकर्ताओं ने सक्रिय भागीदारी निभाई। संस्था के प्रतिनिधि संतोष कुमार ने बताया कि जूपीडिया से जुड़कर कई बेरोजगार युवाओं को रोजगार के साधन मिल रहे हैं और साथ ही जरूरतमंदों को निरंतर सहायता दी जा रही है।इस मौके पर गांव के ग्राम प्रधान संतराम समेत कई जागरूक ग्रामीण भी मौजूद रहे। ग्रामीणों ने संस्था की इस पहल की सराहना की और कहा कि इस तरह के कार्य समाज में सकारात्मक बदलाव लाने का जरिया बन सकते हैं।

# भाजपा ने मनाया मोदी सरकार के 11 वर्ष पूर्ण होने का उत्सव, सेवा और सुशासन पर जोर

अवधनामा संवाददाता

मिल्कीपुर-अयोध्या। भारतीय जनता पार्टी ने केंद्र में नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार के 11 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में मिल्कीपुर के इनायतनगर स्थित एक निजी विद्यालय में सेवा, सुशासन गरीब कल्याण 11 साल प्रोफेशनल मीट कार्यक्रम का आयोजन किया। जिलाध्यक्ष संजीव सिंह की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेश महामंत्री संजय राय थे। कार्यक्रम में मिल्कीपुर विधायक चंद्रभानु पासवान सहित कई वरिष्ठ नेता और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

मुख्य अतिथि संजय राय ने अपने संबोधन में मोदी सरकार की उपलब्धियों को गिनाते हुए पूर्ववर्ती सरकारों पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि 2014 से पहले की सरकारें घोटालों की पर्याय थीं। बोफोर्स, 2जी स्पेक्ट्रम जैसे घोटालों ने देश को आर्थिक और नैतिक रूप से कमजोर किया। उन्होंने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर तंज कसते हुए कहा कि सरेंडर की नीति जवाहरलाल नेहरू और इंदिरा गांधी के समय देखी गई, जब आतंकवाद चरम पर था। चेन्नई, हैदराबाद, अहमदाबाद, वाराणसी, गोरखपुर और अयोध्या तक आतंकवादी हमले आम थे। इसके विपरीत, मोदी सरकार ने आतंकवाद को नियंत्रित किया और ऑपरेशन सिंदूर जैसे साहसिक कदमों से भारत की सैन्य ताकत को दुनिया के सामने प्रदर्शित किया। आज भारत हथियार और गोला-बारूद का निर्यात कर आत्मनिर्भरता की ओर अग्रसर है।मिल्कीपुर विधायक चंद्रभानु पासवान ने पिछले 11 वर्षों में मोदी सरकार की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि नारी शक्ति को सशक्त करने, मध्यम वर्ग को सम्मान देने और डिजिटल इंडिया के माध्यम से नए भारत की नींव रखने में सरकार ने अभूतपूर्व कार्य किया है। भारत अब दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका है। एक ट्रिलियन डॉलर से अधिक का विदेशी निवेश, 825 अरब डॉलर का रिकॉर्ड निर्यात और एनपीए का 2.6% तक कम होना भारत की आर्थिक मजबूती का प्रमाण है। पीएम-मुद्रा योजना और एमएसएमई सहायता से 1.61 लाख करोड़ रुपये का निवेश आया, जिससे 11.5 लाख नौकरियां सृजित हुई और निर्यात 5.3 लाख करोड़ रुपये तक पहुंचा।पासवान ने रक्षा क्षेत्र में प्रगति का जिक्र करते हुए कहा कि स्वदेशी हेलीकॉप्टर प्रचंड, मिसाइल सिस्टम आकाश और ब्रह्मोस ने भारत की सैन्य क्षमता को बढ़ाया है। ऑपरेशन सिंदूर, सर्जिकल स्ट्राइक और बालाकोट एयर स्ट्राइक ने दुनिया को भारत की निर्णायक शक्ति दिखाई। उन्होंने कांग्रेस शासनकाल के 53 बड़े आतंकी हमलों का उल्लेख करते हुए कहा कि उस समय सरकार केवल शोक संदेश जारी करती थी, जबकि मोदी सरकार आतंकवाद के खिलाफ कठोर कार्रवाई करती है।

# गुरु हरगोबिंद साहिब का प्रकाश पर्व बहुत धूमधाम से मनाया गया



अवधनामा संवाददाता

बाराबंकी। गुरुवार को शहर के मौहल्ला लाजपतनगर स्थित गुरुद्वारा में गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी द्वारा सिख धर्म के छठे गुरु मीरी पीरी के मालिक साहिब गुरु हरगोबिंद साहिब का प्रकाश पर्व बहुत धूमधाम से मनाया गया एक सप्ताह उपरांत श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी के सहज पाठ की आरंभता हुई जिसकी समाप्ति आज हुई उसके उपरांत दीवान सजा जिसमें हुजूरी रागी भाई तीरथ सिंह के जत्थे द्वारा कीर्तन भजन किया गया उसके उपरांत विशेष दीवान सजा जिसमें नानकसर सिंगरा से आय संत बाबा मंजीत सिंह के द्वारा कीर्तन भजन किया सभी आय संगत ने कीर्तन का आनंद लिया उसके उपरांत आनंद साहिब जी का पाठ कर समाप्ति हुई उसके उपरांत गुरु का अटूट लंगर वर्ताया गया जिसे सभी धर्मों के लोगों ने एक पंगत में एक साथ बैठ कर चखा। इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष अरविन्द मौर्य, गुरुशरण लोधी, गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के प्रधान सरदार भूपेंद्र सिंह, सरदार चरनजीत सिंह, नवीन सिंह, अशुतोष अवस्थी, सरदार रवीन्द्रपाल सिंह, सरदार परमजीत सिंह, सरदार सतनाम सिंह खालसा, सरदार रविंदर सिंह, सरदार राजदीप सिंह, सुमित्रा कौर, कवलजीत कौर, रंजीत कौर, परमजीत कौर, अमरजीत कौर, सुरजीत कौर,नरेन्द्र कौर, इंदरजीत कौर, चरनजीत गाबा, रविनन खजांची, सरदार हरप्रीत सिंह, सरदार मनमीत सिंह सोनू, मलकीत सिंह, तनमीत सिंह, अमरजीत सिंह राजे हरविंदर सिंह, तनप्रीत सिंह रौनक मौजूद रहे।

## विद्यार्थियों ने न सिर्फ यूपी बोर्ड की योग्यता सूची में स्थान बनाया हैः सतीश चन्द्र शर्मा

# कलेक्ट्रेट स्थित लोकसभागार में मेधावी विद्यार्थी सम्मान समारोह आयोजित



अवधनामा संवाददाता

बाराबंकी। माध्यमिक शिक्षा विभाग के तत्वावधान में हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट समकक्ष परीक्षा उत्तीर्ण मेधावी विद्यार्थियों एवं उनके अभिभावकों को सम्मानित करने हेतु गुरुवार को लोक सभागार में मेधावी विद्यार्थी सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस सम्मान समारोह में हाईस्कूल के दो एवं इंटरमीडिएट के दस मेधावी विद्यार्थियों सहित राष्ट्रीय स्कूल विद्यालयी प्रतियोगिता 2024-25 में राष्ट्रीय स्तर पर कांस्य पदक विजेता सन्जू कुमारी को सम्मानित किया गया। राज्य मंत्री खाद्य एवं रसद सतीश शर्मा की अध्यक्षता एवं विशिष्ट अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष राजरानी रावत, विधायक हैदरगढ़ दिनेश रावत की उपस्थिति एवं जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी के मार्गदर्शन में इस समारोह का आयोजन किया गया। सभी मेधावी विद्यार्थियों को माध्यमिक शिक्षा विभाग द्वारा एक टेबलेट, मेडल, प्रमाणपत्र, फूलमाला तथा 21 हजार रूपये का चेक तथा राष्ट्रीय स्तर पर जनपद का गौरव बढ़ाने वाली छात्रा को 30 हज़ार का चेक, प्रमाणपत्र एवं मेडल प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन राज्यमंत्री सतीश शर्मा, जिला पंचायत अध्यक्ष राजरानी रावत, विधायक हैदरगढ़ दिनेश रावत, डीएम शशांक त्रिपाठी एवं जिला विद्यालय निरीक्षक ओपी त्रिपाठी द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। राज्यमंत्री खाद्य एवं रसद सतीश शर्मा ने अपने उद्बोधन में मेधावी विद्यार्थियों को बधाई और शुभकामनाएं प्रदान करते हुए कहा, कि यह अत्यन्त प्रसन्नता एवं गौरव का विषय है, कि जनपद के विद्यार्थियों ने न सिर्फ माध्यमिक शिक्षा के क्षेत्र में आयोजित होने वाली सबसे बड़ी परीक्षा की योग्यता सूची में अपना स्थान बनाया है, बल्कि खेल के क्षेत्र में भी राष्ट्रीय स्तर पर जनपद को गौरवान्वित किया है। राजरानी रावत ने कहा, कि अत्यन्त प्रसन्नता का विषय है की हमारी बेटियां हर क्षेत्र में बेटों से आगे निकल रहीं हैं और महिला सशक्तिकरण का प्रतीक बन रहीं हैं।

विधायक दिनेश रावत ने मेधावी विद्यार्थियों को बधाई और शुभकामनाएं प्रदान करते हुए कहा, कि अपने हर पड़ाव को इसी प्रकार कुशलता पूर्वक पार करते हुए आपको एक नया इतिहास लिखना है और आने वाले कल में भारत का विश्वपटल पर प्रतिनिधित्व करना है।

### इन मेधावी छात्र-छात्राओं को किया गया सम्मानित

राज्य स्तर पर टॉप टेन सूची में स्थान प्राप्त करने छात्रों में हाईस्कूल के छात्र अभिषेक यादव, छात्रा असना फातिमा जैदी, गदीर फातिमा, सारिका पांडेय, शुभी वर्मा, वर्तिका वर्मा, कलश वर्मा और सगूफी मालिक सहित इंटरमीडिएट की छात्रा अंशिका तिवारी को मा0 मुख्यमंत्री जी द्वारा लखनऊ में सम्मानित किया गया। वही जनपद स्तर पर कलेक्ट्रेट परिसर स्थित लोकसभागार में आयोजित सम्मान समारोह में हाईस्कूल के छात्र रेयांश वर्मा और अभिजीत सिंह सहित इंटरमीडिएट की स्वर्णिमा वर्मा, मनीष गुप्ता, विवेक सिंह, अनुष्का पटेल, अंजलि तिवारी, अवि सिंह, आकृति मिश्रा, अर्तिका वर्मा, सौम्या वर्मा और शैली आदि छात्र-छात्राओं को मा0 राज्य मंत्री सतीश चन्द्र शर्मा जी द्वारा सम्मानित किया गया।

### अवसान माई की दुर दुरिया में 121 मातृ शक्तियों ने की पूजा

मिल्कीपुर-अयोध्या। अमानीगंज विकास खंड के ग्राम पंचायत जय राजपुर में अवसान माई की दुर दुरिया का भव्य सामूहिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में 121 मातृ शक्तियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। ग्राम पंचायत के हैजा माई के स्थान पर आयोजित इस धार्मिक अनुष्ठान का नेतृत्व अमानीगंज विकास खंड के प्रधान संघ अध्यक्ष व जय राजपुर के प्रधान पवन पांडेय ने किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाओं की उपस्थिति रही, जिन्होंने अवसान माई की पूजा-अर्चना कर जीवन के सभी दुखों को दूर करने और देश की सुख, शांति व समृद्धि की कामना की।

### सपा की मासिक बैठक में पीडीए कि एकजुटता पर जोर

अयोध्या। गुरुवार को समाजवादी पार्टी कार्यालय लोहिया भवन गुलाबबाड़ी पर जिला अध्यक्ष पारसनाथ यादव की अध्यक्षता में मासिक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष पारसनाथ यादव ने पीडीए की एकजुटता पर जोर देने की बात कही। जिला अध्यक्ष ने पार्टी के पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं से पीडीए पंचायत के माध्यम से जन-जन तक समाजवादी पार्टी की नीतियों को पहुंचाने के लिए निर्देशित किया। बैठक में आगामी पंचायत चुनाव को लेकर भी पार्टी के नेताओं और पदाधिकारियो ने विस्तार पूर्वक चर्चा की। सपा प्रवक्ता लवलेश पांडेय ने बताया कि बैठक का संचालन जिला महासचिव बख्तियार खान ने किया। बैठक को पूर्व विधायक जयशंकर पांडे,जिला उपाध्यक्ष ओपी पासवान,एजाज अहमद,रामजी पाल, शावेज़ जाफरी,पूर्व ब्लाक प्रमुख राम अचल यादव,छोटे लाल यादव, बृजेश चौहान, राकेश चौरसिया, बाबूराम गौड़, जय सिंह राणा, विद्याभूषण पासी, राम करन यादव, समरपाल सिंह यादव, सियाराम निषाद,मुलायम सिंह यादव, राम सागर वर्मा,पवन यादव, अश्वनी यादव, सरोज यादव, श्रेया वर्मा, इंद्रपाल यादव सहित दो दर्जन से अधिक नेताओं व पदाधिकारियों ने संबोधित किया। बैठक में शिवकुमार यादव,रामबरन यादव,विजय यादव,अजय यादव,सत्येंद्र निषाद,मोहन वर्मा, विकास वर्मा,भानु यादव, स्वामीनाथ वर्मा सहित बड़ी संख्या में पार्टी के पदाधिकारी व नेता मौजूद रहे।

## सीएम डैशबोर्ड रैंकिंग में गिरावट पर डीएम सख्त, वेतन रोकने के निर्देश

बाराबंकी। (अवधनामा संवाददाता) जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी ने कलेक्ट्रेट सभागार में सीएम डैशबोर्ड की समीक्षा बैठक में खराब प्रदर्शन वाले विभागों पर कड़ी नाराजगी जताई। फैमिली आईडी, विद्युत आपूर्ति, जल जीवन मिशन, मनरेगा, मध्यान भोजन, दिव्यांग पेंशन समेत कई योजनाओं की धीमी प्रगति पर डीएम ने चेतावनी देते हुए कहा कि लापरवाह अफसरों का वेतन रोका जाएगा और उनसे स्पष्टीकरण लिया जाएगा। डीएम ने निर्देश दिए कि सभी विभाग अपनी योजनाओं की प्रगति में तेजी लाएं और डैशबोर्ड पर सूचनाएं समय से अपलोड करें। सड़क निर्माण और सेतु निर्माण कार्यों की प्रगति भी त्वरित गति से पूर्ण कराने के निर्देश दिए गए। बैठक में सीडीओ अन्ना सुदन, जॉइंट मजिस्ट्रेट तेजस के., सहित सभी विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

### ग्रामीणों को मिला पानी, खुशी की लहर

जैदपुर बाराबंकी। (अवधनामा संवाददाता) बंगला बाजार में खबर का दिखा असर, खराब पड़े हैंडपंप को कराया गया सही ग्रामीणों में खुशी की लहर। जैदपुर के हरख ब्लॉक अंतर्गत कोला ग्राम पंचायत के बंगला बाजार स्थित हैंड पंप कई दिनों से खराब पड़ा था जिसकी जर्जर स्थित और समस्या को लेकर के पत्रकार शहाबुद्दीन सिद्दीकी द्वारा प्रमुखता से खबर प्रकाशित की गई थी। जिसको संज्ञान में लेकर के संबंधित अधिकारियों ने खराब पड़े हैंडपंप को सही करवा दिया है जिससे वहां पर पानी की समस्या से लोगो को राहत मिली है?। जिसको लेकर के ग्रामीणों मे गुरुवार को खुशी का माहोल दिखाई दिया।

### किसान गोष्ठी का आयोजन आज

सिसवा बाजार महराजगंज। (अवधनामा संवाददाता) स्थानीय क्षेत्र पंचायत कार्यालय सभागार में दिन शुक्रवार को किसान गोष्ठी का आयोजन किया है । यह जानकारी एडिओ एजी धीरेंद्र सिंह ने देते हुए किसानों से इस गोष्ठी में हिस्सा लेने का आग्रह किया है। ताकि किसान कृषि संबंधित तकनीकी जानकारी का लाभ उठा सकें।

# प्रेमी ने रेता गला, पुलिस जवान ने खून देकर बचाई जान

# गस्त के दौरान जंगल में लहू लुहान मिली थी महिला



अवधनामा संवाददाता

नौतनवा (महराजगंज)। क्षेत्र के बृजमनगंज थाने के अन्तर्गत लेहड़ा जंगल में घने झाड़ियों के बीच खून से लथपथ एक महिला का शव गस्त में निकले बृजमनगंज थानाध्यक्ष सत्य प्रकाश सिंह व उनके हमराही कांस्टेबल संदीप कुमार गौतम को दिखाई दिया। महिला की सांस धीरे धीरे चल रही थी तथा वह बेसुध पड़ी हुई थी। गले से खून का रिसाव तेजी से हो रहा था।

कांस्टेबल गौतम ने बिना देर किए उक्त महिला को कंधे पर लाद कर भागते हुए बाइक तक लाए तथा वहां से बनकटी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए जहां से डाक्टर ने उसे मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया। तत्काल एंबुलेंस न मिलने पर उसे फिर मोटर साइकिल से ही लेकर गोरखपुर मेडिकल कॉलेज में लाकर भर्ती कराया।

डाक्टर ने अधिक खून बह जाने के कारण खून लाने को कहा तो कांस्टेबल गौतम ने अपना खून दिया जिससे महिला की जान बच सकी। महिला के होश में आने पर पुलिस के पूछने पर उसने बताया कि उसका नाम अनीता है व उम्र 40 वर्ष है। वह बिधवा है तथा उसके प्रेमी दिनेश द्वारा ही उसका गला रेतकर मारने का प्रयास किया गया है।

महिला ने बताया कि वह पन्द्रह वर्ष से अपने प्रेमी दिनेश प्रजापति के साथ रह रही थी। बुधवार को वह लेहड़ा मंदिर घूमने आए थे वहां किसी बात को लेकर दोनों के बीच विवाद हो गया।

उसी विवाद को लेकर दिनेश चाकू से उसका गला रेत दिया तथा छोड़ कर भाग गया। पुलिस ने महिला के बयान पर हत्या के प्रयास का मुकदमा दर्ज कर लिया है। थानाध्यक्ष सत्य प्रकाश सिंह ने बताया कि अपराधी को पकड़ने के लिए दविश दिया जा रहा है। जल्द ही अपराधी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।


## पूरेडलई ब्लॉक बना विकास का सिरमौर, 1.5 करोड़ के पुरस्कार से नवाजा



बाराबंकी। (अवधनामा संवाददाता) जनपद के पूरेडलई ब्लॉक ने आकांक्षी ब्लॉक कार्यक्रम के तहत अभूतपूर्व उपलब्धि हासिल कर पूरे देश में अपनी अलग पहचान बना ली है। नीति आयोग ने स्वास्थ्य, शिक्षा और सुशासन के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए पूरेडलई को 1.5 करोड़ के पुरस्कार से सम्मानित किया है।जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी ने बताया कि पूरेडलई ब्लॉक ने बीते वर्ष टीबी नियंत्रण में शत-प्रतिशत अधिसूचित मरीजों का सफल इलाज सुनिश्चित कर स्वास्थ्य तंत्र की सक्रियता का शानदार उदाहरण पेश किया। साथ ही, मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य में संस्थागत प्रसव दर को 100 प्रतिशत तक पहुँचाया। शिक्षा के क्षेत्र में भी पूरेडलई ब्लॉक ने इतिहास रचते हुए सभी प्राथमिक विद्यालयों में आदर्श छात्र-शिक्षक अनुपात (30~1 या उससे कम) सुनिश्चित कर गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और समावेशी वातावरण प्रदान किया है।जिलाधिकारी ने कहा पूरेडलई की यह ऐतिहासिक सफलता केवल प्रशासनिक दक्षता नहीं बल्कि स्वास्थ्य कर्मियों, शिक्षकों, आशा बहनों, ग्राम पंचायत प्रतिनिधियों और जागरूक समुदायों की प्रतिबद्धता का प्रतिफल है। यह मॉडल न केवल जनपद बल्कि पूरे प्रदेश के लिए प्रेरणा बनेगा। गौरतलब है कि नीति आयोग ने भी अपनी पोस्ट में पूरेडलई को एकीकृत, लोगों को प्राथमिकता देने वाले शासन÷ का आदर्श उदाहरण बताते हुए ब्लॉक की उपलब्धियों की विशेष सराहना की है। यह सफलता बाराबंकी की नवाचारयुक्त, सहभागी और समावेशी प्रशासनिक शैली की सशक्त मिसाल है।

## सम्मान पाकर मेधावियों के चेहरे पर खिला मुस्कान

### हाईस्कूल व इंटर की परीक्षा में ज्यादा अंक लाने वाले हुए सम्मानित




अवधनामा संवाददाता

महराजगंज। कलेक्ट्रेट सभागार में माध्यमिक शिक्षा परिषद, उ.प्र. की इंटर और हाईस्कूल की परीक्षा के टॉपर्स को जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा द्वारा सम्मानित किया गया। हाईस्कूल में सर्वोच्च अंक पाने वाले 10 विद्यार्थियों आंचल, शालिनी सिंह, अंशिका सिंह, अनन्या जयसवाल, अनूप गुप्ता, सुधांशु गुप्ता, अमृत तिवारी और वंशिका कुमारी को सम्मानित किया गया। इसी प्रकार कक्षा 12 के छात्र दिव्यानंद विश्वकर्मा, खुशी वर्मा, पूजा वर्मा, गरिमा राजभर, मोहिनी सिंह, आसमीन खातून, आयुष कुमार गुप्ता, शुभम कुशवाहा और अभिषेक यादव को ? 21000/- का डेमो चेक, टैबलेट, प्रशस्ति पत्र और मेडल दिया गया। जिलाधिकारी ने मेधावी छात्र-छात्राओं ने बधाई देते हुए कहा कि आपकी उपलब्धि है। इस लगन को तब तक बनाए रखें, जबतक लक्ष्य न प्राप्त हो जाए, तबतक इस लगन को बनाए रखें। उन्होंने कहा कि आप सभी जनपद का गौरव हैं। कठिन परिश्रम और लगन से आप प्रत्येक लक्ष्य को हासिल कर सकते हैं। कार्यक्रम के आरंभ में जिला विद्यालय निरीक्षक पीके शर्मा ने उपस्थित अतिथियों का स्वागत मोमेंटो और पुष्पगुच्छ देकर किया गया। कार्यक्रम में सांसद प्रतिनिधि जगदीश मिश्रा, परियोजना निदेशक रामदरश चौधरी, जिला सूचना अधिकारी प्रभाकर मणि त्रिपाठी सहित मेधावी विद्यार्थी और उनके परिजन उपस्थित रहे।

# ग्रामीणों की कैसे बुझेगी प्यास, ओवरहेड टैंक की लगी आस

## मिठौरा क्षेत्र के मोहनापुर गांव में ओवरहेड टैंक का कार्य अधूरा



अवधनामा संवाददाता

महराजगंज। मिठौरा विकास खंड अंतर्गत ग्रामसभा मोहनापुर के ग्रामीणों का शुद्ध पेयजल का सपना कार्यदायी संस्था की सुस्ती के चलते अधूरा रह गया है। 2021 में जल जीवन मिशन के तहत शुरू हुए इस परियोजना को जून 2022 तक पूरा किया जाना था, लेकिन वर्तमान में स्थिति यह है कि ओवरहेड टैंक का पीलर तक खड़ा नहीं हो सका है। 222.28 लाख की परियोजना, चार साल में भी अधूरी एमएसजेएमसीएलसीईएसपीएल जेवी कंपनी को 300 केएल क्षमता का टैंक निर्माण का कार्य सौंपा गया था, जिसकी लागत 222.28 लाख रुपये थी। टंकी का कार्य समय से न केवल पूरा नहीं हुआ, बल्कि केवल सोलर पैनल ही लगाए गए हैं। निर्माण की गति इतनी धीमी है कि ग्रामीणों का विश्वास टूटता जा रहा है। गर्मी-बरसात में तरसते हैं ग्रामीण गांव के लोगों को भीषण गर्मी और बरसात के मौसम में भी शुद्ध पानी नहीं मिल पा रहा है। सीताराम, सोनू, कन्हैया और रामबाबू जैसे ग्रामीणों ने बताया कि जब घर-घर नल लगाए गए थे तो सबको उम्मीद थी कि अब साफ पानी मिलेगा, लेकिन यह सिर्फ सपना बनकर रह गया। सड़कें तोड़ी, सुधारना भूल गए पाइप लाइन डालने के लिए गांव की सड़कों को तो तोड़ दिया गया, लेकिन उसके बाद मरम्मत की कोई सुध नहीं ली गई। इससे लोगों को आने-जाने में काफी दिक्कतें हो रही हैं। ग्रामीणों ने आक्रोश जताते हुए कहा कि अगर जल्द कार्य में प्रगति नहीं दिखाई दी, तो वे विरोध प्रदर्शन के लिए बाध्य होंगे।

इस विषय में सहायक अभियंता जल निगम, महेश चंद्र आजाद ने बताया कि ठेकेदार को निर्देश दिए गए हैं कि कार्य शीघ्र पूरा किया जाए ताकि लोगों को जल्द शुद्ध पेयजल मिल सके।

### बिजली विभाग ने चलाया अभियान, बकायादारों से हुई वसूली

जैदपुर बाराबंकी। (अवधनामा संवाददाता) कसबे के विभिन्न मोहल्लों में एसडीओ संदीप सिंह के साथ जैदपुर विद्युत उपकेंद्र के कर्मचारियों की मौजूदगी में बकाया वसूली व लोड केबिल चेक किये गये जहां तमाम लोगों के कनेक्शन चेक किये गये। जानकारी के अनुसार गुरुवार को लगभग बारह बजे जैदपुर उपकेंद्र के एसडीओ संदीप सिंह सुरेन्द्र फुरकान सहित दर्जन भर से अधिक कर्मचारी कस्बे के मोहल्ला बड़ी बाजार रईस कटरा, शाह कटरा, सहित विभिन्न मोहल्लों में तमाम घरों में जाकर ओवर लोड सहित बकाया वसूली पर जोर दिया गया। इस अवसर पर संदीप सिंह ने बताया कि बिजली चोरों पर तिरछी निगाहे होने के साथ ओवर लोड, कटे केबिल पर विशेष तौर से ध्यान दिया जा रहा है। जबकि बिजली चोरी करने वालों को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जायेगा समय रहते लोग अपने बकाया बिल को जमा करें नहीं तो भयंकर गर्मी में तमाम दिक्कतें झेलनी पड़ सकती है।

# चेकिंग अभियान मे 72 विधुत कनेक्शन कटे



अवधनामा संवाददाता

सिसवा बाजार महराजगंज। विद्युत विभाग ने बिजली बकायदारों पर शिकंजा कसते हुए सिसवा टाउन व देहांत क्षेत्र में व्यापक चेकिंग अभियान चलाया।

विद्युत वितरण खंड सिसवा के उपखंड अधिकारी आशुतोष त्रिपाठी व अवर अभियंता के नेतृत्व में अभियान चलाया गया। इस दौरान बिजली बिल बकाया होने की स्थिति में 72 कनेक्शन काटे गए। जबकि बिजली विभाग के चेंकिग अभियान में 2. 20 हजार रुपये की राजस्व वसूली भी की गई। उपखंड अधिकारी आशुतोष त्रिपाठी ने कहा कि भीषण गर्मी से बचने के लिए बकायेदार यथासंभव बिजली बिल भुगतान कर कार्रवाई से बचे।

# मुख्यमंत्री से कर्मचारी परिषद के प्रदेश अध्यक्ष की हुई सकरात्मक वार्ता

**प्रदेश अध्यक्ष को ध्यान से सुना, बेहतर वातावरण का जताया भरोसा**

अवधनामा संवाददाता



**सिद्धार्थनगर।** राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद, उ प्र के प्रदेश अध्यक्ष इं. हरिकिशोर तिवारी के नेतृत्व में मिले प्रतिनिधि मण्डल और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के बीच कर्मचारी समस्याओं, भर्ती, अनावश्यक न्यायिक विवादों पर एक सकारात्मक चर्चा हुई।

उक्त बाते राज्य कर्मचारी सयुंक्त परिषद के मंडल अध्यक्ष अरुण कुमार प्रजापति ने बताई। कहा कि प्रदेश अध्यक्ष ई हरिकिशोर तिवारी ने मुख्यमंत्री को बताया कि प्रदेश में 2015 से अब तक काफी रिक्तियॉ कतिपय कारणों से देरी का शिकार हो रही है। वर्ष 2022 में कुल 7 परीक्षाएं अधिनस्थ चयन द्वारा सम्पन्न कराई गई। इसी प्रकार 2023 में कुल चार और 2024 में मात्र 6 परीक्षाएं सम्पन कराई गई। ऐसी स्थिति में प्रदेश में विभिन्न संवर्ग के 50 प्रतिशत पद रिक्त पड़े है। इनमें कई संवर्ग तो ऐसे है जिनके कारण जमीनी स्तर पर कार्यो का निस्तारण धीमी गति से हो पा रहा है।

मुख्यमंत्री जी को अवगत कराया कि कार्मिकों के न्यायालय से सम्बंधी विवादो को निपटाने के लिए सरकार द्वारा एक उच्च स्तरीय कमेटी बनाई गई थी, जिसमें कर्मचारी प्रतिनिधि के रूप में इं. हरिकिशोर तिवारी को सदस्य तथा इस समिति में उच्च न्यायालय के स्थाई अधिवक्ता को सदस्य नामित किया गया था। लेकिन विभागीय विवाद फोरम नामक इस समिति की बैठके न होने के कारण अनचाहे प्रकरण न्यायालय में चल रहे हैं। इससे सरकार के साथ साथ कार्मिक का धन और समय दोनों बरबाद हो रहा है। जबकि कार्मिक के कई ऐसे प्रकरण जो न्यायाल में चल रहे है जिनको आपसी समझौते या विभागीय विवाद समाधान फोरम पर निपटाया जा सकता है। बैठक में आउटसोर्सिंग, कैशलेस इलाज, पुरानी पेंशन व्यवस्था पर चर्चा की गई। कार्मिकों के लिए अब तक किए जा रहे दस प्रतिशत के अंशदान को बढ़ाकर 14 प्रतिशत करने तथा साढ़े दस हजार करोड़ रूपये जो पिछली सरकार द्वारा कर्मचारियों के खाते में ना डालकर अन्य मद में लगाए गए थे मुख्यमंत्री जी द्वारा उक्त धनराशि कर्मचारियों के खाते में डलवाने का काम किया गया है।तथा पेंशन में सरकार के अंश को 10त्नसे बढ़ाकर 14त्न करने में महती भूमिका अदा की है। मुख्यमंत्री ने परिषद पदाधिकारियों की बातों को सुनने के उपरान्त समस्याओं और जरूरतों का हल निकालने का आश्वासन दिया।

बैठक कर सिद्धार्थनगर के जिला अध्यक्ष अनिल सिंह , मंत्री शैलेन्द्र गुप्ता, उपाध्यक्ष राजेश श्रीवास्तव सहित अवधेश यादव, आशुतोष यादव, उमेश पाण्डेय पूरी कार्यकारिणी और पूरे जनपद के कर्मचारियों ने हर्ष व्यक्त किया है।

## समाजवादी पार्टी पीडीए जनपंचायत चौपाल का आयोजन

**बांसी सिद्धार्थनगर।** समाजवादी पार्टी पीडीए जनपंचयत चौपाल का आयोजन बांसी तहसील क्षेत्र के ग्राम पंचायत मिश्रौलिया में गुरुवार को किया गया। चौपाल की अध्यक्षता करते हुए विशेष आमंत्रित सदस्य समाजवादी पार्टी उत्तर प्रदेश कमाल अहमद खांन ने कहा कि केंद्र व प्रदेश की भाजपा सरकार की जन विरोधी नीतियों से आम जनमानस काफी परेशान है।

यह सरकार गरीब विरोधी है इस सरकार में गरीब और गरीब होता जा रहा है तथा अमीर और अमीर होता जा रहा है। खान ने कहा कि भाजपा समाज को बांटकर कर सत्ता सुख भोग रही है। इस सरकार में किसान, गरीब, मजदूर सहित समाज का हर वर्ग परेशान है। युवाओं को रोजगार नहीं मिल रहा है। इस दौरान राम सजीवन गौतम संदीप गौतम जितेंद्र गौतम नंदलाल गौतम लाल जी विश्वकर्मा बरकत अली राधेश्याम गौतम अब्दुल गनी मोहम्मद रफीक अजीमुल्ला मुस्तफा श्रीचंद गौतम रियाज खान अरबाज खान मजार अली लोग उपस्थित रहे।

# उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता में सम्पन हुई तहसील टाक्स फोर्स की बैठक

अवधनामा संवाददाता



**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** शासन द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न कार्यक्रमों को और गतिशील प्रदान करने हेतु तहसील टास्क फोर्स की बैठक उप जिला अधिकारी डुमरियागंज डॉक्टर संजीव दीक्षित की अध्यक्षता में तहसील सभागार में आहूत की गई। जिसमें शासन आदेश के अनुसार विभाग बार जिम्मेदारी सौपी गई।

उप जिलाधिकारी ने सभी को आदेशित किया की शासन द्वारा स्वास्थ्य संबंधी विकास संबंधी पंचायत संबंधी सभी कार्यक्रमों को बिंदवार आगे बढ़ाया जाए साथ ही फॉर्मल रजिस्ट्री, आभा कार्ड, आयुष्मान कार्ड, 100त्न टीकाकरण में आंगनबाड़ियों को सक्रिय करना, प्रदेश का अति महत्वपूर्ण सभी अभियान है इसे सफल बनाने की हम सभी की जिम्मेदारी है इसमें सभी विभाग जुटकर कार्य करेंगे। वही बीएमसी यूनिसेफ शोएब अख्तर एवं सूर्यदेव सिंह द्वारा फीडबैक पिछले अभियान एवं कार्यक्रमों की गति पर प्रकाश डाला गया।

पशु पालन विभाग से बैठक मे किसी की उपस्थित ना होने से उप जिलाधिकारी ने रोष व्यक्त किया। बैठक में मुख्य रूप से तहसीलददार आर यादव, खंड विकास कार्यालय डुमरियागंज से अमित तिवारी बाल विकास परियोजना अधिकारी संजय कुमार, निर्भय सिंह अधिशासी अधिकारी, राजन गुप्ता, अधीक्षक डॉ शैलेंद्र मणि ओझा, डॉ विकास चौधरी, प्रेम कुमार, ए आर ओ मोहम्मद साकिब, सप्लाई इंस्पेक्टर मुकेश कुमार, दीपचंद मानीटर संदीप कुमार मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

# एसडीएम के निर्देश पर चला अतिक्रमण के खिलाफ बुलडोजर



अवधनामा संवाददाता

**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** उपजिलाधिकारी डॉ संजीव दीक्षित के निर्देश पर तहसीलदार रवि कुमार यादव की उपस्थिति में राजस्व ग्राम रूदौलिया बु0 तप्पा करही मे स्थित गाटा संख्या 103/0.0480हे0 गड़हा खाते की भूमि पर अवैध कब्जा (अस्थाई रूप में) पंचम पुत्र समयदीन, गंगा पुत्र समयदीन, राम नेवास पुत्र समयदीन, रामदीन पुत्र समयदीन व गाटा संख्या 77 पर किये गये अवैध कब्जा (अस्थाई रूप में) फेर?ई पुत्र हरिद्वार व गाटा संख्या 80 पर किये गये अवैध कब्जा (अस्थाई रुप में) चिरागी पुत्र भूले का कब्जा राजस्व टीम राजस्व निरीक्षक सुरेश, क्षेत्रीय लेखपाल सौरभ सिंह, अम्बिका प्रसाद लेखपाल, दीपक शंखवार लेखपाल, ओमप्रकाश लेखपाल, वीरेंद्र यादव लेखपाल, सतेन्द्र मिश्र लेखपाल, प्रवेश शुक्ला लेखपाल, इरशाद लेखपाल राजेश प्रताप मणि लेखपाल व पुलिस प्रशासन टीम इटवा द्वारा अवैध कब्जा अस्थाई को हटवाया गया! शेष आवासीय पक्के निर्माण के सम्बन्ध में अलग से कारवाही की जा रही है।

# श्रम विभाग, एएचटीयू पुलिस एवं सेवा के संयुक्त तत्वावधान में वृहद जागरूकता रैली

**लोगों को बाल श्रम न कराये जाने हेतु किया गया जागरूक**

अवधनामा संवाददाता




**सिद्धार्थनगर।** अंतरराष्ट्रीय बाल श्रम निषेध दिवस के अवसर पर गुरुवार को सिद्धार्थनगर मुख्यालय पर श्रम विभाग, एएचटीयू पुलिस एवं मानव सेवा संस्थान सेवा के संयुक्त तत्वावधान में वृहद जागरूकता रैली निकाल कर लोगों को बाल श्रम न कराये जाने हेतु जागरूक किया गया।

जागरूकता रैली नगर पालिका कार्यलय से निकाली गई जिसमें बाल श्रम पर प्रतिबंध लगाओ, बच्चों का जीवन बचाओ। हम सब ने यह ठाना है, बाल मजदूरी को देश से मिटाना है। चाहे कितनी भी हो मजबूरी, बच्चों से ना कराए मजदूरी। बाल श्रम हटाओ, बच्चों का बचपन बचाओ। बाल मजदूरी करवाओगे, तो मुश्किल में पड़ जाओगे। बच्चों से मजदूरी कराओगे, तो जीवन में कभी सुख नहीं पाओगे। बच्चों को पढ़ाओ, बाल मजदूरी हटाओ। बच्चों बनाओ बाल मजदूरी से दूरी, वरना जिंदगी रह जाएगी अधूरी। बच्चे है देश की शान, मत बेचो इन्हें मजदूरी के हाथ। नारे लगाए जा रहे थे। रैली सिद्धार्थ तिराहा, रेलवे स्टेशन पहुँची, तत्पश्चात पुनः नगर पालिका कार्यालय पहुँची, जहाँ पर रैली का समापन हुआ।

इस अवसर पर श्रम पर्वतन अधिकारी उज्ज्वल त्रिपाठी ने बालश्रम करवाने वाले नियोक्ता के खिलाफ लगने वाली धाराओं के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी दी। एएचटीयू प्रभारी निरीक्षक राम कृपाल शुक्ला ने बाल अधिकारो एवं बाल श्रम जैसी समस्याओं के बारे विस्तृत जानकारी दी। मानव सेवा संस्थान सेवा के जिला समन्वयक जय प्रकाश गुप्ता ने बालश्रम, बाल तस्करी, बंधुआ मजदूर, बाल विवाह एवं बाल यौन उत्पीड़न से बचाव हेतु विस्तृत जानकारी साझा किया। इस दौरान उप निरीक्षक हरिओम, संतोष कुमार सिंह, लक्ष्मन सिंह, मुख्य आरक्षी देवेंद्र यादव, आरक्षी आशुतोष सिंह, समरजीत चौरसिया, महिला आरक्षी इशरावती, ममता, श्रम विभाग के गौरी दत्त तिवारी, शैलेंद्र वर्मा, राहुल शर्मा, अमरजीत पाण्डेय, राघव प्रसाद, जगदम्बा प्रसाद, आनन्द कुमार, मानव सेवा संस्थान सेवा के आनन्द, संदीप कुमार मद्धेशिया, पिरामल फाउंडेशन के डिस्ट्रिक प्रोग्राम लीड सत्येंद्र सिंह, नीति आयोग के डीपीए अभिवनव द्विवेदी सहित भारी संख्या में लोग शामिल रहे।

# कांग्रेस पार्टी का संगठन सृजन अभियान का हुआ आयोजन

अवधनामा संवाददाता



**जलालपुर।अम्बेडकरनगर।** कांग्रेस पार्टी का संगठन सृजन अभियान का विधानसभा जलालपुर में हुआ आयोजन गुरुवार को जलालपुर श्री शीतला मठिया मंदिर में संगठन सृजन का कार्यक्रम संपन्न हुआ।

अंबेडकर नगर जनपद के जिला अध्यक्ष कृष्ण कुमार यादव जिला कोऑर्डिनेटर विजय पांडे के नेतृत्व में ब्लॉक एवं मंडल स्तर के संगठन बनाने की प्रक्रिया पर विस्तार से चर्चा हुआ। जिला अध्यक्ष ने कहा कि मौजूदा समय में चारों तरफ समस्याएं व्याप्त हैं शिक्षा, रोजगार, अस्पताल समेत तमाम समस्याएं हैं और आज अंबेडकरनगर में आए दिन हत्या, बलात्कार जैसे जघन्यअपराध हो रहे हैं लेकिन सरकार इस पर अंकुश लगाने में नाकाम साबित हो रही है जिसमें प्रमुख रूप से कांग्रेस के पूर्व जिला अध्यक्ष सुनील मिश्रा, संजय यादव, राजकुमार अग्रहरि, तौसीफ अहमद, अब्बू शाह, रमजान हकीम, विपिन कुमार, जितेंद्र भारती, कुलदीप नारायण श्रीवास्तव, डॉक्टर आरपी कौशल समेत सैकड़ो की संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता गण उपस्थित होकर संगठन सृजन अभियान के कार्यक्रम को सफल बनाया और कांग्रेस पार्टी के विस्तार एवं संगठन को मजबूती प्रदान करने हेतु दृढ़ संकल्प लिया।

# कुओनो नदी में पांच वर्षीय बच्ची का शव मिलने से सनसनी, पुलिस जांच में जुटी



अवधनामा संवाददाता

**बस्ती।** जनपद के धवाय गांव के टोला मझन डीह के पास कुओनो नदी में गुरुवार दोपहर एक पांच वर्षीय बच्ची का शव तैरता मिलने से इलाके में हड़कंप मच गया। मृतका की पहचान टोला नानूडीह निवासी लल्ला प्रसाद राजभर की बेटी प्रिया के रूप में हुई है।

इस घटना ने स्थानीय समुदाय को झकझोर कर रख दिया, और परिजनों में शोक की लहर दौड़ गई। परिजनों के अनुसार, प्रिया गुरुवार सुबह से ही लापता थी। उसकी मां गुड़िया देवी ने बताया कि सुबह से बच्ची की तलाश की जा रही थी, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। परिवार और पड़ोसियों ने आसपास के इलाकों में बच्ची को ढूंढने की कोशिश की, लेकिन कोई जानकारी नहीं मिली। दोपहर में कुओनो नदी में प्रिया का शव तैरता हुआ दिखाई दिया, जिसे देखकर ग्रामीणों में सनसनी फैल गई। ग्रामीणों ने तत्काल इसकी सूचना स्थानीय पुलिस को दी। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी मोती चंद पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और शव को नदी से बाहर निकलवाया।

प्रारंभिक जांच में शव पर किसी प्रकार के चोट के निशान नहीं पाए गए। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। थाना प्रभारी ने बताया कि प्रारंभिक जांच में बच्ची की मौत का कारण डूबना प्रतीत हो रहा है, लेकिन पुलिस सभी पहलुओं की गहन जांच कर रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि कुओनो नदी का यह हिस्सा गहरा है, और बच्चे अक्सर वहां खेलने जाते हैं। ग्रामीणों ने प्रशासन से नदी के किनारे सुरक्षा उपाय करने की मांग की है ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोका जा सके। प्रिया के परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है, और गांव में मातम का माहौल है।

# नेपाल जा रहा खाद को पुलिस ने किया बरामद



अवधनामा संवाददाता

**शोहरतगढ़ सिद्धार्थनगर।** शोहरतगढ थाना क्षेत्र अंतर्गत भारत नेपाल सीमा पर स्थित खुनुवा पुलिस चौकी के जवानों ने गुरुवार को अबैध रुप से नेपाल जा रहे यूरिया खाद को सीमाई गांव गुजरौलिया से बरामद कर आगे की कार्यवाही के लिए कस्टम कों सुपुर्द कर दिया।

खुनुवा पुलिस चौकी इंचार्ज सुधीर कुमार त्रिपाठी ने बताया कि हम अपनें हमराही हेड कांस्टेबल चन्दन कुमार और सतीश चौहान के साथ सीमावर्ती गांव महली में बार्डर क्षेत्र के भ्रमण में था कि तभी मुखबीर से सूचना मिली कि गुजरौलिया गांव के पास से कुछ लोग साइकिल से खाद कों नेपाल ले जानें के फिराक में है।जिस पर मुखबीर के बातों पर विश्वास करके पुलिस मौके पर तुरंत पहुंच गयी। पुलिस ने देखा कि बार्डर के पास 6 बोरी यूरिया खाद लावारिस रुप में रखा है। पुलिस ने आस पास के लोगों से बार्डर पर रखें खाद की जानकारी लिये। जिस पर खाद का वारिस नहीं मिला। नेपाल के तस्करों का खाद है नेपाल ले जाया रहे थे पुलिस को आते देख खाद छोड़कर नेपाल की तरफ भाग गये। जिस पर पुलिस चौकी ने खाद को कब्जा में लेकर कागजी कार्यवाही करते हुए कस्टम कार्यलय खुनुवा को सुपुर्द कर दिया।

# हँसवर पुलिस टीम को भीड़ द्वारा घर मे बन्द करने की सूचना निकली झूठी

अवधनामा संवाददाता



**अम्बेडकरनगर।** हंसवर पुलिस उच्च अधिकारियों को किस तरह भ्रमित करती है इसका ताजा सबूत रामपुर बेनीपुर में गत 09 जून को हुई घटना से ही लगाया जा सकता है। पुलिस कप्तान केशव कुमार की पूरे जनपद में जहां पुलिस कर्मियों के अवैध धन उगाही पर पूरी तरह पाबन्दी लगाने के लिए सरहाना हो रही है वहीं हंसवर पुलिस तेज़तर्रार पुलिस कप्तान की साख पर बट्टा लगाने से नहीं चूक रहे हैं।

हंसवर पुलिस वारंटी को पकड़ने जाती है लेकिन जब वारंटी नहीं मिलता है तो शक के आधार पर पड़ोस के घर में बिना महिला सिपाही के ही घुस जाते हैं और जब परिजन विरोध करते हैं तो मारपीट भी की जाती है और उच्च अधिकारियों को पूरी तरह भ्रमित कर स्वयं को भीड़ द्वारा ज़बरन घर में बंद करने की झूठी कहानी बनाई जाती है और घर मे घुसने के सवाल पूंछने एवं वीडियो बनाने से नाराज़ खाकी वर्दी धारक रक्षक आधा दर्जन लोगों के खिलाफ संगीन धाराओं में मुक़दना दर्ज कर पड़ोसी सईद को थाना पर लाकर कहानी गढ़ते हुए उसे जेल भेज दिया जाता है लेकिन पुलिस मीडिया पर वायरल हो जाती है जिसको देखने मात्र से हालात समझ मे आ जाते हैं कि वारंटी कलीम को पकड़ने गई पुलिस टीम शक के आधार पर पड़ोसी के घर मे बिना महिला सिपाही अथवा बिना सर्च वारंट के घुस कर तलाशी शुरू करती है और परिजनों द्वारा मना करने तथा वीडियो बनाने से उक्त टीम आक्रोशित होकर उल्टा पुलिस टीम पर हमला कर घर मे ज़बरन बन्द करने की कहानी उच्च अधिकारियों को सुना कर सहानुभूति हासिल की जाती है। परिजनों का कहना है कि उक्त मामले को उच्च न्यायालय तक ले कर जाएंगे और दोषी सिपाहियों को उनके अवैध कृत्य की सज़ा अवश्य दिलाएंगे। बहरहाल तिल को ताड़ बना कर उच्च अधिकारियों को गुमराह करने वाली हंसवर पुलिस सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो से एक्सपोज़ हो चुकी है और क्षेत्रीय लोगों द्वारा पुलिस कप्तान से गलत ढंग से दर्ज मुकदमा को समाप्त कर आरोपी पुलिस कर्मियों के खिलाफ कार्यवाही की मांग की जा रही है।

# ट्रांसजेंडर समुदाय के लिए गरिमा गृह की मांग, राज्यपाल ने दिया सहयोग का आश्वासन

अवधनामा संवाददाता



**बस्ती।** ट्रांसजेंडर समुदाय के कल्याण और उनकी बुनियादी जरूरतों को पूरा करने के लिए बस्ती में गरिमा गृह की स्थापना की मांग अब उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदी बेन पटेल तक पहुंच गई है। इंदिरा चैरिटेबल सोसाइटी के मुख्य कार्यकारी अजय, (अधक) पाण्डेय के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने बुधवार को लखनऊ में राज्यपाल से मुलाकात की और इस समुदाय की समस्याओं को उनके सामने रखा।

प्रतिनिधिमंडल ने ट्रांसजेंडरों के लिए भोजन, चिकित्सा, परामर्श और आश्रय जैसी मूलभूत सुविधाओं की आवश्यकता पर बल दिया। प्रतिनिधिमंडल में शामिल अजय कुमार पाण्डेय ने बताया कि सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार ने वर्ष 2024-25 के लिए गरिमा गृह की स्थापना हेतु गैर-सरकारी संगठनों (एनजीओ) से प्रस्ताव मांगे थे। इस क्रम में इंदिरा चैरिटेबल सोसाइटी ने राज्य सरकार की स्वीकृति के बाद अपना प्रस्ताव केंद्र सरकार को प्रेषित किया है। उन्होंने कहा कि गरिमा गृह की स्थापना से ट्रांसजेंडर समुदाय को न केवल सुरक्षित आश्रय मिलेगा, बल्कि उनकी सामाजिक और आर्थिक स्थिति में भी सुधार होगा। इस मुलाकात में ट्रांसजेंडर समुदाय की प्रतिनिधि काजल किन्नर, समाजसेवी कुलवेंद्र सिंह और डॉ. दिनेश कुमार विश्वकर्मा भी उपस्थित थे।

प्रतिनिधिमंडल ने राज्यपाल को ट्रांसजेंडर समुदाय के सामने आने वाली दैनिक चुनौतियों, जैसे सामाजिक भेदभाव, शिक्षा और रोजगार के अवसरों की कमी, और स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच की कठिनाइयों से अवगत कराया। राज्यपाल आनंदी बेन पटेल ने इस प्रस्ताव को गंभीरता से लेते हुए सकारात्मक प्रतिक्रिया दी। उन्होंने इंदिरा चैरिटेबल सोसाइटी द्वारा ट्रांसजेंडर समुदाय के लिए किए जा रहे प्रयासों, विशेष रूप से ÷हुनरमंद किन्नर÷ कार्यक्रम की प्रशंसा की। इस कार्यक्रम के तहत ट्रांसजेंडर व्यक्तियों को कौशल प्रशिक्षण प्रदान कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाने का प्रयास किया जा रहा है।

राज्यपाल ने भविष्य में हर संभव सहयोग का आश्वासन देते हुए बस्ती के जिलाधिकारी को इस दिशा में आवश्यक सहायता प्रदान करने के निर्देश दिए। काजल किन्नर ने इस अवसर पर अपनी बात रखते हुए कहा, ÷हमें समाज में सम्मान और बुनियादी सुविधाओं की जरूरत है। गरिमा गृह की स्थापना हमारे समुदाय के लिए एक नई शुरुआत होगी।÷ वहीं, अजय पाण्डेय ने बताया कि उनकी संस्था ट्रांसजेंडर समुदाय के लिए शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार के क्षेत्र में लगातार काम कर रही है, और गरिमा गृह इस दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम होगा।

## एडीओ पंचायत का सफाई कर्मचारी संघ ने किया स्वागत

**शोहरतगढ़ सिद्धार्थनगर।** विकास खण्ड कार्यालय शोहरतगढ़ पर गुरुवार को सफाई कर्मचारी संघ ब्लॉक शोहरतगढ़ अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद की अध्यक्षता में स्वागत कार्यक्रम का आयोजन हुआ जिसमें नवागत एडीओ पंचायत राम बेलास का स्वागत किया गया। पिछले दिनों एडीओ पंचायत शोहरतगढ़ मोहनलाल के सेवानिवृत्त हो जाने के चलते पद रिक्त हो गया।

बढ़नी विकास खण्ड बढ़नी पर तैनात एडीओ पंचायत राम विलास को ब्लॉक शोहगढ़ का भी प्रभार दिया गया है। नवागत प्रभारी एडीओ पंचायत राम बिलास का सफ़ाई कर्मचारियों व ब्लाक कार्यालय शोहरतगढ़ के कर्मचारियों ने फूल माला पहनाकर स्वागत किया गया। इस दौरान अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद,बृजेश कुमार,जय प्रकाश, हरिश्चंद्र, कृष्णचंद, बलराम चौधरी, तुलसीराम, दीपेंद्र कुमार, प्रमोद कुमार, खजांची, व बढ़नी ब्लॉक के अध्यक्ष जितेंद्र कुमार आदि लोग मौजूद रहे।

# 72 एकड़ में बनेगा बहुउद्देशीय मॉडल हब

**सीमावर्ती गांवों को मिलेगी पहचान, रोजगार के मिलेंगे अवसर**

अवधनामा ब्यूरो



डीएम महेंद्र सिंह तंवर

**कुशीनगर।** बिहार बॉर्डर पर तमकुहीराज तहसील के रजवटिया में 72 एकड़ जमीन में बहुउद्देशीय मॉडल हब बनेगा। इसके लिए जमीन चिन्हित कर ली गई है। जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर ने बताया इस हब के बन जाने से विकास के नए आयाम बढ़ेंगे, सीमावर्ती लोगों को रोजगार का अवसर भी मिलेगा।

बहुउद्देशीय मॉडल हब निर्माण जिलाधिकारी के नेतृत्व एवं निर्देशन में किया जायेगा। उन्होंने बताया कि इसके अंतर्गत कुल 72 एकड़ जमीन चिन्हित किया गया है। नोडल विभाग लोक निर्माण विभाग है। पीडब्ल्यूडी विभाग के द्वारा जमीन ली गई है, कुल 72 एकड़ में से 45 एकड़ जमीन क्रय की गई है तथा शेष 27 एकड़ जमीन सरकारी भूमि है। संपूर्ण चिह्नित भूमि का एक सांकेतिक लेआउट तैयार कर लिया गया है तथा पूर्ण लेआउट एक सप्ताह के अंदर तैयार कर लिया जाएगा। पूर्ण तैयार लेआउट को आवास विकास परिषद के माध्यम से लोक निर्माण विभाग को प्रेषित किया जाएगा। लोक निर्माण विभाग के द्वारा बेसिक आधारभूत संरचनाओं का विकास करना है, जैसे की सड़क, सीवरेज, ड्रेनेज पीडब्ल्यूडी के द्वारा टेंडर के माध्यम से किया जाएगा। इसके उपरांत जिला प्रशासन के निर्देशन में समस्त आवश्यक विभागों को भूमि आवंटित की जाएगी। जैसे परिवहन विभाग के अंतर्गत बस अड्डे, ट्रकर्स कॉर्नर्स के निर्माण करने के लिए भूमि आवंटित की जाएगी। इसके अलावे कृषि मॉल, शॉपिंग मॉल, कृषि विभाग की अन्य चीजों के लिए किसान हाट, किसान फूड कोर्ट, सब्जी फल हुनर हाट, कृषि इनपुट खाद बीज की सुविधा हेतु केंद्र, मेडिसिन स्टोर्स, एक जिला एक उत्पाद को बढ़ावा देते हुए यहां के स्थानीय उत्पादों की बिक्री करने हेतु उनके लिए विशेष स्थान आवंटित किया जाएगा। पर्यटक सुविधा भी पर्यटन विभाग के अंतर्गत दी जाएगी। इसके अंतर्गत टूरिस्ट फैसिलिटेशन सेंटर, होटल, मोटल, रेस्टोरेंट का विकास किया जाएगा। पर्यटक आवास, यात्री निवास, सांस्कृतिक विद्या, पार्किंग और स्थानीय संस्कृति को बल देते हुए कलाकृतियों के अनुरूप इसमें विकास कार्य किए जाएंगे। इसके अलावा एक विशाल भव्य द्वार/गेट का भी निर्माण किया जाएगा जो उत्तर प्रदेश की संस्कृति, कुशीनगर की स्थानीय छवि, सभ्यता, संस्कृति का द्योतक होगा इसमें मुख्य कलाकृतियों को प्रदर्शित किया जाएगा। जिसमें स्थानीय विशेष की झलकियां दिखेंगी।

## आसमान से बरस रही आग

राजधानी दिल्ली का मौसमी तापमान 45 डिग्री सेल्सियस को पार कर गया है। पंजाब, हरियाणा, राजस्थान राज्यों के कई क्षेत्रों का तापमान 47-48 डिग्री को भी पीछे छोड़ चुका है। ऐसा लग रहा है मानो आग बरस रही हो! यदि आप अपने ही घर में वातानुकूलित कमरे से दूसरे कमरे में जाएंगे, तो आपका सामना आग के तूफान से होगा। हवा में इतनी तपन है। बीता 9 जून अभी तक 'सबसे गर्म दिन' आंका गया है, जिस दिन बिजली की मांग 'चरम' तक पहुंच गई और 241 गीगावाट की मांग दर्ज की गई। नतीजतन केंद्रीय ऊर्जा मंत्रालय एयरकंडीशनर के नए मानक तय करने को विवश हुआ है। जब नए मानक बनकर लागू किए जाएंगे, तब एसी 20-28 तापमान के बीच ही चला सकेंगे। फिलहाल न्यूनतम तापमान 16 है। बहरहाल पूरे उत्तर भारत में आग बरस रही है और लू चलने की चेतावनियां दी जा रही हैं। पहाड़ी इलाकों में भी तापमान 40 डिग्री को पार कर चुका है। लू जानलेवा स्थिति है, लिहाजा इसे 'चिकित्सीय आपातकाल' माना गया है। 'लू लगने' के सामान्य लक्षण ये हैं कि मानवीय शरीर का तापमान 104 डिग्री फॉरेनहाइट (40 डिग्री सेल्सियस) तक बढ़ जाता है। वह तेज बुखार की स्थिति है। बीते साल 18 जून तक लू (हीट स्ट्रोक) के 40,000 से अधिक मामले सामने आए थे। लू और तपतपाई गर्मी के कारण 110 लोगों की मौतें भी दर्ज की गई थीं। 2022 में तो 730 मौतें दर्ज की गई। शायद यही बुनियादी कारण है कि मौसम विभाग लगातार रेड, येलो, ऑरेंज अलर्ट जारी कर रहा है। इस धधकते, तपते मौसम में सबसे बड़ा संकट खुले में काम करने वाले कामगारों के लिए है। भारत में 65-70 फीसदी कामगार इस भीषण गर्मी में भी काम करने को विवश हैं, क्योंकि उनका घर-परिवार दिहाड़ी पर ही चलता है।

इस संदर्भ में राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग का हस्तक्षेप बेहद महत्वपूर्ण है। आयोग ने राज्यों को दिशा-निर्देश जारी किए हैं कि वे कमजोर लोगों, खासकर आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों, बाहरी कामगारों, बुजुर्गों, बच्चों और बेघर लोगों की सुरक्षा के लिए तत्काल एहतियाती कदम उठाएं, जो पर्याप्त आश्रय और संसाधनों की कमी के कारण जोखिम में हैं। आयोग के अध्यक्ष जस्टिस वी. रामसुब्रह्मण्यन ने राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) द्वारा भीषण गर्मी और लू के कारण होने वाली मौतों की रपट का संज्ञान ले और राज्यों को निर्देश दे। एनसीआरबी की रपट के मुताबिक, 2018 से 2022 के बीच गर्मी और लू के कारण देश में 3798 लोगों की मौतें हुई। मानवाधिकार आयोग ने राज्यों को जारी पत्र में लिखा है कि गर्मी और लू की लहरों के प्रभाव को कम करने के लिए राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए) के दिशा-निर्देशों का प्रभावी तौर पर पालन करना चाहिए, ताकि संभावित नुकसान को रोका जा सके। बहरहाल बीते कई वर्षों से हमारे संवेदनशील प्रशासन ने मौसम की चरम स्थितियों में नियोक्ताओं के लिए कुछ सख्त दिशा-निर्देश जारी किए हैं। मसलन-ऐसे तपतपाए दिनों में दोपहर 12.30 बजे से सायं 4.30 बजे तक खुले में काम कराने पर रोक लगाई गई है। कामगारों के लिए छायादार जगह और ठंडा पेयजल भी होना अनिवार्य है। महानगरों और बड़े शहरों में बिजली की आपूर्ति पहले की अपेक्षा सुधरी है, लिहाजा काम करने की जगह भी पंखे की मौजूदगी होने लगी है, लेकिन गांव-कस्बों में अब भी घंटों बिजली के कट लगाए जा रहे हैं, वहां आम आदमी और कामगार दोनों ही परेशान हैं। बहरहाल हमारी व्यवस्था में अब भी बहुत कुछ बदला और सुधारा जाना है। ये तपतपाए दिन जलवायु-परिवर्तन की भी देन हैं। मौसम का चक्र बदलता जा रहा है। कुछ दिन पहले तक खूब बारिश हो रही थी, लेकिन बीते सात दिनों में ही तापमान में 8-13 डिग्री सेल्सियस तक की बढ़ोतरी हुई है। उत्तर-पश्चिम भारत में पश्चिमी हवाएं चल रही हैं, जो पाकिस्तान के रेगिस्तानी इलाकों से आ रही हैं। खाड़ी देशों, खासकर इराक, सऊदी अरब के अधिकांश इलाकों में तापमान बीते एक सप्ताह से 46 डिग्री के आसपास है। पाकिस्तान के इलाकों में भी करीब 47 डिग्री सेल्सियस का तापमान है। बहरहाल राहत तब ही संभव है, जब मॉनसून फिर सक्रिय होकर बरसेगा।

## बिहार की चुनावी चौपाल में जाति का गणित


आदित्य वर्मा

बिहार की राजनीति में जाति कभी एक मात्र सामाजिक पहचान नहीं रही, बल्कि वह सत्ता के समीकरणों को तय करने वाली एक ठोस राजनीतिक धुरी रही है। इतिहास गवाह है कि मंडल आयोग की सिफारिशों के बाद सामाजिक न्याय की जो राजनीति उभरी, उसने बिहार को उस दौर में जाति-आधारित सशक्तिकरण का केंद्र बना दिया। लालू प्रसाद यादव के 'सामाजिक न्याय' के नारे ने जहां पिछड़े वर्गों को पहली बार सत्ता की सीढ़ियाँ दिखाई, वहीं नीतीश कुमार की विकास के साथ न्याय की राजनीति ने जातीय संतुलन के साथ सुशासन का पाठ पढ़ाया। लेकिन अब 2025 के चुनावी क्षितिज पर एक नया अध्याय खुलता दिख रहा है–जातिगत जनगणना को लेकर सत्ताधारी दल बीजेपी का बदलता रुख। यह एक ऐतिहासिक मोड़ है कि बीजेपी, जो लंबे समय तक जातिगत जनगणना के पक्ष में स्पष्ट रूप से नहीं दिखती थी, अब बिहार में इस मुद्दे को समर्थन दे रही है। वर्ष 2021 में जब नीतीश कुमार ने जातिगत गणना की मांग को लेकर सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की थी, तब केंद्र सरकार ने इस पर कोई ठोस रुख नहीं अपनाया था। लेकिन अब जबकि जातिगत जनगणना के आंकड़े राज्य सरकार द्वारा सार्वजनिक किए जा चुके हैं और इसके आधार पर 'जनसंख्या के अनुसार अधिकार' की बहस तेज हो गई है, बीजेपी का इस विषय पर नरम रुख अपनाना कई राजनीतिक संकेत देता है।

पहला और सबसे प्रमुख संकेत यह है कि बीजेपी अब बिहार की सामाजिक संरचना और वहाँ के मतदाता की प्राथमिकताओं को लेकर एक यथार्थवादी रणनीति अपना रही है। बिहार में ओबीसी (अन्य पिछड़ा वर्ग), ईबीसी (अत्यंत पिछड़ा वर्ग) और एससी/एसटी वर्ग की जनसंख्या 80 फीसदी से अधिक है। यदि इन वर्गों की सामाजिक और आर्थिक स्थिति के सही आंकड़े उपलब्ध हों, तो उनकी हिस्सेदारी तय करने के लिए ठोस नीति बनाई जा सकती है, और यही इन वर्गों की प्रमुख मांग भी रही है। विपक्षी दल, विशेषकर राजद और कांग्रेस, पहले से ही इस मुद्दे को लेकर आक्रामक रहे हैं। यदि बीजेपी इसे नजरअंदाज करती, तो वह सामाजिक न्याय की राजनीति के एक बड़े हिस्से से कट जाती। जातिगत जनगणना का समर्थन कर बीजेपी विपक्ष के हथियार को कुंद करना चाहती है। जिस मुद्दे को विपक्ष ने सामाजिक न्याय बनाम सांस्कृतिक राष्ट्रवाद की बहस का औजार बनाया था, अब वही मुद्दा बीजेपी के घोषणापत्र में स्थान पा सकता है। 2024 के लोकसभा चुनावों में मिली विजय के बाद बीजेपी का यह लचीलापन दर्शाता है कि वह अब केवल राम मंदिर या राष्ट्रवाद तक सीमित नहीं रहना चाहती, बल्कि सामाजिक संरचनाओं में न्यायपूर्ण प्रतिनिधित्व के सवाल को भी आत्मसात करने को तैयार है। तीसरा असर, जो आने वाले चुनावों पर सीधे पड़ेगा, वह है नीतिगत पुनर्संरचना की संभावना। यदि जातिगत आंकड़े सार्वजनिक नीति का आधार बनते हैं, तो आरक्षण की नई रूपरेखा, सरकारी योजनाओं में लक्षित समूहों की पुनः पहचान, और बजटीय आवंटन की प्राथमिकता में बदलाव जैसे महत्वपूर्ण निर्णय लिए जा सकते हैं। यह परोक्ष रूप से उन वर्गों को संदेश देगा कि बीजेपी अब केवल ऊँची जातियों की पार्टी नहीं रही, बल्कि वह सबको साथ लेकर चलने का प्रयास कर रही है।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक तकदीस फ़ातिमा रिज़वी ने ग्रुप-5 प्रकाशन, 55-बी, वज़ीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित कराकर प्रथम तल, मस्जिद नूर महल, साकेत पल्ली, नरही, लखनऊ से प्रकाशित किया।

किसी भी लेख में कोई विवाद के लिए 'अवधनामा' जिम्मेदार नहीं होगा, इसकी जिम्मेदारी लेखक की है। किसी भी समाचार के विवाद के लिए न्याय क्षेत्र लखनऊ ही होगा।

**पोलिटिकल एडीटर : एम.एम. मोहसिन**

**स्थानीय संपादक**

**मोहम्मद आलम रिज़वी**

**RNI No UPHIN/2010/31173**

**टेली फैक्स नं. : 2288091, 4065716**

**avadhnamahindi@gmail.com,**

**डायरेक्ट बेनेफिट ट्रांसफर (डीबीटी), डिजिटल समावेश और मजबूत ग्रामीण बुनियादी ढांचे ने अंतिम जन तक लाभों की पारदर्शिता और तेज वितरण सुनिश्चित किया है। इससे 25 करोड़ से अधिक लोगों को गरीबी पर पार पाने में मदद मिली है। मोदी सरकार ने आर्थिक रूप से कमजोर लोगों को संबल और आत्मनिर्भर बनाने के लिए अनेक योजनाएं चलाई हैं और उनका बेहतर क्रियान्वयन किया है। अत्यधिक गरीबी में रहने वाले लोगों की संख्या 34.44 करोड़ से घटकर 7.52 करोड़ रह गई है।**

# गरीबी के साथ आर्थिक असमानता दूर करने का लक्ष्य हो


ललित गर्ग

भारत एक ओर जहां लगातार तेज ग्रोथ करते हुए बीते दिनों जापान को पीछे छोड़ दुनिया की चौथी सबसे बड़ी इकोनॉमी बना, तो वहीं उपलब्धियों का सिलसिला जारी है और दुनिया इसका लोहा मान रही है। अब एक और खुश करने वाली रिपोर्ट आई है, जो विश्व बैंक ने जारी की है, जिसमें भारत में अत्यधिक गरीबी में आई उल्लेखनीय कमी की रोशनी है। आंकड़ों के अनुसार वर्ष 2022-23 में यह दर 5.3 प्रतिशत रह गई है, जो वर्ष 2011-12 में 27.1 फीसदी थी। रिपोर्ट के निष्कर्षों के अनुसार भारत ने लगभग एक दशक से कुछ कम समय में 27 करोड़ लोगों को अत्यधिक गरीबी से बाहर निकाला है, जो पैमाने और गति के मामले में उल्लेखनीय एवं ऐतिहासिक उपलब्धि कही जा सकती है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने शासन के ग्यारह स्वर्णिम वर्षों में गरीबी को कम करने के लिए सामूहिक कार्रवाई की ज़रूरत पर ज़ोर दिया है, गरीबों के संघर्षों और उनकी चिंताओं को सुनकर, उन्हें गरीबी से बाहर आने में मदद करके और अत्यधिक गरीबी में रहने वाले लोगों के सामने आने वाली चुनौतियों का समाधान करके उन्होंने गरीब उन्मूलन की योजनाओं को जमीन पर उतारा है। मोदी सरकार ने गरीबी में रहने वाले लोगों और व्यापक समाज के बीच समझ और संवाद को बढ़ावा देने का लक्ष्य रखा है। उनकी दृष्टि में गरीबी को खत्म करना सिर्फ़ गरीबों की मदद करना नहीं है - बल्कि हर महिला और पुरुष को सम्मान के साथ जीने का मौका देना है।




विकसित भारत के लक्ष्य को हासिल करने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में चलाई जा रही सरकारी पहलों, तेज आर्थिक सुधारों और जरूरी सेवाओं तक सबकी पहुंच का ही यह नतीजा है कि गरीबी दिन-ब-दिन तेजी से घट रही है। विश्व बैंक की रिपोर्ट के अनुसार रोजगार में वृद्धि हुई है। ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। भारत ने बहुआयामी गरीबी को कम करने में भी जबरदस्त प्रगति की है। बहुआयामी गरीबी सूचकांक (एमपीआइ) 2005-06 में 53.8 प्रतिशत से घटकर 2019-21 में 16.4 प्रतिशत और 2022-23 में 15.5 प्रतिशत हो गया है। प्रधानमंत्री मोदी ने लोगों को गरीबी से उबारने के लिए केंद्र सरकार द्वारा उठाए गए महत्वपूर्ण कदमों और सशक्तीकरण, बुनियादी ढांचे और समावेशन पर फोकस पर प्रकाश डाला। प्रधानमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, जन-धन योजना और आयुष्मान भारत जैसी पहलों ने आवास, स्वच्छ खाना पकाने के ईंधन, बैंकिंग और स्वास्थ्य सेवा तक उनकी पहुंच को बढ़ाया है। डायरेक्ट बेनेफिट ट्रांसफर (डीबीटी), डिजिटल समावेश और मजबूत ग्रामीण बुनियादी ढांचे ने अंतिम जन तक लाभों की पारदर्शिता और तेज वितरण सुनिश्चित किया है। इससे 25 करोड़ से अधिक लोगों को गरीबी पर पार पाने में मदद मिली है। मोदी सरकार ने आर्थिक रूप से कमजोर लोगों को संबल और आत्मनिर्भर बनाने के लिए अनेक योजनाएं चलाई हैं और उनका बेहतर क्रियान्वयन किया है। अत्यधिक गरीबी में रहने वाले लोगों की संख्या 34.44 करोड़ से घटकर 7.52 करोड़ रह गई है। पूरे भारत में अत्यधिक गरीबी को कम करने में महत्वपूर्ण प्रगति हुई है, जिसमें प्रमुख राज्यों ने गरीबी में कमी लाने और समावेशी विकास को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। पांच बड़े राज्यों उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, बिहार और बंगाल में 2011-12 में देश के 65 फीसदी अत्यंत गरीब लोग थे। इन पांच राज्यों ने ही 2022-23 तक गरीबी कम करने में दो-तिहाई का योगदान दिया है।

विश्व बैंक ने पाकिस्तान को आईना दिखाते हुए भारत से गरीबी उन्मूलन की योजनाओं एवं सोच से प्रेरणा लेने की बात कही है। विश्व बैंक की रिपोर्ट के अनुसार, पाकिस्तान की 45 प्रतिशत आबादी गरीबी में है। भारत की गरीबी दर 5.3 प्रतिशत और पाकिस्तान की 42.4 प्रतिशत है। इसका सबसे बड़ा कारण पाक अपना सारा ध्यान आतंकवाद एवं आतंकवादियों के पोषण पर देता है, गरीबी दूर करना उसकी योजनाओं एवं नीतियों में दूर-दूर तक नहीं है। इसीलिये भारत ने वैश्विक मंचों पर पाक पर यह आरोप भी लगाया है कि वह अंतरराष्ट्रीय सहायता का दुरुपयोग आतंकवाद को बढ़ावा देने के लिए कर रहा है। भारत ने विश्व बैंक और आईएमएफ जैसे संस्थानों से अनुरोध किया है कि वे पाक को दी जाने वाली सहायता की समीक्षा करें, क्योंकि इसका उपयोग आम लोगों के कल्याण के बजाय सैन्य खर्च और आतंकवादी गतिविधियों में हो रहा है। हाल के पाहलगाम हमले के बाद भारत ने इस मुद्दे को और जोरदार तरीके से उठाया, जिसमें उसने पाक के सैन्य बजट में 18 प्रतिशत वृद्धि और सामाजिक कल्याण पर कम खर्च को उजागर किया। गरीबी किसी व्यक्ति के मानवाधिकारों का हनन है। यह न केवल अभाव, भूख और पीड़ा का जीवन जीने की ओर ले जाती है, बल्कि मौलिक अधिकारों और स्वतंत्रताओं के आनंद का भी बड़ा अवरोध है। पाक में यही स्थितियां देखने को मिल रही है।

आजादी के अमृत काल में सशक्त भारत एवं विकसित भारत को निर्मित करते हुए गरीबमुक्त भारत के संकल्प को भी आकार दिया जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं उनकी सरकार ने वर्ष 2047 के आजादी के शताब्दी समारोह के लिये जो योजनाएं एवं लक्ष्य तय किये हैं, उनमें गरीबी उन्मूलन के लिये भी व्यापक योजनाएं बनायी गयी है। विगत ग्यारह वर्ष एवं मोदी के तीसरे कार्यकाल में ऐसी गरीब कल्याण की योजनाओं को लागू किया गया है, जिससे भारत के भाल पर लगे गरीबी के शर्म के कलंक को धोने के सार्थक प्रयत्न हुए है एवं गरीबी की रेखा से नीचे जीने वालों को ऊपर उठाया गया है। निश्चित रूप से इस उपलब्धि में विभिन्न कल्याण कार्यक्रमों मसलन आर्थिक विकास और ग्रामीण रोजगार योजनाओं की बड़ी भूमिका रही है। निस्संदेह, इसने सबसे गरीब तबके के लोगों की आय बढ़ाने में मदद की है। निश्चित रूप से सार्वजनिक वितरण प्रणाली में सुधार, प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण, बिजली, शौचालयों और आवास तक इस तबके की पहुंच बढ़ाने जैसी पहल ने ग्रामीण और अर्ध-शहरी भारत में जीवन की गुणवत्ता बेहतर बनाने में योगदान दिया है। लेकिन जहां हम गरीबी उन्मूलन में मिली सफलता पर आत्ममुग्ध हैं तो वहीं समाज में बढ़ती आर्थिक असमानता हमारी चिंता का विषय होना चाहिए। गरीबी-अमीरी के बीच के बढ़ते फासले को कम करना हमारी प्राथमिकता होनी चाहिए। पिछले साल जारी की गई विश्व असमानता रिपोर्ट 2022 से पता चलता है कि भारत में शीर्ष एक प्रतिशत लोगों की संपत्ति में बड़ा उछाल आया है। वे लोग देश की चालीस फीसदी संपत्ति नियंत्रित करते हैं। भारत में गरीबी का मुख्य कारण बढ़ती जनसंख्या, कमजोर कृषि, भ्रष्टाचार, रूढ़िवादी सोच, जातिवाद, अमीर-गरीब में ऊंच-नीच, नौकरी की कमी, अशिक्षा, बीमारी आदि हैं।

# मोदी सरकार के 11 वर्षों में रक्षा क्षेत्र में फर्श से अर्श पर पहुंचा भारत

**रक्षा क्षेत्र में निजी क्षेत्र की भागीदारी को बढ़ावा देने के लिए कई बड़े कदम उठाए हैं। रक्षा क्षेत्र में अब 74 प्रतिशत तक विदेशी निवेश की अनुमति दी गई है, जिससे विदेशी कंपनियां भारत में तकनीकी सहयोग और निवेश कर रही हैं। निजी कंपनियों को बड़े रक्षा परियोजनाओं में शामिल किया गया है, जैसे कि अडवांस्ड मीडियम कॉम्बैट एयरक्राफ्ट, स्वदेशी पनडुब्बी निर्माण, और इलेक्ट्रॉनिक युद्ध प्रणाली।**


डॉ ओपी त्रिपाठी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पिछले 11 वर्षों में भारत ने हर क्षेत्र में प्रगति के नए अध्याय लिखे हैं। खासकर रक्षा क्षेत्र में जो ऐतिहासिक परिवर्तन आए हैं, वे देश की सुरक्षा को मजबूत करने के साथ-साथ भारत की वैश्विक प्रतिष्ठा को भी नई ऊंचाइयों पर ले गए हैं। इसमें कोई दो राय नहीं है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सत्ता संभालने के बाद से ही पिछले कुछ सालों में भारत ने अपनी सेना और हथियारों को काफी मजबूत किया है। अब 65 प्रतिशत से ज्यादा रक्षा खरीद स्वदेशी है। इससे भारत की सैन्य ताकत और आत्मविश्वास दोनों बढ़े हैं। ऑपरेशन सिंदूर में भी 70 प्रतिशत से ज्यादा स्वदेशी हथियारों और तकनीक का इस्तेमाल हुआ। ब्रह्मोस मिसाइल, आकाश एयर डिफेंस, स्वदेशी ड्रोन और एआई-आधारित सिस्टम ने शानदार प्रदर्शन किया। अमेरिका और बाकी देशों के रक्षा विशेषज्ञ भी मान रहे हैं कि भारत ने आधुनिक युद्ध का नया तरीका दिखाया है, जिससे बाकी देश भी सीख सकते हैं। मोदी सरकार के 11 साल केइ कार्यकाल रक्षा बजट में लगातार वृद्धि के साथ-साथ बेहतर प्रबंधन भी मोदी सरकार की खास उपलब्धि है। 2014-15 में रक्षा बजट लगभग 2.29 लाख करोड़ रुपये था, जो 2025-26 में बढ़कर लगभग 6.81 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच गया है। इस बजट का उपयोग नई तकनीकों के विकास, हथियारों की खरीद, सैनिकों के वेतन और कल्याण, और सीमा सुरक्षा को मजबूत करने में किया जा रहा है। पहले रक्षा खरीद प्रक्रिया लंबी और जटिल होती थी, जिससे हथियारों की आपूर्ति में देरी होती थी। मोदी सरकार ने इसे सरल, पारदर्शी और तेज बनाया है। 'मेक इन इंडिया' को प्राथमिकता दी गई है, जिससे घरेलू उद्योगों को बढ़ावा मिला है। डिफेंस एक्सपोर्ट प्रमोशन योजना, ई-प्रोक्योरमेंट और फास्ट ट्रैक खरीद जैसी नीतियों ने रक्षा खरीद प्रक्रिया को आधुनिक बनाया है। इससे सेना को समय पर आवश्यक उपकरण और हथियार मिल रहे हैं।





इसके साथ ही, भारत अब लगभग 80 से 100 देशों को सैन्य उपकरणों का निर्यात करता है। भारत का रक्षा निर्यात वित्त वर्ष 2014-15 में 1,941 करोड़ रुपये से वित्त वर्ष 2024-25 में 23,662 करोड़ रुपये तक 1,100 प्रतिशत से अधिक बढ़ गया है। यह भारत की तकनीकी श्रेष्ठता और आत्मनिर्भरता का प्रमाण है। रक्षा निर्यात को बढ़ावा देने के लिए सरकार ने कई नीतिगत सुधार किए हैं, जिससे भारत वैश्विक हथियार बाजार में अपनी पकड़ मजबूत कर रहा है। वहीं मोदी सरकार के कार्यकाल की सबसे बड़ी उपलब्धियों में से एक है रक्षा उत्पादन में अभूतपूर्व वृद्धि। 2014-15 में भारत का रक्षा उत्पादन लगभग 46,429 करोड़ रुपये था, जो 2023-24 में बढ़कर 1,27,434 करोड़ रुपये हो गया है, यानी लगभग 174 प्रतिशत की वृद्धि। यह वृद्धि 'मेक इन इंडिया' और 'आत्मनिर्भर भारत' के तहत रक्षा क्षेत्र को स्वदेशी बनाने के लिए उठाए गए कदमों का नतीजा है। इस दौरान सरकार ने रक्षा उत्पादन में निजी क्षेत्र की भागीदारी को बढ़ावा दिया, जिससे न केवल उत्पादन में तेजी आई बल्कि रोजगार के नए अवसर भी पैदा हुए। रक्षा उत्पादन का लक्ष्य 2029 तक 3 लाख करोड़ रुपये तक पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया है, जो भारत को वैश्विक रक्षा बाजार में एक प्रमुख खिलाड़ी बनाएगा। मोदी सरकार ने रक्षा क्षेत्र में निजी क्षेत्र की भागीदारी को बढ़ावा देने के लिए कई बड़े कदम उठाए हैं। रक्षा क्षेत्र में अब 74 प्रतिशत तक विदेशी निवेश की अनुमति दी गई है, जिससे विदेशी कंपनियां भारत में तकनीकी सहयोग और निवेश कर रही हैं। निजी कंपनियों को बड़े रक्षा परियोजनाओं में शामिल किया गया है, जैसे कि अडवांस्ड मीडियम कॉम्बैट एयरक्राफ्ट (एएमसीए), स्वदेशी पनडुब्बी निर्माण, और इलेक्ट्रॉनिक युद्ध प्रणाली। इससे तकनीकी विकास में तेजी आई है और उत्पादन क्षमता में वृद्धि हुई है।

मोदी सरकार ने भारतीय सेना, वायुसेना और नौसेना को कई आधुनिक हथियार प्रणालियों से लैस किया है। इनमें एस-400 ट्रायम्फ मिसाइल सिस्टम, बराक-8 मिसाइल, आकाश मिसाइल, के9 वज्र-त्र होवित्जर, एम 777 अल्ट्रा-लाइट हॉवित्जर, राफेल लड़ाकू विमान, तेजस एलसीए और पनडुब्बी आईएनएस कलवरी शामिल हैं। इन हथियार प्रणालियों ने भारत की सैन्य ताकत और युद्ध क्षमता को कई गुना बढ़ाया है, जिससे देश की सीमाओं की सुरक्षा और आक्रामक क्षमता दोनों मजबूत हुई हैं।

भारत ने कई स्वदेशी हथियार प्रणालियों का सफल विकास किया है, जिनमें एस-400 ट्रायम्फ मिसाइल सिस्टम, बराक-8 मिसाइल, आकाश मिसाइल, तेजस हल्का लड़ाकू विमान, और काउंटर-यूएवी तकनीक शामिल हैं। इन हथियार प्रणालियों ने भारत की सैन्य ताकत को बढ़ाने में अहम भूमिका निभाई है। वहीं भारत ने अमेरिका, रूस, फ्रांस, इजराइल, जापान, ऑस्ट्रेलिया और कई अन्य देशों के साथ गहरी रक्षा साझेदारी स्थापित की है। इन साझेदारियों के तहत तकनीकी सहयोग, हथियारों की खरीद, संयुक्त सैन्य अभ्यास, और रणनीतिक संवाद बढ़े हैं। मोदी सरकार ने सेना में महिलाओं की भागीदारी को बढ़ावा दिया है। अब महिलाएं कई महत्वपूर्ण सैन्य पदों पर कार्यरत हैं, जिनमें लड़ाकू और कमांडिंग पद भी शामिल हैं। यह बदलाव सेना में विविधता लाने के साथ-साथ महिलाओं को सशक्त बनाने का भी प्रयास है। सैनिकों के कल्याण के लिए मोदी सरकार ने कई योजनाएं लागू की हैं। वन रैंक वन पेंशन योजना के तहत सैनिकों को बेहतर पेंशन और कल्याण सुविधाएं दी गई हैं। सैनिकों के परिवारों को बेहतर चिकित्सा, आवास, शिक्षा और सामाजिक सुरक्षा उपलब्ध कराई गई है। इन सुधारों से सैनिकों का मनोबल बढ़ा है और वे अपने कर्तव्यों को और बेहतर तरीके से निभा पा रहे हैं। भारत आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, साइबर सुरक्षा, हाइपरसोनिक हथियारों, क्वांटम कंप्यूटिंग और अंतरिक्ष तकनीक में तेजी से काम कर रहा है। रक्षा उपग्रहों की मदद से सेना की निगरानी और संचार प्रणाली को बेहतर बनाया गया है। गगनयान मिशन और स्वदेशी स्पेस स्टेशन विकसित करने की योजना से भारत की रक्षा प्रणाली और अधिक सक्षम बनेगी। यह भविष्य की चुनौतियों का सामना करने में भारत को सक्षम बनाएगा। 2016 की उरी सर्जिकल स्ट्राइक, 2019 की बालाकोट एयर स्ट्राइक और 2025 में ऑपरेशन सिंदूर जैसे सैन्य अभियानों ने भारत की सैन्य ताकत और संप्रभुता की रक्षा को साबित किया है। साथ ही, सीमा पर ड्रोन निगरानी, सीमा बाड़, इलेक्ट्रॉनिक युद्ध प्रणाली और अन्य आधुनिक तकनीकों के जरिए सुरक्षा को और मजबूत किया गया है। इससे भारत की सीमाओं की सुरक्षा में काफी मजबूती आई है। ऑपरेशन सिंदूर के बाद भारत की छवि पूरी दुनिया में एकदम बदल गई है।

# ग्लोबल वार्मिंग-जलवायु परिवर्तन : असंभव है इन्हें रोक पाना

**संयुक्त राष्ट्र ने तो 53 वर्ष पूर्व यानी वर्ष 1972 में ही पूरे विश्व में पर्यावरण की सुरक्षा, संरक्षण तथा वैश्विक स्तर पर पर्यावरण के प्रति राजनीतिक और सामाजिक जागृति लाने हेतु प्रत्येक वर्ष 5 जून को 'विश्व पर्यावरण दिवस' मनाने की घोषणा भी कर दी थी। तभी से दुनिया के देश इस विषय पर किसी न किसी अंतर्राष्ट्रीय मंच पर चिंता करते नज़र आते हैं। इसके लिए विश्व स्तर पर कई सम्मेलन और समझौते भी हो चुके हैं और भविष्य में भी प्रस्तावित हैं।**


तनवीर जाफ़री

इस समय पूरी पृथ्वी ग्लोबल वार्मिंग के संकट से बुरी तरह जूझ रही है। विश्व के किसी न किसी कोने से मानवजीवन को संकट में डालने वाले आये दिन कोई न कोई ऐसे समाचार सुनाई देते हैं जो पर्यावरण पर नज़रें रखने वालों को चौंकाने वाले होते हैं। मानवजनित इस समस्या के चलते इसी पृथ्वी के किसी न किसी भूभाग से कोई न कोई दिल दहलाने वाली ख़बरें अक्सर आती रहती हैं। कहीं ग्लेशियर पिघल रहे हैं तो कहीं समुद्र का जल स्तर बढ़ रहा है। कहीं जंगलों में आग लग रही है तो कहीं पहाड़ धंस रहे हैं। कहीं जंगलों में आग लगने के समाचार आते हैं तो कहीं वनक्षेत्र ख़ासकर वर्षावनों के कम होने की ख़बरें सुनाई देती हैं। कहीं पहाड़, शुष्क रेगिस्तान की तरह होते जा रहे हैं तो कहीं रेगिस्तान में बारिश होने लगी है। कहीं नदियाँ सूख रही हैं तो कहीं बाढ़ तबाही मचाये रहती है। कहीं पहाड़ों की ऊंचाई कम हो रही है तो कहीं करोड़ों वर्षों से बर्फ़ के आवरण से ढके पहाड़ों से बर्फ़ की सफ़ेद चादर हट चुकी है। ज़ाहिर है दुनिया में बढ़ता जा रहा वायु प्रदूषण ही जलवायु परिवर्तन व व ग्लोबल वार्मिंग का मुख्य कारक है। और यही ग्लोबल वार्मिंग और इसके कारण होने वाला जलवायु परिवर्तन पृथ्वी के सबसे बुद्धिमान समझे जाने वाले मानव रुपी प्राणी की ही देन है।

इन समस्याओं से जूझने के लिये स्वयं को विश्व के ज़िम्मेदार समझने वाले नेता व शासकगण वातनुकूलित वातावरण में दुनिया में कहीं न कहीं इकठ्ठा होते रहते हैं और पृथ्वी के इन दिन प्रतिदिन बिगड़ते जा रहे हालात पर चिंता व्यक्त करने की औपचारिकता पूरी करते दिखाई देते हैं। संयुक्त राष्ट्र ने तो 53 वर्ष पूर्व यानी वर्ष 1972 में ही पूरे विश्व में पर्यावरण की सुरक्षा,संरक्षण तथा वैश्विक स्तर पर पर्यावरण के प्रति राजनीतिक और सामाजिक जागृति लाने हेतु प्रत्येक वर्ष 5 जून को 'विश्व पर्यावरण दिवस' मनाने की घोषणा भी कर दी थी। तभी से दुनिया के देश इस विषय पर किसी न किसी अंतर्राष्ट्रीय मंच पर चिंता करते नज़र आते हैं। इसके लिए विश्व स्तर पर कई सम्मेलन और समझौते भी हो चुके हैं और भविष्य में भी प्रस्तावित हैं। संयुक्त राष्ट्र जलवायु परिवर्तन सम्मेलन एक ऐसा ही प्रमुख मंच है जहां विश्व के नेता जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए क़दम उठाने पर सहमत होने की औपचारिकता पूरी करते दिखाई देते हैं। प्रत्येक वर्ष आयोजित होने वाला यह सम्मेलन दुनिया के देशों को जलवायु परिवर्तन पर कार्रवाई करने के लिए एक साथ लाने का प्रयास करते भी नज़र आता है। इस सम्मेलन में शामिल देश ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन को कम करने, जलवायु परिवर्तन के प्रभाव से निपटने की कोशिश करते भी दिखाई देते हैं।



उदाहरण के तौर पर संयुक्त राष्ट्र जलवायु परिवर्तन सम्मेलन के तहत हुआ पेरिस समझौता एक ऐसा महत्वपूर्ण अंतर्राष्ट्रीय समझौता है जो विश्व को जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए एक साथ लाने की कोशिश करता है। इस समझौते का उद्देश्य वैश्विक औसत तापमान वृद्धि को पूर्व-औद्योगिक स्तर से 2 डिग्री सेल्सियस से नीचे रखना है। इसी तरह पृथ्वी शिखर सम्मेलन है जोकि पर्यावरण और विकास पर ध्यान केंद्रित करता है। रियो डी जनेरियो में आयोजित पृथ्वी शिखर सम्मेलन में जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए संयुक्त राष्ट्र फ़्रेमवर्क कन्वेंशन ऑन क्लाइमेट चेंज की स्थापना की गयी थी। इसी तरह कभी दुनिया के प्रमुख विकसित और विकासशील देशों का एक समूह जी 20 शिखर सम्मेलन भी जलवायु परिवर्तन पर चर्चा का मंच बन जाता है। निकट भविष्य में भी ब्राज़ील के ऐमेज़ॉन क्षेत्र में स्थित बेलेम शहर में 10-21 नवंबर 2025 तक संयुक्त राष्ट्र का वार्षिक जलवायु सम्मेलन आयोजित होने वाला है। इसी तरह मरुस्थलीकरण से निपटने के लिए एक संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन सऊदी अरब के रियाद, में आयोजित किया जाएगा। परन्तु इन सभी वैश्विक प्रयासों के बावजूद सबसे महत्वपूर्ण प्रश्न यह है कि 50 वर्षों से भी अधिक समय से ग्लोबल वार्मिंग से पृथ्वी को बचाने व जलवायु संरक्षण के नाम पर होने वाले वैश्विक प्रयासों का आख़िर अब तक नतीजा क्या निकला है? सिवाय इसके कि स्वयं को विकसित कहने वाले देश विकास के नाम पर स्वयं को तो ग्लोबल वार्मिंग का बड़ा ज़िम्मेदार बनने से रोक नहीं पा रहे जबकि अन्य विकाशील व ग़रीब देशों को फ़ंड देकर उनसे यह उम्मीद करते हैं कि वही देश इसपर नियंत्रण करें? विकासशील देशों से वृक्षारोपण अभियान चलाने की उम्मीद की जाती है जबकि विकसित देश हथियारों की होड़ व गगनचुम्बी इमारतों को बनाने की प्रतिस्पर्धा में जुटे रहते हैं। विकासशील देश नित नये उद्योग,वाहन व यातायात के अन्य प्रदूषण फैलाने वाले वाहन बनाने में मशग़ूल रहते हैं जबकि अन्य देशों को प्रवचन देते हैं कि ईंधन की खपत करने वाले 10-15 वर्ष पुराने वाहनों को चलन से बाहर करने के क़ानून बनायें? आम लोगों को सलाह दी जाती है कि वे हवाई यात्रा कम से कम करें, कारों का इस्तेमाल न करें या इलेक्ट्रिक वाहन का प्रयोग करें, मांस व डेयरी प्रोडक्ट का इस्तेमाल कम से कम करें, घरेलू व औद्योगिक ज़रूरतों में ऊर्जा खपत में कटौती करें, कम से कम ऊर्जा ख़पत वाले उपकरण ख़रीदें, अपने घरों को तापावरोधी बनायें तथा गैस सिस्टम से इलेक्ट्रिक हीट पंपों पर स्विच करें, आदि आदि। यानी जलवायु सम्मेलनों के नाम पर इकठ्ठा होने वाले देशों में भी पर उपदेश कुशल बहुतेरे वाली कहावत चरितार्थ होते दिखाई देती है।

अन्यथा यदि जलवायु परिवर्तन व ग्लोबल वार्मिंग के असल ज़िम्मेदार देश विकास के नाम पर बनाई जाने वाली अपनी नीतियों में ईमानदाराना परिवर्तन करते तो 50 वर्षों के प्रयास के बावजूद आज पृथ्वी की स्थिति इसतरह दिन प्रतिदिन बद से बदतर न हो रही होती। आश्चर्य की बात तो यह है कि जिस ब्राज़ील के ऐमेज़ॉन क्षेत्र में नवंबर 2025 में संयुक्त राष्ट्र का वार्षिक जलवायु सम्मेलन आयोजित होने जा रहा है और जिस ऐमेज़ॉन क्षेत्र के वर्षावन पृथ्वी को लगभग बीस प्रतिशत ऑक्सीजन प्रदान करते थे उसी ऐमेज़ॉन क्षेत्र के सैकड़ों किलोमीटर के जंगल कुछ वर्ष पूर्व ही विकास की भेंट चढ़ गये? हिमालय पर्वत की चोटियां जो हमेशा बर्फ़ की सफ़ेद चादर ओढ़े रहती थीं अब उनकी बर्फ़ पिघलने लगी है। अंटार्टिका के ध्रुवीय ग्लेशियर लगातार पिघलते जा रहे हैं। परमाणु युद्ध की दस्तस्क आये दिन सुनाई देती है। अमेरिका,रूस व इस्राईल जैसे देश जब देखो तब कहीं न कहीं युद्ध के नाम पर ख़तरनाक बारूदी प्रदूषण फैलाते रहते हैं।

# शिकायतों का मौके पर ही डीएम ने किया निस्तारण

अवधनामा संवाददाता



**हरदोई।** जन सुनवाई के दौरान जिलाधिकारी अनुनय झा ने बड़ी संख्या में आमजन की समस्याओं को सुना। मौके पर ही पात्रों की वृद्धावस्था, विधवा व दिव्यांग पेंशन बनवाने की कार्रवाई की गयी। 70 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्गो का मौके पर ही आयुष्मान कार्ड बनवाया गया। आज भी तीन बुजुर्गो के आयुष्मान कार्ड बनवाये गए।

जिलाधिकारी अनुनय झा के कार्यभार ग्रहण करने के उपरांत अब तक जन सुनवाई में 60 बुजुर्गों के आयुष्मान कार्ड बनाये जा चुके हैं। पात्र बच्चों को स्पॉन्सरशिप योजना से आच्छादित कराया गया। पात्रों के राशन कार्ड भी जन सुनवाई के दौरान बनवाये गए। एक महिला जिसके पति का देहांत हो चूका था, जब वह जिलाधिकारी के समक्ष पहुँची तो

**■ अंश निर्धारण के मामलों में अनावश्यक विलम्ब न किया जाय**

जिलाधिकारी ने तत्काल प्रोबशन विभाग को बच्चों को स्पॉन्सरशिप योजना के अंतर्गत लाभान्वित करने व महिला की निराश्रित महिला पेंशन शुरू कराने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने सभी उप जिलाधिकारियों को निर्देश दिए कि तारांकित शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण कराया जाये। तहसीलदार या नायब तहसीलदार पुलिस विभाग की टीम के साथ मौके पर अवश्य जाएं। अंश निर्धारण के मामलों में अनावश्यक विलम्ब न किया जाये। पात्रों को कृषक दुर्घटना बीमा योजना का भुगतान करने में देरी न की जाये। नाले की सफाई में लापरवाही पर उन्होंने अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका हरदोई को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी न्यायिक प्रफुल्ल त्रिपाठी, उप जिलाधिकारी राकेश सिंह व अन्य सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# छठवें गुरू हरगोविन्द साहिब का प्रकाश पर्व मनाया गया

अवधनामा संवाददाता



**ललितपुर।** श्रीगुरुसिंह सभा गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के तत्वाधान में गुरुद्वारा साहिब लक्ष्मीपुरा में सिखों के छठवें गुरु हरगोबिंद साहिब का प्रकाश पर श्रद्धा भावना के साथ मनाया गया। श्रीसहज पाठ साहिब का समापन व गुरुजी के लंगर की सेवा कुलदीप सिंह, हरमीत सिंह अरोड़ा द्वारा हुई। मुख्य ग्रंथि ज्ञानी जसबीर सिंह ने कहा कि हरगोबिंद साहिब जी का जन्म 1595, वडाली, अमृतसर के एक गांव में हुआ। वे छठे सिख गुरु थे, जिन्होंने एक मजबूत सिख सेना विकसित की और अपने पिता गुरु के निर्देशों के अनुसार सिख धर्म को उसका सैन्य चरित्र दिया। अध्यक्ष ओंकार सिंह सलूजा ने कहा कि अकाल तख्त, अमृतसर में स्वर्ण मंदिर परिसर के अंदर, सिख धर्म की सर्वोच्च लौकिक सीट है माना जाता है कि अपने उत्तराधिकार समारोह में हरगोबिंद ने दो तलवारें उठाई थीं, जो समुदाय के लौकिक (मीरी) और आध्यात्मिक (पीरी) प्रमुख के रूप में उनके दोहरे अधिकार का प्रतीक थीं। मंत्री मनजीत सिंह सलूजा ने कहा कि 1609 में उन्होंने अमृतसर में अकाल तख्त (भगवान का सिंहासन), एक मंदिर और सभा भवन दोनों, जहां सिख राष्ट्र से संबंधित आध्यात्मिक और लौकिक दोनों तरह के मामले सुलझाए जा सकते थे। इस दौरान अध्यक्ष ओंकार सिंह सलूजा, हरविंदर सिंह सलूजा, परमजीत सिंह, मनजीत सिंह सलूजा, गुरमुख सिंह, परसन सिंह, सतनाम सिंह, सुरजीत सिंह, अवतार सिंह, दलजीत सिंह, तरनदीप सिंह, कन्हैयालाल, गोपीचंद डोड़वानी, बलदेव सिंह, बलजीत सिंह सलूजा, हरजीत सिंह, गुनबीर सिंह, मनमोहन सिंह, जसप्रीत सिंह, परमजीत सिंह एड., अरविंदर सिंह आदि उपस्थित थे।

# सकारात्मक पत्रकारिता की मिसाल थे स्व. बृजेश सोनी : कृष्णकांत सोनी

अवधनामा संवाददाता



**ललितपुर।** प्रेस क्लब के तत्वाधान में राजीव बबेले सप्पू की अध्यक्षता में अन्नपूर्णा भोजनशाला में प्रेस क्लब के पूर्व सदस्य वरिष्ठ पत्रकार स्व.बृजेश सोनी की छठवीं पुण्यतिथि पर उपस्थित पत्रकार साथियों ने, सामाजिक संस्थाओं प्रमुखजनों, वरिष्ठजनों, नगर के संभ्रांतजनों आदि ने मनायी। सर्वप्रथम स्व.बृजेश सोनी के चित्र पर माल्यार्पण कर उनको भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। प्रेस क्लब संरक्षक संतोष शर्मा ने कहा कि स्व.बृजेश सोनी कुशल लेखनी के धनी पत्रकार साथी थे। मनजीत सिंह सलूजा ने कहा कि वह निष्पक्ष निडर लेखनी के धनी व्यक्ति थे। पवन संज्ञा ने कहा कि वह अपने साप्ताहिक पेपर के माध्यम से समय-समय पर जनता की समस्याओं के मुद्दे उठाते रहा करते थे। अजय बरया ने कहा कि स्वर्गीय बृजेश सोनी एक कुशल वक्ता, लेखक एवं पत्रकार थे। गंधर्व सिंह लोधी ने कहा कि स्व.बृजेश सोनी हंसमुख मिलनसार एवं सरल स्वभाव के धनी व्यक्ति थे। बृजमोहन संज्ञा ने कहा कि वह शासन प्रशासन को समय-समय पर अपने अखबार एवं लेखनी के माध्यम से जगाने का कार्य किया करते थे। ओमप्रकाश बिरथरे ने कहा कि स्व.बृजेश सोनी छोटे बड़े सभी व्यक्तियों का समान रूप से सम्मान किया करते थे। जयशंकर प्रसाद द्विवेदी ने कहा कि स्वर्गीय बृजेश सोनी की पत्रकारिता आज की युवा पीढि के पत्रकारों के लिए एक मिसाल के तौर पर देखी जानी चाहिए, उनके सुपुत्र कृष्णकांत सोनी अपने स्वर्गीय पिताजी के आदर्शों, पद चिन्हों पर बखूबी चल रहे हैं वह ऐसे ही अपने पिताजी का एवं अपने परिवार का नाम रोशन करते रहें। वरिष्ठ उपाध्यक्ष विजय जैन कल्लू ने कहा कि स्व.बृजेश सोनी की पत्रकारिता से हम सभी युवा साथियों को सीख लेनी चाहिए एवं हमको भी अपनी पत्रकारिता में निष्पक्षता, निर्भीकता एवं निडरता से खबरों का प्रकाशन करना चाहिए। महामंत्री अमित सोनी ने कहा कि स्व. चाचाजी की पत्रकारिता उनकी लेखनी गरीब, असहाय एवं कमजोर व्यक्ति की आवाज का कार्य किया करती थी।

**■ छठवीं पुण्यतिथि पर याद किये गये वरिष्ठ पत्रकार स्व. बृजेश सोनी**

# 'एयर इंडिया विमान की दर्दनाक दुर्घटना अत्यन्त दुखद'

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** ऑल इंडिया पसमांदा मुस्लिम महाज़, अहमदाबाद (गुजरात) में एयर इंडिया ड्रीमलाइनर विमान की दर्दनाक दुर्घटना पर गहरा शोक और चिंता व्यक्त करता है। इस दुर्भाग्यपूर्ण हादसे में अनेक निर्दोष लोगों की जान गई, जिससे सम्पूर्ण राष्ट्र स्तब्ध और शोकग्रस्त है।

हम उन सभी परिवारों के प्रति हार्दिक संवेदना व्यक्त करते हैं जिन्होंने इस त्रासदी में अपने प्रियजनों को खोया है। हम ईश्वर से प्रार्थना करते हैं कि दिवंगत आत्माओं को शांति प्रदान हो और शोकाकुल परिवारों को इस गहन दुःख को सहने की शक्ति मिले। हम सभी घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना करते हैं तथा सरकार और स्थानीय प्रशासन से यह आग्रह करते हैं कि सभी घायलों को सर्वोत्तम चिकित्सीय सुविधा एवं मनो-सामाजिक परामर्श उपलब्ध कराया जाए।

**■ ऑल इंडिया पसमांदा मुस्लिम महाज़ व्यक्त की शोक संवेदना**

संगठन भारत सरकार, नागरिक उड्डयन मंत्रालय तथा एयर इंडिया प्रशासन से यह मांग करता है कि इस दुर्घटना की निष्पक्ष, पारदर्शी और विस्तृत जांच कराई जाए, ताकि दुर्घटना के वास्तविक कारण सामने आ सकें और किसी भी प्रकार की लापरवाही की स्पष्ट जवाबदेही तय हो सके। यात्रियों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए, और भविष्य में ऐसी घटनाओं से बचने के लिए सख्त और प्रभावी कदम उठाए जाने चाहिए। इस कठिन घड़ी में ऑल इंडिया पसमांदा मुस्लिम महाज़ सभी प्रभावित परिवारों के साथ धर्म, जाति या क्षेत्र से परे मानवीय संवेदना और एकजुटता के साथ खड़ा है। हम ईश्वर से यह प्रार्थना करते हैं कि राष्ट्र को फिर कभी ऐसी त्रासदी का सामना न करना पड़े।

# कबीर के साहित्य को प्रचारित किया जाये: समीन

## कबीर नबी करीम की सुन्नत पर चलने वाले पसमांदा मुस्लिम थे: डॉ. फैयाज

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** 11 जून 2025 को हजरत संत कबीर रहमतुल्लाह अलैहे की जयंती के अवसर पर 'ऑल इंडिया पसमांदा मुस्लिम महाज' ने एक विशेष जूम मीटिंग का आयोजन किया। इस मीटिंग में बाबा कबीर को खिराज-ए-अकीदत पेश की गई और उनकी मगफिरत के लिए दुआ मांगी गई। मीटिंग की अध्यक्षता संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष 'परवेज हनीफ' ने की, जबकि संचालन मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) 'मुहम्मद युनुस' ने किया। इस अवसर पर राष्ट्रीय, प्रांतीय, और जिला कार्यकारिणी के पदाधिकारियों के साथ पसमांदा कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया।

मीटिंग में संत कबीर के विचारों, कविताओं, और सामाजिक सुधार में उनके योगदान को याद किया गया। विशेष रूप से, मुस्लिम समाज में व्याप्त

**■ आइपीएमएम ने संत कबीर की जयंती पर की जूम मीटिंग**

जातिवाद और भेदभाव के खिलाफ उनकी निर्भीक आवाज को रेखांकित किया गया।

डॉ. फैय्याज अहमद फैजी' ने कबीर की जीवनी पर विस्तृत प्रकाश डाला और उनके सामाजिक संघर्षों को उजागर किया। राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष शरिक अदीब अंसारी' ने कबीर को अंतर्राष्ट्रीय स्तर का महान संत और व्यक्तित्व बताया, जिनके विचार आज भी प्रासंगिक हैं। समीन अंसारी ने सुझाव दिया कि कबीर की विचारधारा को पसमांदा समाज तक पहुंचाने के लिए उनके साहित्य को व्यापक रूप से प्रचारित किया जाए। उन्होंने सरकार से मांग की कि स्कूल-कॉलेजों के पाठ्यक्रम में कबीर की कविताओं को शामिल किया जाए।

राष्ट्रीय महासचिव कमरुद्दीन अंसारी ने बताया कि पहले ग्राम पंचायत स्तर पर कबीर की कहानियां और दोहे सुने जाते थे, जो सामाजिक जागरूकता का माध्यम थे। हाजी ताहिर अंसारी' ने पश्चिमी उत्तर प्रदेश में कबीर को हिंदू मानने की गलत धारणा का जिक्र किया। इस पर 'डॉ. फैय्याज' ने जवाब देते हुए कहा कि अशराफ उन्हें हिंदू और ब्राह्मण उन्हें पंडित साबित करने की कोशिश करते हैं, लेकिन कबीर नबी करीम की सुन्नत पर चलने वाले पसमांदा मुस्लिम थे। उन्हें हुकूमतों ने जिला बदर किया, फिर भी वे अपनी बात कहने से नहीं रुके।

राष्ट्रीय संयोजक शमीम अंसारी' ने कहा कि कुरआन में मोर के पंख रखने की परंपरा को कबीर ने अपनाया, लेकिन इसे हिंदू परंपरा बताना अशराफ का हथकंडा है। सीईओ मुहम्मद युनुस' ने स्पष्ट किया कि कबीर पक्के मोमिन थे, जो अंसारी-जुलाहा बुनकर परिवार में जन्मे। उनके बच्चे भी मुस्लिम थे। 'राष्ट्रीय अध्यक्ष परवेज हनीफ' ने अफसोस जताया कि हिंदू संचालित विश्वविद्यालयों में कबीर पर शोध होता है, लेकिन 'अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी, ''जामिया मिल्लिया इस्लामिया, ''जामिया हमदर्द, और ''मौलाना आजाद यूनिवर्सिटी' में कबीर को उचित स्थान नहीं दिया जाता। संत कबीर (1398-1518) न केवल एक महान कवि और संत थे, बल्कि एक क्रांतिकारी समाज सुधारक भी थे, जिन्होंने भक्ति आंदोलन को नई दिशा दी। जुलाहा (बुनकर) जाति से ताल्लुक रखने वाले कबीर ने अपनी रचनाओं में अपनी निम्न मानी जाने वाली जाति को गर्व के साथ उजागर किया। उनका यह दोहा इसका प्रमाण है- 'जात जुलाहा नाम कबीरा अजहुँ पतीजौ नाही' कबीर ने हिंदू और इस्लाम दोनों धर्मों में व्याप्त पाखंड, अंधविश्वास, और जातिवाद की कड़ी आलोचना की। वे मुस्लिम समाज में नस्लवाद और जातिवाद के खिलाफ आवाज उठाने वाले पहले व्यक्ति थे।

## संक्षिप्त समाचार

### चयनित अभ्यर्थियों का किया गया सम्मान



**हरदोई (अवधनामा संवाददाता)।** बिलग्राम क्षेत्र के जरौली नेवादा में संचालित कोचिंग सेंटर संकल्प एकेडमी से कोचिंग कर सफलता प्राप्त करने वाले अभ्यर्थियों को सम्मानित किया गया यह जानकारी कोचिंग संचालक अनिल सर ने दी उन्होंने बताया चयनित अभ्यर्थियों उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती 2024- 25 में भुगैतापुर निवासी आशीष कुमार पुत्र पातीराम व संदीप कुमार पुत्र धर्मपाल निवासी सढ़ियापुर को कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एपीएस ग्रुप के चेयरमैंन अरविंद कुमार के द्वारा सम्मानित किया गया साथ ही अग्निवीर में चयनित अभ्यर्थी अखिलेश कुमार पुत्र आसाराम को भी मुख्य अतिथि के द्वारा सम्मानित किया गया इस अवसर पर बिलग्राम कोतवाली के एसआई दीपनारायण , क्षेत्र पंचायत सदस्य गौरव कुशवाहा सहित तमाम गणमान्य भी मौजूद रहे मुख्य अतिथि के द्वारा सभी छात्रों व चयनित अभ्यर्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना की गई।

### मेधावियों को सम्मानित करेगी कुरेशी कॉन्फ्रेंस

**सिरसी (अवधनामा संवाददाता)।** कुरेश कॉन्फ्रेंस रजिस्टर्ड उत्तर प्रदेश पिछले साल की तरह इस साल की हाई स्कूल और इंटर में मेधावी रहे छात्र-छात्राओं को सम्मानित करेगी। यह जानकारी देते हुए कुरेश कांफ्रेंस के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष डॉ इफ्तेखार अहमद कुरैशी ने बताया कि पिछले वर्ष 57 छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया था। जिसमें चार बच्चे हाफिज ए कुरान भी थे। भयंकर गर्मी की वजह से इस साल जून के आखिर में छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया जाएगा। छात्र-छात्राएं अपनी मार्कशीट की फोटो कॉपी और एक फोटो और आधार कार्ड अपेक्स सीएससी केंद्र पर इमरान खान के पास या डॉक्टर अयूब किदवई के पास 20 जून तक जमा कर दें। फार्म निशुल्क इफ्तिखार ऑप्टिकल सेंटर या शिफा दवाखाना ग्रीन पार्क के सामने सिरसी से लिया जा सकता है। यह कार्यक्रम कुरैश कॉन्फ्रेंस रजिस्टर्ड एवं मानवाधिकार जन निगरानी समिति के संयुक्त तत्वाधान में किया जाएगा।

### आरसेटी में तेरह दिवसीय प्रशिक्षण सम्पन्न



**ललितपुर।** पंजाब नैशनल बैंक ग्रामीण स्व-रोजगार प्रशिक्षण संस्थान ने स्व-रोजगार से जोडने् हेतु शासन की मंशा के अनुसार 35 बीपीएल /समूह की महिलाओं को तेरह दिवसीय कृषि उद्यमी का प्रशिक्षण ग्राम सतौरा में दिया। निदेशक आरसेटी सतीश चन्द्र ने आभार जताते हुये कहा कि महिलाओं को सशक्त बनाना सरकार का उददेश्य है। कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं को सफल उद्यमी बनाकर अधिक से अधिक लाभ पहुंचाना आरसेटी की ट्रेनिंग का उद्देश्य हैं। अपने कार्य को छोटे-छोटे ऋण के माध्यम से आगे बढाये ताकि भविष्य में बडा ऋण लेकर बडा व्यापार शुरू किया जा सके। मूल्याकंन प्रपत्र झांसी/बहराइच से आये असेसर के रूप में दिनेश मौर्या व रामकुमार वर्मा ने सभी महिलाओं का लिखित, प्रैक्टीकल व मौखिक परीक्षा ली जिसमें सभी महिलायें अच्छे अंक पाकर उत्तीर्ण हुई है।

# मेधावी विद्यार्थियों को किया गया सम्मानित

अवधनामा संवाददाता



**हरदोई।** आज पूर्वाह्न 11.00 बजे माननीय मुख्यमंत्री जी के कर कमलों से लोकभवन, लखनऊ में वर्ष 2025 के हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएट के मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किये जाने का आयोजन किया गया। इसी कम में जनपद हरदोई में माननीय जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों के नेतृत्व में स्वामी विवेकानन्द सभागार कलेक्ट्रेट, हरदोई में उ0प्र0 की हाईस्कूल की टॉप 10 सूची में स्थान प्राप्त करने वाले 04 बालक एवं 06 बालिकाओं सहित कुल 10 मेधावी थे, जिसमें से जनपद हरदोई से राज्य स्तर पर तीन मेधावी विद्यार्थी कमशः आकृति पटेल-मल्लावां पब्लिक स्कूल इ0का0 मल्लांवा हरदोई, श्रेया राज-मल्लावां पब्लिक स्कूल इ0का0 मल्लांवा, हरदोई एवं प्रतिभा पटेल-एस0एन0पब्लिक इ0का0 रूकनापुर माधौगंज, हरदोई को राज्य स्तर पर एक लाख रू0 की धनराशि, 01 प्रशस्ति पत्र, 01 टैबलेट, 01 मेडल तथा जनपद स्तर पर हाईस्कूल की टॉप 10 सूची में स्थान प्राप्त करने वाले 04 बालकों एवं 03 बालिकाओं सहित कुल 07 मेधावी विद्यार्थियों को इक्कीस हजार रू0 की धनराशि, 01 प्रशस्ति पत्र, 01 टैबलेट, 01 मेडल देकर सम्मानित किया गया है। जनपद स्तर पर इण्टरमीडिएट की टॉप 10 सूची में स्थान प्राप्त करने वाले 03 बालकों एवं 07 बालिकाओं सहित कुल 10 मेधावी विद्यार्थियों को इक्कीस हजार रू0 की धनराशि, 01 प्रशस्ति पत्र, 01 टैबलेट, 01 मेडल देकर सम्मानित किया गया है। मेधावी विद्यार्थियों में कुल 05 विद्यालय प्रधानाचार्य क्रमशः मल्लावां पब्लिक स्कूल इ0का0 मल्लांवा हरदोई, श्री रामलाल सिंह मेमो0 पब्लिक स्कूल सदरपुर, हरदोई, श्री दर्शनलाल वर्मा स्मारक 30का0 ईश्वरपुर साई, हरदोई एवं श्री जानकी प्रसाद इ0का0 पतसेनी कछौना, हरदोई को एक प्रशस्ति पत्र एवं अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया तथा एक विद्यालय-एस0एन0पब्लिक इ0का0 रूकनापुर माधौगंज, हरदोई राज्य स्तर पर कार्यक्रम मे उपस्थित रहे।

# विद्यालयों में बच्चों का नामांकन ज्यादा से ज्यादा हों डीएम

**सम्भल (बहजोई)।** कलक्ट्रेट सभागार बहजोई में जिलाधिकारी डॉ. राजेंद्र पैंसिया की अध्यक्षता में बेसिक शिक्षा विभाग की डीटीएफ एवं पीएम श्री विद्यालय की समीक्षा बैठक की गयी। संबंधित अधिकारी ने जिलाधिकारी को विगत बैठक की प्रमुख बिंदुओं के विषय में क्या कार्यवाही की गई है उसके विषय में विस्तार पूर्वक अवगत कराया जिसको लेकर जिलाधिकारी ने संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। पीएम श्री विद्यालयों की समीक्षा की गयी। विद्यालयों में नामांकन को लेकर जिलाधिकारी ने संबंधित को निर्देशित करते हुए कहा कि विद्यालयों में बच्चों के नामांकन ज्यादा से ज्यादा हों। विद्यालय के शिक्षकों की टीम गाँवों में जाकर ज्यादा से ज्यादा अभिभावकों से मिलकर नामांकन के लिए जागरूक करें। विद्यालय में टायलीकरण, पोषण वाटिका, बाला पेंटिंग, सोलर पैनल, मल्टीपल हैंडवाश यूनिट, एजुकेशन पार्क, पीएम श्री विद्यालय के शिक्षक एवं शिक्षिकाओं की ड्रेस को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

# कृषक जागरूकता कार्यक्रम मे किसानों को दी गयी जानकारिया



अवधनामा संवाददाता

**हरदोई।** उपनिदेशक कृषि ने बताया है कि आज विकासखण्ड सुरसा के खण्ड विकास अधिकारी कार्यालय परिसर में कृषि सूचना तंत्र के सुदृढ़ीकरण एवं कृषक जागरुकता कार्यक्रम, सब मिशन ऑन एग्रीकल्चर एक्सटेंशन (आत्मा) तथा त्वरित मक्का विकास कार्यक्रम योजनान्तर्गत विकास खण्ड स्तरीय कृषक गोष्ठी एवं विकसित कृषि संकल्प अभियान का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि श्याम जी मिश्रा, मण्डल अध्यक्ष, भारतीय जनता पार्टी द्वारा दीप प्रज्जवलन करके एवं कृषक रमेश चन्द्र दीक्षित, श्री प्रेम चन्द्र, गंगाराम अशोक कुमार, श्री कमलेश सत्य कुमार, श्रीमती चमेली, श्रीमती निर्मला, श्रीमती सरला, श्रीमती सुमन को निःशुल्क बाजरा, उर्द, मूंग खरीफ फसलों के निःशुल्क बीज मिनीकिट वितरित करते हुये किया गया। उक्त मौके पर श्याम जी मिश्रा जी द्वारा कृषकों को सम्बोधित करते कहा कि सरकार किसानों की आमदनी दोगुनी करने लिए हितकारी योजनायें चलायी जा रही है।

# तीन दिवसीय दिव्य गर्भ संस्कार विज्ञान कार्यशाला का आयोजन

अवधनामा संवाददाता

**संभल।** बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओं योजनान्तर्गत दितीय दिवस आज बी.आर.रिसोर्ट, बबराला रोड, बहजोई जनपद सम्भल में तीन दिवसीय दिव्य गर्भसंस्कार विज्ञान कार्यशाला' का आकाक्षा समिति अध्यक्षा डॉ. ऊषा राजेन्द्र पैंसिया, मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भटट, आकांक्षा समिति उपाध्यक्ष मृदुला भट्ट, निधि पटेल डिप्टी कलेक्टर, संगीता भार्गव, चन्द्रभूषण जिला प्रोबेशन अधिकारी, ममता राजपूत आदि द्वारा दीप प्रज्जवलन के साथ माँ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया गया। डॉ. ऊषा राजेन्द्र पैंसिया ने कार्याशाला मे उपस्थित लोगों को सम्बोधित करते हुए कहा कि भारतीय संस्कृति की प्राचीन परंपराओं को आधुनिक विज्ञान के साथ जोड़ते हुए एक अनूठी 'दिव्य गर्भसंस्कार कार्यशाला' का आयोजन जनपद मे प्रथम बार हो रहा है। यह कार्यशाला गर्भवती महिलाओं, होने

**■ गर्भसंस्कार सम्बन्धि प्रशिक्षण प्रदान की जाएगी**

वाले माता-पिता और परिवारो को गर्भावस्था के दौरान आध्यात्मिक, मानसिक और शारीरिक रूप से स्वस्थ संतान के लिए प्राचीन वैदिक ज्ञान से परिचित कराएगी। बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के अन्तर्गत प्रथम बार यह कार्यशाला जनपद में की जा रही है। उपस्थिति सभी लोगों से कहा कि तीन दिवसीय कार्यशाला मे आप सभी समय से उपस्थित होकर प्रशिक्षक के रूप मे मनोज कुमार, पुणे, इनके द्वारा प्रदान किये गये प्रशिक्षण का पूर्ण लाभ ग्रहण करे, जिससे इस कार्यशाला का उददेश्य पूर्ण हो सके। आईसीडीएस एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियो को विषेश रूप से इस कार्यषाला मे बुलाया गया है ताकि वह प्रशिक्षण प्राप्त कर एक प्रशिक्षक के रूप मे जनपद की अन्य गर्भवती महिलाओं को गर्भसंस्कार सम्बन्धि प्रशिक्षण प्रदान करे।

# पुलिया में छिपा तेंदुआ, 19 घंटे बाद रेस्क्यू

अवधनामा संवाददाता

**ललितपुर।** उन्नीस घण्टे से तालाब की पुलिया में छिपे घायल तेंदुए को रेस्क्यू कर लिया गया है। कानपुर से आई 3 सदस्यीय टीम ने एनेस्थीसिया देकर तेंदुए को बेहोश किया, इसके बाद वन कर्मियों की टीम ने उसे पिंजड़े में भरकर बाहर निकाला। यह घायल तेंदुआ 19 घंटे से पुलिया के नीचे बैठा हुआ है। रातभर वन विभाग की टीम निगरानी करती रही। पिछले दोनों पैर में चोट लगने के कारण वह ठीक से चल नहीं पा रहा है। भीड़ को देखकर बार-बार दहाड़ रहा था। पुलिया के अंदर छिपने का प्रयास कर रहा था। रात भर वन कर्मियों की टीम उसे रेस्क्यू करने में जूझती रही। तेंदुए को रेस्क्यू करने के लिए गुरुवार सुबह 7 बजे कानपुर से 3 सदस्यीय टीम पहुंची की टीम पहुंची। डीएफओ डा. शिरीन सिद्दीकी ने तेंदुए को ट्रॅक्युलाइज कर रेस्क्यू कर कर लिया गया है। अब उसका इलाज किया जा रहा है। सुरक्षित रेस्क्यू कर लिया जाएगा। मामला जिला



मुख्यालय से करीब 75 किलोमीटर दूर स्थित मड़ावरा वन रेंज के पास भौंती गांव का है। वन विभाग के कर्मचारियों ने बताया- बुधवार को करीब 3 बजे भौती गांव के कुछ चरवाहे गांव से करीब डेढ़ किलोमीटर दूर मड़ावरा जंगल के पास बकरियां चरा रहे थे। तभी बकरियों का झुंड तेज आवाज करते हुए एक तरफ भागने लगा। चरवाहों ने देखा तो एक तेंदुआ लंगड़ाते हुए उनके पीछे आ रहा था। चरवाहों ने तेंदुए को दौड़ाया तो वह पास ही तालाब की पुलिया के नीचे चला गया। चरवाहे मोबाइल से वीडियो बनाने लगे तो तेंदुए ने हमले की कोशिश की,

**■ कानपुर से तीन सदस्यीय टीम पहुंची ललितपुर**

पैर में चोट लगने के कारण वापस से पुलिया ने नीचे चला गया। चरवाहों ने शाम 4 बजे मड़ावरा वन अधिकारियों को सूचित किया।

**रात भर डटी रही डीएफओ समेत 25 वन कर्मियों की टीम :** सूचना मिलते ही डीएफओ डा.शिरीन सिद्दीकी 25 वन कर्मियों के साथ मौके पर पहुंचीं और रातभर डटी रहीं। पर बुधवार को तेंदुए को रेस्क्यू नहीं किया जा सका। डीएफओ ने बताया- तेंदुआ पुलिया के भीतर किसी तरह से फंस गया था। बाहर नहीं निकल पा रहा था। ग्रामीणों की भीड़ मौके पर जमा हो गई थी, जिससे वह डर गया था।

**ज्यादा चोट न आए इसलिए जाल नहीं लगाया :** डीएफओ ने बताया कि बुधवार 4 बजे हमें तेंदुए के होने की सूचना मिली थी। 25 लोगों की टीम मौके पर पहुंची। तेंदुए के पैर में काफी चोट आई है, इसलिए जाल नहीं लगाया गया, ताकि तेंदुए को और चोट न आए। पिंजड़ा लगाया गया, तेंदुआ एक पिट के पास फंसा हुआ है और पिंजड़े तक पहुंच नहीं पा रहा।

### रात में मीट, सुबह दो जिंदा मुर्गे दिए

वन कर्मियों ने बताया कि रात भर तेंदुए की देखभाल की गई। रात में उसे खाने के लिए मीट का बड़ा टुकड़ा दिया गया था। इसके बाद सुबह 8.30 बजे दो जिंदा मुर्गे दिए गए थे। सुबह 11.15 बजे तक तेंदुए को रेस्क्यू कर लिया गया था।

### तेंदुए को ट्रेंक्यूलाइज किया जाएगा

डीएफओ ने बताया कि कानपुर प्राणि उद्यान से 3 सदस्यीय टीम बुलाई गई है। इसमें डॉक्टर नासिर, हेड कीपर विनोद सहित तीन लोग शामिल हैं। टीम ने ट्रॅक्युलाइज कर तेंदुए को रेस्क्यू कर लिया है। यह नर तेंदुआ है, जिसकी उम्र करीब 5 वर्ष है।

# अतिक्रमण को लेकर डीएम ने दिए दिशा-निर्देश



अवधनामा संवाददाता

**संभल (बहजोई)।** कलेक्ट्रेट सभागार बहजोई में जिलाधिकारी डॉ. राजेंद्र पैंसिया की अध्यक्षता में भू माफिया टास्क फोर्स समिति की बैठक का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम अपर जिलाधिकारी प्रदीप वर्मा ने संबंधित को निर्देशित करते हुए कहा कि जनपद में जो शासकीय भूमि हैं उस पर कोई अवैध कब्जा तो नहीं है उसे प्रत्येक दशा में देख लें और उसे चिन्हित करें। उन्होंने समस्त एसडीएम को निर्देशित करते हुए कहा कि जिन लोगों ने अवैध कब्जा कर रखा है उनकी एक सूची बनाई जाए। अतिक्रमण को लेकर जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। चक रोड पर अवैध कब्जा को लेकर भी विस्तार पूर्वक चर्चा की गई जिसको लेकर जिलाधिकारी ने संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी प्रदीप वर्मा, उप जिलाधिकारी चंदौसी विनय कुमार मिश्रा, उप जिलाधिकारी गुन्नौर वंदना मिश्रा, उप जिलाधिकारी संभल विकास चंद्र, डिप्टी कलक्टर आशुतोष तिवारी, लोक निर्माण विभाग के एक्सईएन सुनील प्रकाश, समस्त तहसीलदार सहित समस्त संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# समस्याओं के समाधान हेतु शिक्षक समाधान दिवस का आयोजन

**अवधनामा संवाददाता**

**मथुरा।** उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाई स्कूल पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ जनपद मथुरा की मांग पर आज जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान बाद मथुरा में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी श्री सुनील दत्त जी की अध्यक्षता में शिक्षक समाधान दिवस का आयोजन किया गया।

संघ के संज्ञान में जनपद के अनेकों शिक्षकों की लंबे समय से वेतन अवरुद्ध किए जाने चयन वेतनमान स्वीकृत होने एरियरों का भुगतान लंबित होने 60/62 वर्ष के विकल्प स्वीकृत न होने नवीन भर्ती प्रक्रिया में नवनियुक्त शिक्षकों के सत्यापन के उपरांत वेतन निर्गत होने के आदेश न होने की अनेकों समस्याएं संज्ञान में आ रही थी इस पर पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ जनपद मथुरा के जिलाध्यक्ष अतुल सारस्वत ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी श्री सुनील दत्त से शिक्षकों की सभी समस्याओं का समाधान करने की मांग की तथा सुझाव दिया के एक दिन सभी समस्याओं से ग्रस्त अध्यापक अध्यापिकाओं को बुलाकर समस्त संबंधित अधिकारियों की उपस्थिति में उनकी समस्याओं का समाधान किया जाए उक्त का तुरंत संज्ञान लेते हुए जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने 12 जून को शिक्षक समाधान दिवस का आयोजन करने के आदेश निर्गत किया जिसमें सभी खंड शिक्षा अधिकारियों पटल सहायकों एवं विकास खण्डों के वेतन बिल लिपिकों को उपस्थित रहने हेतु निर्देशित किया गया। सुबह 10:00 से पूर्व ही अध्यापकों की बहुत बड़ी संख्या समाधान कक्ष में एकत्रित होने लगी तथा शिक्षकों की विभिन्न समस्याओं से संबंधित लगभग 311 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए इनमें से अधिकतर प्रार्थना पत्र एक दिन के वेतन बाधित होने तथा अग्रिम आदेश तक वेतन निर्गत न करने से संबंधित थी। कुछ समस्याएं एरियर भुगतान की तथा चयन और प्रोन्नत वेतनमान स्वीकृति से संबंधित थी उन सभी को वर्गीकृत करते हुए जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सुनील दत्त ने समाधान दिवस में उपस्थिति लगभग 800 से अधिक शिक्षकों को संबोधित करते हुए आश्वासन दिया के जिन अध्यापकों के वेतन किसी भी कारण से अवरूद्ध किए गए हैं उनके वेतन भुगतान के आदेश दो दिन में ही जारी कर दिए जाएंगे चयन और प्रोन्नत वेतनमान स्वीकृत के आदेश आगामी सप्ताह में जारी होंगे तथा शेष समस्याएं जिन पर विचार विमर्श होना है या अभिलेखों का सत्यापन आदि से संबंधित हैं उनका भी समाधान शीघ्र किया जाएगा। 30 जून तक शिक्षकों की किसी भी समस्या को लंबित नहीं रखा जाएगा। शिक्षकों के कार्य की प्रशंसा करते हुए उन्होंने कहा कि अध्यापकों के अथक प्रयास से जनपद माननीय मुख्यमंत्री जी की प्राथमिकताओं में दूसरे या तीसरे स्थान पर है यह सब अध्यापकों की मेहनत एवं कार्य कुशलता के कारण ही संभव हो सका है जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने अध्यापकों को संबोधित करते हुए कहा कि नामांकन में भी अध्यापकों को और मेहनत करने की आवश्यकता है तथा विद्यालय में पिछले वर्ष की छात्र संख्या से अधिक बच्चे नामांकित हो ऐसा प्रयास किया जाना चाहिए उक्त पर संघ ने भी जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को आश्वस्त किया कि विद्यालय खुलते ही सभी अध्यापक नामांकन वृद्धि हेतु विशेष प्रयास करेंगे तथा जनपद को नामांकन में प्रथम स्थान पर लाने का भरसक प्रयास होता रहेगा। इस अवसर पर उत्तर प्रदेशीय पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष अतुल सारस्वत प्रदेश उपाध्यक्ष देवेन्द्र सारस्वत जिला महामंत्री लक्ष्मी नारायण जिला कोषाध्यक्ष मनोज शर्मा जिला मीडिया प्रभारी अरविन्द सारस्वत मंडल उपाध्यक्ष बदन सिंह यादव छाता के अध्यक्ष राजेश चौधरी मुरारीलाल शर्मा राजेंद्र सिंह छोकर तेजवीर सिंह शिव कुमार पचौरी प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष लोकेश गोस्वामी वरिष्ठ उपाध्यक्ष गौरव यादव मंत्री बलवीर सिंह राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के जिला अध्यक्ष हेमराज सिंह जिला मीडिया प्रभारी गोवर्धन दास गुप्ता भगवान सिंह पचौरी मनमोहन गौतम आदि सैकड़ो की संख्या में संघ के पदाधिकारी उपस्थित रहे। शिक्षकों की समस्याओं के निस्तारण करने में खंड शिक्षा अधिकारी कैलाश चंद्र शुक्ला, दिनेश त्रिपाठी बुद्धसेन कौशल किशोर नरेंद्र सिंह विनय प्रताप सिंह तथा कार्यालय मुख्य पटल सहायक शक्ति सिंह का विशेष सहयोग रहा।

## पति को पत्नी नें प्रेमी संग मिलकर पीटा, छीनें रुपये व जेवरात

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** विवाहिता नें प्रेमी व उसके अज्ञात साथियों के साथ मिलकर पति से न सिर्फमारपीट की बल्कि पति के जेवरात व नगदी भी छीन लिये। जिससे हाईवे पर हडकम्प मच गया। सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने पत्नी को हिरासत में ले लिया है। बताते चलें कि थाना तालग्राम के गांव नगला खगू निवासी लक्ष्मीकांत का विवाह एक माह पूर्व कन्नौज कोतवाली के गांव मानपुर निवासी प्रिया के साथ हुआ था। बुधवार को प्रिया ने अपने पति से जसोदा स्थित एक विद्यालय से मार्कशीट लेने जाने की बात कही जिस पर लक्ष्मीकांत पत्नी के साथ बाइक से जसोदा के लिए निकल पड़े। जसोदा हाईवे पर पहुंचते ही प्रिया ने लक्ष्मीकांत से मिठाई लाने के लिये भेजनें के उपरान्त अपने प्रेमी के साथ ई रिक्शा पर बैठकर चली गई। कुछ ही समय बाद लौटे पति ने जब पत्नी को वहां नहीं पाया। तो पूंछताछ करनें पर लोगों ने बताया कि वह ई-रिक्शा से गई है तो उसने ई रिक्शा का पीछा किया और पत्नी को रोका। इस बीच उसकी पत्नी व उसके प्रेमी ने अपने तीन अज्ञात साथियों को बुला लिया जिन्होंने लक्ष्मीकांत के साथ जमकर मारपीट की और फ़रार हो गए।

# केंद्र सरकार के 11 वर्ष पूरे होने पर जिला भाजपा ने की प्रोफेशनल मिट

**अवधनामा संवाददाता**

**मथुरा।** भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष निर्भय पाण्डे के नेतृत्व में होटल माधव मुस्कान रेजिडेंसी पर प्रोफ़ेशनल मिट का आयोजन किया। प्रोफ़ेशनल मिट में पधारे मुख्य वक्त प्रदेश उपाध्यक्ष मानवेंद्र सिंह, राज्य सभा सांसद चौधरी तेजवीर सिंह,और आगरा महापौर व पूर्व विधायक हेमलता दिवाकर मौजूद रहे। जिसकी अध्यक्षता जिलाध्यक्ष निर्भय पाण्डे ने की। वक्ताओं ने अपने अपने विचार रखे और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में विकसित भारत का अमृतकाल, सेवा, सुशासन, गरीब कल्याण के 11 साल पर आयोजित प्रोफेशनल मीट को संबोधित किया।

भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष मानवेंद्र सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत वर्ष 2047 तक विश्व की सबसे बड़ी शक्ति के रूप में स्थापित होगा। प्रधानमंत्री जी ने देश की राजनीति से भ्रष्टाचार और परिवारवाद को समाप्त करने का कार्य कर रहे हैं। मोदी जी का नेतृत्व भारत को हर क्षेत्र में वैश्विक रूप से पहचान और सम्मान दिला रहा है।

आगरा महानगर की महापौर व पूर्व विधायक हेमलता दिवाकर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दुनिया का विश्वास जीतने का कार्य किया और राजनीति में नई संस्कृति विकसित की है। वे आत्मनिर्भर व विकसित भारत के संकल्प को पूरा कर रहे है।आजादी के बाद वर्षो तक देश में शासन करने वाली पार्टी की नीतियों और कार्यो से जम्मू-कश्मीर से करीब पांच लाख हिंदू पलायन कर गए।

राजयसभा सांसद चौ तेजवीर सिंह ने अपने उद्बोदन में कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देशवासियों में राष्ट्रवाद की भावना जागृत की, सेनाओं को सशक्त किया, इसका परिणाम यह है कि अलगाववादी बातें करने वाले लोग भी आज तिरंगे के नीचे खड़े होकर वंदे मातरम् का गायन करने लगे हैं। पहले भारतीय राजनीति में भ्रष्टाचार और परिवारवाद चरम पर था। प्रधानमंत्री जी ने राजनीति से भ्रष्टाचार और परिवारवाद को समाप्त कर रहे हैं। पहले दुनिया के लोग भारत को कमजोर और गरीब देश के रूप में देखते है उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 2047 तक विकसित भारत बनाने के लिए कार्य कर रहे हैं। विकसित भारत की संकल्पना को साकार करने के लिए आप सभी लोगों जैसे प्रोफेशनल्स को अपने कार्यो के साथ देश व समाज के लिए आगे आना होगा, तभी यह संकल्प पूरा होगा।

वहीं जिला भाजपा और महानगर की सयुक्त प्रेस वार्ता पुष्पांजलि स्तिथ जिला कार्यालय पर भी आयोजित की गई। जहां वक्ताओं ने मोदी जी 11 वर्ष पूरे होने पर प्रेस वार्ता की।

प्रोफ़ेशनल मिट में जिला महामंत्री सतपाल चौधरी महिला मोर्चा की अध्यक्ष मुदिता शर्मा, जिला मीडिया प्रभारी श्याम चतुर्वेदी, मेडुकांत, अमन ठाकुर, आकाश चौधरी,जिला महामंत्री ,सुरेश तरकर,तरुण सैनी, मनीषा पराशर, नरेंद्र गौतम,केरन सिंह, आदि कार्यकर्ता व पदाधिकारी मौजूद रहे। कुशल संचालन जिला महामंत्री अनिल चौधरी ने किया।

# पुलिस अधीक्षक ने जन सुनवाई कार्यक्रम में सुनी समस्याएं

■ संबंधित थाना प्रभारियों को दिए शीघ्र निस्तारण के दिशा-निर्देश



**अवधनामा संवाददाता**

**कन्नौज।** जनपद में जन समस्याओं के निस्तारण हेतु एसपी विनोद कुमार द्वारा प्रतिदिन की भांति जनसुनवाई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए लोगों ने की समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए एसपी ने संबंधित थाना प्रभारियों को त्वरित एवं निष्पक्ष कार्रवाई के निर्देश दिए। गुरूवार को जनसुनवाई के दौरान अधिकतर शिकायतें भूमि विवाद, पारिवारिक विवाद, आपराधिक प्रकरणों में की गई कार्रवाई से जुड़ी रहीं। एसपी विनोद कुमार ने सभी मामलों पर संवेदनशीलता दिखाते हुए प्रत्येक शिकायत को गंभीरता से दर्ज कर संबंधित अधिकारियों को साक्ष्य के आधार पर निष्पक्ष जांच कर उचित कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आम नागरिकों की समस्याओं का समाधान पुलिस की प्राथमिक जिम्मेदारी है और इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

एसपी ने यह भी स्पष्ट किया कि यदि किसी थाने में शिकायतों का समाधान नहीं होता है तो वह पुनः उनके समक्ष अपनी बात रख सकते हैं।

# अखिल भारत हिन्दू महासभा के प्रदेश के कार्यालय का हुआ उद्घाटन

**अवधनामा संवाददाता**

**मथुरा।** राधा रानी टाउनशिप, रतिराम महाविद्यालय के पास अखिल भारत हिन्दू महासभा उत्तर प्रदेश के कार्यालय का उद्घाटन फीता काटकर किया। इस शुभ अवसर पर अखिल भारत हिन्दू महासभा उत्तर प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष अनुपम मिश्रा द्वारा विधिवत रूप से अखिल भारत हिन्दू महासभा उत्तर प्रदेश के कार्यालय का उद्घाटन फीता काटकर किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता अखिल भारत हिन्दू महासभा उत्तर प्रदेश के प्रदेश मंत्री सुभाष ठाकुर ने की। कार्यक्रम में मुख्य रूप से अखिल भारत हिन्दू उत्तर प्रदेश के प्रदेश संगठन मंत्री राजकुमार सिंह, जिला अध्यक्ष ज्योति चतुर्वेदी, जिला प्रभारी ऊषा सोलंकी,



एडवोकेट पिंकी शुक्ला, ब्लॉक प्रमुख मनसुखा ठाकुर, युवा समाजसेवी रामहरी, नेता जग्गो, सुरेश प्रधान,मान सिंह चौधरी, परसोती चौधरी सहित बड़ी संख्या में अखिल भारत हिन्दू महासभा उत्तर प्रदेश संगठन के कार्यकर्ता व स्थानीय गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।इस अवसर पर अखिल भारत हिन्दू महासभा उत्तर प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष अध्यक्ष अनुपम मिश्रा और प्रदेश संगठन मंत्री राजकुमार सिंह का कार्यकर्ताओं द्वारा पुष्पमालाओं व नारों के साथ जोरदार स्वागत किया गया। उद्घाटन समारोह के दौरान अखिल भारत हिन्दू महासभा के उद्देश्यों,कार्यो और भविष्य की योजनाओं पर चर्चा की गई। अखिल भारत हिन्दू महासभा संगठन को जन-जन तक पहुँचाने तथा राष्ट्र और धर्म सेवा में अधिक से अधिक लोगों को जोड़ने का संकल्प भी लिया गया।कार्यक्रम के समापन पर उपस्थित सभी जनों को परंपरागत दाल-चूरमा प्रसादी का वितरण किया गया।

## प्रदेश की बिगड़ी कानून व्यवस्था: रामजीलाल सुमन

**मथुरा।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव एवं राज्यसभा सांसद रामजीलाल सुमन जी राधा पुरम स्टेट स्थित मथुरा-वृंदावन महानगर अध्यक्ष ऋतु गोयल के आवास पर पहुंचे। आवास पर महानगर अध्यक्ष रितु गोयल, पूर्व जेल विजीटर मनोज कुमार गोयल, महासचिव अभिषेक यादव, उपाध्यक्ष देवेन्द्र निषाद, रिषि अग्निहोत्री, बाबा साहब अम्बेडकर वाहिनी के महानगर अध्यक्ष रमेश सैनी, जय शर्मा, मुकेश सैनी आदि समाजवादियों ने फूल मालाओं व शाल ओढ़ाकर जोरदार स्वागत किया। इस दौरान राज्यसभा सांसद रामजीलाल सुमन ने संगठन की मजबूती को लेकर चर्चा की साथ बताया कि उत्तर प्रदेश में जंगलराज कायम है रोजाना हत्या, लूट एवं महिलाओं के साथ अत्याचार बढ़ रहे। और कहा कि पीडीए के लोगों ने मन बना लिया है कि 2027 में पीडीए सरकार बनाएंगे। इस मौके पर कोमल किशोर शर्मा, सुरेश यादव, सुशील शर्मा, मुकेश गोयल, गुरदीप सिंह आदि उपस्थित थे।

## संक्षिप्त समाचार

### छेड़छाड़ से रोकने पर विवाहिता को पीटा, दी धमकी

**गुरसहायगंज, कन्नौज, अवधनामा संवाददाता।** नगर निवासी पीड़ित विवाहिता द्वारा कोतवाली में दी गई तहरीर में कहा गया है कि उसकी शादी चार वर्ष पूर्व पड़ोसी जनपद कानपुर निवासी व्यक्ति से हुई थी। बताया कि उसका नंदोई उसके साथ अक्सर छेड़खानी करता था। इसके बारे में पति को बताने पर ससुराली जनों पति, सास, ससुर व ननंद ने गाली गलौज व मारपीट कर प्रताड़ित करने लगे। उसके द्वारा मामले की शिकायत महिला पुलिस से करने पर दिनांक 09 जून को 06 बजे उसके पति ने मोबाइल फोन पर जान से मार डालने की धमकी दी है। पीड़िता की तहरीर पर कोतवाली पुलिस द्वारा घटना के संबंध में जॉच शुरू कर दी गई है।

### गांधीनगर तिराहा सौन्दर्यीकरण का सांसद ने भूमि पूजन कर किया शुभारंभ



**उन्नाव, अवधनामा संवाददाता।** शहर के गाँधीनगर तिराहे के रि-डिजाइन एवं सौन्दर्याकरण का कार्य उन्नाव- शुक्लागंज विकास प्राधिकरण द्वारा कराया जा रहा है। गाँधी तिराहे पर भूमि पूजन सांसद डा. सच्चिदानंद हरिसाक्षी महाराज के करकमलों द्वारा पंकज गुप्ता विधायक सदर, अनुराग अवस्थी-जिला अध्यक्ष, गौरांग राठी, उपाध्यक्ष, उ.शु.वि.प्रा./ जिलाधिकारी, दीपक भूकर पुलिस अधीक्षक, सुशील कुमार गोड़-ए.डी.एम. (वि./रा.), अभिताभ कुमार यादव ए.डी.एम. (न्यायिक), क्षितिज द्विवेदी, एस.डी.एम. सदर, नवीन चन्द्र-सचिव, उ.शु. वि. प्रा. एवं अन्य गणमान्य नागरिको की उपस्थित में सम्पन्न हुआ। रि-डिजाइन एवं सौन्दर्गीकरण के कार्य के अन्तर्गत गाँधीनगर तिराहे के मध्य रोटरी का निर्माण, कानपुर-लखनऊ एवं रायबरेली के तरफ ट्रैफिक्र आईलैण्ड का निर्माण, रायबरेली के तरफ ट्रैफिक्र की तरफमिडियन का निर्माण, बिटुमिन सड़क मरम्मत कार्य सहित अन्य सौन्दर्याकरण किया जाना है।

### ई-रिक्शा की टक्कर से स्कूटी सवार वृद्धा की मौत

**उन्नाव, अवधनामा संवाददाता।** औरास थाना क्षेत्र मे बुधवार सुबह संडीला-चकलवंशी मार्ग पर सीमऊ के पास स्कूटी व ई-रिक्शा मे टक्कर से स्कूटी सवार बुजुर्ग महिला की मौत हो गई पति गभीर रुप से घायल हो गया। जिसे उपचार के लिए स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार बुधवार की सुबह चकलवंशी संडीला मार्ग पर ई रिक्शा व स्कूटी मे टक्कर हो गई हादसे मे स्कूटी सवार चन्द्रकली व उसका पति चन्द्रपाल निवासी ग्राम कोरो कल्याण कोतवाली हसनगंज गंभीर रूप से घायल हो गए। सड़क दुघर्टना मे घायल दम्पति को ग्रामीणों ने एम्बुलेंस से स्वास्थ्य केंद्र औरास भिजवाया जहा उपचार के दौरान चंद्रकली 65 की मौत हो गई। चंद्रपाल को इलाज के लिए भर्ती कराया गया है। सूचना पर स्वास्थ्य केंद्र पहुची पुलिस ने शव को परीक्षण के लिए विच्छेदन ग्रह भेज दिया।

### बीमारी से क्षुब्ध वृद्ध ने फांसी लगा की आत्महत्या

**उन्नाव, अवधनामा संवाददाता।** अजगैन कोतवाली अंतर्गत मकूर गांव में बुधवार सुबह एक हृदय विदारक घटना सामने आई। यहां 65 वर्षीय वृद्ध सुंदर रैदास ने आम की बाग में पेड़ पर लुंगी से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। यह घटना सुबह करीब 9 बजे की है, जब गांव के कुछ लोगों ने बाग में पेड़ से लटकता शव देखा और तत्काल इसकी सूचना परिजनों व पुलिस को दी। मृतक के पुत्र मुकेश रैदास ने बताया कि उनके पिता लंबे समय से श्वास संबंधी बीमारी से जूझ रहे थे और इसी कारण मानसिक रूप से बेहद परेशान रहते थे। श्री बुधवार सुबह वे बिना किसी को कुछ बताए घर से निकल गए थे। घटना की जानकारी मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर अजगैन कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची। कोतवाली प्रभारी सुरेश सिंह ने बताया कि शव को पेड़ से उतरवाकर पंचनामा की कार्रवाई की गई है। इसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से अधेड़ घायल

**उन्नाव।** आसीवन थाना क्षेत्र में बुधवार लखनऊ-बांगरमऊ मार्ग पर आगे जा रहे वाहन को ओवरटेक के दौरान अज्ञात वाहन चालक ने सडक किनारे पैदल जा रहे अधेड को टक्कर मार दी जिसे गंभीर हालत में मियागंज अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां से उसे जिला अस्पताल रेफ़र कर दिया गया। खानपुर सुरौली गांव निवासी अयोध्या पुत्र छोटेलाल बुधवार की शाम घरेलू सामान खरीदने के लिए मियागंज चौराहा पैदल जा रहा था। इसी बीच पीछे से आ रहे अज्ञात वाहन चालक ने टक्कर मार दी जिससे वह गभीर रूप से घायल हो गया जिसे ग्रामीणों ने इलाज के लिए मियागंज अस्पताल में भर्ती कराया। जहां से उसे जिला अस्पताल रेफ़र कर दिया गया।

# अब अपराधियों के लिए जिले की सीमा पार करना नहीं होगा आसान

**अवधनामा संवाददाता**

**मथुरा।** हरियाणा, राजस्थान की सीमा से सटे मथुरा जनपद में अपराध कर दूसरे राज्य या पड़ोसी जनपद में निकल जाना अपराधियों के लिए अब आसान नहीं रहेगा। दिन हो या रात 24 घंटे हाईवे से कच्ची पगडंडी तक तीसरी आंख की निगरानी में रहेंगे। कंट्रोल रूम में बैठक कर पुलिस के तकनीकी एक्पर्ट हर हरकत पर नजर रखेंगे। इतना ही नहीं गांव से शहर तक हर प्रमुख तिराहे चौराहे पर भी हाई जूम कैमरे लगाये जा रह हैं। अब अगर आप राष्ट्रीय राजमार्ग पर कोई क्राइम करके, कोई दुर्घटना करके या फिर तेज गति से वाहन चलाकर निकल जाते हैं तो यह मत समझिए कि आप बच गए हैं, क्योंकि आगरा मथुरा हाईवे रैपुरा जाट बॉर्डर चार जगहों पर सीसीटीवी के हाई जूम कैमरे लगाए गए हैं। जिससे अब आसानी से किसी भी मामले की तह तक पहुंचने व उसे ट्रैस करने में आसानी होगी। थाना प्रभारी फरह संजय पांडेय द्वारा हाईवे पर लगभग सभी जगह कैमरा लगाने का प्लान है लेकिन बुधवार को आगरा मथुरा बॉर्डर ओर रैपुरा जाट अंडर पास पुलिस चौकी ओर फरह के मुख्य चौराहे पर इन्हें लगाया गया है। पूरी तरह से आधुनिक तकनीक से यह कैमरे लैस होंगे। जानकारी के अनुसार किसी चौक या चौराहे पर दूसरे आम कैमरों की बजाए वहां पर 360 डिग्री घूमने वाला बड़ा कैमरा लगाया जा रहा है जो कि पूरे चौराहे को कवर करेगा। हाइवे पर लगने वाले सभी कैमरों का कंट्रोल थाना प्रभारी, चौकी प्रभारी के मोबाइल में रहेगा और पुलिस अधिकारी पूरी निगरानी करेंगे। कहीं भी कोई घटना होने पर तुरंत कैमरे पर उस गाड़ी को ट्रेस किया जाएगा, इन सभी कैमरों को रेडियो फ्रीक्वेंसी के माध्यम से कनैक्ट किया गया है। थाना फरह क्षेत्र पांच थाना क्षेत्रों आगरा, भरतपुर बॉर्डर से लगता है और कई ऐसे संदिग्ध रूट है जहां से अपराधी अपराध करके आगरा या ग्वालियर बाईपास से निकल जाते है, अब किसी मामले का पता चलने के बाद उसकी पुष्टि के लिए यह कैमरे कारगार साबित होंगे।

## माँ कल्याणी देवी मंदिर में माता की चौकी में झूमे श्रद्धालु

**उन्नाव।** जेष्ठ मास की पूर्णिमा तिथि पर त्रिलोक वंदनीया माँ कल्याणी देवी शक्तिपीठ में बुधवार को भव्य चौकी का आयोजन पूरे श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ संपन्न हुआ। दोपहर 2 बजे से प्रारंभ हुए इस आयोजन में भक्तों ने बड़ी संख्या में भाग लिया और माँ के भजनों एवं संकीर्तन का आनंद लिया। मंदिर परिसर भक्ति संगीत और माँ कल्याणी के स्तुति गीतों से गूंज उठा। भक्तों ने भाव-विभोर होकर माँ की आराधना की और उनकी कृपा प्राप्त करने हेतु प्रार्थनाएँ कीं। आयोजन में भक्तों द्वारा भक्तिपूर्ण प्रस्तुति दी गई, जिससे वातावरण पूर्ण रूप से आध्यात्मिक हो गया। इस अवसर पर लक्ष्मी तिवारी, नीलम पांडे, रेनू दीक्षित, अरुणा तिवारी, राजकुमारी सिंह, वंदना शुक्ला एवं रानी मिश्रा आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहीं, जिनकी उपस्थिति से कार्यक्रम की गरिमा और अधिक बढ़ गई। मंदिर समिति द्वारा समुचित व्यवस्था की गई थी, जिससे सभी श्रद्धालुओं को कोई असुविधा न हो। आयोजन के अंत में प्रसाद वितरण भी किया गया।

# विश्व बाल श्रम निषेध दिवस: बाल श्रम प्रथा को बंद करने का संकल्प लिया

**अवधनामा संवाददाता**

■ कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती वंदना से मजदूरों के बच्चों ने दी रंगारंग प्रस्तुति

**मथुरा।** विश्व बाल श्रम निषेध दिवस के अवसर पर जन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन होटल शगुन रेजीडेन्सी महोली रोड़ मथुरा में मुख्य अतिथि गरिमा खरे जिला विकास अधिकारी की अध्यक्षता में किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ सर्वप्रथम मां सरस्वती जी की प्रतिमा पर पुष्पार्पण एवं दीप प्रज्जवलित कर किया गया। उसके उपरान्त कार्यक्रम में उपस्थित सभी माननीय अतिथियों का स्वागत बुके एवं पटुका पहनाकर किया गया। कार्यक्रम में जस्टिस फार चिल्ड्रेन एण्ड वूमेन सोसाइटी द्वारा संचालित स्कूल के स्ट्रीट चिल्ड्रेन के बच्चों द्वारा गणेश वन्दना एवं स्वागत गान किया गया। सहायक श्रमायुक्त एम0एल0 पाल द्वारा बाल श्रम के सम्बन्ध में जनपद में किए गए कार्यो, बाल श्रम प्रथा तथा बाल श्रम (प्रतिषेध एवं विनियमन) अधिनियम 1986 के सम्बन्ध में जानकारी दी गई। जस्टिस फॉर चिल्ड्रेन एण्ड वूमेन सोसाइटी के बच्चों द्वार बाल श्रम पर एक वाटिका का मंचन किया गया। अखिल भारतीय व्यापार मण्डल उ0प्र0, मथुरा के अध्यक्ष जितेन्द्र प्रजापति द्वारा बाल श्रम उन्मूलन के सम्बन्ध में अपने तथा अपने सदस्यों के सहयोग का पूरा आश्वासन दिया गया और उनके द्वारा यह भी आश्वासन दिया गया कि उनके तथा उनके सदस्यों द्वारा जनपद मथुरा में दुकानों, शादी में लाइट उठाने वाले बच्चों तथा बरात घरों पर जन जागरण का कार्य किया जाएगा, जिससे प्रदेश सरकार का संकल्प पूरा हो सकें। सतीश चन्द्र शर्मा, अध्यक्ष, जस्टिस फार चिल्ड्रेन एण्ड वूमेन सोसाइटी द्वारा बाल श्रम जैसी कुप्रथा के बारे में जानकारी दी गई तथा अपने स्ट्रेट चिल्ड्रेन के बच्चों को शिक्षा से जोड़ने के बारे में जानकारी दी गई। बच्चों द्वारा शिक्षा के महत्व पर एक नाटक का मंचन किया गया। नागेन्द्र पाल सिंह जिला समाज कल्याण अधिकारी द्वारा बच्चों के प्रस्तुतीकरण की सहारना करते हुए बच्चों से कार्य कराये जाने पर अपनी सवेंदना प्रकट करते हुए बाल श्रम न कराये जाने पर जोर देते हुए बाल श्रम उन्मूलन में समाज की भूमिका पर प्रकाश डाला गया। बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष राजेश दीक्षित द्वारा बाल श्रम उन्मूलन के सम्बन्ध में समाज की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हम लोग यथा श्रम विभाग, ए0एच0टी0यू0, बाल विकास विभाग एवं अन्य सामाजिक संस्थाओं द्वारा प्रयास किया जा रहा है, परन्तु समाज जब तक इस प्रथा को रोकने में सामने नही आता, हम अपने प्रयास के सापेक्ष सफल नही हो पाएंगे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि गरिमा खरे, जिला विकास अधिकारी द्वारा बाल श्रम निषेध दिवस पर बच्चों से उनकी समस्याओं के बारे में जानकारी लेते हुए बाल श्रम न कराए जाने पर जोर दिया गया।

## जिला अस्पताल में आए दिन हो रही चोरी की घटनाएं

**उन्नाव।** जिला अस्पताल चोरी का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है यहां आएदिन को चोरी की घटनाएं हो रही हैं जबकि एक चौकीदार की तैनाती भी है। विभाग द्वारा चोरी हो जाने के बाद खानापूर्ति के लिए चौकी में तहरीर दे दी जाती है ताकि उच्चाधिकारियों की तरफ से कोई कार्रवाई न हो। पंडित उमाशंकर दीक्षित संयुक्त चिकित्सालय के पुरुष विभाग में एक माह में लाखों की चोरी हो चुकी हैं लेकिन घटनाओ के बाद भी जिम्मेदार अधिकारी चुप्पी साधे बैठे हैं। चोरी की घटना के बाद विभाग द्वारा कोई कार्यवाही न करना चर्चा का विषय बना हुआ है। चोरी की घटनाएं बंद होने का नाम नहीं ले रही हैं। सोमवार रात ब्लड बैंक से एसी आउटडोर चोरी होने के बाद मंगलवार ट्रॉमा सेंटर में हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉक्टर मनोज कुमार के कक्ष में लगी एसी का आउटडोर चोरों ने पार कर दिया। उसके बाद जानकारी यह भी मिल रही है कि मंगलवार शाम को ही पर्चा काउंटर से दो मोटरसाइकिल और जनरेटर रुम कक्ष के सामने से एक खड़ा आटो भी चोरी होने की घटना भी अस्पताल मे चर्चा का विषय बना हुई है और स्वास्थ्य विभाग के जिम्मेदार अपनी कमियों को छुपाने में लगे हुए हैं। अस्पताल चौकी को चोरों ने खुला चैलेंज दे रहे हैं और चोर पुलिस की पकड़ से दूर हैं।

# दुर्गा मंदिर की ग्रिल तोड़कर साउण्ड सिस्टम व कीमती सामान चोरी

**अवधनामा संवाददाता**

**उन्नाव।** सदर कोतवाली क्षेत्र के मगरवारा गांव स्थित गोकुल बाबा प्रांगण में बने दुर्गा मंदिर में चोरियों का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। बीतीरात एक बार फ़िर चोरों ने मंदिर की ग्रिल तोड़कर साउंड सिस्टम समेत अन्य कीमती समान पार कर दिया। कोतवाल ने पुजारी की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर जल्द खुलासे की बात कही है। एक सप्ताह के अंदर दूसरी बार चोरी से श्रद्धालुओं में आक्रोश है। बता दें कि मगरवारा गांव स्थित प्रसिद्ध गोकुल बाबा मंदिर के पास स्थित दुर्गा मंदिर में बीते गुरुवार को चोरों ने दानपात्र का ढक्कन तोड़कर नगदी पार कर दी थी। इस घटना को अभी एक सप्ताह ही हुआ कि मंगलवार-बुधवार की रात चोरों ने ग्रिल तोड़ कर मंदिर के साउंड सिस्टम समेत अन्य कीमती सामान पार कर दिया। गुरुवार सुबह देवीखेड़ा गांव निवासी पुजारी निर्भय कुमार मंदिर पहुंचा तो वहां का नजारा देख दंग रह गया। उसने बिना ताला खोले सबसे पहले मगरवारा चौकी पुलिस को जानकारी दी। पुलिस ने मौके पर पहुंच जांच पड़ताल करते हुए आस-पास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी देखी। पुजारी निर्भय कुमार के मुताबिक पिछली चोरी के बाद तहरीर पुलिस को दी गई थी। चौकी प्रभारी ने दबाव बनाकर दानपात्र में थोड़ी बहुत धनराशि होने की बात लिखवा ली थी।

# दलित परिवार को भण्डारे में प्रसाद खाने व मंदिर में प्रवेश से रोकने का आरोप

**अवधनामा संवाददाता**

■ पीड़ित की तहरीर पर दलित उत्पीड़न का केस दर्ज कर एक को किया गिरफ्तार

**उन्नाव।** कोतवाली बांगरमऊ क्षेत्र के आसत मोहिउद्दीनपुर गांव से जातीय भेदभाव का एक संवेदनशील मामला सामने आया है। दलित परिवार के अनुसार, उनके बेटे को भंडारे में प्रसाद खाने से रोका गया और बेटी को मंदिर में पूजा करने से मारा-पीटा गया। शिकायत पर पुलिस ने एससी/एसटी एक्ट समेत अन्य धाराओं में केस दर्ज कर एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। बीते दिवस मंगलवार को गांव में भंडारा आयोजित किया गया था। आयोजन के दौरान प्रदीप कुमार का बेटा सुमित जब प्रसाद लेने पहुंचा तो आयोजकों ने उसे जातिसूचक गालियां देते हुए भगा दिया। अगले दिन जब प्रदीप की बेटी पूजा करने मंदिर पहुंची तो उसे भी मंदिर में घुसने से रोक दिया गया और अपमानजनक शब्द कहे गए। विरोध करने पर पूरे परिवार के साथ अभद्रता की गई। पीड़ित परिवार ने कहा कि उन्हें बार-बार जाति के नाम पर अपमानित किया जा रहा है। पिता प्रदीप ने कहा अगर हमें न्याय नहीं मिला, तो हम धर्म परिवर्तन करने पर मजबूर हो जाएंगे। वहीं, मां सुषमा ने बताया कि उनकी बेटी को मंदिर में प्रवेश से रोका गया और गालियां दी गई। बांगरमऊ कोतवाली प्रभारी चंद्रकांत सिंह ने बताया कि मामले में प्राथमिकी दर्ज की गई है और आरोपी प्यारेलाल को गिरफ्तार कर लिया गया है। अन्य आरोपियों की तलाश की जा रही है। वीडियो साक्ष्य की भी जांच की जा रही है। वहीं इस मामले में आरोपी पक्ष ने अपने ऊपर लगे सभी आरोपों को निराधार बताया है। आरोपियों ने कहा है कि भंडारे में किसी के साथ जातिगत भेदभाव नहीं किया गया। आरोप लगाने वाले लोग पहले से ही हमसे द्वेष रखते हैं और इसी कारण झूठे आरोप लगाकर हमें फंसाने की साजिश कर रहे हैं। हमें फर्जी मुकदमे में फंसाकर बदनाम किया जा रहा है। आरोपी पक्ष ने इस मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की है और कहा है कि उन्हें भी अपनी बात रखने का मौका मिलना चाहिए। घटना के बाद गांव में तनाव का माहौल है। एहतियातन पुलिस बल तैनात कर दिया गया है। प्रशासन का कहना है कि दोनों पक्षों की बातों की जांच कर निष्पक्ष कार्रवाई की जाएगी।

## भांबरी-गैलोवे की जोड़ी बॉस ओपन टेनिस से बाहर

**नई दिल्ली।** युकी और गैलोवे की जोड़ी को मैक्सिको के सैंटियागो गोंजालेस और अमेरिका के आस्टिन क्राइसेक के हाथों 6-7, 6-7 से पराजय मिली। भारत के नंबर एक युगल खिलाड़ी युकी भांबरी और अमेरिका के रॉबर्ट गैलोवे को बॉस ओपन टेनिस प्री क्वार्टर फाइनल में पराजय का सामना करना पड़ा। युकी और गैलोवे की जोड़ी को मैक्सिको के सैंटियागो गोंजालेस और अमेरिका के आस्टिन क्राइसेक के हाथों 6-7, 6-7 से पराजय मिली। भारत के रोहन बोपन्ना और एन श्रीराम बालाजी भी अपने-अपने जोड़ीदारों के साथ यह टूर्नामेंट खेल रहे हैं। बालाजी और मैक्सिको के मिगुल रेयेस वारेला का सामना फ्रांस के दूसरी वरीयता प्राप्त सादियो दुम्बिया और फेबियन रेबाउल से होगा। वहीं बोपन्ना और बेल्जियम के सैंडर जाइल की टक्कर जर्मनी के जैकब श्नाइटर और मार्क वालनेर से होगी।

## इंग्लैंड में 145 साल के टेस्ट इतिहास में पहली बार! ऑस्ट्रेलिया-द.अफ्रीका ने बनाया यह अनचाहा रिकॉर्ड




**लंदन।** विश्व टेस्ट चैंपियनशिप 2023-25 फाइनल के पहले दिन लॉर्ड्स में तेज गेंदबाजों का बोलबाला रहा। कगिसो रबाडा (51 रन पर पांच विकेट) और मार्को यानसेन (49 रन पर तीन विकेट) की धारदार गेंदबाजी से ऑस्ट्रेलिया को 212 रन पर समेटने के बाद दक्षिण अफ्रीका की भी शुरुआत खराब रही और उसने पहले दिन का खेल खत्म होने तक 43 रन पर चार विकेट गंवा दिए हैं। मिचेल स्टार्क (10 रन पर दो विकेट) ने दोनों सलामी बल्लेबाजों एडेन मार्करम (00) और रेयान रिकेल्टन (16) को जल्दी पवेलियन भेजकर ऑस्ट्रेलिया को अच्छी शुरुआत दिलाई। कप्तान पैट कमिंस (14 रन पर एक विकेट) और जोश हेजलवुड (10 रन पर एक विकेट) ने भी एक-एक विकेट चटकाया। पहले दिन ही एक ऐसा अनचाहा रिकॉर्ड बना जो इंग्लैंड में टेस्ट क्रिकेट के 145 साल के इतिहास में नहीं बना था। दरअसल, इंग्लैंड में टेस्ट क्रिकेट 1880 से खेला जा रहा है। तब से इस फाइनल से पहले तक इस देश में 561 टेस्ट हुए, लेकिन कभी यह रिकॉर्ड नहीं बना। अब फाइनल में पहली बार ऐसा हुआ है कि इंग्लैंड में किसी टेस्ट में दोनों टीमों का पहले नंबर का बल्लेबाज (पहली गेंद पर स्ट्राइक लेने वाला बल्लेबाज) अपनी-अपनी पहली पारी में खाता नहीं खोल सका हो। बुधवार को ऑस्ट्रेलिया के उस्मान ख्वाजा शून्य पर आउट हुए थे। उन्हें रबाडा ने पवेलियन भेजा था। इसके बाद दक्षिण अफ्रीका की पहली पारी में एडेन मार्करम भी खाता नहीं खोल पाए। यह अनचाहा रिकॉर्ड इंग्लैंड में 145 साल के टेस्ट क्रिकेट के इतिहास में पहली बार बना। ओवरऑल (सभी देशों को मिलाकर) ऐसा 10वीं बार हुआ है।

पहले दिन का खेल खत्म होने पर दक्षिण अफ्रीका के डेविड बेडिंघम आठ, जबकि कप्तान तेम्बा बावुमा तीन रन बनाकर खेल रहे थे। दक्षिण अफ्रीका की टीम अब भी ऑस्ट्रेलिया से 169 रन से पीछे है। ऑस्ट्रेलिया को इससे पहले ब्यू वेबस्टर (72 रन, 92 गेंद, 11 चौके) और स्टीव स्मिथ (66 रन, 112 गेंद, 10 चौके) ने पांचवें विकेट के लिए 79 रन की साझेदारी करके उस समय मुश्किल से उबारा जब टीम 67 रन पर चार विकेट गंवा चुकी थी।

# शूटिंग विश्व कप में मनु भाकर फाइनल में पदक से चूकीं, चैन सिंह सातवें स्थान पर रहे

**म्यूनिख।** मनु भाकर 25 मीटर पिस्टल में आठ निशानेबाजों के फाइनल में छठे स्थान पर रहीं। चैन सिंह आठ निशानेबाजों के पदक राउंड में सातवें स्थान पर रहे।

पेरिस ओलंपिक की पदक विजेता मनु भाकर और सीनियर निशानेबाज चैन सिंह ने यहां चल रहे आईएसएसएफ विश्व कप में अपनी-अपनी स्पर्धाओं के फाइनल में जगह बनाई लेकिन पोडियम स्थान हासिल नहीं कर सके जिससे भारत बुधवार को एक भी पदक नहीं जीत पाया।ओलंपिक में दो कांस्य पदक जीतने वाली निशानेबाज मनु भाकर 25 मीटर पिस्टल में आठ निशानेबाजों के फाइनल में छठे स्थान पर रहीं। इससे पहले क्वालिफाइंग दौर में उन्होंने 588 के कुल स्कोर के साथ पांचवां स्थान हासिल किया था। चैन सिंह ने क्वालिफिकेशन राउंड में अच्छे स्कोर के आधार पर पुरुषों की 50 मीटर राइफल 3-पोजिशन स्पर्धा के फाइनल में जगह बनाई,



लेकिन आठ निशानेबाजों के पदक राउंड में सातवें स्थान पर रहे।

मंगलवार को भारत ने महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल स्पर्धा में कांस्य पदक जीता था। उसे यह पदक एलावेनिल वलारिवान ने दिलाया था। मनु भाकर ने प्रिसिशन में 290 और रैपिड फायर राउंड में शानदार प्रदर्शन करके 298 अंक हासिल किए थे लेकिन फाइनल में उनका प्रदर्शन अपेक्षानुरूप नहीं रहा। चीन की सुन युजी ने 38 अंकों के साथ स्वर्ण पदक जीता, जबकि कोरिया की ओह येजिन और यांग जिन ने क्रमशः 36 और 32 अंकों के साथ रजत और कांस्य पदक हासिल किया।

भाकर तीसरे एलिमिनेशन राउंड से आगे नहीं बढ़ सकीं और उन्होंने 20 अंकों के साथ अपने अभियान का समापन किया। एशियाई खेलों के पदक विजेता और हाल ही में अर्जेंटीना के ब्यूनस आयर्स में आईएसएसएफ विश्व कप में कांस्य पदक जीतने वाले चैन सिंह ने 592 अंकों के साथ छठे स्थान पर रहते हुए फाइनल के लिए क्वालिफाई किया।

लेकिन फाइनल में वह शुरू में ही लड़खड़ा गए और बाहर होने वाले दूसरे प्रतियोगी बने। इस स्पर्धा में भाग लेने वाले अन्य भारतीय, पेरिस ओलंपिक के कांस्य पदक विजेता स्वप्निल कुसाले और अंकुश जाधव 587 और 580 अंक लेकर क्रमशः 38वें और 67वें स्थान पर रहे।

## हिमाचल की बेटियों ने बीच कबड्डी में जीता रजत, आंध्र प्रदेश में खेली गई राष्ट्रीय



**घुमारवीं (बिलासपुर)।** आंध्र प्रदेश में आयोजित 12वीं राष्ट्रीय बीच कबड्डी चैंपियनशिप में हिमाचल प्रदेश की महिला टीम ने रजत पदक पर कब्जा जमाया है। हिमाचल की बेटियों ने आंध्र प्रदेश के मछलीपट्टनम स्थित मांगीनापुड़ी बीच पर आयोजित 12वीं राष्ट्रीय बीच कबड्डी चैंपियनशिप में हिमाचल प्रदेश की महिला टीम ने दमदार प्रदर्शन करते हुए रजत पदक पर कब्जा जमाया है।

फाइनल में हिमाचल का मुकाबला हरियाणा से हुआ, जिसमें हरियाणा की टीम ने 47 अंक बनाए जबकि हिमाचल 35 अंकों पर सिमट गई। इससे पहले सेमीफाइनल में हिमाचल ने पंजाब को एकतरफा मुकाबले में हराकर फाइनल में जगह बनाई थी। वहीं हरियाणा ने उत्तर प्रदेश को हराकर फाइनल में प्रवेश किया था। हिमाचल की टीम में बिलासपुर की किरण ठाकुर ने बतौर कप्तान शानदार नेतृत्व किया। उनके साथ तनु ठाकुर, निकिता चौहान, शगुन नायक, अदिति शुप्टा और जसप्रीत कौर ने भी उम्दा प्रदर्शन किया।

टीम के साथ पवना नेगी मैनेजर और विलम ठाकुर कोच के रूप में मौजूद रहे। हिमाचल प्रदेश कबड्डी एसोसिएशन के अध्यक्ष राजकुमार ब्रांटा, महासचिव कृष्ण लाल, डॉ. गोपाल दास्ता, विजय पाल चंदेल और बीएल धर्माणी ने टीम को बधाई दी।

# विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के लिए प्राइज मनी में बढ़ोतरी

**नई दिल्ली।** आईसीसी ने इस साल विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के लिए प्राइज मनी में बढ़ोतरी की थी। इस साल विजेता टीम तो मालामाल होगी ही, साथ ही उपविजेता टीम को भी साल 2023 में विजेता टीम को मिली राशि से ज्यादा रुपये मिलेंगे।

हालांकि, क्या आपको पता है कि इस चक्र में तीसरे स्थान पर रहने वाली भारतीय टीम पर भी पैसों की बरसात होगी। उन्हें भी जितनी राशि मिलेगी, वह 2023 में डब्ल्यूटीसी फाइनल जीतने वाली ऑस्ट्रेलियाई टीम की राशि के करीब है। वहीं, इस चक्र में सबसे फिसड्डी रही पाकिस्तान की टीम को सबसे कम राशि मिलेगी। डब्ल्यूटीसी में नौ टीमें हिस्सा लेती हैं और अंक प्रतिशत के आधार पर शीर्ष दो पर रहने वाली टीम फाइनल खेलती है।

**विजेता-उप-विजेता को कितनी राशि?**

आईसीसी ने विजेता टीम के लिए जो राशि तय की है, वह पिछले संस्करण से दोगुनी है। इस बार विजेता टीम को बंपर पैसे मिलेंगे और आईपीएल विजेता से भी ज्यादा मिलेंगे। इस साल विजेता टीम को 3.6 मिलियन यूएस डॉलर यानी 30.79 करोड़ रुपये मिलेंगे। वहीं, ऑस्ट्रेलिया ने जब 2023 में फाइनल जीता था तो उन्हें 1.6 मिलियन डॉलर यानी 13.69 करोड़ रुपये मिले थे। फाइनल में हारने वाली टीम यानी उप विजेता को 2.1 मिलियन अमेरिकी डॉलर (17.96 करोड़ रुपये) मिलेंगे, जो कि पिछले दो बार की विजेता राशि से भी ज्यादा है। वहीं, पिछले दो संस्करणों के उपविजेता को 800,000 अमेरिकी डॉलर यानी 6.84 करोड़ रुपये मिले थे।

**भारतीय टीम को इतने रुपये मिलेंगे**

वहीं, विश्व टेस्ट चैंपियनशिप 2023-25 चक्र में अंक तालिका में तीसरे स्थान पर टीम इंडिया रही थी। उन्हें इनाम के तौर 1.4 मिलियन डॉलर यानी 12.31 करोड़ रुपये मिलेंगे।




चौथे स्थान पर न्यूजीलैंड की टीम रही और उन्हें 1.2 मिलियन डॉलर यानी 10.26 करोड़ रुपये मिलेंगे। पांचवें स्थान पर इंग्लैंड की टीम रही और उन्हें 0.96 मिलियन डॉलर यानी 8.20 करोड़ रुपये मिलेंगे। छठे स्थान पर श्रीलंका की टीम रही और उन्हें 0.84 मिलियन डॉलर यानी 7.18 करोड़ रुपये मिलेंगे।

**पाकिस्तान को मिलेंगे इतने रुपये**

सातवें स्थान पर रहने वाली बांग्लादेश की टीम को 0.72 मिलियन डॉलर यानी 6.15 करोड़ रुपये, आठवें स्थान पर रहने वाली वेस्टइंडीज टीम को 0.6 मिलियन डॉलर यानी 5.13 करोड़ रुपये और सबसे आखिरी यानी नौवें स्थान पर रहने वाली पाकिस्तान की टीम को 0.48 मिलियन डॉलर यानी 4.10 करोड़ रुपये मिलेंगे। भारत को पाकिस्तान को मिलने वाली राशि से तीन गुना ज्यादा रुपये मिलेंगे।

**वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप 2023-25 की इनाम राशि**

| स्थान | टीम | इनाम राशि (मिलियन USD) | इनाम राशि (करोड़ रुपये) |
|---|---|---|---|
| विजेता | ऑस्ट्रेलिया/द. अफ्रीका | 3.6 | 30.79 |
| उपविजेता | ऑस्ट्रेलिया /द. अफ्रीका | 2.1 | 17.96 |
| तीसरा | भारत | 1.4 | 12.31 |
| चौथा | न्यूज़ीलैंड | 1.2 | 10.26 |
| पांचवां | इंग्लैंड | 0.96 | 8.20 |
| छठा | श्रीलंका | 0.84 | 7.18 |
| सातवां | बांग्लादेश | 0.72 | 6.15 |
| आठवां | वेस्टइंडीज | 0.60 | 5.13 |
| नौवां | पाकिस्तान | 0.48 | 4.10 |

**राशि बढ़ाने के पीछे आईसीसी का मकसद**

आईसीसी के प्राइज मनी को बढ़ाने के पीछे का मकसद टेस्ट क्रिकेट को और रोमांचक बनाना है ताकि टीमें तालिका में ऊपर आने के लिए कड़ी प्रतिस्पर्धा करें और बेहतर इनाम जीतने की कोशिश करें। इससे टीमें अंत अंत तक खुद को ऊपर लाने की कोशिश करेंगी। इस 2023-25 डब्ल्यूटीसी चक्र में दक्षिण अफ्रीका की टीम 69.44 अंक प्रतिशत के साथ शीर्ष पर रही थी, जबकि ऑस्ट्रेलियाई टीम 67.54 अंक प्रतिशत के साथ दूसरे स्थान पर रही। भारत का अंक प्रतिशत इस चक्र में 50.00 रहा। भारतीय टीम अब अपने 2025-27 चक्र की शुरुआत इंग्लैंड के खिलाफ 20 जून से पांच मैचों की टेस्ट सीरीज से करेगी।

## सितारे जमीन पर के बाद रजनीकांत की फिल्म में नजर आएंगे आमिर खान, एक्टर ने खुद किया खुलासा



**नई दिल्ली।** आमिर खान इन दिनों फिल्म सितारे जमीन पर के प्रमोशन में बिजी हैं। फिल्म का ट्रेलर रिलीज हो चुका है। दर्शकों को आमिर खान की फिल्म का बेसब्री से इंतजार है। फिल्म 20 जून को रिलीज होने वाली है। हाल ही में आमिर खान ने बताया है कि वह सितारे जमीन पर के बाद किस फिल्म में नजर आएंगे। आइए इस बारे में जानते हैं।

**कुली में नजर आएंगे आमिर खान**

आमिर खान ने जूम टीवी के साथ बातचीत में बताया है कि वह रजनीकांत की फिल्म कुली में नजर आएंगे। आमिर खान ने बताया है कि वह इस फिल्म में कैमियो रोल करेंगे। आमिर खान के मुताबिक वह रजनीकांत के इतने बड़े फैन हैं कि उन्होंने स्क्रिप्ट भी नहीं पढ़ी और उस रोल के लिए हां बोल दिया।

**इस तारीख को रिलीज होगी कुली**

साउथ के सुपरस्टार रजनीकांत की फिल्म कुली को लेकर फैंस काफी उत्साहित हैं। यह फिल्म एक्शन थ्रिलर फिल्म है। फिल्म का निर्देशन लोकेश कनगराज कर रहे हैं। आईएमडी के मुताबिक यह फिल्म 14 अगस्त 2025 को रिलीज होने वाली है। पहले खबरें थीं कि इस फिल्म में आमिर खान नजर आ सकते हैं लेकिन अब आमिर खान ने खुद इस बात से पर्दा हटा दिया है।

सितारे जमीन पर के बारे में

सिनेमाघरों में आने को तैयार फिल्म सितारे जमीन पर में आमिर खान ने एक बॉस्केटबॉल कोच की भूमिका निभाई है। इस फिल्म में वह 10 दिव्यांग बच्चों को बॉस्केटबॉल सिखाएंगे। फिल्म में जेनेलिया देशमुख भी होंगी। यह फिल्म स्पैनिश फिल्म चैंपियंस की रीमेक है। इस फिल्म से अरुष दत्ता, गोपी कृष्ण वर्मा, संवित देसाई, वेदांत शर्मा, आयुष भंसाली, आशीष पेंडसे, ऋषि शाहनी, ऋषभ जैन, नमन मिश्रा और सिमरन मंगेशकर हिंदी सिनेमा में डेब्यू कर रहे हैं। फिल्म 20 जून को रिलीज होने वाली है।

बताया जाता है कि आमिर खान इस फिल्म की रिलीज के बाद दादा साहब फाल्के की बायोपिक पर काम करेंगे।

# राम चरण की फिल्म के सेट पर हादसे में कितना नुकसान

## लीड एक्टर निखिल ने बताई आपबीती

**नई दिल्ली।** राम चरण की फिल्म 'द इंडिया हाउस' के सेट पर बड़ा हादसा हो गया। अब इस मामले पर फिल्म के लीड एक्टर ने अपना रिएक्शन दे दिया है। उन्होंने बताया है कि इस हादसे में कितना नुकसान हो गया है।

साउथ एक्टर राम चरण के प्रोडक्शन में बनने वाली फिल्म 'द इंडिया हाउस' के सेट से गुरुवार को एक बड़ी घटना सामने आई, जिसने फैंस और फिल्म जगत को चौंका दिया। निखिल सिद्दार्थ स्टारर इस फिल्म की शूटिंग के दौरान सेट पर पानी का टैंक फट गया, जिससे पूरी लोकेशन जलमग्न हो गई। इस घटना के वीडियो भी सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहे हैं। अब इस पूरे मामले पर अभिनेता निखिल का रिएक्शन आया है। उन्होंने बताया है कि इस हादसे में कितना नुकसान हुआ है।

**सेट पर पानी से मची तबाही**

हैदराबाद के शमशाबाद में बने इस फिल्म सेट पर उस वक्त अफरातफरी मच गई जब अचानक एक बड़ा वाटर टैंक फट गया और तेज धार के साथ पानी सेट पर बहने लगा। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे वीडियोज में देखा जा सकता है कि क्रू के सदस्य जान बचाकर इधर-उधर भागते नजर आ रहे हैं, वहीं कुछ लोग महंगे फिल्म उपकरणों को बचाने की कोशिश करते दिखे।

> जगत
>
> **साउथ एक्टर राम चरण के प्रोडक्शन में बनने वाली फिल्म 'द इंडिया हाउस' के सेट से गुरुवार को एक बड़ी घटना सामने आई, जिसने फैंस और फिल्म जगत को चौंका दिया।**

**निखिल सिद्दार्थ ने दी जानकारी**



फिल्म के लीड एक्टर निखिल सिद्धार्थ ने सोशल मीडिया के जरिए इस हादसे की पुष्टि करते हुए बताया कि घटना भयानक जरूर थी, लेकिन भगवान की कृपा और सतर्क क्रू की वजह से किसी की जान नहीं गई। उन्होंने लिखा, 'हम सभी सुरक्षित हैं। कभी-कभी बेहतरीन सिनेमाई अनुभव देने के लिए जोखिम लेना पड़ता है। आज हम एक बड़े हादसे से बचे। महंगे उपकरण जरूर खराब हो गए, लेकिन इंसानी नुकसान नहीं हुआ, इसके लिए ईश्वर का धन्यवाद।'

**प्रोड्यूसर की ओर से भी बयान जारी**

फिल्म के को-प्रोड्यूसर अभिषेक अग्रवाल ने भी ट्वीट करके कहा कि सेट पर एक हादसा जरूर हुआ, लेकिन सेट पर मौजूद सभी लोग पूरी तरह सुरक्षित हैं। साथ ही राम चरण की प्रोडक्शन कंपनी ने भी दोनों पोस्ट को रीट्वीट करके हालात को स्पष्ट किया।

**कुछ लोग हुए मामूली घायल**

घटना के दौरान कुछ क्रू मेंबर को हल्की चोटें आई हैं, लेकिन किसी को गंभीर रूप से नुकसान नहीं पहुंचा है। सेट को हुए नुकसान के कारण शूटिंग फिलहाल के लिए रोक दी गई है। सेट को फिर से तैयार करने और उपकरणों की मरम्मत में समय लग सकता है।

**क्या है फिल्म की कहानी?**

बता दें द इंडिया हाउस का निर्देशन राम वंसी कृष्णा कर रहे हैं और इसे राम चरण और अभिषेक अग्रवाल मिलकर प्रोड्यूस कर रहे हैं। ये फिल्म भारत के 1905 के दौर की पृष्ठभूमि पर आधारित है और देशभक्ति से जुड़ी एक अनकही कहानी को दिखाने का वादा करती है।

निखिल सिद्दार्थ ने एक इंटरव्यू में कहा था कि फिल्म की कहानी कुछ छात्रों की जिंदगी के इर्द-गिर्द घूमती है और यह प्रोजेक्ट उनके लिए बहुत खास है।

## हादसे पर बोलीं परिणीति- परिवार का दर्द बयां करना मुश्किल, जान्हवी ने की प्रार्थना



**नई दिल्ली।** अहमदाबाद एयरपोर्ट के पास भीषण विमान हादसा हुआ है। मेघाणी में एयरपोर्ट के पास 242 यात्रियों वाली एअर इंडिया फ्लाइट क्रैश हुई है। फिल्मी सितारों ने हादसे पर दुख जताया है।

अहमदाबाद एयरपोर्ट के पास भीषण विमान हादसा हुआ है। मेघाणी में एयरपोर्ट के पास 242 यात्रियों वाली एअर इंडिया फ्लाइट क्रैश हुई है। इस हादसे से हर कोई स्तब्ध है। फिल्मी सितारों ने भी प्रतिक्रिया देते हुए दुख जताया है और विमान में सवार यात्रियों एवं क्रू लिए सलामती की दुआ की है।

**परिणीति बोलीं- कल्पना करना मुश्किल**

अभिनेत्री परिणीति चोपड़ा ने विमान हादसे पर प्रतिक्रिया देते हुए इंस्टाग्राम स्टोरी शेयर की है। उन्होंने लिखा है, एयर इंडिया विमान हादसे के बाद परिवारों के दुख की कल्पना करना भी बहुत मुश्किल है। ईश्वर से प्रार्थना है कि सभी को ताकत और हिम्मत दें।

**रितेश देशमुख बोले- सुनकर टूट गया हूं**

रितेश देशमुख ने भी एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर पोस्ट शेयर किया है। उन्होंने लिखा है, अहमदाबाद में हुए विमान हादसे की दुखद खबर सुनकर मैं पूरी तरह से टूट गया हूं। दुखी हूं। मेरी संवेदनाएं सभी यात्रियों, उनके परिवारों और प्रभावित सभी लोगों के साथ हैं। इस बेहद कठिन समय में मैं उन सभी के लिए प्रार्थना करता हूं।

# हादसे पर बोलीं परिणीति- परिवार का दर्द बयां करना मुश्किल, जान्हवी ने की प्रार्थना

**नई दिल्ली।** अहमदाबाद एयरपोर्ट के पास भीषण विमान हादसा हुआ है। मेघाणी में एयरपोर्ट के पास 242 यात्रियों वाली एअर इंडिया फ्लाइट क्रैश हुई है। फिल्मी सितारों ने हादसे पर दुख जताया है।

अहमदाबाद एयरपोर्ट के पास भीषण विमान हादसा हुआ है। मेघाणी में एयरपोर्ट के पास 242 यात्रियों वाली एअर इंडिया फ्लाइट क्रैश हुई है। इस हादसे से हर कोई स्तब्ध है। फिल्मी सितारों ने भी प्रतिक्रिया देते हुए दुख जताया है और विमान में सवार यात्रियों एवं क्रू लिए सलामती की दुआ की है।

**परिणीति बोलीं- कल्पना करना मुश्किल**

अभिनेत्री परिणीति चोपड़ा ने विमान हादसे पर प्रतिक्रिया देते हुए इंस्टाग्राम स्टोरी शेयर की है। उन्होंने लिखा है, एयर इंडिया विमान हादसे के बाद परिवारों के दुख की कल्पना करना भी बहुत मुश्किल है। ईश्वर से प्रार्थना है कि सभी को ताकत और हिम्मत दें।



**रितेश देशमुख बोले- सुनकर टूट गया हूं**

रितेश देशमुख ने भी एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर पोस्ट शेयर किया है। उन्होंने लिखा है, अहमदाबाद में हुए विमान हादसे की दुखद खबर सुनकर मैं पूरी तरह से टूट गया हूं। दुखी हूं। मेरी संवेदनाएं सभी यात्रियों, उनके परिवारों और प्रभावित सभी लोगों के साथ हैं। इस बेहद कठिन समय में मैं उन सभी के लिए प्रार्थना करता हूं।

**जान्हवी कपूर ने की प्रार्थना**

अभिनेत्री जान्हवी कपूर ने भी दुख जताया है। उन्होंने लिखा है, अहमदाबाद से उड़ान भरने के कुछ ही देर बाद एयर इंडिया की फ्लाइट के दुर्घटनाग्रस्त होने की खबर सुनकर मैं स्तब्ध हूं। ऐसी त्रासदियों का दुख शब्दों में बयां करना असंभव है। यात्रियों, चालक दल और हर प्रभावित परिवार के लिए दिल से प्रार्थना कर रही हूं।

**सनी देओल बोले- स्तब्ध हूं**

अभिनेता सनी देओल ने पोस्ट शेयर कर लिखा है, अहमदाबाद में विमान दुर्घटना की खबर सुनकर स्तब्ध हूं। मैं पूरे दिल से हादसे की चपेट में आए यात्रियों और उनके परिवारों के लिए प्रार्थना कर रहा हूं। सभी सुरक्षित रहें, उन्हें उचित देखभाल मिले, जिसकी उन्हें जरूरत है। जिन लोगों ने अपनी जान गंवाई है, उनकी आत्मा को शांति मिले और उनके परिवारों को इस अकल्पनीय समय में शक्ति मिले।

**सोनू सूद ने किया पोस्ट**

एक्टर सोनू सूद ने पोस्ट शेयर कर लिखा है, लंदन के लिए उड़ान भरने के बाद अहमदाबाद में दुर्घटनाग्रस्त हुए एयर इंडिया के विमान में सवार यात्रियों के लिए प्रार्थना।

## नागार्जुन के फैंस के लिए खुशखबरी, खास दिन सिनेमाघरों में री-रिलीज होगी रगड़ा



साउथ अभिनेता नागार्जुन अक्किनेनी की 2010 में रिलीज हुई फिल्म रगड़ा को एक बार फिर से सिनेमाघरों री-रिलीज किया जा रहा है। साउथ अभिनेता नागार्जुन अक्किनेनी इन दिनों अपनी आगामी फिल्म कुबेर को लेकर चर्चा में बने हुए हैं। वहीं इसी बीच उनकी एक पुरानी ब्लॉकबस्टर फिल्म रगड़ा इस खास दिन सिनामाघरों में फिर से रिलीज की जा रही है।

**रगड़ा फिर से होगी रिलीज**

123 तेलुगु डॉट कॉम की एक खबर के मुताबिक, निर्देशक वीरु पोटला की फिल्म %रगड़ा% फिर से सिनामाघरों में रिलीज की जा रही है। 2010 में रिलीज हुई वीरू पोटला की फिल्म %रगड़ा% को अब शानदार 4य क्वालिटी में फिर से सिनेमाघरों में दिखाया जाएगा। नागार्जुन के जन्मदिन के मौके पर %रगड़ा% को 29 अगस्त 2025 को दोबारा रिलीज किया जा रहा है, जो उनके फैंस के लिए खास गिफ्ट होगा।

**फिल्म रगड़ा**

फिल्म रगड़ा में नागार्जुन अक्किनेनी के अवाला अनुष्का शेट्टी और प्रियामणि ने मुख्य भूमिकाएं निभाई थीं। फिल्म अपने रोमांचक ट्विस्ट, जोशीले संगीत और स्टाइलिश अंदाज के लिए जानी जाती है। इस फिल्म में थमन ने संगीत दिया है।

**फिल्म कुबेर**

नागार्जुन एक्टर धनुष की फिल्म कुबेर के साथ बड़े पर्दे पर वापसी कर रहे हैं, जो 20 जून 2025 को रिलीज होगी। इस फिल्म में धनुष और नागार्जुन के अलावा रश्मिका मंदाना भी अहम भूमिका में नजर आएंगी।

# आसिम मुनीर को यूएस आर्मी डे में बुलाया जाना भारत के लिए बड़ा झटका



**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता ने आगे कहा कि असिम मुनीर को 14 जून को आयोजित हो रहे यूएस आर्मी डे के लिए आमंत्रित किया गया है। ये वही आसिम मुनीर है, जिसने पहलगाम आतंकी हमले से कुछ दिन पहले ही भड़काऊ और विभाजनकारी बयान दिया था।

अमेरिका द्वारा भारत-पाकिस्तान को एक साथ जोड़े जाने पर कांग्रेस लगातार केंद्र सरकार पर हमलावर है। कांग्रेस ने इस मुद्दे पर प्रधानमंत्री से अपनी जिद छोड़ने और सर्वदलीय बैठक और संसद का विशेष सत्र बुलाने की मांग की है। कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने सोशल मीडिया पर साझा एक पोस्ट में लिखा कि ऐसी खबरें आ रही हैं कि पाकिस्तानी सेना के प्रमुख आसिम मुनीर को अमेरिका के आर्मी डे पर आमंत्रित किया गया है। यह खबर भारत के लिए कूटनीतिक के साथ ही रणनीतिक रूप से भी बड़ा झटका है। जयराम रमेश ने कहा कि भारतीय कूटनीति को अमेरिका से तीन बड़े झटके लगे हैं। यह हमारी अमेरिकी नीति पर गंभीर सवाल खड़े करते हैं। यह एक चेतावनी है। पहले अमेरिका के सेंट्रल कमांड प्रमुख जनरल माइकल कुरिल्ला ने पाकिस्तान को आतंकवाद के खिलाफ शानदार सहयोगी बताया। यह अमेरिका के शीर्ष सैन्य नेतृत्व की तरफ से अजीब बयान है।

कांग्रेस नेता ने आगे कहा कि दूसरा बड़ा झटका असिम मुनीर को 14 जून को आयोजित हो रहे यूएस आर्मी डे के लिए आमंत्रित किया जाना है। ये वही आसिम मुनीर है, जिसने पहलगाम आतंकी हमले से कुछ दिन पहले ही भड़काऊ और विभाजनकारी बयान दिया था। तीसरा झटका अमेरिकी विदेश विभाग का ताजा बयान है, जिसमें उन्होंने फिर से कहा कि भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्ष विराम राष्ट्रपति ट्रंप ने कराया। मोदी सरकार कह रही है कि ऑपरेशन सिंदूर अभी भी जारी है। ऐसी स्थिति में पाकिस्तानी सेना के प्रमुख का अमेरिका में आर्मी डे कार्यक्रम में बुलाया जाना गंभीर चिंता का विषय है। कांग्रेस ने ये भी कहा कि राष्ट्रपति ट्रंप लगातार भारत और पाकिस्तान को जोड़कर बयान दे रहे हैं। प्रधानमंत्री को अब अपनी जिद छोड़ देनी चाहिए और एक सर्वदलीय बैठक और संसद का विशेष सत्र बुलाया जाना चाहिए ताकि मौजूदा हालात पर एक मजबूत रोडमैप बनाया जा सके।

# बंगाल हिंसा में सांप्रदायिक एंगल होने का आरोप, विधानसभा में हुआ हंगामा, विधायकों का वॉकआउट

**कोलकाता।** भीड़ ने पुलिस के वाहन पर पथराव किया और एक पुलिस की गाड़ी के कांच भी तोड़ दिए। इस हमले में कई पुलिसकर्मी घायल हो गए, जिनमें एक महिला कांस्टेबल भी शामिल हैं, जिसके सिर में चोट लगी थी।

पश्चिम बंगाल के दक्षिण 24 परगना में हिंसा के बाद सुरक्षा के कड़े इंतजाम है। बुधवार को यहां पुलिस और असामाजिक तत्वों के बीच झड़प हुई थी। भाजपा नेता और नेता विपक्ष शुभेंदु अधिकारी ने हिंसा में सांप्रदायिक एंगल होने का आरोप लगाया है। उन्होंने दावा किया है कि हिंसा के दौरान शिव मंदिर में तोड़फोड़ की गई। शुभेंदु अधिकारी ने डायमंड हार्बर के एसपी और बंगाल के डीजीपी से अपील की है कि वे हिंसा प्रभावित महेशताला जाना चाहते हैं और वहां पीड़ित हिंदू परिवारों से मुलाकात करना चाहते हैं। शुभेंदु अधिकारी ने सोशल मीडिया पर साझा एक पोस्ट में लिखा कि %मैंने डायमंड हार्बर के एसपी और डीजीप से

**हिंसा**

**पश्चिम बंगाल के दक्षिण 24 परगना में हिंसा के बाद सुरक्षा के कड़े इंतजाम है। बुधवार को यहां पुलिस और असामाजिक तत्वों के बीच झड़प हुई थी।**



बात की है ताकि मैं और एक अन्य विधायक महेशताला जाकर उन हिंदू पीड़ित परिवारों से मिल सकें, जिन पर जिहादियों ने हमला किया और उनसे मिलकर उनके प्रति एकजुटता दिखा सकें। शुभेंदु अधिकारी का कहना है कि दक्षिण 24 परगना में हुई हिंसा में 30-35 पुलिसकर्मी घायल हुए हैं। पांच पुलिस वाहनों को आग लगा दी गई और तोड़फोड़ की गई। अराजक भीड़ ने पुलिस पर पथराव किया और पुलिस ने सफेद झंडे लहराए। यही मीडिया में चल रहा है। भाजपा नेता ने कहा कि अगर पुलिस कार्रवाई नहीं करेगी तो अदालत पैरामिलिट्री फोर्स को निर्देश देगी। पश्चिम बंगाल के दक्षिण 24 परगना में बुधवार को रवींद्रनगर इलाके में सोमवार को एक बड़ी हिंसा हुई। जहां भीड़ ने पुलिस पर हमला किया और वाहनों को तोड़ दिया और कई पुलिसकर्मियों को घायल कर दिया। यह घटना दो समूहों के बीच एक स्थानीय विवाद के बाद हुई। जानकारी के मुताबिक, भीड़ ने पुलिस के वाहन पर पथराव किया और एक पुलिस की गाड़ी के कांच भी तोड़ दिए। इस हमले में कई पुलिसकर्मी घायल हो गए, जिनमें एक महिला कांस्टेबल भी शामिल हैं, जिसके सिर में चोट लगी थी। कई अन्य पुलिसकर्मियों को भी पत्थर लगने से खून बहता हुआ देखा गया। दक्षिण 24 परगना में हुई हिंसा को लेकर विधानसभा में हंगामा हुआ और भाजपा विधायकों ने सदन से वॉकआउट किया। भाजपा विधायकों ने हिंसा के मुद्दे पर चर्चा के लिए स्थगन प्रस्ताव पेश किया था। स्पीकर के इनकार के बाद विधायकों ने हंगामा कर दिया और सदन से बाहर चले गए। शुभेंदु अधिकारी ने कहा, हिंदुओं पर अत्याचार हो रहा है।

## हादसे के बाद विचलित करने वाला मंजर आया सामने

**अहमदाबाद।** अहमदाबाद में हुए एअर इंडिया विमान हादसे के बाद घटनास्थल से विचलित करने वाला मंजर सामने आया है। हादसे के बाद राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (ह्ष्ठ्रक्रस्न) की टीमों को राहत और बचाव कार्य के लिए तैनात किया गया है। घटनास्थल पर विमान का मलबा और पीड़ितों की तस्वीरें अहमदाबाद विमान हादसे के बाद विचलित करने वाला मंजर सामने आया है। एअर इंडिया विमान संख्या- AI171 12 जून दुर्घटनाग्रस्त हुई। अहमदाबाद से लंदन गैटविक जा रहे विमान हादसे पर एअर इंडिया प्रवक्ता ने कहा कि विवरण का पता लगाया जा रहा है। विमान हादसे की शुरुआती तस्वीरों में देखा जा सकता है कि धुएं और आग का गुबार उठ रहा है। एअर इंडिया फ्लाइट अहमदाबाद के मेघाणीनगर में क्रैश हुई है। एअर इंडिया के चेयरमैन एन. चंद्रशेखरन ने भी विमान हादसे पर दुख जताया है।

## इस जगह राजा को ठिकाने लगाने की थी सोनम की योजना

**इंदौर।** सोनम ने राजा को कामाख्या मंदिर चलने के लिए मनाया था। उसने कहा था कि मंदिर में प्रसाद चढ़ाने के बाद ही उन दोनों की शादी पूर्ण होगी। उसने अपने प्रेमी राज के साथ मिलकर मेघालय के जंगलों में राजा को मारने की साजिश रची थी। इसलिए सोनम ने राजा को हनीमून के लिए गुवाहाटी और मेघालय चलने के लिए राजी किया था। इंदौर के कारोबारी राजा रघुवंशी की हत्या को सुलझाने में मेघालय पुलिस की एसआईटी के लिए नवदंपती का मेघालय यात्रा की कोई भी तस्वीर सोशल मीडिया पर पोस्ट न करना पहला सुराग साबित हुआ। दंपती के इस व्यवहार को अजीब मानते हुए एसआईटी ने 42 वीडियो फुटेज की जांच की और उनके व्यवहार पैटर्न और आवाजाही का अध्ययन किया।

# देशभर में मौसम की मार: कहीं झुलसाती गर्मी, कहीं बारिश की आफत

**नई दिल्ली।** दिल्ली-एनसीआर समेत उत्तर-पश्चिम और मध्य भारत पिछले कई दिनों से भीषण गर्मी की चपेट में है। वहीं, कर्नाटक और तेलंगाना में बारिश आफत बनी हुई है। मौसम विभाग ने कर्नाटक में भारी बारिश का रेड अलर्ट जारी किया है।

देश पिछले कई दिनों से मौसम की मार झेल रहा है। कहीं, झुलसी गर्मी पड़ रही है, तो कहीं बारिश आफत बनी हुई है। जहां एक तरफ, दिल्ली-एनसीआर समेत उत्तर-पश्चिम और मध्य भारत पिछले कई दिनों से भीषण गर्मी की चपेट में है। वहीं, दूसरी तरफ कर्नाटक और तेलंगाना में बारिश के बाद जलभराव की स्थिति बनी हुई है। मौसम विभाग ने कर्नाटक में भारी बारिश का रेड अलर्ट जारी किया है, जिसके चलते स्कूलों में एक दिन की छुट्टी की घोषणा की गई है। कर्नाटक और तेलंगाना में बारिश के चलते जलभराव की स्थिति बनी हुई है। कर्नाटक में हुबली के कुछ हिस्सों में बारिश के बाद जलभराव हो गया है। हुबली की संगम कॉलोनी और अरिहंत लेआउट में जलभराव की स्थिति है। वहीं, हैदराबाद के संतोष नगर और चंपापेट इलाकों में जलभराव हुआ है। मौसम विभाग ने कर्नाटक में भारी बारिश का रेड अलर्ट जारी किया है। आईएमडी ने 17 जून तक कर्नाटक के सभी जिलों में भारी बारिश की भविष्यवाणी की है। इसे देखते हुए हुए धारवाड़ जिले की उपायुक्त दिव्या ने पूरे जिले के सभी आंगनबाड़ियों, प्राथमिक और उच्च विद्यालयों, पीयू और डिग्री कॉलेजों में आज एक दिन की छुट्टी की घोषणा की है।

भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) द्वारा तटीय कर्नाटक में भारी बारिश जारी रहने की भविष्यवाणी के साथ दक्षिण कन्नड़ जिले के लिए ऑरेंज अलर्ट घोषित किया है। खराब मौसम को देखते हुए जिला अधिकारियों ने सभी आंगनवाड़ी केंद्रों, प्राथमिक और उच्च विद्यालयों (सरकारी, सहायता प्राप्त और निजी संस्थान) के लिए अवकाश की घोषणा

**बारिश**

**मौसम विभाग ने कर्नाटक में भारी बारिश का रेड अलर्ट जारी किया है। आईएमडी ने 17 जून तक कर्नाटक के सभी जिलों में भारी बारिश की भविष्यवाणी की है।**

की है। जिला और तालुक दोनों स्तरों के अधिकारियों को अपने-अपने मुख्यालयों में तैनात रहने और आपदा प्रबंधन प्रयासों का निर्बाध समन्वय सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है। आईएमडी के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. नरेश कुमार ने कहा कि उत्तर पश्चिम भारत में इस समय भीषण गर्मी पड़ रही है। अगले 3-4 दिनों में पंजाब, हरियाणा, राजस्थान, जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, उत्तरी मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश में लू चलने की संभावना है। पंजाब,




हरियाणा और राजस्थान अगले तीन दिनों तक रेड अलर्ट पर रहेंगे। दिल्ली-एनसीआर बुधवार और बृहस्पतिवार को रेड अलर्ट पर हैं उसके बाद 13 जून को ऑरेंज अलर्ट रहेगा। पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से 13 की रात से हल्की बारिश और आंधी-तूफान के बाद कुछ राहत मिल सकती है। दक्षिण-पश्चिम मानसून को लेकर भी अच्छी खबर है। लगभग दो हफ्ते के ठहराव के बाद बृहस्पतिवार से मानसून के फिर सक्रिय होने और आगे बढ़ने की संभावना है। आईएमडी ने 12-15 जून के दौरान दक्षिण प्रायद्वीपीय भारत में कुछ स्थानों पर भारी वर्षा और 13 जून और 14 जून को कोंकण और गोवा में कुछ स्थानों पर अत्यधिक भारी वर्षा का अनुमान जताया है। भारतीय मौसम विभाग (आईएमडी) के अनुसार, बुधवार सुबह 8ः30 बजे तक बीते 24 घंटे के दौरान जम्मू-कश्मीर, पंजाब, पश्चिमी राजस्थान और पश्चिमी मध्य प्रदेश में अलग-अलग स्थानों पर भीषण गर्मी के साथ तीव्र लू चली। हिमाचल प्रदेश, हरियाणा, चंडीगढ़, दिल्ली, उत्तर प्रदेश, पूर्वी राजस्थान और पूर्वी मध्य प्रदेश के कुछ क्षेत्रों में भी लू चली और झुलसा देने वाली गर्मी महसूस की गई। पश्चिमी उत्तर प्रदेश और पश्चिमी राजस्थान के अलग-अलग क्षेत्रों में रात में भी अत्यधिक गर्मी रही।

## गोवा के गेस्ट हाउस में तीन नाबालिग लड़कियों से दुष्कर्म, मालिक और मैनेजर गिरफ्तार

**पणजी।** गोवा के एक गेस्ट हाउस में तीन नाबालिग लड़कियों के साथ दुष्कर्म के मामले में गेस्ट हाउस मालिक और मैनेजर को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने बताया कि इस मामले में अब तक चार लोगों पर कार्रवाई की गई है। लड़कियों के साथ दुष्कर्म करने वाले दो आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है। उत्तरी गोवा जिले के एक गेस्ट हाउस में तीन नाबालिग लड़कियों से दुष्कर्म का मामला सामने आया है, जहां दो लोगों ने कथित तौर पर लड़कियों के साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया। इस मामले में पुलिस ने गेस्ट हाउस के मालिक और मैनेजर को गिरफ्तार किया है। अधिकारियो ने बृहस्पतिवार को बताया कि इस मामले में अब तक चार लोगों को हिरासत में लिया जा चुका है।

पुलिस के अनुसार, लड़कियों की उम्र 11, 13 और 15 साल है। इनमें दो लड़कियां बहने हैं। सभी एक ही इमारत में रहती हैं। लड़कियों के साथ 7 और आठ जून को कलंगुट इलाके में स्थित गेस्ट हाउस में दो लोगों ने दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया। अधिकारियों ने बताया कि पांचों ने एक साथ गेस्ट हाउस में चेक-इन किया था। पुलिस के अनुसार, लड़कियों के माता-पिता ने 8 जून को शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत में उन्होंने एक दिन पहले लड़कियों के लापता होने की जानकारी दी, जिसके बाद पुलिस की कई टीमें बनाई गईं। पुलिस ने तीन लड़कियों को उसी दिन गेस्ट हाउस से बरामद किया, जबकि अल्ताफ मुजावर (19) और ओम नाइक (21) को गिरफ्तार किया। पुलिस अधीक्षक (उत्तर) राहुल गुप्ता ने बृहस्पतिवार को बताया कि मामले में गेस्ट हाउस के मालिक रजत चौहान (31) और मैनेजर मंसूर पीर (35) को बुधवार रात गिरफ्तार किया गया। एसपी ने बताया कि दोनों को नाबालिग लड़कियों को माता-पिता की सहमति और सत्यापन के बिना गेस्ट हाउस में रखने, कानूनों का उल्लंघन करने और अपराध को बढ़ावा देने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है।

# भारत के साथ अच्छे संबंध चाहता था बांग्लादेश, लेकिन हमेशा..., लंदन में बोले यूनुस

**प्रक्रिया**

**इस पर यूनुस ने जवाब दिया कि यह प्रक्रिया जारी रहेगी। हम चाहते हैं कि सब कुछ कानूनी और ठीक तरीके से हो।**

**लंदन।** लंदन में बांग्लादेश के मुख्य सलाहकार मोहम्मद यूनुस ने कहा कि उनकी अंतरिम सरकार भारत के साथ अच्छे संबंध चाहती थी, लेकिन हमेशा कुछ गलत हो जाता था। उन्होंने चैथम हाउस थिंक टैंक के निदेशक ब्रोन मैडॉक्स के साथ बातचीत के दौरान भारत के साथ द्विपक्षीय संबंधों और देश के लिए लोकतांत्रिक रोडमैप सहित कई मुद्दों पर बात की। बांग्लादेश के मुख्य सलाहकार मोहम्मद यूनुस ने बुधवार को लंदन में चैथम हाउस थिंक टैंक के निदेशक ब्रोन मैडॉक्स के साथ



बातचीत की। इस दौरान उन्होंने कहा कि उनकी अंतरिम सरकार भारत के साथ अच्छे संबंध चाहती थी, लेकिन हमेशा कुछ गलत हो जाता था। यूनुस ने मैडॉक्स के साथ भारत के साथ द्विपक्षीय संबंधों और देश के लिए लोकतांत्रिक रोडमैप सहित कई मुद्दों पर बात की, जिसकी शुरुआत अगले महीने जुलाई चार्टर से होगी। इस दौरान मैडोक्स ने अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना के प्रत्यर्पण की मांग करते हुए भारत को जारी किए गए एक अनौपचारिक राजनयिक नोट का हवाला दिया और मामले पर अपडेट मांगा। इस पर यूनुस ने जवाब दिया कि यह प्रक्रिया जारी रहेगी। हम चाहते हैं कि सब कुछ कानूनी और ठीक तरीके से हो। हम भारत के साथ सबसे अच्छे संबंध बनाना चाहते हैं, क्योंकि भारत हमारा पड़ोसी है। उन्होंने कहा कि हम नहीं चाहते कि उनके साथ किसी भी तरह की बुनियादी समस्या हो। उन्होंने कहा, भारतीय मीडिया से आने वाली सभी फर्जी खबरों के कारण हर बार चीजें गलत हो जाती हैं। और कई लोग कहते हैं कि इसका संबंध शीर्ष पर बैठे नीति निर्माताओं से है। मोहम्मद यूनुस ने आगे कहा कि फर्जी खबरों की वजह से बांग्लादेश में नाराजगी और बेचैनी रहती है। हम कोशिश करते हैं कि गुस्से को काबू में रखें, लेकिन साइबरस्पेस में कई बातें होती रहती हैं, जिससे लोग फिर से गुस्सा हो जाते हैं। उन्होंने कहा कि यह सुनिश्चित करना कि हम एक शांतिपूर्ण जीवन जी सकें, यह बड़ा काम है। अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना पर भारत की अस्पष्ट भूमिका के बारे में दर्शकों के सवाल पर यूनुस ने जवाब दिया कि हसीना के खिलाफ सारा गुस्सा अब भारत में चला गया है, क्योंकि वह वहां गई हैं। यूनुस ने कहा कि जब उन्हें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से बात करने का मौका मिला, तो उन्होंने कहा, %अगर आप हसीना को अपने देश में रख रहे हैं, तो मैं आपको रोक नहीं सकता। लेकिन कृपया इतना जरूर करें कि वह बांग्लादेश के लोगों से सोशल मीडिया पर गलत तरीके से बात न करें। यूनुस ने दावा किया कि प्रधानमंत्री मोदी ने उनसे कहा कि हसीना की सोशल मीडिया गतिविधियों को नियंत्रित नहीं किया जा सकता। यूनुस ने कहा कि यह एक संवेदनशील मामला है। आप यह कहकर नहीं बच सकते कि यह सोशल मीडिया की वजह से है।

# अहमदाबाद में दुर्घटना के दृश्य विनाशकारी हैं, हादसे पर पीएम कीएर स्टार्मर ने जताया दुख

**लंदन।** गुजरात के अहमदाबाद में हुए भीषण विमान हादसे पर ब्रिटिश पीएम कीएर स्टार्मर ने शोक जताया है। उन्होंने एक्स पर पोस्ट में लिखा- अहमदाबाद में दुर्घटनाग्रस्त होने के दृश्य विनाशकारी हैं, मैं घटना के पल-पल की जानकारी ले रहा हूं।

गुजरात के अहमदाबाद में हुए भीषण विमान हादसे पर ब्रिटिश पीएम कीएर स्टार्मर ने शोक जताया है। सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में ब्रिटिश पीएम कीएर स्टार्मर ने लिखा- लंदन जाने वाले विमान, जिसमें कई ब्रिटिश नागरिक सवार थे, के भारतीय शहर अहमदाबाद में दुर्घटनाग्रस्त होने के दृश्य विनाशकारी हैं। मुझे हालात के बारे में लगातार जानकारी दी जा रही है, और इस अत्यंत दुखद समय में मेरी संवेदनाएं यात्रियों और उनके परिवारों के साथ हैं। गुजरात के अहमदाबाद में गुरुवार दोपहर एक बड़ा विमान हादसा हुआ, जब एअर

**भीषण**

**गुजरात के अहमदाबाद में हुए भीषण विमान हादसे पर ब्रिटिश पीएम कीएर स्टार्मर ने शोक जताया है।**

इंडिया की एक लंदन जा रही अंतरराष्ट्रीय फ्लाइट उड़ान भरने के कुछ ही मिनट बाद दुर्घटनाग्रस्त हो गई। हादसे के समय विमान में लगभग 230 यात्री सवार थे, जिनमें बड़ी संख्या में ब्रिटिश नागरिक भी शामिल थे। एयरपोर्ट प्रशासन और एयर इंडिया के अनुसार, हादसे में किसी यात्री की मौत की पुष्टि नहीं हुई है। सभी घायलों को अहमदाबाद के सिविल अस्पताल और निजी



मेडिकल संस्थानों में भर्ती कराया गया है। विमान में कुल 230 यात्री और 14 क्रू मेंबर सवार थे। इसमें 53 ब्रिटिश नागरिक बताए जा रहे हैं।

इस हादसे पर ब्रिटेन के विदेश मंत्री डेविड लैमी ने लिखा- अहमदाबाद, भारत में हुए एक विनाशकारी विमान हादसे की खबर सुनकर बहुत दुख हुआ। मेरी संवेदनाएं सभी प्रभावित लोगों के साथ हैं। ब्रिटेन भारत में स्थानीय अधिकारियों के साथ मिलकर तथ्यों को तत्काल स्थापित करने और सहायता प्रदान करने के लिए काम कर रहा है। यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन ने ट्वीट किया, %भारत से अहमदाबाद में विमान दुर्घटना की दुखद खबर आई है। इस भयानक नुकसान से पीड़ित परिवारों और प्रियजनों के प्रति मेरी गहरी संवेदना है। हम आपके दर्द को साझा करते हैं। यूरोप इस दुख की घड़ी में आपके और भारत के लोगों के साथ एकजुटता से खड़ा है।

# लॉस एंजिलिस के घटनाक्रम में डेमोक्रेटिक पार्टी के लिए उम्मीद



**वॉशिंगटन।** डेमोक्रेटिक पार्टी के वरिष्ठ नेता चक शूमर ने भी कैलिफोर्निया के गवर्नर और डेमोक्रेटिक नेता गेविन न्यूसम की तारीफ की और कहा कि उन्हें गेविन पर गर्व है। वे ट्रंप से डरने से मना कर रहे हैं।

कैलिफोर्निया के लॉस एंजिलिसि में जारी दंगे और हिंसा ने कहीं न कहीं डेमोक्रेटिक पार्टी को नई संजीवनी दी है। दरअसल ट्रंप की लोकप्रियता और उनकी आक्रामक नीतियों के चलते डेमोक्रेटिक पार्टी फिलहाल हाशिए पर है और उन्हें ट्रंप का मुकाबला करने के लिए कोई मुद्दा नहीं मिल रहा था। अब लॉस एंजिलिस की घटना ने डेमोक्रेटिक पार्टी को नई ताकत दी है।

कैलिफोर्निया के गवर्नर गेविन न्यूसम डेमोक्रेटिक पार्टी के हीरो बनकर उभरे हैं। जिस तरह से वे ट्रंप प्रशासन का विरोध कर रहे हैं और लगातार अप्रवासियों के प्रति सहानुभूति जता रहे हैं, उससे उनकी लोकप्रियता बढ़ रही है। गेविन न्यूसम का कहना है कि जिन लोगों को ट्रंप प्रशासन द्वारा गिरफ्तार कर निर्वासित किया जा रहा है, वे अपराधी नहीं बल्कि मेहनती लोग हैं। डेमोक्रेटिक पार्टी के वरिष्ठ नेता चक शूमर ने भी गेविन की तारीफ की और कहा कि उन्हें गेविन पर गर्व है। वे ट्रंप से डरने से मना कर रहे हैं। डेमोक्रेटिक पार्टी अब अप्रवासियों के मुद्दे पर ट्रंप प्रशासन को घेरने की कोशिश करेगी। अमेरिका में एक करोड़ से ज्यादा अप्रवासी हैं, जिनके पास पर्याप्त वैध दस्तावेज नहीं हैं। ट्रंप प्रशासन इन अप्रवासियों के खिलाफ मोर्चा खोले हुए हैं। हालांकि उनकी इस नीति का जमकर विरोध भी हो रहा है। लॉस एंजिलिस ने इस विरोध को हवा दे दी है और अब देश के कई हिस्सों में ऐसे विरोध प्रदर्शन हो रहे हैं। लॉस एंजिलिस तो बीते हफ्ते से दंगे की चपेट में है। ट्रंप ने हालात को काबू करने के लिए नेशनल गार्ड्स और मरीन कमांडो की तैनाती की है। इससे लोगों में भारी गुस्सा है और इस गुस्से और नाराजगी में ही डेमोक्रेटिक पार्टी को अपने लिए अवसर दिखाई दे रहा है।

# पीएम मोदी की कनाडा यात्रा से पहले बड़ी कार्रवाई



**ओटावा।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कनाडा दौरे से पहले पीएम मार्क कार्नी की सरकार ने खालिस्तानी समर्थकों पर कार्रवाई करने के लिए प्रोजेक्ट पेलिकन चलाया हुआ है। इसके तहत कनाडा की पुलिस ने खालिस्तान समर्थक ड्रग और आतंकी नेटवर्क का भंडाफोड़ कर 479 किलो कोकीन जब्त की है। साथ ही भारतीय मूल के सात लोगों सहित कुल नौ को गिरफ्तार किया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी7 शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए कनाडा जाने वाले हैं। इससे पहले, कनाडा के पीएम मार्क कार्नी की सरकार ने भारत विरोधी गतिविधियों में शामिल खालिस्तानियों को पकड़ने के लिए प्रोजेक्ट पेलिकन नाम का एक अभियान चलाया है, जिसके तहत कनाडा की पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए खालिस्तान समर्थक ड्रग और आतंकी नेटवर्क का भंडाफोड़ किया है।

कनाडा की पुलिस ने प्रोजेक्ट पेलिकन के तहत अब तक की सबसे बड़ी कार्रवाई की है, जिसके तहत पुलिस ने 479 किलो कोकीन जब्त की है। इसकी कीमत करीब 47.9 मिलियन डॉलर है। इसके साथ ही पुलिस ने कनाडा में रहने वाले भारतीय मूल के सात लोगों सहित कुल नौ को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए लोगों में सजगित योगेंद्रराजा (31), मनप्रीत सिंह (44), फिलिप टेप (39), अरविंदर पोवार (29), करमजीत सिंह (36), गुरतेज सिंह (36), सरताज सिंह (27), शिव ओंकार सिंह (31) और हाओ टॉमी हुइन्ह (27) शामिल हैं।

पुलिस के अनुसार, यह गिरोह अमेरिका और कनाडा के बीच वाणिज्यिक ट्रकों से ड्रग्स भेजता था। समूह के मेक्सिको ड्रग कार्टेल और अमेरिका में ड्रग वितरकों से संबंध थे। सूत्रों के अनुसार, ड्रग्स बेचकर जो पैसा मिलता था, उसका इस्तेमाल भारत विरोधी गतविधियों जैसे-विरोध प्रदर्शन, जनमत संग्रह, हथियारों की खरीद आदि में किया जाता था। खुफिया एजेंसियों को शक है कि पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी ढ्ढस्ढ्ढ इस ड्रग नेटवर्क का समर्थन कर रही है, जो कनाडा में खालिस्तानी समूहों का इस्तेमाल मेक्सिकन कोकीन और अफगान हेरोइन की तस्करी के लिए कर रही है। कनाडा के कनानास्किस में जी7 शिखर सम्मेलन होने वाला है। कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी के निमंत्रण पर पीएम मोदी इस सम्मेलन में भाग लेने वाले हैं। कार्नी ने पिछले सप्ताह पीएम मोदी को फोन कर सम्मेलन में भाग लेने का निमंत्रण दिया था। खालिस्तान समर्थक ड्रग नेटवर्क पर यह कार्रवाई पीएम मोदी की कनाडा यात्रा से ठीक पहले की गई है।

जी7 शिखर सम्मेलन का निमंत्रण मिलने के बाद पीएम नरेंद्र मोदी ने मार्क कार्नी को उनकी हालिया चुनावी जीत की बधाई दी थी। साथ ही शिखर सम्मेलन में निमंत्रण के लिए उन्हें धन्यवाद दिया। पीएम मोदी ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि भारत और कनाडा मजबूत संबंधों वाले जीवंत लोकतंत्र हैं। दोनों देश नई ऊर्जा और साझा लक्ष्यों के साथ मिलकर काम करेंगे। उन्होंने कहा कि वह शिखर सम्मेलन में कार्नी से मुलाकात करने के लिए उत्सुक हैं। जी7 शिखर सम्मेलन कनाडा के अल्बर्टा स्थित कनानास्किस में 15 से 17 जून तक आयोजित होगा। इससे पहले, पीएम कार्नी ने ओटावा में बोलते हुए कहा कि शिखर सम्मेलन उभरते और विकासशील देशों के साथ मजबूत साझेदारी बनाने पर ध्यान केंद्रित करेगा। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि भारत दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में से एक है और वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला का अहम हिस्सा है, इसलिए भारत को इस सम्मेलन में शामिल होना चाहिए।

कनाडा के पूर्व मंत्री उज्जल दोसांझ ने कहा कि खालिस्तान समर्थकों में से कई लोग मानते हैं कि अपने मकसद को पाने के लिए हिंसा करना ठीक है। और जब तक उनके खिलाफ कोई कानूनी कार्रवाई नहीं होगी, यह हिंसा चलती रहेगी। कनाडा ने अब तक खालिस्तानी हिंसा के खिलाफ बहुत धीरे काम किया है।

# जॉब फेयर 2025 का हुआ आयोजन

- 334 विद्यार्थियों ने पहले दिन किया प्रतिभाग
- 13 जून को परिसर के साथ कॉलेज के विद्यार्थियों को भी मौका



अवधनामा संवाददाता

**जौनपुर।** वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय में महाविद्यालय एवं विश्वविद्यालय परिसर पाठ्यक्रमों के विद्यार्थियों के लिए दो दिवसीय जॉब फेयर 2025 का आयोजन किया गया। इसका उद्घाटन महंत अवेद्यनाथ संगोष्ठी भवन में हुआ। टीमलीज के सहयोग से आयोजित जॉब फेयर में विद्यार्थियों ने बढ़- चढ़ कर प्रतिभाग किया।

दो दिवसीय जॉब फेयर में दूसरे दिन परिसर के साथ ही महाविद्यालयों के विद्यार्थियों को भी मौका मिलेगा। पहले दिन 334 विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया।13 जून को सुबह 9 बजे से जॉब फेयर में चयन की प्रक्रिया शुरू की जाएगी।

अवेद्यनाथ संगोष्ठी भवन में आयोजित उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए कुलपति प्रो. वंदना सिंह ने कहा कि विद्यार्थी अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन करेंगे तो निश्चित ही सफलता मिलेगी। उन्होंने कहा कि इंटरव्यू में कॉन्फिडेंस के साथ सवाल का जवाब देना चाहिए। उन्होंने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि भाषा को बाधा नहीं समझना चाहिए। अगर आप हिंदी में बोल सकते हैं, हिंदी में बोलिए, इंग्लिश में बोल सकते इंग्लिश में बोलिए। अपने ज्ञान को प्रस्तुत करना आना चाहिए।

जॉब फेयर के संयोजक प्रो. प्रदीप कुमार ने कहा कि इस क्षेत्र के विद्यार्थियों को कंपनियों से संपर्क करने में समस्या न हो और बेहतर रोजगार मिले इसलिए विश्वविद्यालय द्वारा दो दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन किया गया है। उन्होंने चयन की प्रक्रिया को भी विस्तार से बताया। उन्होंने यह भी बताया कि 13 जून को परिसर के साथ ही महाविद्यालय के विद्यार्थियों को भी आमंत्रित किया गया है। किसी भी विषय में स्नातक और परास्नातक के अंतिम वर्ष और पासआउट विद्यार्थी इसमें भाग ले सकेंगे।केंद्रीय प्लेसमेंट सेल के निदेशक प्रो. अविनाश पाथर्डीकर ने रोजगार मेला में आए हुए कंपनी प्रतिनिधियों का स्वागत किया एवं विश्वविद्यालय द्वारा विद्यार्थियों के लिए रोजगार के लिए किये जा रहे प्रयासों पर प्रकाश डाला। धन्यवाद ज्ञापन डॉ. नितेश जायसवाल ने किया।

उद्घाटन सत्र के पश्चात प्री प्लेसमेंट संवाद का आयोजन किया गया।इस सत्र में टीमलीज के प्रतिनिधि मो. अशद ने विद्यार्थियों को विभिन्न कंपनियों में अवसरों के बारे में विस्तार से बताया। द्विपक्षीय संवाद में विद्यार्थियों ने अपने सवाल भी पूछे। परीक्षा नियंत्रक डॉ. विनोद कुमार सिंह आईक्यूएसी के वाह्य विशेषज्ञ विनीत सिंह, टीमलीज के प्रतिनिधि अभिनव श्रीवास्तव एवं अभिषेक त्रिपाठी, मंचासीन रहे। संचालन डॉ. सुशील कुमार ने किया।

टीमलीज के सहयोग से आयोजित जॉब फेयर में टीमलीज के प्रतिनिधि अभिनव श्रीवास्तव, मो. अशद एवं अभिषेक त्रिपाठी ने इन्क्यूबेशन सेंटर में चयन प्रक्रिया की। ईएलजीआई, इंटेलिस्मार्ट प्राइवेट लिमिटेड, वी प्रोटेक्ट, क्रेडियलो, आरबीएल बैंक, एसबीआई कार्ड्स, एयरटेल इन्जीनियर एवं एयरटेल एक्सट्रीम फाइबर कंपनी के विभिन्न पदों के लिए प्रक्रिया की गई। इस अवसर पर प्रो. अजय द्विवेदी, प्रो. मनोज मिश्र, प्रो. रजनीश भास्कर, प्रो. प्रमोद यादव, प्रो. गिरिधर मिश्र, प्रो. राज कुमार सोनी, डॉ. आशुतोष सिंह, डॉ रसिकेश, डॉ. नृपेन्द्र सिंह, डॉ. दिग्विजय सिंह राठौर, उप कुलसचिव बबिता सिंह, अमृत लाल, विशाल यादव, कर्मचारी संघ के अध्यक्ष नंद किशोर सिंह, श्याम त्रिपाठी, पंकज सिंह समेत विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## जयेश और शुभ ने गोपाल दास क्लब को जिताया



**प्रयागराज।** जयेश केसरवानी के अर्धशतक (80 रन, 45 गेंद, सात चौके, छह छक्का) और शुभ निषाद के हरफनमौला खेल (33 रन एवं 5-1-33-4) के दम पर गोपाल दास क्रिकेट क्लब ने एमआईसी को 85 रन से हराकर स्वर्गीय इमरान अहमद सिद्दीकी स्मृति अंडर-16 क्रिकेट प्रतियोगिता में पूरे अंक प्राप्त किए। दौलत हुसैन कॉलेज मैदान पर गुरुवार को खेले गए मैच में गोपाल दास क्लब ने 30 ओवर में 9 विकेट पर 249 रन (जयेश केसरवानी 80, अमन यादव 42, अमन खान 40, अविनाश कुमार 34, शुभ निषाद 33, अली अब्बास 4/38, अमन 2/40, मोहम्मद शायान 2/54, मोहम्मद साहिल 1/13) बनाए। जवाब में एमआईसी की टीम 28.4 ओवर में 164 रन (अली अब्बास 31, शिवांश गुप्ता 28, अमन 27, मोहम्मद साहिल 25, शुभ निषाद 4/33, अमन खान 2/39, सार्थक गुप्ता 1/10, कृष्ण यादव 1/18) पर सिमट गई। शुभ निषाद को मैन ऑफ़ द मैच चुना गया। प्रतियोगिता का अगला मुकाबला शनिवार को खेला जाएगा।

# परिश्रम का कोई विकल्प नहीं, शॉर्टकट से नहीं मिलती सफलता : जिलाधिकारी

- सफलता के लिए परिश्रम बेहद जरूरी



अवधनामा संवाददाता

**मैनपुरी।** उ.प्र. माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा संचालित हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट परीक्षा-2025 के मेधावी विद्यार्थी सम्मान समारोह के अवसर पर मुख्यमंत्री उ.प्र. शासन योगी आदित्यनाथ द्वारा लखनऊ में मेरिट में स्थान पाने वाले विद्यार्थियों, खेल प्रतियोगिताओं में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों, शिक्षा के विकास के लिए विभिन्न परियोजनाओं का शिलान्यास के सजीव प्रसारण के उपरांत कलेक्ट्रेट सभागार में जनपद के हाईस्कूल-इंटरमीडिएट के टॉप-10 मेधावी छात्रों को जिलाधिकारी अंजनी कुमार सिंह, पुलिस अधीक्षक गणेश प्रसाद शाहा, जिलाध्यक्ष ममता राजपूत, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष आलोक गुप्ता, जिला पंचायत प्रतिनिधि गोविंद भदौरिया ने रू. 21-21 हजार के डेमो चैक, मैडल, प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। जिलाधिकारी अंजनी कुमार सिंह ने अपने सम्बोधन में कहा कि शिक्षकों ने छात्रों को बेहतर मार्ग-दर्शन देकर इस मुकाम को हासिल करने की प्रेरणा दी, मेधावी छात्रों के साथ उनके अभिभावक, शिक्षक भी प्रशंसा के पात्र हैं। उन्होंने कहा कि विगत् कुछ वर्षो में जनपद में विकास कार्यो के साथ-साथ शिक्षा के क्षेत्र में भी काफी बेहतर कार्य हुये है, जिसका प्रत्यक्ष प्रमाण आज हम सबके सामने हैं, आज जनपद के 02 बच्चे मुख्यमंत्री के कर-कमलों से सम्मानित हुए हैं, छात्रों के साथ-साथ अभिभावकों, शिक्षकों के लिए यह गौरव का क्षण है। उन्होंने कहा की बुलंदी पर पहुंचना उतना कठिन नहीं हैं जितना शिखर पर बने रहना है, जीवन लगातार बेहतर होने की कोशिश का नाम है, आपके जीवन की सार्थकता तभी है, जब आप इससे बेहतर करें, चाहे वह शिक्षा का क्षेत्र हो, चाहे जीवन में कुछ भी हो, जीवन का एक उद्देश्य यह भी है कि समाज आपको एक अच्छे व्यक्ति के रूप में सम्मान दें, एक अच्छे व्यक्ति के रूप में याद करें, यह महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि आज समाज में तेजी से परिवर्तन हुआ है, आज जिन मां-बाप के आय का स्रोत सीमित है, फिर भी वह अपने बच्चों को बेहतर शिक्षा देने के लिए प्रयासरत् है। उन्होंने कहा कि आज के छात्र सौभाग्यशाली है कि प्रदेश सरकार का पूरा तंत्र शिक्षा के क्षेत्र में कार्य कर रहा है, विगत 08 वर्षो में शिक्षा के क्षेत्र में प्रदेश में अभूतपूर्व परिवर्तन हुए हैं।

# मेधावी छात्रों को किया गया सम्मानित




अवधनामा संवाददाता

**जौनपुर।** जनपद के मेधावी छात्रों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से गुरूवार को कलेक्ट्रेट सभागार में एक सम्मान समारोह का आयोजन हुआ। सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) खेल एवं युवा कल्याण विभाग गिरीश चंद्र यादव, विधायक बदलापुर रमेश चंद्र मिश्र, जिलाधिकारी डॉ0 दिनेश चंद्र, मुख्य विकास अधिकारी ध्रुव खाड़िया सहित अन्य की उपस्थिति में हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट परीक्षा 2025 में जनपद स्तर पर प्रथम 10 स्थान प्राप्त करने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र, मेडल रु0 21,000 का सांकेतिक चेक एवं टैबलेट देकर सम्मानित किया गया। मेधावी छात्रों को सम्मानित करते हुए राज्यमंत्री तथा विधायक बदलापुर ने सभी छात्र-छात्राओं के उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि शिक्षा एक ऐसा माध्यम है जिससे न केवल हम समाज में परिवर्तन ला सकते हैं, अपितु अपने सपनों को साकार कर सकते हैं तथा देश के विकास में अपना योगदान दे सकते हैं। उन्होंने सभी बच्चों से कहा कि शिक्षा के बल पर हम किसी भी परिस्थिति में आगे बढ़ सकते है। इस अवसर पर जिलाधिकारी डॉ0 दिनेश चंद्र ने छात्रों को बधाई देते हुए कहा कि आप सभी ने मेहनत और लगन से जो सफलता हासिल किये है, वह पूरे जनपद के लिए गर्व की बात है। आने वाले समय में आप और भी ऊँचाइयाँ छुएँ, यही हमारी शुभकामनाएँ हैं। समारोह में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ. गोरखनाथ पटेल, जिला समन्वयक माध्यमिक डॉ. राजन सिंह, प्रधानाध्यापक राजेश विश्वकर्मा, जितेंद्र यादव, प्रेमचंद यादव, प्रभाकर सिंह, ब्रह्मजीत यादव, सहायक अध्यापक आदर्श वर्मा और नीतिश सिंह सहित सभी सम्मानित अभिभावक एवं छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहे। कार्यक्रम का उद्देश्य न केवल छात्रों को सम्मानित करना था, बल्कि अन्य विद्यार्थियों को भी प्रेरित करना था कि वे भी शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्टता प्राप्त कर समाज और देश का नाम रोशन करें। कार्यक्रम के अंत में जिला विद्यालय निरीक्षक राकेश कुमार द्वारा मंत्री, विधायक एवं सभी सम्मानित विद्यार्थियों को धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

## भागवत महात्म्य एवं धुंधकारी कथा सुन श्रोता हुए भाव विभोर

**प्रयागराज।** आज राजर्षि टंडन सेवा केंद्र बैंक रोड पर ÷लोकसेवक मंडल÷ एवं ÷अनाम स्नेह ÷के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित श्रीमद्भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ का भव्य शुभारंभ आज कलश यात्रा एवं विधिवत पूजन व मंगलाचरण के साथ हुआ। कथा वाचक पं. चेतन शास्त्री के मधुर कंठ से प्रथम दिवस पर भागवत महात्म्य एवं धुंधकारी की कथा का रसपूर्ण वर्णन हुआ। कथा के प्रथम दिन मुख्य यजमान के रूप में लोकसेवक मंडल एवं अनाम स्नेह के सक्रिय कार्यकर्ता मनोज कुमार केशरवानी एवं उनकी धर्मपत्नी श्रीमती अंजू केशरवानी उपस्थित रहे, जिन्होंने विधिवत पूजन कर भागवत ज्ञान यज्ञ का शुभारंभ कराया। इस अवसर पर लोकसेवक मंडल के सचिव ब्रह्म प्रकाश तिवारी, अनाम स्नेह के संयोजक एवं वरिष्ठ समाजसेवी शिक्षक श्रीनारायण यादव, तथा वरिष्ठ कर्मचारी नेता रविशंकर मिश्र विशेष रूप से मौजूद रहे और कथा आयोजन की सराहना की। कथा के माध्यम से पं. चेतन शास्त्री ने जीवन में धर्म, आत्मशुद्धि एवं भगवत भक्ति की महत्ता को भावपूर्ण शैली में प्रस्तुत किया, जिससे श्रोतागण भावविभोर हो उठे।

# प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत ने वैश्विक स्तर पर एक नई पहचान स्थापित की है: गिरीश

अवधनामा संवाददाता




- मोदी के दृढ़ संकल्प से देश की एकता, अखण्डता व सार्वभौमिकता तार-तार होने से बची है: विद्यासागर सोनकर

**जौनपुर।** भारतीय जनता पार्टी के जिला जौनपुर ने 11 साल बेमिसाल की प्रोफेशनल मीट का आयोजन होटल रिवर व्यू मे किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्ज्वलन के साथ विधिवत रूप से हुई जिसकी अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष पुष्पराज सिंह ने की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप मे प्रदेश सरकार मे युवा एव खेल मंत्री गिरीश चंद्र यादव एव विशिष्ट अतिथि के रूप मे पूर्व प्रदेश महासचिव विद्यासागर सोनकर एव पूर्व जिलाध्यक्ष प्रतापगढ़ ओमप्रकाश त्रिपाठी रहे।अपने संबोधन में मुख्य अतिथि गिरीश चंद्र यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 11 वर्षो के कार्यकाल को ऐतिहासिक और बेमिसाल बताते हुए कहा कि इस अवधि में हुए विकास कार्यो को जन-जन तक पहुंचाना कार्यकर्ताओं का कर्तव्य है प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत ने वैश्विक स्तर पर एक नई पहचान स्थापित की है। उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर मे विश्व की सबसे ऊंची पर्वतीय रेल पुल का निर्माण मोदी सरकार की ऐतिहासिक उपलब्धि है, जिसने पूरी दुनिया को चकित कर दिया है असंभव को संभव बनाना ही नरेंद्र मोदी का पर्याय बन चुका है। उन्होंने पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद के खिलाफ भारत की कड़ी कार्रवाई का उल्लेख करते हुए कहा कि भारत ने स्पष्ट संदेश दिया है कि अब कोई भी देश भारत की ओर आंख उठाकर नहीं देख सकता। उन्होंने कांग्रेस पर भी निशाना साधते हुए कहा कि जो आज संविधान की बात करते हैं, वे यह भूल जाते हैं कि उनके नेताओं ने अतीत में राष्ट्रपति शासन का दुरुपयोग किया और सुप्रीम कोर्ट के फैसलों को लोकसभा से खारिज करवाने का प्रयास किया। विशिष्ट अतिथि के रूप मे बोलते हुए विद्यासागर सोनकर ने कहा कि भारत मोदी जी के नेतृत्व में एक विकसित देश बनने की ओर अग्रसर है। मोदी के दृढ़ संकल्प से देश की एकता, अखण्डता व सार्वभौमिकता तार-तार होने से बची है। उनका सुशासन लोगों को पुरूषार्थ के साथ धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष प्रदान करेंगा कोरोना काल में जब बहुत से लोगों के रोजी-रोज़गार बंद हो गये थे तो ऐसे 80 करोड़ लोगों को मोदी जी मुफ्त में अनाज दिये आयुष्मान कार्ड से प्रत्येक गरीब को तथा 70 वर्ष से ऊपर के सभी बुजुर्गों को 05 लाख रूपये तक का मुफ्त इलाज मिलता हैं।

संगोष्ठी को लोकसभा जौनपुर के प्रत्याशी कृपाशंकर सिंह विधानसभा मुंगराबादशाहपुर के प्रत्याशी अजय शंकर दुबे नगरपालिका अध्यक्ष मनोरमा मौर्य जिला उपाध्यक्ष संतोष सिंह अर्चना शुक्ला ने भी सम्बोधित की। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री सुशील मिश्र ने की।उक्त अवसर पर जिले के प्रबुद्ध वर्ग उपस्थित रहा।

## करेली में झुग्गी झोपड़ियों में फिर लगी आग



**प्रयागराज, अवधनामा संवाददाता।** करेली इलाके में मुस्तफा कॉमप्लेक्स के पीछे झुग्गी झोंपड़ी में एक बार फिर आग लगने से अफरातफरी मच गई। आग की लपटें, धुएं के गुबार से आसपास के लोग घरों से बाहर आ गए। दमकल की तीन गाड़ियां आग पर काबू पाया। ज्ञात हो कि 7 जून की आधी रात भी यहीं पर झुग्गी झोपड़ी में लपटें उठीं थीं। तब 50 से अधिक झोपड़ियां जलकर राख हो गई थीं। अब एक बार फिर गुरुवार सुबह आग की भीषण लपटों ने आसपास की झुग्गी झोपड़ियों को जला दिया। आसपास के लोगों ने आग बुझाने में फायर सर्विस की मदद की। करेली और खुल्दाबाद थानों की फोर्स मौके पर मौजूद रही। बार बार आग लग जा रही या फिर इसे लगाया जा रहा, इसे लेकर भी पुलिस जांच में जुटी है। स्थानीय लोगों का कहना है कि कई प्लान और सड़क के किनारे की जमीन खाली कराने को साजिश हो सकती है।

## अमन के दम पर विप्लव स्पोर्टिंग क्लब फाइनल में



**प्रयागराज, अवधनामा संवाददाता।** विप्लव स्पोर्टिंग क्लब ने फैमिली बिस्ट्रो कैफे एंड रेस्टोरेंट अंडर -12 क्रिकेट प्रतियोगिता के दूसरे सेमीफाइनल मैच में हनुमानगंज एएस क्रिकेट क्लब को 46 रन से हराकर प्रतियोगिता के फाइनल जगह बनाई हैं। इस जीत में अमन गुप्ता के बहुमुखी प्रदर्शन ( 59 रन, 39 गेंद, छह चौके व 5 - 0 - 31 - 4 ) कर अकेले दम पर अपनी टीम को फाइनल में जगह दिलाई हैं, जहाँ उसका मुकाबला 16 जून को मेजबान भानु प्रताप सिंह क्रिकेट क्लब से खेला जाएगा। गुरुवार को भानु प्रताप मैदान पर सुबह दूसरे सेमीफाइनल मैच में विप्लव स्पोर्टिंग क्लब टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 25 ओवर में दो विकेट पर 172 रन ( अमन गुप्ता 59 नाबाद, ईशान सिंह 44, रूद्र सेठ 22, रूद्र गुप्ता 21 रन, सानू यादव 1/35, शिखर यादव 1/36 ) पर बनाए। जवाब में हनुमानगंज एएस क्रिकेट क्लब की पूरी टीम 25 ओवर में नौ विकेट खोकर 126 रन ( सानू यादव 40, अनुभव गुप्ता 26, प्रशांत 15 रन, अमन गुप्ता 4/31, संस्कार सिंह 1/15, आर्यन कुमार 1/19, ईशान सिंह 1/26 ) ही बना सकी।

## हीटवेव को लेकर डीएम ने जारी की एडवाइजरी

**प्रयागराज, अवधनामा संवाददाता।** उत्तर भारत इन दिनों भीषण गर्मी की चपेट में है और संगम नगरी प्रयागराज भी इससे अछूता नहीं है। जून की शुरुआत के साथ ही तापमान आसमान छूने लगा है। बुधवार को प्रयागराज का तापमान 43.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो प्रदेश में पांचवां सबसे अधिक तापमान रहा। सबसे गर्म जिला आगरा रहा, जहां पारा 45.4 डिग्री तक पहुंच गया। मौसम विभाग ने कई जिलों में लू को लेकर ऑरेंज और यलो अलर्ट जारी कर दिया है। प्रयागराज जिले में गर्मी का असर आम जनजीवन पर साफ देखा जा सकता है। पंखे और कूलर तक जवाब देने लगे हैं। बिजली की आंख मिचौली ने लोगों की मुश्किलें और बढ़ा दी हैं। लोग सुबह और शाम के समय भी घरों से बाहर निकलने से बच रहे हैं। महिलाएं गॉगल्स, दुपट्टे और सनस्क्रीन के साथ खुद को ढंक कर ही बाहर निकल रही हैं। गर्मी से राहत पाने के लिए लोग गन्ने का रस, शिकंजी, बेल का शरबत और नारियल पानी जैसे ठंडे पेय पदार्थों का जमकर सेवन कर रहे हैं। वहीं, डॉक्टरों ने लोगों को डिहाइड्रेशन से बचने के लिए तरल पदार्थों का सेवन करने, धूप में न निकलने और सरकारी एडवाइजरी का पालन करने की सलाह दी है। जिलाधिकारी रवींद्र कुमार मांदड़ ने खुद लोगों को लू से बचाव को लेकर जागरूक किया। उन्होंने कहा कि लोग दोपहर के समय बाहर निकलने से बचें, घरों को ठंडा रखें और बच्चों व बुजुर्गों का विशेष ध्यान रखें। पशुओं को भी छांव में रखें।

## कॉलेज में प्रवेश के लिए समर्थ पर पंजीकरण अनिवार्य

**जौनपुर।** वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो0 वंदना सिंह की अध्यक्षता में संबद्ध महाविद्यालय के प्राचार्यों के साथ समर्थ पोर्टल के माध्यम से प्रवेश के लिए ऑनलाइन मीटिंग संपन्न। कुलपति प्रो. वंदना सिंह ने कहा कि किसी भी कॉलेज में प्रवेश के लिए विश्वविद्यालय के समर्थ पोर्टल से रजिस्ट्रेशन कराना अनिवार्य है इसके बिना प्राचार्य अपने कॉलेज में किसी भी बच्चों का प्रवेश नहीं ले पाएंगे। उन्होंने प्राचार्यो से कहा कि नव प्रवेशी बच्चों का रजिस्ट्रेशन विश्वविद्यालय के समर्थ पोर्टल के माध्यम जल्द से जल्द से कराना सुनिश्चित करें। नोडल अधिकारी प्रवेश समर्थ प्रो. मिथिलेश सिंह ने पूरे रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया को विश्वविद्यालय के समर्थ पोर्टल पर करके दिखाया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव महेंद्र कुमार, परीक्षा नियंत्रक डॉ. विनोद सिंह, उपकुलसचिव अमृतलाल, अजीत तथा बबीता समेत अन्य उपस्थित रहे।

# अधिवक्ताओं का विरोध दूसरे दिन भी जारी

अवधनामा संवाददाता

- चैंबर तोड़े जाने के विरोध में सड़कें की जाम, कोर्ट कार्य बहिष्कार



**प्रयागराज।** अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई के विरोध में जनपद-न्यायालय में अधिवक्ताओं का आक्रोश दूसरे दिन भी जारी है। गुरुवार को अधिवक्ताओं ने कार्य बहिष्कार किया। उन्होंने कचहरी की सड़कों पर चैंबर का मलबा रखकर जाम लगाया। जिला अधिवक्ता संघ के आसपास सुरक्षा के लिए भारी पुलिस बल तैनात किया गया है। न्यायालय परिसर में अधिवक्ताओं ने नगर निगम प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की। प्रयागराज में नगर निगम द्वारा अधिवक्ताओं के चैंबर तोड़े जाने के बाद से शहर का प्रशासनिक माहौल गर्म है। बुधवार को शुरू हुआ यह विवाद अब उग्र रूप ले चुका है। अधिवक्ताओं ने दूसरे दिन भी विरोध प्रदर्शन जारी रखते हुए जिला न्यायालय, डीएम कार्यालय, विकास भवन, सदर तहसील और ट्रेज़री ऑफिस के बाहर ताला जड़ दिया। इस वजह से दो दिनों से सभी प्रमुख सरकारी कार्यालयों का कार्य पूरी तरह से बाधित हो गया है। विरोध कर रहे अधिवक्ताओं ने आरोप लगाया है कि नगर निगम ने बिना वैकल्पिक व्यवस्था किए उनके चैंबरों को तोड़ा, जिससे न सिर्फ आर्थिक नुकसान हुआ, बल्कि महत्वपूर्ण फाइलें, दस्तावेज़ और व्यक्तिगत सामान भी नष्ट हो गया। अधिवक्ताओं का कहना है कि यह कार्रवाई प्रशासनिक तानाशाही और विश्वासघात का प्रतीक है। अधिवक्ताओं ने बताया कि नगर निगम द्वारा पहले नोटिस जारी करने की बात कही जा रही है, लेकिन उसके जवाब में वे अपर नगर आयुक्त से मिल चुके थे और ज्ञापन भी सौंपा था। इसके बावजूद कार्यवाही कर दी गई। गौरतलब है कि अधिवक्ताओं का यह भी कहना है कि शहर में कई स्थानों पर वर्षो से अतिक्रमण है, लेकिन वहां कार्रवाई नहीं होती। निशाने पर सिर्फ अधिवक्ताओं के चैंबर क्यों आए? अब अधिवक्ताओं ने चेतावनी दी है कि अगर उनकी मांगों को शाम तक पूरा नहीं किया गया तो जिला न्यायालय में पूर्ण रूप से ताला बंदी की जाएगी, जिसकी जिम्मेदारी जिला प्रशासन, बार अध्यक्ष और मंत्री की होगी। बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों का कहना है कि बिना पूर्व सूचना वकालत चैंबर तोड़ना गैरकानूनी है। यह अधिवक्ताओं के पेशेवर अधिकारों का उल्लंघन है। बार एसोसिएशन अध्यक्ष ने कार्रवाई को दुर्भावनापूर्ण बताया है। उन्होंने कहा कि जब तक दोषियों पर कार्रवाई नहीं होगी और चैंबरों का पुनर्निर्माण नहीं होगा, आंदोलन जारी रहेगा। अधिवक्ताओं ने चेतावनी दी है कि मांगें न मानने पर आंदोलन को व्यापक रूप दिया जाएगा। नगर निगम अधिकारियों का कहना है कि अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई नियमानुसार की गई है। किसी के साथ भेदभाव नहीं किया गया है। वैकल्पिक पार्किंग और चैंबर की व्यवस्था के लिए सुझाव मांगे गए हैं। न्यायालय परिसर में सुरक्षा बढ़ा दी गई है। बातचीत से समाधान की कोशिशें जारी हैं, लेकिन अधिवक्ताओं का रुख अभी नरम नहीं पड़ा है।

# रोटरी क्लब मिडटाउन ने किया माँ और शिशु देखभाल किट का वितरण

अवधनामा संवाददाता




**प्रयागराज।** रोटरी क्लब इलाहाबाद मिडटाउन द्वारा मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए तेलियरगंज स्थित किलकारी नर्सिंग होम में विशेष सेवा कार्य किया गया। इस अवसर पर क्लब द्वारा 10 जॉनसन बेबी किट्स, शिशु मच्छरदानी (बेबी नेट्स) और गर्भवती माताओं के लिए दर्द निवारक बाम वितरित किए गए। इस कार्य को प्रायोजित करने के लिए रोटेरियन डॉ. नीरज सिन्हा एवं उनकी धर्मपत्नी डॉ. अंजलि का विशेष योगदान रहा। जिनके सहयोग से यह सेवा कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हो पाया। डॉ. तरु एवं डॉ. युगांतर पांडे ने बताया कि गर्भावस्था के दौरान माँ और शिशु की देखभाल अत्यंत आवश्यक होती है, क्योंकि यही समय शिशु के शारीरिक और मानसिक विकास की नींव रखता है। संतुलित आहार, नियमित जांच और मानसिक शांति गर्भवती महिला के स्वास्थ्य को बनाए रखने में मदद करते हैं। माँ का अच्छा स्वास्थ्य सीधे शिशु के सुरक्षित जन्म और विकास से जुड़ा होता है। संक्रमण से बचाव, उचित टीकाकरण और पोषण संबंधी सलाह इस समय जरूरी होती है। इस दौरान जागरूकता और देखभाल से माँ और नवजात दोनों को अनेक स्वास्थ्य जटिलताओं से बचाया जा सकता है, जिससे एक स्वस्थ पीढ़ी का निर्माण संभव होता है। क्लब अध्यक्षा राधा सक्सेना ने कहा रोटरी क्लब का यह प्रयास मातृ और शिशु स्वास्थ्य को बेहतर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। क्लब भविष्य में भी ऐसे सामाजिक कार्यों के लिए प्रतिबद्ध है।


# कार्यालय नगर निगम, शाहजहाँपुर

पत्रांक :- 611/पी0आर0ओ0/स्वा0वि0/न0नि0शाह0/2025-26 दिनांक- 12-06-2025

## अति अल्पकालीन ई-निविदा सूचना

नगर निगम, शाहजहाँपुर में विभिन्न ऑनलाइन एवं ऑफ लाइन आई0ई0सी0 माध्यमों से लोगो के व्यवहार परिवर्तन हेतु लोगो के मध्य जनजागरुकता के कार्य किये जाने हेतु नगर आयुक्त महोदय की स्वीकृति के अनुपालन में ई-निविदा के माध्यम से पंजीकृत/अपंजीकृत ठेकेदार/अनुभवी फर्मो से दिनांक- 23.06.2025 तक अपरान्ह 03:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है जो तद् दिनांक सायं 04.00 बजे खोली जायेगी, अपनी दर ई-निविदा के माध्यम से वेबसाइट www.etender.up.nic.in पर डाल सकते हैं।


| क्र. सं. | कार्य का नाम | कुल लागत (मय जी.एस.टी.) | धरोहर धनराशि | निविदा मूल्य (मय जी.एस.टी.) + वेबसाइट मेन्टीनेन्स चार्ज | कार्य की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | नगर निगम, शाहजहाँपुर में विभिन्न ऑनलाइन एवं ऑफलाइन आई0ई0सी0 माध्यमों से लोगो के व्यवहार परिवर्तन हेतु लोगो के मध्य जनजागरुकता किये जाने का कार्य | 7,80,000.00 | 66,150.00 | 780.00+250.00 =1030.00 | 03 माह |

ई-निविदा की क्रयदारी हेतु धरोहर धनराशि नगर निगम के बैंक के खाता सं0-50265293184 आई0एफ0एस0सी0 कोड - IDIB000C632 ब्रांच इन्डियन बैंक, गोविन्दगंज, शाहजहाँपुर व निविदा शुल्क नगर निगम के बैंक के खाता सं0-50200017927485 आई0एफ0एस0सी0 कोड-HDFC0000869 ब्रांच एच0डी0एफ0सी0 बैंक, शाहजहाँपुर में जमा कराने उपरान्त मूल प्रति ई-निविदा के साथ अपलोड़ करनी होगी। निविदा को स्वीकृत/अस्वीकृत अथवा निरस्त करने का अधिकार नगर आयुक्त नगर निगम, शाहजहाँपुर में निहित होगा।

**नगर आयुक्त**

# टोयोटा के चेयरमैन को 33 अरब डॉलर के सौदे में जांच का करना पड़ेगा सामना

**नई दिल्ली।** (टोयोटा मोटर) के चेयरमैन अकियो टोयोडा पर इस हफ्ते गुरुवार को होने वाली सालाना शेयरहोल्डर्स मीटिंग में 33 अरब डॉलर की डील को लेकर सख्त सवाल उठ सकते हैं। यह डील टोयोटा की एक अहम सप्लायर कंपनी को पूरी तरह से प्राइवेट बनाने के लिए की गई है। हालांकि इस बार पहली बार ऐसा हो रहा है कि बीते तीन वर्षों में किसी भी शेयरहोल्डर सलाहकार संस्था ने टॉयोडा का विरोध नहीं किया है। लेकिन फिर भी गवर्नेंस से जुड़े सवाल उनसे पूछे जाने तय माने जा रहे हैं। इसकी झलक सप्लायर कंपनी टोयोटा इंडस्ट्रीज की इसी हफ्ते हुई बैठक में देखने को मिली। टोयोटा इंडस्ट्रीज, जो कि फोर्कलिफ्ट बनाने वाली कंपनी है, उसके शेयरहोल्डर्स ने 4.7 ट्रिलियन येन (करीब 33 अरब डॉलर) की डील पर नाराजगी जाहिर की है। उनका कहना है कि यह डील अल्पसंख्यक शेयरधारकों के साथ अन्याय है। इस डील में हर शेयर के लिए 16,300 येन की पेशकश की गई है। हालांकि टोयोटा मोटर के लिए यह सौदा



फायदेमंद माना जा रहा है, लेकिन जेन्नर एसेट मैनेजमेंट जैसे अंतरराष्ट्रीय निवेशकों ने अल्पसंख्यक शेयरधारकों के हितों की अनदेखी को लेकर चिंता जताई है। टोयोटा इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष कोइची इटो ने इस पर सफाई देते हुए कहा कि यह निर्णय सभी जरूरी बातों को ध्यान में रखकर लिया गया है। और इसका मकसद किसी पक्ष को नुकसान पहुंचाना नहीं था।

इस डील के तहत एक नया होल्डिंग कंपनी बनाई जाएगी, जिसमें टोयोटा फुडोसन (एक नॉन-लिस्टेड रियल एस्टेट कंपनी) 180 अरब येन का निवेश करेगी। टोयोटा खुद 1 अरब येन लगाएंगी और टोयोटा मोटर 700 अरब येन नॉन-वोटिंग प्रेफर्ड शेयरों के रूप में निवेश करेगी।

**शेयरहोल्डर्स मीटिंग में रिकॉर्ड सवाल-जवाब**

मंगलवार को टोयोटा इंडस्ट्रीज की बैठक लगभग दो घंटे चली, जो कि कंपनी के इतिहास की सबसे लंबी मीटिंग रही। इस दौरान अधिकारियों को दो दर्जन से ज्यादा सवालों का सामना करना पड़ा। हॉन्गकॉन्ग की ओएसिस मैनेजमेंट नाम की निवेशक कंपनी, जिसने टोयोटा मोटर और टोयोटा इंडस्ट्रीज दोनों में हिस्सेदारी ले रखी है। उसने भी शेयर की कीमत बढ़ाने की मांग रखी है। टोयोटा का कहना है कि इस अधिग्रहण से टोयोटा इंडस्ट्रीज को ग्रुप की अन्य कंपनियों के साथ बेहतर तालमेल बनाने में मदद मिलेगी। और वह लाभ के छोटे लक्ष्य के दबाव से मुक्त होकर दीर्घकालिक योजनाओं पर ध्यान दे सकेगी। यह डील टोयोटा को एक पारंपरिक ऑटोमेकर से ÷मोबिलिटी कंपनी÷ में बदलने की दिशा में उठाया गया कदम बताया जा रहा है।

**एडवाइजर फर्मों का समर्थन**

इस बार प्रमुख शेयरधारक सलाहकार कंपनियां ग्लास लेविस और इंस्टीट्यूशनल शेयरहोल्डर सर्विसेस (ढ्ढस्स्) ने टोयोडा को फिर से बोर्ड में शामिल करने की सिफारिश की है। पिछले दो सालों में उन्होंने इसका विरोध किया था।

## मई में मुद्रास्फीति घटकर 2.82 प्रतिशत, छह साल के निचले स्तर पर पहुंचा आंकड़ा



**नई दिल्ली।** सरकारी आंकड़ों के अनुसार मई 2025 में महंगाई दर घटकर 2.82 प्रतिशत पर पहुंच गई। यह छह साल का निचला स्तर है। खाद्य पदार्थों की कीमतों में नरमी ने इसे प्रभावित किया। वहीं, अप्रैल 2025 में सीपीआई 3.16% पर आ गई। मई 2025 में महंगाई दर घटकर छह साल के निचले स्तर पर पहुंच गई। गुरुवार को जारी सरकारी आंकड़ों के अनुसार मई में खुदरा महंगाई दर 2.82 प्रतिशत दर्ज की गई। इसका मुख्य कारण सब्जियों, फलों और प्रोटीन युक्त खाद्य पदार्थों की कीमतों में नरमी है। उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) अप्रैल 2025 में 3.16 प्रतिशत पर आ गई। यह मई 2024 में 4.8 प्रतिशत थी।

**खाद्य मुद्रास्फीति एक प्रतिशत से कम**

राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) के आंकड़ों के अनुसार, मई में खाद्य मुद्रास्फीति 0.99 प्रतिशत रही, जो एक वर्ष पूर्व के 8.69 प्रतिशत से काफी कम है। एनएसओ ने कहा कि ÷मई 2025 के महीने के दौरान हेडलाइन मुद्रास्फीति और खाद्य मुद्रास्फीति में उल्लेखनीय गिरावट मुख्य रूप से गिरावट आई। मई 2025 में खाद्य मुद्रास्फीति अक्टूबर 2021 के बाद सबसे कम है।

**हेडलाइन मुद्रास्फीति क्या है?**

हेडलाइन मुद्रास्फीति का अर्थ है किसी अर्थव्यवस्था में सभी वस्तुओं और सेवाओं की कीमतों में कुल वृद्धि। इसे आम तौर पर सीपीआई या अन्य मूल्य सूचकांकों का उपयोग करके मापा जाता है।

## अहमदाबाद विमान हादसे की खबरों के बीच शेयर बाजार में बिकवाली, सेंसेक्स-निफ्टी कमजोर पड़े



**मुंबई।** गुरुवार को 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 823 अंक गिरकर 81,691.98 अंक पर बंद हुआ। वहीं, एनएसई निफ्टी 253.20 अंक गिरकर 24,888.20 अंक पर आ गया। आइए जानते हैं बाजार का हाल विस्तार से। अहमदाबाद में हुए दर्दनाक विमान हादसे, मध्य पूर्व में बढ़ते तनाव और कमजोर वैश्विक बाजार रुझानों के बीच गुरुवार को भारतीय शेयर बाजार के प्रमुख बेंचमार्क सूचकांक बड़ी गिरावट के साथ बंद हुए। हफ्ते के चौथे कारोबारी दिन सेंसेक्स और निफ्टी में करीब 1 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई । 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 823 अंक या 1 प्रतिशत गिरकर 81,691.98 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 991.98 अंक या 1.20 प्रतिशत गिरकर 81,523.16 अंक पर आ गया था। वहीं, एनएसई निफ्टी 253.20 अंक या 1.01 प्रतिशत गिरकर 24,888.20 अंक पर आ गया। सेंसेक्स की कंपनियों में टाटा मोटर्स, टाइटन, इटरनल, पावर ग्रिड, टाटा स्टील, लार्सन एंड टूब्रो, महिंद्रा एंड महिंद्रा तथा हिंदुस्तान यूनिलीवर सबसे ज्यादा पिछड़ने वाले शेयरों में शामिल रहे। वहीं, बजाज फिनसर्व, एशियन पेंट्स और टेक महिंद्रा लाभ में रहे।

**अहमदाबाद प्लेन हादसे के बाद टाटा और इंडिगो के शेयरों में गिरावट**

इस बीच, 242 यात्रियों और चालक दल के सदस्यों को लेकर लंदन जा रहा एयर इंडिया का विमान गुरुवार दोपहर अहमदाबाद हवाई अड्डे से उड़ान भरने के कुछ ही मिनटों बाद रिहायशी इलाके में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इसके बाद टाटा के शेयरों में गिरावट देखने को मिली।

टाटा मोटर्स के शेयर 2.98 प्रतिशत की गिरावट के साथ 714.45 रुपये, टाइटन के शेयर 2.62 प्रतिशत की गिरावट के साथ 3448.90 रुपये, टाटा स्टील 2.44 प्रतिशत की गिरावट के साथ 152.60 रुपये और टीसीएस के शेयर 1.15 प्रतिशत की गिरावट के साथ 3432.00 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहे थे। इनके अलावा, देश की प्रमुख एविएशन कंपनी इंडिगो (इंटरग्लोब एविएशन) के शेयर 3.32 प्रतिशत (187.00 रुपये) की गिरावट के साथ 5444.00 रुपये और स्पाइसजेट के शेयर 2.40 प्रतिशत 1.09 रुपये की गिरावट के साथ 44.40 रुपये पर कारोबार कर रहे थे।

**यूरोपीय बाजार में हुई गिरावट**

एशियाई बाजारों में, दक्षिण कोरिया का कोस्पी और शंघाई का एसएसई कम्पोजिट सूचकांक सकारात्मक दायरे में बंद हुआ, जबकि जापान का निक्केई 225 सूचकांक और हांगकांग का हैंगसेंग गिरावट के साथ बंद हुआ। यूरोप के शेयर बाजार नकारात्मक क्षेत्र में कारोबार कर रहे थे। बुधवार को अमेरिकी बाजार गिरावट के साथ बंद हुए।

**वैश्विक अनिश्चितताओं और टैरिफ नीति ने असर डाला**

जियोजित इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा कि वैश्विक अनिश्चितताओं और अमेरिकी टैरिफ नीति ने निवेशकों के बीच चिंता पैदा की। कारोबारियों ने कहा कि ताजा विदेशी पूंजी निकासी से भी निवेशकों की धारणा प्रभावित हुई।

**मध्य पूर्व तनाव ने निवेशकों की बढ़ाई चिंता**

मेहता इक्विटीज लिमिटेड के वरिष्ठ उपाध्यक्ष (शोध) प्रशांत तापसे ने कहा, ÷कई कारकों के कारण घरेलू बेंचमार्क में भारी गिरावट आई। कमजोर वैश्विक धारणा के कारण निवेशकों ने अपनी इच्छानुसार शेयरों से निकासी की। साथ ही इजरायल के ईरान पर हमला करने की संभावना और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की टैरिफ धमकी का असर पड़ा।

## टाटा एसेट मैनेजमेंट का नया ऑल-इन-वन इन्वेस्टमेंट ऐप रचेगा भारत के निवेश करने के तरीके की नयी परिभाषा

टाटा एसेट मैनेजमेंट ने नया मोबाइल ऐप लॉन्च करने की घोषणा की है। यह अपनी तरह का पहला ऐप है, जो यूज़र्स को उनकी वित्तीय दुनिया की समग्र तस्वीर देगा। एकीकृत डिजिटल प्लेटफ़ॉर्म के रूप में डिज़ाइन किया गया यह ऐप ब्रांड प्लेटफ़ॉर्म के तहत सरलता, बुद्धिमत्ता और वैयक्तिकरण को एक साथ लाता है एक ऐप। एक दृश्य। असीमित अवसर।

मोबाइल ऐप का लॉन्च निवेश को सरल, स्मार्ट और अधिक सुलभ बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम है। एक ऐप। एक दृश्य। असीमित अवसर के ब्रांड वादे के साथ, ऐप निवेशकों की ज़रूरत की हर चीज़ को एक साथ लाता है सीखने और निवेश करने से लेकर अपने वित्तीय लक्ष्यों को ट्रैक करने तक सब कुछ एक ही ऐप में किया जा सकता है।

इस ब्रांड वादे पर आधारित, नया लॉन्च किया गया ऐप टाटा एसेट मैनेजमेंट के डिजिटल परिवर्तन में एक महत्वपूर्ण पड़ाव दर्शाता है। यह इस साल की शुरूआत में अनावरण की गई ब्रांड पहचान और नए लोगो के बाद, यह ऐप डिजिटल और गतिशील वातावरण में आज के निवेशकों की उभरती ज़रूरतों को पूरा करने के लिए कंपनी की प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है।

ऐप में लक्ष्य निर्धारित करने और ट्रैक करने के लिए फाइनेंसियल रोडमैप, म्यूचुअल फंड, इक्विटी और बैंक खातों को एक ही स्थान पर देखने के लिए पोर्टफोलियो 360, जल्दी रिटायरमेंट प्लानिंग के लिए एक फायर कॅल्क्युलेटर, निवेश विकल्पों को सेव के लिए एक स्मार्ट कार्ट और एक सरल, सुरक्षित ऑनबोर्डिंग प्रक्रिया जैसी सुविधाएं इसमें हैं। इसमें निवेशकों

को हर कदम पर मार्गदर्शन करने के लिए लर्निंग मॉड्यूल और चैटबॉट सहायता भी शामिल है।

## आईएफएल एंटरप्राइजेज को राइट्स इश्यू से 49.14 करोड़ रुपये जुटाने की मंजूरी

**लखनऊ।** कृषि वस्तुओं के आयात, निर्यात और व्यापार सहित एग्री कोमोडिटी बिजनेस में लगी आईएफएल एंटरप्राइजेज लिमिटेड का 49.14 करोड़ रुपये का राइट्स इश्यू 19 जून को सब्सक्रिप्शन के लिए खुलेगा और 30 जून तक खुला रहेगा। राइट्स इश्यू की कीमत आकर्षक रूप से एक रुपये प्रति शेयर रखी गई है, जो मौजूदा शेयरधारकों को कंपनी में अपनी इक्विटी बढ़ाने का अवसर प्रदान करती है। बीते 9 जून को आयोजित बैठक में बोर्ड ओफ डिरेक्टर्स ने राइट्स इश्यू पर विचार किया और उसे मंजूरी दी।

इससे पहले, कंपनी के बोर्ड ओफ डिरेक्टर्स ने 30 दिसंबर, 2024 को और 07 मार्च, 2025 के ड्राफ्ट लेटर ऑफ ऑफर को पचास करोड़ रुपये तक के प्रस्तावित राइट इश्यू के लिए 'सैद्धांतिक अनुमोदन' प्राप्त करने के लिए प्रस्तुत किया जिस पर बीएसई लिमिटेड ने 19 मई 2025 को 'सैद्धांतिक अनुमोदन' दे दिया। रिकॉर्ड तिथि 13 जून, 2025 को इक्विटी शेयर रखने वाले शेयरधारक प्रत्येक 91 फुल्ली पेईड इक्विटी शेयरों के लिए 60 राइट इक्विटी शेयरों के अनुपात में राइट शेयरों के लिए आवेदन करने के पात्र होंगे। राइट्स एंटाइटेलमेंट की ऑन-मार्केट रेनुन्सिएशन की अंतिम तिथि 24 जून है।

राइट्स इश्यू में 1 रुपए अंकित मूल्य वाले 49,14,76,620 फुल्ली पेईड अप इक्विटी शेयर शामिल हैं, जिनकी कुल कीमत 49.14 करोड़ रुपए है। इश्यू से प्राप्त राशि का उपयोग कंपनी की वित्तीय स्थिति को मजबूत करने और सामान्य कॉर्पोरेट उद्देश्यों को पूरा करने के लिए किया जाएगा।

यह केपिटल राईज नवनियुक्त मेनेजिंग डायरेक्टर अभिषेक प्रताप कुमार ठक्कर के नेतृत्व में कंपनी की रणनीतिक दिशा का अनुसरण करता है, जिसका उद्देश्य परिचालन दक्षता को बढ़ाना और सेवा क्षमताओं का विस्तार करना है। मार्च 2025 को समाप्त हुए वित्तीय वर्ष के लिए, कंपनी ने ओपरेशन्स से 120.60 करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त किया, जो वित्त वर्ष 2023-24 में 8.24 करोड़ रुपये के राजस्व की तुलना में 13 गुना अधिक है। वित्त वर्ष 25 में शुद्ध लाभ भी बढ़कर 2.99 करोड़ रुपये हो गया, जबकि वित्त वर्ष 24 में यह 84.5 लाख रुपये था, जो साल दर साल 254 प्रतिशत की वृद्धि को दर्शाता है। कंपनी ने चौथी तिमाही वित वर्ष 25 में 3.04 करोड़ रुपये का समेकित शुद्ध लाभ दर्ज किया है। चौथी तिमाही वित वर्ष 25 के दौरान परिचालन से राजस्व कई गुना बढ़कर 72.13 करोड़ रुपये हो गया, जबकि चौथी तिमाही वित वर्ष 24 में यह 1.98 करोड़ रुपये था।

अगस्त 2024 में, कंपनी बोर्ड ने इक्विटी शेयरधारकों द्वारा धारित 1:150 (प्रत्येक 150 शेयरों के लिए बोनस के रूप में 1 इक्विटी शेयर) के अनुपात में बोनस जारी करने को मंजूरी दी। वर्ष 2009 में निगमित, आईएफएल एंटरप्राइजेज लिमिटेड वर्तमान में एग्री कोमोडिटी बिजनेस में काम करती है, जिसमें फलों, सब्जियों, बीजों, जैविक और हर्बल उत्पादों जैसे कृषि उत्पादों का आयात, निर्यात, अनुबंध खेती और भंडारण सहित कृषि वस्तु उत्पादों का व्यापार शामिल है। कंपनी शेयर, स्टॉक और बॉन्ड जैसे ट्रेडिंग फाईनान्शियल ईन्स्ट्रुमेन्ट्स मे भी डिलिंग करती है।

# लेक्सस ने भारत में बहुप्रतीक्षित एलएक्स 500डी की डिलीवरी शुरू की



**लखनऊ।** लेक्सस ने पूरे भारत में अपनी प्रमुख एसयूवी, नई लेक्सस एलएक्स 500डी की डिलीवरी शुरू कर दी है।एलएक्स 500डी को भारतीय बाज़ार में पहले ही अच्छी प्रतिक्रिया मिल चुकी है, जो अल्ट्रा-लग्ज़री एसयूवी की बढ़ती माँग को दर्शाता है और एक असाधारण ओनरशिप अनुभव प्रदान करता है। अपनी शानदार उपस्थिति और बेजोड़ ड्राइविंग अनुभव के साथ, एलएक्स 500डी मोबिलिटी में एक नया मानक स्थापित करने के लिए तैयार है।दो अलग-अलग ग्रेडों अर्बन और नई पेशकश ओवरट्रेल एलएक्स 500डी में उपलब्ध यह एसयूवी विभिन्न प्रकार की जीवनशैलियों की ज़रूरतों को पूरा करती है, शहर से लेकर आउटडोर एक्सप्लोरेशन तक। लेक्सस इंडिया के अध्यक्ष हिकारू इकेउची ने कहा, ÷हम अपने मेहमानों से नई लेक्सस एलएक्स 500डी के लिए मिले उत्साहपूर्ण रिसपॉन्स के लिए वास्तव में आभारी हैं। यह अपने सेग्मेंट में एक नया मानक स्थापित करता है और भारत में लेक्सस के लिए एक महत्वपूर्ण अध्याय है। यह बहुपथीय दृष्टिकोण के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को मज़बूत करता है और गतिशीलता समाधानों की एक विविध रेंज प्रदान करता है जो हमारे मेहमानों की विकसित होती जीवन शैली की ज़रूरतों को पूरा करते हुए एक अधिक स्थायी कल की ओर अग्रसर होता है। हम अपने नवाचार और शिल्प कौशल की भावना से प्रेरित होकर, असाधारण उत्पादों और अनुभवों की पेशकश करके अपने मेहमानों की ओनरशिप जरनी को समृद्ध बनाने के लिए समर्पित हैं।÷ लेक्सस इंडिया ने हाल ही में लचीला और अनोखा लेक्सस लग्ज़री केयर सेवा पैकेज पेश किया है, जिसमें कम्फर्ट, रिलैक्स और प्रीमियर विकल्प शामिल हैं, जो 3 वर्ष/60,000 किमी या 5 वर्ष/100,000 किमी या 8 वर्ष/160,000 किमी में उपलब्ध हैं। यह सेवा पैकेज अतिथियों को कई प्रकार की सुविधाएँ प्रदान करता है, जो उन्हें और भी खुश करता है।

## उ.प्र. में डिजिटल डॉक्टर परियोजना का क्रियान्वयन अब नोएडा से



**लखनऊ।** स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में नवाचार और विकास को नई ऊँचाइयों तक पहुँचाने के उद्देश्य से उत्तर प्रदेश सरकार के साथ समझौते के अन्तर्गत राज्य में डिजिटल डॉक्टर क्लीनिक परियोजनाओं का क्रियान्वयन अब नोएडा से किया जायेगा। आज यहां क्लीनिक के सीईओ संजय कुमार ने प्रदेश की राजधानी लखनऊ से डिजिटल डॉक्टर क्लीनिक के मुख्यालय को नोएडा स्थानान्तरित किये जाने की जानकारी देते हुये बताया कि कम्पनी का यह निर्णय कंपनी के आगामी विकासात्मक लक्ष्यों को गति देने, अत्याधुनिक तकनीकी संसाधनों का लाभ उठाने तथा रणनीतिक सहयोग को और सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। नोएडा की उन्नत आधारभूत सुविधाएँ, बेहतर कनेक्टिविटी एवं विशेषज्ञ मानव संसाधन की उपलब्धता से कंपनी को राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपने संचालन का विस्तार करने में उल्लेखनीय सहायता मिलेगी। श्री कुमार ने बताया कि उत्तर प्रदेश में लगभग दो दर्जन से अधिक डिजिटल डॉक्टर क्लीनिक खुलने के लिये पूरी तरह तैयार है, और लाईसेन्स मिलते ही इसी माह से शुरू कर दी जायेगी। श्री कुमार ने बताया कि उत्तर प्रदेश के साथ-साथ देश के राजस्थान, उत्तराखंड, गुजरात आदि राज्यों में काम कर रही है। जिसके चलते कम्पनी नोएडा स्थित मुख्यालय से विभिन्न राज्यों में चल रही परियोजनाओं का संचालन आसानी से किया जा सकेगा। उत्तर प्रदेश में डिजिटल डॉक्टर क्लीनिक परियोजना को लेकर सरकार के साथ साढ़े तीन हजार करोड़ के निवेश का समझौता करने कम्पनी के सीईओ संजय कुमार ने बताया कि सरकार की नई ड्रग लाइसेंस प्रक्रिया कुछ तकनीकी कारणों से लाईसेन्स न मिल पाने के कारण विभिन्न जिलों में तैयार तीन दर्जन से अधिक डिजिटल डॉक्टर क्लीनिक शुरू नहीं हो सकी है।

# लखनऊ में खुला ज्यूसी कुट्योर का पहला एक्सक्लूसिव स्टोर





**लखनऊ।** लॉस एंजेलेस की मशहूर ग्लोबल फैशन ब्रांड ज्यूसी कुट्योर ने भारत में अपने पहले एक्सक्लूसिव ब्रांड स्टोर की शुरुआत लखनऊ से की है। फीनिक्स पलासियो मॉल में खुले इस स्टोर में फैशनप्रेमियों को ब्रांड की पहचान माने जाने वाले ग्लैमरस और बोल्ड स्टाइल का पूरा अनुभव मिलेगा।

ब्रांड का यह स्टोर खासतौर पर फैशन फॉरवर्ड उपभोक्ता के लिए तैयार किया गया है। यहां वेलोर सूट्स, लिंजरी, हैंडबैग्स, हेयर एक्सेसरीज़, लगेज और अन्य लाइफस्टाइल प्रोडक्ट्स की रेंज उपलब्ध है। स्टोर लॉन्च के मौके पर वाइन और चीज़ इवेंट और एक फैशन शो का आयोजन हुआ, जिसमें शहर के फैशन इंफ्लुएंसर, सोशल मीडिया सितारे और लोकल सेलेब्रिटीज़ शामिल हुए।

ब्रांड कॉन्सेप्ट्स लिमिटेड के चीफ ऑपरेटिंग ऑफिसर नबेंदु चक्रवर्ती ने कहा-÷ज्यूसी कुट्योर को भारत की रॉयल तहज़ीब वाले शहर लखनऊ में लाना हमारे लिए गर्व का विषय है। यह लॉन्च हमारी रणनीतिक योजना का हिस्सा है, जिसके तहत हम अंतरराष्ट्रीय ब्रांड्स को भारतीय ग्राहकों तक पहुंचा रहे हैं।

यह लॉन्च ज्यूसी कुट्योर के भारत में चित्रांगदा सिंह और अलाना पांडे जैसी हस्तियों के साथ पहले के प्रसिद्ध सहयोगों के साथ-साथ हाउसफुल 5 शोकेस के बाद हुआ है, जो भारतीय दर्शकों के बीच ब्रांड की प्रीमियम और ग्लैमरस अपील को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे थे। ज्यूसी कुट्योर की यह एंट्री ब्रांड कॉन्सेप्ट्स लिमिटेड और ऑथेंटिक ब्रांड्स ग्रुप के सहयोग से हुई है, जो भारत में फैशन और ट्रैवल गियर के क्षेत्र में नए आयाम स्थापित कर रहे हैं।

## इंडी सेंसेशन इक्लिप्स नोवा ने निर्माता हितेन के साथ अपने नए ट्रैक सांवरिया का जादू बिखेरा



**नई दिल्ली।** यदि मेसी लव का कोई साउंडट्रैक होता, तो वह 'सांवरिया' जैसा होता। भारत के सबसे ज्यादा पसंदीदा इंडी कलाकार इक्लिप्स नोवा का यह नया सिंगल निर्माता-संगीतकार हितेन के साथ पॉवरहाउस वोकलिस्ट मलिका बंदना दत्ता ने तैयार किया है। इसके बोल इक्लिप्स नोवा और अदिति शर्मा ने लिखे हैं। शास्त्रीय और पॉप दोनों के एक मादक संगम से बना, मुख्यधारा के आकर्षण के साथ इंडी ट्रैक रिश्तों के उतर चढ़ाव पर एक विचित्र, ताज़ा और नाटक से भरा हुआ है। चंचल तनाव से भरा, सावरिया एक ऐसे लड़के की कहानी बताता है जो पूरी तरह से प्यार में सराबोर है, नखरे से भरी लड़की को लगातार आकर्षित करने की कोशिश कर रहा है। यह ट्रैक आधुनिक लय के साथ नाटकीय मोड से भरा है, जो डांसफ्लोर पर थिरकने पर मजबूत तो करता है, साथ ही भावनात्मक गहराइयों तक भी पहुंचता है, यह पीढ़ियों और संस्कृतियों को सहजता से एक साथ जोड़ता है। इस ट्रैक के बारे में बात करते हुए, इक्लिप्स नोवा ने कहा कि, सांवरिया संगीत की दो अलग-अलग दुनियाओं का एक भावपूर्ण क्रॉसओवर है, जिन्हें अक्सर विपरीत के रूप में देखा जाता है। मुझे हमेशा से पसंद आया है जब अलग-अलग ध्वनियाँ एक साथ मिलकर कुछ नया बनाती हैं। इस ट्रैक के साथ, हम कुछ ऐसा बनाना चाहते थे जो हर किसी से जुड़ जाए, जिसमें ईमानदार कि झलक हो और कुछ ऐसा जो आपको मुस्कुराने पर मजबूर कर दे और अच्छा महसूस कराए। हितेन, जिनके संगीत निर्माण ने ट्रैक को भावनाओं से लब लब भर दिया है, उन्होंने बताया कि, ÷सांवरिया की धुन में कुछ ऐसा है जो मग्न कर देता है। यह अपना सा लगता है क्योंकि यह उस तरह के संगीत से प्रेरित है जिसे मैं अपने आस-पास सुनते हुए बड़ा हुआ हूँ। इस ट्रैक को बनाना मेरे बचपन के एक हिस्से को वापस लाने जैसा था, पुरानी यादों को संजोए हुए लेकिन आत्मा को खोए बिना इसे नए जमाने का लिबास देने जैसा था।

# पारस हेल्थ कानपुर ने 60 साल की महिला की जटिल सर्जरी कर उसे नया जीवन दिया

**कानपुर।** टियर-2 शहरों में कैंसर इलाज के लिए एक बड़ी उपलब्धि हासिल करते हुए पारस हेल्थ कानपुर ने 60 साल की महिला की जटिल सर्जरी कर उसे नया जीवन दिया। महिला की जांघ की हड्डी (घुटने के पास) में जायंट सेल ट्यूमर (त्रष्टञ्ज) था। डॉक्टरों ने पैर को काटे बिना ट्यूमर हटाया और सिर्फ 24 घंटे में महिला बिना दर्द के चलने भी लगी। मरीज को करीब तीन महीने से तेज दर्द और चलने में परेशानी हो रही थी। लखनऊ और कानपुर के कई अस्पतालों में दिखाने के बाद भी मामला गंभीर होने के कारण उसे सही इलाज नहीं मिल पाया। पारस हेल्थ कानपुर में की गई पूरी जांच (क्कश्वञ्ज स्कैन सहित) से पता चला कि ट्यूमर फैला नहीं था और सिर्फ एक जगह तक सीमित था। इसके आधार पर डॉक्टरों ने पैर काटने की जगह उसे बचाने का फैसला किया और सफल सर्जरी की।



इस सर्जरी का नेतृत्व डॉ. जगनदीप सिंह विरक (सीनियर कंसल्टेंट, ऑर्थो-ऑन्कोलॉजी) ने किया। उनकी सहायता डॉ. आदित्य नरूला (कंसल्टेंट ऑर्थोपेडिक) और अनुभवी मेडिकल टीम ने की। चार घंटे चली इस जटिल सर्जरी में जांघ की हड्डी का कैंसर वाला हिस्सा बहुत सावधानी से हटाया गया, साथ ही नसों और खून की नलियों को सुरक्षित रखा गया। फिर वहां एक खास मेटल का कृत्रिम जोड़ (एंडोप्रोस्थेसिस) लगाया गया।

डॉ. जगनदीप सिंह विरक (सीनियर कंसल्टेंट, ऑर्थो-ऑन्कोलॉजी) ने कहा, ÷लिंब साल्वेज सर्जरी से हम ट्यूमर को हटाते हुए मरीज के हाथ-पैर की बनावट और चलने-फिरने की क्षमता को बचा सकते हैं। ये सर्जरी जटिल होती हैं, लेकिन सही अनुभव और सुविधाएं मिलने पर यह इलाज मरीज को पैर काटने की तुलना में कहीं बेहतर जीवन गुणवत्ता देता है।÷

डॉ. आदित्य नरूला (कंसल्टेंट ऑर्थोपेडिक) ने बताया, ÷जायंट सेल ट्यूमर एक दुर्लभ लेकिन तेजी से बढ़ने वाला हड्डी का ट्यूमर है, जो बिना किसी खास कारण के भी हो सकता है। अगर समय पर इलाज न हो तो हड्डी कमजोर होती जाती है, फ्रैक्चर हो सकते हैं और गंभीर समस्याएं हो सकती हैं। यह बीमारी हर 1 लाख व्यस्कों में से एक और हर 10,000 बच्चों में से एक को होती है।÷ यह पारस हेल्थ कानपुर में हड्डी के ट्यूमर की चौथी सफल लिंब साल्वेज सर्जरी है। इससे पहले इसी साल एक 13 साल की लड़की की पैर की हड्डी में ट्यूमर होने पर ऐसी ही सर्जरी सफलतापूर्वक की गई थी।

हाल ही में हुई सर्जरी के बाद मरीज की हालत बेहतर है और वह धीरे-धीरे चलना शुरू कर चुकी है। आने वाले हफ्तों में उसके सामान्य दिनचर्या पर लौटने की उम्मीद है,

## सिद्धू की शायरी, कपिल के पंच और नेटफ़्लिक्स का स्टेज कॉमेडी के राजा फिर लौट आए हैं!




**मुंबई।** तैयार हो जाइए क्योंकि ठोको ताली की गूंज फिर से लौट आई है और साथ ही लौट आए हैं नवजोत सिंह सिद्धू द ग्रेट इंडियन कपिल शो का तीसरा सीज़न 21 जून से नेटफ़्लिक्स पर शुरू हो रहा है और इस बार एक ऐसा ट्विस्ट है जिसकी किसी ने उम्मीद नहीं की थी हंसी के असली बादशाह फिर से अपने तख्त पर लौट आए हैं हंसी की रानी अर्चना पूरन सिंह के साथ हां आपने बिल्कुल सही पढ़ा। अब ये बना है डबल-जज कॉमेडी कोर्ट और फैसला एकदम साफ है डबल हंसी डबल धमाल और यकीनन डबल ताली।

नेटफ़्लिक्स और कपिल ने इस महीने की शुरुआत में वादा किया था कि हर फनीवार बढ़ेगा हमारा परिवार और इस वादे को निभाते हुए कॉमेडी परिवार को और बड़ा बना दिया गया है क्योंकि अब सिद्धू पाजी भी इस परिवार का हिस्सा हैं। और सिर्फ इतना ही नहीं इस बार फैंस सिर्फ ऑडियंस में नहीं रहेंगे बल्कि स्टेज पर भी नजर आएंगे! सुपरफैन्स को मिलेगा मौका स्पॉटलाइट में आने का कपिल शर्मा के साथ एक ही मंच पर मस्ती करने का और साथ ही सिद्धू की मशहूर शायरी गूंजती हंसी और अर्चना जी के साथ मजेदार नोक-झोंक का भरपूर मज़ा मिलेगा जो शो की जान बन जाएगी।

सिद्धू पाजी की इस आइकॉनिक वापसी के बारे में बात करते हुए कपिल शर्मा ने कहा हमने वादा किया था कि हर फनीवार बढ़ेगा हमारा परिवार और मैं बेहद खुश हूं कि सिद्धू पाजी अब हमारे साथ हैं। अर्चना जी के साथ मिलकर अब शायरी चुटकुले और मस्ती तीन गुना हो गई है। माहौल पूरी तरह सेट है, तो तैयार रहिए क्योंकि इस सीज़न में जोक्स और लाफ्टर दोनों ही ट्रिपल हो चुके हैं ।

# गंडक नदी में नहा रहे किशोर की डूबने से मौत

अवधनामा संवाददाता


आयुष वर्मा की फाइल फोटो

- कप्तानगंज क्षेत्र के फर्दहां घाट का मामला, अब तक दर्जनों की हो चुकी है मौत


घटना स्थल का जायजा लेते हाटा विधायक

**मथौली बाजार, कुशीनगर।** कप्तानगंज थाना क्षेत्र के छोटी गंडक नदी के फर्दहां घाट डेंजर जोन घोषित होने के बावजूद नहा रहे एक किशोर की डूबने से मौत हो गई। बता दें कि यहां भीषण गर्मी में दूर दराज से सैकड़ों की संख्या में युवक नहाने आते है। सूचना पर पहुंची कप्तानगंज पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम में भेज आवश्यक कार्रवाई में जुट गई। इसकी जानकारी होते ही हाटा विधायक मोहन वर्मा ने घटना स्थल का जायजा लिया।

बता दें कि भीषण गर्मी में कप्तानगंज थाना क्षेत्र के छोटी गंडक नदी फर्दहां घाट कुछ हिस्सा पुरैनी में भी पड़ता है। यहां नहाने के साथ साथ सेल्फी और रिल के लिए प्रसिद्ध हो गया है। सेल्फी व रील बनाने के चक्कर में यहां सैकड़ों युवक प्रतिदिन नहाने आते है। बुधवार दोपहर बाद हाटा कोतवाली क्षेत्र के वार्ड नंबर 23 बाजार खास निवासी आयुष वर्मा पुत्र अशोक वर्मा उम्र (17) अपने दोस्तों के साथ नहाने पहुंचा था। नहाने के दौरान गहरे पानी में चला गया जिससे वह डूब गया। देर शाम तक आयुष के घर नहीं पहुंचे पर परिजन परेशान हो गए और हाटा कोतवाली में सूचना दिए। गुरुवार की सुबह आयुष का लाश नदी में कुछ लोगों ने देखा और स्थानीय पुलिस को सूचना दिया। मौके से हमराही सिपाहियों के साथ पहुंचे मथौली चौकी इंचार्ज अरविंद राय शव को निकलवाए तब तक युवक के परिजन भी पहुंच गए। बेटे का शव देख परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस शव को कब्जे में लेकर आवश्यक कार्रवाई में जुट गई। घटना की जानकारी होते ही हाटा विधायक मोहन वर्मा भी मौके से पहुंचे और घटना स्थल का जायजा लिया। विधायक ने कहा कि यहां कोई भी नहाने आए उसे पकड़कर चलाना किया जाए, तथा यहां चेतावनी बोर्ड अवश्य लगवाएं। परिजनों को विधायक ने ढांढस बढ़ाया। उक्त घाट पर सेल्फी व रील बनाने के चक्कर में दर्जनों युवक डूब चुके है फिर भी यहां नहाने से लोग बाज नहीं आ रहे है।

बुधवार को हाटा नगर के वार्ड नंबर 23 बाजार खास निवासी आयुष वर्मा अपने दोस्तों के साथ फर्दहां घाट पर नहाने आया था। यहां सैकड़ों की संख्या में युवक नहा रहे थे इसी दौरान आयुष नहाते हुए गहरे पानी में चला गया। देर शाम तक परिजन युवक के घर न आने पर हाटा कोतवाली में सूचना दिए। लेकिन आयुष के दोस्तों ने डूबने की जानकारी उसके परिजनों से नहीं दिए थे। गुरुवार सुबह नदी में आयुष का लाश बहता देख लोगों ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने युवक को नदी से निकलवाया तब तक उसके परिजन भी पहुंच गए।

# देशी वाटर पार्क के नाम से प्रसिद्ध है घाट, सैकड़ों की संख्या में पहुंचते है लोग

- पानी के गिरते झरना और हरा भरा मंजर देख हर कोई हो जाता आकर्षित

शकील अहमद


डेंजर जोन घोषित एरिया में नहाते युवक

**कुशीनगर (अवधनामा ब्यूरो)।** कप्तानगंज थाना क्षेत्र के छोटी गंडक नदी के फर्दहां घाट देशी वाटर पार्क के रूप में प्रसिद्ध हो चुका है। यहां नदी का पानी झरना के आकार में गिरता है और अगल बगल हरे-भरे पेड़ पौधे से भरा खुशनुमा मंजर देखने को मिलती है जो गर्मी के समय में लोगों को आकर्षित करता है। यही कारण है कि यहां प्रतिदिन सैकड़ों की संख्या में लोग घूमने, सेल्फी व रील बनाने के साथ नहाने आते है। लेकिन इस घाट पर डूबने से आधा दर्जन युवकों की मौत भी हो चुकी है। लगातार मौत को देखते हुए कप्तानगंज पुलिस ने उक्त जगह को डेंजर जोन घोषित करते हुए यहां स्नान करने से रोक लगाई थी। प्रशासन की लापरवाही से दो साल बाद फिर यहां स्नान शुरू हो गया है।

बता दें कि उक्त घाट पर अब तक दर्जनों युवकों की डूबकर मौत हो है। 06 जून 2022 को रामकोला थाना क्षेत्र के लक्ष्मीगंज बस स्टैंड निवासी राहुल मद्धेशिया पुत्र राजकुमार मद्धेशिया उम्र 24 वर्ष अपने दोस्तों के साथ उक्त घाट पर नहाने आया था। नहाने के दौरान राहुल गहरे पानी में चला गया और डूबने लगा। उसके साथ नहा रहे दोस्तों ने बचाने का प्रयास किया लेकिन विफल रहे, और देखते ही देखते राहुल डूब गया। इसी तरह कप्तानगंज थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत लक्ष्मीपुर निवासी मनान का 18 वर्षीय बेटा इसी घाट पर अपने दोस्तों के साथ नहाने गया था लेकिन वह भी इस झरना में बह गया जिससे डूबकर उसकी मौत है। हाटा कोतवाली क्षेत्र के निवासी आयुष पुत्र अशोक वर्मा अपने दोस्तों के साथ 11 जून 2025 को नहाने आया था जिससे डूबकर उसकी मौत हो गई।

### प्रशासन ने घोषित किया है डेंजर जोन

छोटी गंडक नदी के फर्दहां घाट पर लगातार डूबने से हो रही मौत का संज्ञान लेकर घाट को डेंजर जोन घोषित कर बोर्ड लगा दिया था। इसके बाद दो साल तक कोई नहाने नहीं पहुंचा लेकिन प्रशासन की लापरवाही से फिर यहां सैकड़ों लोग स्नान करने पहुंच रहे है। अगर ध्यान नहीं दिया गया तो फिर कई जिंदगियां डूबेगी।

# अवैध संबंध में 40 वर्षीय व्यक्ति की गला काटकर हत्या, कब्रिस्तान में छिपाया था शव

- अहिरौली क्षेत्र के पिपरही गांव का मामला, जांच में जुटी पुलिस

अवधनामा संवाददाता


मृतक सत्तार की फाइल फोटो

**अहिरौली बाजार, कुशीनगर।** थाना क्षेत्र के पिपरही में आशनाई में 40 वर्षीय व्यक्ति की गांव के ही कुछ लोगों ने गला काट कर हत्या कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस शव को कब्जे में लेकर आवश्यक कार्रवाई में जुट गई।

सत्तार अली पुत्र इसहाक अली उम्र 40 वर्ष निवासी पिपरही थाना अहिरौली बाजार कुशीनगर का बुधवार की रात गांव के कुछ लोगों ने चाकू से गला काट कर हत्या कर शव को घटना स्थल से 100 मीटर दूर स्थित कब्रिस्तान में शव को पत्ते की नीचे छुपाकर हत्यारोपी मौके से घर छोड़कर फरार हो गए। जब इस बात की जानकारी जब मृतक की परिजनों को हुई तो मौके पर पहुंचे। तभी किसी ने घटना की सूचना स्थानीय पुलिस को दी। सूचना पर पुलिस फोरेंसिक टीम के साथ मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले के जांच में जुट गई। मृतक की पत्नी तजरून निशा के अनुसार सत्तार का गांव के ही एक महिला से अवैध संबंध था जिसके कारण मेरे पति की चाकू से गला काट कर हत्या कर दिया गया है। परिजनों के अनुसार मृतक हैदराबाद में पेन्ट पालिश का काम करता था 15 दिन पहले हैदराबाद से गांव आया था। मृतक के तीन छोटे बच्चे है। रूस्तम अली 13 वर्ष कासिम अली 10 वर्ष वारिस उम्र 8 वर्ष मृतक घर से यह बताकर गया था कि गांव में ही मिलाद शरीफ में शामिल होने जा रहा है। काफी समय बीत जाने के बाद जब सत्तार अली घर नहीं पहुंचा तो परिजन उसके खोजबीन में जुट गए। तभी उनको घटना की जानकारी हुई तो मौके पर पहुंचे जहां कब्रिस्तान में उसका शव खून से लथपथ और उपर से पत्ते से ढका मिला। वहीं इस घटना से परिजनों को रो रो कर बुरा हाल था। पुलिस पूरे मामले की तहकीकात में जुटी हुई है। घटना की सूचना पर अपर पुलिस अधीक्षक निवेश कटियार क्षेत्राधिकारी कसया कुन्दन कुमार सिंह प्रभारी निरीक्षक अहिरौली बाजार संजय दूबे मौके पर पहुंचकर घटनास्थल का जायजा लिया।

## अज्ञात वाहन की ठोकर से बाईक सवार की मौत

अवधनामा संवाददाता

**मथौली बाजार, कुशीनगर।** कस्बा स्थित पेट्रोल पम्प के समीप बुधवार की रात अज्ञात वाहन की चपेट में आने से एक बाइक सवार युवक की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का शिनाख्त कर पोस्टमार्टम में भेज दिया।

कप्तानगंज थाना क्षेत्र के नगर पंचायत मथौली स्थित एक पेट्रोल पंप के समीप बुधवार की रात अज्ञात वाहन की चपेट में आने से एक बाइक सवार युवक की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची स्थानीय पुलिस ने युवक का शिनाख्त कराया जिसकी पहचान उपेन्द्र पुत्र पूजन उम्र 28 वर्ष निवासी बसंतपुर थाना घुघली जनपद महराजगंज के रूप में हुई। पुलिस शव को कब्जे में लेकर परिजनों को सूचना दिया। गुरुवार सुबह पहुंचे परिजनों से पंचनामा भराकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। युवक के मौत पर परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है।

# कंपोजिट विद्यालय का सांसद व विधायक ने किया भूमि पूजन

- 1.86 करोड़ की लागत से बनेगा अभ्युदय कंपोजिट विद्यालय

अवधनामा संवाददाता


मुख्यमंत्री अभ्युदय कंपोजिट विद्यालय का भूमि पूजन कराते सांसद व विधायक

**मथौली बाजार, कुशीनगर।** कस्बे के वार्ड नंबर 3 रानी लक्ष्मीबाई नगर में गुरुवार को मुख्यमंत्री अभ्युदय कंपोजिट विद्यालय लोहार का सांसद व विधायक ने भूमि पूजन किया।

शिलान्यास के बाद सांसद विजय कुमार दुबे ने कहा कि मुख्यमंत्री अभ्युदय विद्यालय आधुनिक तकनीकी शिक्षा से लैश है। इस विद्यालय के बन जाने से बच्चों को कांवेंट या निजी स्कूलों में जाने की आवश्यक नहीं होगी। इसी विद्यालय में उच्च गुणवत्ता की शिक्षा मिलेगी। इसके लिए पीएम मोदी व सीएम योगी पूरी तरह से प्रतिबद्ध है। विधायक रामकोला विनय प्रकाश गौंड ने कहा कि शिक्षा के स्तर को सुधारने के लिए प्रदेश सरकार द्वारा निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। चेयरमैन नवरंग सिंह ने कहा कि कायाकल्प योजना से जहां विद्यालय की सूरत बदली है। वहीं, शैक्षणिक गुणवत्ता में भी सुधार हुआ है। अब हाईटेक शिक्षा इसी विद्यालय में बच्चों को मिलेगा। इसके लिए मैं सांसद जी व विधायक जी को ध्यानवाद देता हूं।

कार्यक्रम का संचालन सभासद प्रतिनिधि दिनेश राव ने किया। इस मौके पर खंड शिक्षाधिकारी मोतीचक मुकेश प्रताप मिश्र, पूर्व मंडल अध्यक्ष वीरेंद्र पांडेय, हेमंत सिंह, प्रिंस जायसवाल, राधेश्याम वर्मा, प्रिंस मद्धेशिया, व्यास मुनि सिंह, सुरेंद्र गौंड, अखिलेश गुप्ता, पूर्व प्रधान प्रेम सिंह, कृष्ण मणि त्रिपाठी, पंकज तिवारी, जेई संदीप कुमार सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

### विद्यालय में ये है सुविधाएं

मुख्यमंत्री अभ्युदय कंपोजिट विद्यालय में आधुनिक सुविधाओं से लैश होगी। जिसमें बुनियादी सुविधाएं, खेलने का मैदान, पीने का स्वच्छ पानी, विद्युतीकरण की सुविधा, छात्र-छात्राओं व दिव्यांग जनों के अलग-अलग शौचालय, डिजिटल क्लासेस, आधुनिक लाइब्रेरी, किचन आदि सुविधाएं मौजूद है।

# पडरौना की बहू भारतीय प्रशासनिक सेवा आईएएस में हुई प्रमोट

- अंजू लता पीसीएस से प्रमोट होकर आईएएस बनी
- पति विकास चौधरी जीएसटी में ज्वॉइंट कमिश्नर हैं

अवधनामा ब्यूरो


पडरौना नगर की आईएएस दंपति विकास चौधरी व अंजू लता चौधरी

**कुशीनगर।** पडरौना स्थानीय नगर की बहू अंजू लता चौधरी जो अभी यूपी के मुरादाबाद मे एमडीए की सचिव पद पर तैनात हैं उनका प्रमोशन भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) में हुआ है। उनके पति विकास चौधरी भी पीसीएस से प्रमोट होकर पहले ही प्रयागराज में जीएसटी के ज्वॉइंट कमिश्नर पद पर तैनात हैं। दोनों पति-पत्नी के प्रमोशन पर परिवार के साथ ही नगर के लोगों में खुशी का माहौल व्याप्त है।

पडरौना नगर के कन्नौजिया वार्ड पूर्वी निवासी स्व. जंगबहादुर चौधरी व स्व. पार्वती देवी के पीसीएस पुत्र विकास चौधरी की पत्नी अंजू लता चौधरी 2008 बैच की पीसीएस अधिकारी अब प्रमोशन पाकर आईएएस बन गई हैं। लोगों का कहना है कि भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) में प्रमोट होने वाली वह पहली महिला अधिकारी हैं। वह वर्तमान समय में मुरादाबाद एमडीए में सचिव पद पर तैनात हैं। यूपी के मैनपुरी जिले के नगला रम्मदा गांव में जन्मी अंजू लता के पिता स्व. विद्या राम शाक्य एक साधारण किसान थे। अंजू लता बचपन से ही शिक्षा में मेधावी रहीं।

पडरौना नगर की बहू की इस उपलब्धि पर सभी खुश हैं। उन्हें बधाई देने वालों में विधायक मनीष जायसवाल, नपाध्यक्ष विनय जायसवाल, विश्वास चौधरी, विजय सागर, बृजेश यादव, रउफ आलम लड्डू, संतोष जायसवाल, रितेश कुमार सागर, प्रह्लाद गुप्ता, गुड्डू शुक्ला, प्रेम कुमार आदि शामिल हैं।

## मार्ग दुर्घटना में 35 वर्षीय व्यक्ति की मौत

अवधनामा संवाददाता

**अहिरौली बाजार, कुशीनगर।** स्थानीय थाना क्षेत्र के सिधावल मसुरगंज मार्ग पर सोहरौना गांव के समीप मार्ग दुर्घटना में 35 वर्षीय व्यक्ति की मौत हो गई।

मिली जानकारी के मुताबिक पिन्टू गिरी पुत्र रामनारायण गिरी उम्र 35 वर्ष निवासी पकड़ी जो सोनबरसा एचपी गैस एजेंसी पर कार्य करता था। वहां से बीते बुधवार की शाम अपने बाइक पर सवार होकर अपने गांव आ रहा था। अभी वह अहिरौली बाजार थाना क्षेत्र के सोहरौना गांव के समीप पहुंचा था की मार्ग दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गया।

सूचना पर मौके पर पहुंचे परिजन उसके इलाज के लिए समुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पिपराइच ले गए जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर अहिरौली बाजार थाने से उपनिरीक्षक गिरजेश कुमार, कांस्टेबल अमित कुमार पंकज यादव मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजकर आवश्यक कार्रवाई में जुट गए।

# मिशन 2027की तैयारी, पार्टी संगठन में 50फीसदी युवाओं को लाएगी बसपा

- विधानसभा कमेटियों के पुनर्गठन को 13 और14 को बसपा की कार्यकर्ता बैठकें

अवधनामा संवाददाता



**अमेठी।** मिशन-2027की तैयारी में लगी बहुजन समाज पार्टी ने पार्टी संगठन में युवाओं को पचास फीसदी पद देकर कमेटियों का पुनर्गठन कर रही है। 13और14जून को विधानसभा वार बड़ी कार्यकर्ता बैठकों का आयोजन किया गया है। बैठकों में अयोध्या मंडल के मुख्य मंडल प्रभारी पूर्व एम एल सी भीमराव अम्बेडकर, मुख्य मंडल प्रभारी दिलीप कुमार और डॉ दयाराम राजभर कार्यकर्ताओं की राय से विधानसभा कमेटियों का पुनर्गठन करेंगे।

पार्टी के जिला प्रभारी अरूण कुमार गौतम ने बताया कि तिलोई विधानसभा की बैठक मोहनगंज में जगदीशपुर रोड पर पेट्रोल टंकी के पास 13जून को तौफीक फ़ौज के मकान में है। जगदीशपुर की बैठक जाफरगंज के पास दुलारी नगर में पूर्व विधानसभा अध्यक्ष साहब लाल भारती के घर पर रखी गई है। अमेठी विधानसभा की बैठक 14जून को नीलम मैरिज लान और गौरीगंज की बैठक 14जून को कान्हा मैरिज लान में रखी गई है।

बैठकों की तैयारी के क्रम में बामसेफ के जिला संयोजक संजीव भारती ने गुरुवार को तिलोई, जगदीशपुर और अमेठी में कार्यकर्ताओं के साथ जनसंपर्क किया। विधानसभा प्रभारी विजय गौतम, वरिष्ठ बसपा नेता एडवोकेट के के आर्य, विधानसभा प्रभारी के के आर्य,विधानसभा अध्यक्ष मोहन लाल गौतम, रमेश मौर्य जिला संयोजक भाईचारा कमेटी, सेक्टर अध्यक्ष हीरालाल,राम पियारे , हरिप्रसाद आदि बैठक में मौजूद रहे। गौरीगंज में विधानसभा प्रभारी मोती लाल और विधानसभा अध्यक्ष शिवराम, अमेठी में विधानसभा प्रभारी राम अभिलाष बौद्ध, विधानसभा अध्यक्ष लक्ष्मण प्रसाद, महासचिव बलराम यादव, जिला कमेटी सदस्य विक्रमाजीत, सेक्टर अध्यक्ष श्याम कुमार, अशोक भारती , रामपाल, अमृत लाल,राम शंकर, नरेन्द्र कुमार, राजाराम, शिव प्राण ,मदनलाल, बुद्धि राम, अनिल कुमार आदि ने बैठक की तैयारी के क्रम में जनसम्पर्क किया।

# सचिव/अपर जिला जज ने किया राजकीय बाल गृह का निरीक्षण

अवधनामा संवाददाता



**देवरिया।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में माननीय जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण राम मिलन सिंह के मार्गदर्शन में अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवरिया मनोज कुमार तिवारी द्वारा राजकीय बाल गृह का औचक निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवरिया मनोज कुमार तिवारी द्वारा बच्चों को पौष्टिक भोजन व समय-समय पर उचित खान-पान की व्यवस्था के लिए सम्बन्धित को निर्देशित किया गया। उनके द्वारा राजकीय बाल गृह के प्रपत्रों का अवलोकन किया गया। निरीक्षण के दौरान राजकीय बाल गृह में एक बच्चा टीवी रोग से ग्रसित हुआ पाया गया तथा केंद्र व्यवस्थापक द्वारा ये बताया गया कि एक और बच्चा टी.वी.रोग से ग्रसित है जो इलाज हेतु जिला चिकित्सालय गया हुआ है इन बच्चों हेतु उचित खान-पान और दवा व उनके रहने हेतु अलग कक्ष के लिए संबंधित को निर्देश किया गया उन्होनें राजकीय बाल गृह के भण्डार कक्ष में बच्चों के लिए बन रहे भोजन की गुणवत्ता का निरीक्षण किया गया। उन्होनें गर्मी के मौसम को देखते हुए बच्चों हेतु साफ-सुथरे कपड़े व साफ-सफाई पर विशेष दिशा-निर्देश दिया गया तथा गर्मी के मौसम में बच्चों के स्वास्थ्य के लिए उनकी जॉच व बच्चों को नियमित व्यायाम कराये जाने हेतु सम्बन्धित को निर्देश दिया गया। बाल गृह के परिसर, भण्डार कक्ष की सफाई हेतु दिशा निर्देश दिया गया।

# समावेशी विकास और जन कल्याण के नये युग की शुरुआत : शंकर गिरि

- मोदी सरकार की उपलब्धियों के गुणगान को किया प्रोफेशनल मीट का आयोजन

अवधनामा संवाददाता




**अमेठी/गौरीगंज।** केन्द्र सरकार की 11वर्ष की उपलब्धियों के गुणगान के लिए भारतीय जनता पार्टी की ओर से कार्यक्रमों का आयोजन जारी है। ब्लॉक मुख्यालय के सभागार में भाजपा ने प्रोफेशनल मीट का आयोजन किया। प्रोफेशनल मीट में मुख्य वक्ता के रूप में पूर्व दर्जा प्राप्त राज्यमंत्री वीरेंद्र तिवारी, प्रदेश मंत्री शंकर गिरि और उत्तर प्रदेश सरकार के राज्य मंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह शामिल हुए।

वीरेंद्र तिवारी ने कहा कि 11वर्षों में नारी शक्ति विकास की परिधि से केंद्र में आई हैं। मध्यमवर्ग को रोजमर्रा की जिंदगी में सम्मान मिला है और भारत दुनिया की पांचवीं अर्थव्यवस्था बन चुका है। मोदी सरकार के 11साल सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के लिए समर्पित रहे हैं। राज्य मंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की दूरदर्शी नीतियों ने भारत को वैश्विक मंच पर एक प्रभावशाली और सम्मानित सुरक्षा स्तंभ के रूप में स्थापित किया है। भारत का रक्षा निर्यात 34गुना बढ़कर 23622करोड रू तक पहुंच गया है।

प्रदेश मंत्री शंकर गिरि ने कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा उल्लिखित 11, संकल्प विकसित, आत्मनिर्भर और सशक्त भारत बनाने का मार्ग दर्शन है। मोदी जी ने वंशवादी राजनीति का अंत करके समावेशी विकास और जनकल्याण के एक नये युग की शुरुआत की है।

प्रोफेशनल मीट की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष सुधांशु शुक्ल ने की। मीडिया प्रभारी चन्द्र मौलि सिंह के साथ प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष अशोक मिश्र, विवेक शुक्ला, नीलम सिंह,कंचन मिश्र,यश त्रिपाठी,राम शंकर जायसवाल, संजय सिंह, राजीव शुक्ला,राम बरन कश्यप आदि मौजूद रहे।

## अंतराष्ट्रीय योग दिवस 'उल्लास से मनाया जायेगा : डा.अजित नारायण मिश्रा

अवधनामा संवाददाता

**देवरिया।** क्षेत्रीय आर्युवैदिक एवं यूनानी अधिकारी देवरिया कार्यालय पर एक बैठक रखी गयी जिसमे डा.विशाल चौधरी क्षेत्रीय आर्युवैदिक अधिकारी देवरिया ने इस बार का योग थीम एक पृथ्वी एक स्वास्थ्य के लिए जन जन तक पहुंचाया जाना है द्य जिसमे डा.अजित नारायण मिश्र ने कहा की करे योग रहे निरोग स्वस्थ्य रहने के लिए योग प्रशिक्षक के सलाह से ही नियमित योगाभ्यास करें।

जिसमे विश्व योग दिवस के अवसर पर योग सप्ताह का आयोजन 15 जून 2025 से 21 जून 2025 तक चलेगा। डॉ अनिल कुमार मणि. डॉ जनार्दन. डॉ अमरनाथ पांडेय. डॉ संतोष कुमार कुशवाहा , योगी यतेंद्र सागर,डॉ उपेंद्र कुमार गिरी. शैलेन्द्र सिंह,पिंटू लाल यादव, जीतेन्द्र दीक्षित एवं सभी योग प्रशिक्षक उपस्थित हुए ।

# हाई स्कूल व इंटर के मेधावी छात्र हुए सम्मानित

- टॉप टेन विद्यार्थियों को मिला प्रशस्ति पत्र व मेडल सम्मान

अवधनामा ब्यूरो



कलेक्ट्रेट सभागार में मेधावियों को सम्मानित करते डीएम व विधायक

**कुशीनगर।** कलेक्ट्रेट सभागार में उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा आयोजित हाई स्कूल और इंटरमीडिएट परीक्षा 2025 में टॉप 10 मेरिट प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। अभिभावकों का भी माल्यार्पण कर अभिनन्दन एवं सम्मान किया गया। लोक भवन में आयोजित विद्यार्थियों के सम्मान समारोह के अंतर्गत मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा भी प्रदेश एवं जनपद स्तर पर मेरिट में स्थान प्राप्त करने वाले बालक बालिकाओं को मेडल, डमी चेक, प्रशस्ति पत्र टैबलेट देकर सम्मानित किया गया, जिसका सीधा प्रशासन यहां कुशीनगर कलेक्ट्रेट सभागार में देखा गया।

हाई स्कूल एवं इंटरमीडिएट में अधिकतम अंक प्राप्त करने वाले 10-10 विद्यार्थियों को सम्मानित करते हुए माननीय विधायक हाटा मोहन वर्मा एवं जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर ने उन्हें हृदय की गहराइयों से बधाई एवं शुभकामनाएं दी तथा उनके सुखद एवं उज्जवल भविष्य की कामना भी की। हाई स्कूल में एजाज अली 96.17त्न लाकर प्रथम ,उज्जवला सिंह 96त्न पाकर द्वितीय, आनंद कौशिक एवं अंश कुमार राव ने 95.33त्न, पलक गुप्ता ने 95.17त्न, निशु कुशवाहा, निखिल चौहान, अल्तमस बशीर, विकास मद्धेशिया, खुशी गुप्ता ने अच्छे अंक लाकर टॉप 10 के मेरिट में अपना नाम अंकन कराया। इसी प्रकार इंटरमीडिएट में आरजू खातून ने 94.20त्न अंक प्राप्त कर प्रथम ,अमृता यादव ने 90.80त्न अंक पाकर द्वितीय, जिज्ञासा चतुर्वेदी तृतीय, विनीता सिंह, खुशी गुप्ता, विनीत प्रियदर्शी, प्रतिमा निगम, दिव्यांजलि गुप्ता, आलोक यादव सूरज यादव ने अच्छे अंक लाकर टॉप टेन मेरिट में स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर ने कहा कि विद्यालय में मेधावी विद्यार्थियों ने विद्यालय सहित जिला प्रशासन का नाम भी गौरवान्वित किया है। खुशी गुप्ता, विनीता, उजाला, एजाज अली ने अपने पढ़ाई में अनुभव और भविष्य के आगामी लक्ष्य को साझा किया। हाटा विधायक मोहन वर्मा ने बच्चों को उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि पहले सेंटर मैनेज करने के लिए लोग भाग दौड़ करते थे। लेकिन आज मानकों के अनुरूप प्रतिष्ठा के साथ नकलविहीन सारी परीक्षाएं संपन्न होती हैं।

# प्रधानों ने मजदूर बनकर किया जबरदस्त मजदूरी घोटाला

- कई गांवों में उड़ी शासनादेश की धज्जियां
- जिलाधिकारी द्वारा कारण बताओ नोटिस जारी होने के 15 माह बाद भी नही हुई कार्यवाही

अवधनामा संवाददाता

**धनपतगंज, सुल्तानपुर।** बिकास खण्ड में ग्राम निधि खाते में जमकर हुई बंदरबांट में सरकार को लाखों का चूना लगाया गया है।शासनादेश के विपरीत प्रधानों द्वारा ब्यक्तिगत खाते में मजदूरी का गबन किये जाने की शिकायत के बाद भी कार्यवाही के बजाय जिम्मेदार उन्हें बचाने में लगे है।मामला भरसड़ा गांव का है।गांव के ग्राम प्रधान शिवगोपाल यादव ने ग्राम निधि खाते से अपने ब्यक्तिगत खाते में मजदूरी डालकर सरकारी धन का गबन कर लिया।जिसकी शिकायत ग्रामीणों ने उच्चाधिकारियों से कर ग्राम प्रधान पर पचास हजार पचपन रुपये की मजदूरी सामुदायिक मिलन केंद्र की बाउंड्री वाल निर्माण के नाम पर मजदूरी अपने खाते में लेने का गम्भीर आरोप लगाया। जिसकी जांच डीपीआरओ अभिषेक शुक्ल ने सहायक बिकास अधिकारी पंचायत से कराई जिसमे जांच रिपोर्ट में सरेआम शासनादेश का उल्लंघन कर मजदूरी प्रधान के ब्यक्तिगत खाते में भेजे जाने की पुष्टि भी हुई। मामले की गम्भीरता को देखते हुए जिला पंचायत अधिकारी ने दिनाँक 21 फरवरी 24 को तत्कालीन सेक्रेटरी व ग्राम प्रधान को कारण बताओ नोटिस जारी कर जबाब मांगा, जबाब न मिलने पर पुनःजिला मजिस्ट्रेट सुल्तानपुर ने दिनांक 3 अप्रैल 2024 को ग्राम प्रधान शिव गोपाल यादव को उत्तर प्रदेश पंचायत राज अधिनियम 1947 की धारा 95(1)6के अंतर्गत कारण बताओ नोटिस जारी कर 15 दिवस के भीतर जबाब मांगा।इधर कार्यवाही होती देखकर प्रधान ने अपने खाते में ली गयी मजदूरी को पुनः ग्राम निधि खाते में वापस कर शिकायत की पुष्टि कर दी।सरेआम सरकारी धन गबन किये जाने की पुष्टि के 15 दिन के बजाय 15 माह बीत जाने के बाद भी अभी तक कार्यवाही नही हो सकी है। इस वाबत जिला पंचायत राज अधिकारी अभिषेक शुक्ल ने बताया कि प्रधान का खाते में धन लेना गम्भीर है।

### प्रधान को अपने खाते में मजदूरी ने लेने का शासनादेश है जारी

प्रधानों के खाते में मजदूरी का पैसा न भेजे जाने को लेकर अपर मुख्य सचिव पंचायतीराज अनुभाग 3 के पत्र संख्या 1817/33-3-2020-33/2020दिनाँक 24-7-2020 एवं निदेशक पंचायतीराज के पत्र संख्या8/3738/2018-8/31-2/2020-21 दिनांक 3/7/2020 द्वारा राज्य वित्त आयोग की संस्तुतियों के अनुसार ग्राम पंचायतों में पीएफएमएस प्रणाली के दिशा निर्देश निर्गत किये गए थे।उक्त के क्रम में जिलाधिकारी कार्यालय के पत्र संख्या 639 दिनाँक 10/02/2021द्वारा विस्तृत दिशा निर्देश निर्गत किया गया था।निदेशालय के पत्र दिनाँक 03/07/2920 को बिंदु संख्या 5 में स्पस्ट रूप से उल्लिखित किया गया है कि प्रत्येक स्तर पर यह सुनिश्चित किया जायेगा कि कोई भी श्रमिक अथवा बेंडर की धनराशि का भुगतान किसी भी स्तर के पंचायत पदाधिकारी यथा अध्यक्ष/सचिव के खाते में नही किया जायेगा।अन्यथा की स्थित में इसे गम्भीर अनियमितता की श्रेणी में मानते हुए सम्बंधित जनप्रतिनिधियों के अतिरिक्त ग्राम पंचायत के सम्बंधित अधिकारी भी जिम्मेदार होंगे।

# जला ट्रांसफार्मर, पानी को तरसे लोग



अवधनामा संवाददाता

**टूंडला।** भीषण गर्मी में अचानक विद्युत ट्रांसफार्मर में भयंकर आग लग गई। आग लगने से ट्रांसफार्मर पूरी तरह जल गया। साथ ही घरों के लिए जा रही विद्युत केबिल में आग लग गई। आग लगने से लोगों को गर्मी में परेशानियों का सामना करना पड़ा। शहर के एमपी रोड स्थित नई बस्ती मार्ग पर लगे विद्युत ट्रांसफार्मर में दोपहर तीन बजे अचानक आग लग गई। आग लगने से ट्रांसफार्मर में आसमान को छुती लपटें निकलने लगी। क्षेत्रीय लोगों ने ट्रांसफार्मर में आग लगने की सूचना फायर ब्रिगेड को दी। सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड ने ट्रांसफार्मर में लगी आग पर काबू पा लिया, परंतु जब तक ट्रांसफार्मर पूरी तरह जल चुका था। साथ ही घरों के लिए जा रही बंच केबिल भी जलकर राख हो गई। गनीमत रही की दोपहर होने सभी लोग अपने घरों में थे। ट्रांफार्मर में आग लगने से घरों में जा रही विद्युत सप्लाई प्रभावित हो गई। इसके कारण विद्युत न आने पर लोगों को भीषण गर्मी में परेशानियों का सामना करना पड़ा। फायर प्रभारी तेजपाल गौतम ने बताया कि भीषण गर्मी में विद्युत ट्रांसफार्मर में अधिक लोड होने के कारण आग लग गई। सूचना पर पहुंचकर आग पर तत्काल काबू पा लिया गया।

## संक्षिप्त समाचार

### अवैध असलाह सहित एक पुलिस गिरफ्त में



**फिरोजाबाद, अवधनामा संवाददाता।** थाना मक्खनपुर पुलिस टीम द्वारा एक अभियुक्त को अवैध असलाह सहित गिरफ्तार किया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद द्वारा अपराध व अपराधियों पर अंकुश लगाये जाने हेतु जनपद में चलाये जा रहे चौकिंग अभियान के अनुपालन में अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के निकट पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी शिकोहाबाद के कुशल नेतृत्व में थाना मक्खनपुर पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर एक अभियुक्त रिंकू पुत्र रामभरत निवासी ग्राम लाछपुर थाना नसीरपुर जनपद फिरोजाबाद को एक अवैध तमंचा 315 बोर व एक अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर के साथ ग्राम बिल्टीगढ़ के पास बंद पड़े भट्टे से गिरफ्तार किया गया। बरामदगी के आधार पर थाना मक्खनपुर पर मु0अ0सं0 138/2025 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत किया गया है। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर अग्रिम वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। बरामदगी/गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में प्र0नि0 अनिल कुमार सिंह, उ0नि0 रोहित तोमर, उ0नि0 विनय कुमार, का0 1241 अतुल कुमार, का0 1362 भूपेन्द्र सिंह थाना मक्खनपुर जनपद फिरोजाबाद सम्मिलित रहे।

### भैंसी नदी पुनर्जीवन कार्य प्रारंभ

**शाहजहांपुर, अवधनामा संवाददाता।** मुख्यमंत्री के आह्वान पर भैंसी नदी के पुनर्जीवन हेतु नदी को 4 भागों में विभाजित करते हुए राम देवरी मंदिर से संत योगी हनुमंत नाथ के द्वारा भूमि पूजन कर खुदाई कार्य प्रारंभ कराया गया साथ ही जल स्तर, ढलान, चेक डैम निर्माण, दोनों तटों पर वृक्षारोपण एवं तारबाड़ द्वारा सुरक्षा हेतु नदी के दोनों ओर लगभग 42 किमी क्षेत्र में वृहद वृक्षारोपण कराया जाएगा।तथा नदी के आसपास के ग्रामों के तालाबों को अतिक्रमण मुक्त कर पुनः खुदाई कराने का भी कार्य किया जायेगा। इस कार्य में लोक भारती कार्यकर्ताओं एवं प्रशासनिक अधिकारियों की संयुक्त भागीदारी केवल एक पहल नही नदी बल्कि हमारे पर्यावरण, जल-संरक्षण और भावी पीढ़ियों की सुरक्षा की दिशा में एक ठोस कदम है। जिसमें लोक भारती संस्था के देवेश सिंह गंगवार संत कुमार सुधीर सिंह राजदीप सिंह अनूप गंगवार कृष्ण कुमार वर्मा जिला स्तर और ब्लाक स्तर अधिकारियों का विशेष सहयोग रहा

### धूम धाम के साथ सम्पन्न हुआ, उत्तर प्रदेश रोडवेज कर्मचारी संघ सम्बध भारतीय मजदूर संघ का चुनाव



**सुलतानपुर, अवधनामा संवाददाता।** जनपद मुख्यालय पर स्थित आधुनिक बस स्टेशन पर उत्तर प्रदेश रोडवेज कर्मचारी संघ सुलतानपुर डिपो शाखा का चुनाव हुआ। चुनाव अधिकारी संतोष पाण्डेय एवं सिद्धनाथ तिवारी के द्वारा चुनाव प्रक्रिया सम्पन्न करायी गयी। जिसमें श्री निवास पांडेय को शाखा अध्यक्ष एवं प्रतीक श्रीवास्तव को शाखा मंत्री चुना गया संगठन मंत्री देवेन्द्र मिश्रा कोषाध्यक्ष राम सुधि उपाध्याय को चुना गया उक्त चुनाव प्रक्रिया में भारतीय मजदूर संघ के जिला अध्यक्ष दीपक मिश्रा जिला मंत्री शशांक मोहन शुक्ला एवं प्रेम चन्द्र श्रीवास्तव सदस्य मौजूद रहे। चुनाव प्रक्रिया की अध्यक्षता सतीश चन्द्र मिश्रा क्षेत्रीय अध्यक्ष अयोध्या रोडवेज कर्मचारी संघ द्वारा की गयी संचालन बी0सी0 शुक्ला ने किया इसके अतिरिक्त मुख्यालय से शिव बक्श उपाध्याय, शेष नरायण पांडेय , अवधेश पांडेय, बलराम मिश्रा, केके पांडेय, कृपा सिंधु, सुनील कुमार, ज्ञान तिवारी, बृजेश कुमार, संजीव कुमार, मो अंसार, रेनू टण्डन, शैलेन्द्र उपाध्याय, सुशील कुमार राणाप्रताप सिंह समेत दर्जनों कर्मचारी उपस्थित रहे।

### भाजपा द्वारा घोषित मंडल पदाधिकारियों की सूची पर घमासान

**सुलतानपुर, अवधनामा संवाददाता।** भाजपा नगर मंडल की घोषित कार्यकारिणी में सामान्य वर्ग की अलका शुक्ला को पिछड़ी जाति की सूची में कोषाध्यक्ष के रूप में शामिल करने पर घमासान मचा हुआ है। जिले के एक प्रतिष्ठित ब्राह्मण परिवार की बहू अलका शुक्ला को पिछड़ी जाति के पदाधिकारियों की सूची में शामिल कर कोषाध्यक्ष बनाने को लेकर कार्यकारिणी की विश्वसनीयता संदेह के घेरे में आ गई है।उक्त गड़बड़झाले से आहत अलका शुक्ला ने अपने पद से त्यागपत्र देते हुए इसे मानहानि की श्रेणी में बताया है। उनका कहना है कि उनके परिवार की छवि धूमिल करने के षडयंत्र में शामिल लोगों के खिलाफ वे न्यायालय का दरवाजा खटखटाएंगी।वे दोषियों को सजा दिलाकर ही मानेंगी।उक्त मामले की चर्चा जगह जगह की जा रही है।

### नगर के वीवीआइपी क्षेत्र में 24 घंटे से है अंधेरा कायम

**सुलतानपुर, अवधनामा संवाददाता।** सिविल लाइन क्षेत्र में अंधाधुंध बिजली कटौती जारी है।बुधवार को करीब एक दर्जन बार विद्युत कटौती हुई।इस दरम्यान सिर का पसीना एड़ी तक जा रहा। अघोषित विद्युत कटौती को लेकर पक्ष और विपक्ष भी खामोश हो गया है ।उसे अब जनता के दुख दर्द से कोई वास्ता नहीं नही रहा। न कोई ज्ञापन सौंप रहा है ना कोई मुद्दे को उठा रहा । सिविल लाइन क्षेत्र एमजीएस चौराहा, पर्यावरण पार्क,विनोवापुरी समेत कई मोहल्ले आते हैं, यहाँ अंधाधुंध विद्युत कटौती को लेकर कोई भी जनप्रतिनिधि खुलकर सामने नहीं आ रहा ।।कहना अतिश्योक्ति नही होगा कि एक तरीके से विद्युत कटौती का मुद्दा ÷मुदहुँ आंख कतहु कुछ नाहीं÷ की तर्ज पर जिम्मेदार लोग अपना जीवन व्यतीत कर रहे हैं।खबर लिखने तक सिविल लाइन क्षेत्र में अंधेरा पसरा हुआ है।इस बाबत एक्सईएन, एसडीओ समेत किसी भी जिम्मेदार कर्मी ने फोन उठाना मुनासिब नही समझा।

### दिव्यांगजनों की समस्याओं के निस्तारण के लिए 19 जून को आयोजित होगी मोबाइल कोर्ट

**बहराइच, अवधनामा संवाददाता।** न्यायालय/कार्यालय राज्य आयुक्त, दिव्यांगजन, उ.प्र. द्वारा जारी पत्र के अनुसार जनपद के सुदूरवर्ती ग्रामीण क्षेत्रों में निवासरत दिव्यांगजनों की समस्याओं का निस्तारण कराएं जाने के उद्देश्य से महाराजा सुहेल देव स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय एवं महर्षि बालार्क चिकित्सालय बहराइच में अवस्थित ऑडीटोरियम में 19 जून 2025 को मोबाईल कोर्ट का आयोजन किया जायेगा। यह जानकारी देते हुए जिलाधिकारी मोनिका रानी द्वारा मोबाईल कोर्ट को सकुशल सम्पन्न कराये जाने के उद्देश्य से सभी सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश जारी किये गये हैं।

### मुख्यमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना अंतर्गत ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित

**बहराइच, अवधनामा संवाददाता।** सहायक निदेशक मत्स्य डॉ. जितेन्द्र कुमार ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में मुख्यमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना के अंतर्गत जनसामान्य को आच्छादित करने के उद्देश्य से विभागीय पोर्टल फिशरीज़ डाट यूपी डाट जीओवी डाट इन 16 जून से 30 जून 2025 तक आनलाइन आवेदन आमंत्रित किये जा रहे हैं। योजनान्तर्गत परियोजनाओं का विवरण, इकाई लागत आवेदन करने की प्रक्रिया, आवेदन के साथ संलग्न किये जाने वाले अभिलेख व विस्तृत विवरण भी विभागीय पोर्टल पर उपलब्ध है। योजनाअन्तर्गत पूर्व वर्षों के रद्द/प्रतीक्षारत आवेदक पुनः आवेदन कर सकते हैं। योजना के सम्बन्ध में सहायक निदेशक मत्स्य से भी किसी कार्य दिवस में विस्तृत जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

### हरिहरपुर लालपुर में स्थापित होगा 4जी टॉवर

**बहराइच, अवधनामा संवाददाता।** जिलाधिकारी मोनिका रानी ने तहसील मिहींपुरवा (मोतीपुर) के परगना धर्मापुर के ग्राम हरिहरपुर लालपुर में 4जी टॉवर के निर्माण हेतु उप सहायक महाप्रबन्धक (प्रचालन) बी.एस.एन.एल. बहराइच के पक्ष में खसरा/गाटा संख्या 70मि0 क्षेत्रफल 0.280 हेक्टयर नवीन परती श्रेणी की भूमि का आवंटन किया गया है। जारी आदेश में कहा गया है कि हस्तगत करायी जाने वाली भूमि पर स्वामित्व ग्राम सभा का ही रहेगा एवं मात्र कब्ज़ा भारत संचार निगम लिमिटेड को हस्तगत कर दिया जायेगा। भूमि हस्तान्तरण के 03 वर्ष के भीतर भूमि का उपयोग उक्त प्रयोजन हेतु न किये जाने की स्थिति में अनुमति निरस्त समझी जायेगी।

### एडीएम होंगे प्रभारी अधिकारी मक्का खरीद

**बहराइच, अवधनामा संवाददाता।** खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 (रबी फसल) में मूल्य समर्थन योजनान्तर्गत मक्का क्रय हेतु जारी समय सारिणी के अनुपालन में मक्का खरीद योजना के क्रियान्वयन, पर्यवेक्षण, अनुश्रवण एवं संचालन हेतु जिलाधिकारी मोनिका रानी द्वारा अपर जिलाधिकारी (वि/रा) बहराइच गौरव रंजन श्रीवास्तव को प्रभारी अधिकारी मक्का खरीद नामित किया गया है।श्री रंजन के कार्यालय व आवास का दूरभाष नम्बर क्रमशः 05252-232063 व 232419 तथा सी.यू.जी. मोबाइल नम्बर 9454417606 है।

**सूचना**

दि0 9.6.25 को करीब1.30 बजे दिन में कोर्ट रोड,के पास बैनामों की फोटो स्टेट हेतु गया था वहां 1 असल बैनामा सम्पत्ति रकबई 139.35 वर्ग मी मुतालिका ख.नं.937 स्थित ग्राम मल्हीपुर,तह.व जि.सहारनपुर,जिसका विक्रेता श्रीमती चमेली पत्नी चंदन सिंह व राकेश कुमार पुत्र चंदन सिंह नि.ग्राम मल्हीपुर,सहारनपुर व क्रेता सत्यवीर सिंह पुत्र जयपाल नि ग्राम लिब्बा हेडी जि.हरिद्वार,जो बही सं.1 जि. 5298 पेज 117/148 दस्त. 4780 दि015.7.2016 को सब रजिस्ट्रार सहारनपुर में पंजी0 है वास्तव गिर गया यदि मिले तो संपर्क करें!

सोहन वीर मो.9360379250
द्वारा पंकज सिंह एड.चै.141, सिविल कोर्ट, सहारनपुर

# डीएम व विधायक ने मेधावी छात्र-छात्राओं का किया सम्मान

अवधनामा संवाददाता



**फिरोजाबाद।** केंद्र व राज्य स्तरीय बोर्ड परीक्षाओं में उच्च अंक प्राप्त मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान समारोह सदर विधायक मनीष असीजा, जिलाधिकारी रमेश रंजन और मुख्य विकास अधिकारी शत्रोहन वैश्य की उपस्थिति में विकास भवन सभागार कक्ष में संपन्न हुआ, इस अवसर पर जनपद के टॉप 10 हाई स्कूल की अंजली यादव, आकृति, पलक कुशवाहा, पावनी अग्रवाल, वंशिका, अपर्णा, वैष्णवी कुमारी गुप्ता, हिमनंदिनी और शिवानी तथा इंटरमीडिएट के नवीन कुमार, प्राची, अनामिका कुमारी, वैशाली, अंकित यादव, गौरव सिंह, रोहित कुमार, शिवम कुमार, अजय यादव, मोगिता, शिवानी को टेबलेट, प्रशस्ति पत्र, मेडल एवं 21-21 हजार रू0 का चेक छात्र-छात्राओं को वितरण कर सम्मानित किया। इस अवसर पर छात्राओं को प्रेरित और प्रोत्साहित करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि आप सबको ढ़ेर सारी शुभकामनाएं, आपने अपने जिले का नाम रोशन किया है, खुशी की बात यह है कि कक्षा 10 में सर्वाधिक अंक लाने वाली सभी छात्राऐं हैं, जिलाधिकारी ने कहा कि कक्षा 10 से 12 के बाद आपके भविष्य का ग्राफ आने वाले समय में तेजी से बदलेगा, प्रतिस्पर्धा में बनाए रखने हेतु आपको दुगना परिश्रम करना होगा, शिक्षा के साथ-साथ आप सबको संस्कृति, टेक्नोलॉजी, और स्पोर्ट पर भी ध्यान देना होगा, संस्कृति आपको बड़ों का आदर करना सिखाती है, जबकि स्पोर्ट आपको अनुशासन में रहना सीखाता है और टेक्नोलॉजी आपके समय की आवश्यकता है, जो आपके जीवन को सरल और सहज बनाने के साथ-साथ चिंतनशील भी बनती है। इस अवसर पर सदर विधायक मनीष असीजा ने छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आप सभी ने अच्छे परिणाम लाकर जनपद का नाम रोशन किया है, उन्होंने कहा कि कठोर परिश्रम करते रहें, जिससे प्रतिस्पर्धा में अच्छी कामयाबी हासिल कर सके, उन्होंने उच्चतम अंक प्राप्त करने वाली छात्राओं की प्रशंसा की और आई0ए0एस0 इंजीनियर, डॉक्टर बनने के लिए प्रेरित किया, उन्होंने इस अवसर पर सभी बच्चों और अधिकारियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। मुख्य विकास अधिकारी ने इस मौके पर बोलते हुए कहा कि सभी बच्चों ने कड़ा परिश्रम कर अच्छे अंक प्राप्त कर अपने माता-पिता का सम्मान बढ़ाये जाने के साथ जनपद का नाम रोशन किया है, उन्होंने छात्राओं से कहा कि अपना लक्ष्य निर्धारित करें और आगे बढ़ने के लिए मन से पढ़ाई करनी चाहिए, इस हेतु आप सभी के लिए प्रशासन सदैव मदद के लिए खड़ा रहेगा। मेयर कामिनी राठौर ने इस अवसर पर बोलते हुए कहा कि जो बच्चे पढ़ेंगे, वहीं आगे बढ़ेंगे, बच्चों को सम्मानित करने से उनका मनोबल बढ़ता है।

# महिला पर जानलेवा हमले में असलाह सहित दो गिरफ्तार

अवधनामा संवाददाता



**फिरोजाबाद।** ग्राम कीठौत में हुई जान से मारने की नियत से फायरिंग की घटना में थाना सिरसागंज पुलिस द्वारा कार्यवाही करते हुए 24 घंटे के अन्दर घटना में प्रयुक्त बन्दूक मय कारतूस सहित दो नामजद अभियुक्तगण गिरफ्तार किए हैं।

थाना सिरसागंज के ग्राम कीठौत सिरसागंज के श्रीमती संगीता देवी उपरोक्त पर जान से मारने की नियत से फायर करने की घटना हुई थी अभूषणो/रूपये की चोरी जिसके सम्बन्ध में वादी श्रीमती संगीता पत्नी दिलीप निवासी ग्राम कीठौत थाना सिरसागंज जनपद फिरोजाबाद की लिखित तहरीर के आधार पर थाना हाजा पर मु0अ0सं0 317/2025 धारा 109/352/351(3)/288 बीएनएस बनाम 1.प्रिंश पुत्र सुनील कुमार उम्र करीब 18 वर्ष, अभिषेक पुत्र सुनील कुमार उम्र 21 वर्ष निवासीगण पैगू रोड कस्वा सिरसागंज जनपद फिरोजाबाद के विरूद्ध पंजीकृत किया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, फिरोजाबाद के निर्देशन में तथा अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी सिरसागंज के नेतृत्व में सम्बन्धित अभियुक्तगणों की गिरफ्तारी हेतु पुलिस टीमों का गठन किया गया। थाना सिरसागंज पुलिस टीम द्वारा महज 24 घण्टे में कार्यवाही करते हुये वादिया के ऊपर जान से मारने की नियत से फायर करने की घटना को अन्जाम देने वाले अभियुक्तगण प्रिन्स, अभिषेक उपरोक्त को घटना स्थल ग्राम कीठौत सिरसागंज से मय घटना में प्रयुक्त लाईसेन्सी बन्दूक मय कारतूस सहित गिरफ्तार किया गया। जिनके पास से एक अदद लाईसेन्सी बन्दूक 12 बोर, तीन अदद खोखा कारतूस 12 बोर, एक अदद पेटी जिसमें 12 अदद जिन्दा कारतूस 12 वोर बरामद किया गया। गिरफ्तारी/बरामदगी के आधार पर थाना स्थानीय के मु0अ0सं0 317/2025 धारा 109/352 /351 (3)/288 बीएनएस में धारा 25/27 आर्म्स एक्ट बढौत्तरी कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है। अभियुक्तगण को नियमानुसार न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर जेल भेजा जा रहा है। विधिक कार्यवाही प्रचलित है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में व0उ0नि0 अजेन्द्र सिंह, उ0नि0 विरेन्द्र कुमार, उ0नि0 भैयालाल, हे0का0 1051 पवन कुमार, का0 127 अमित, 6-का0 1100 मनीष कुमार थाना सिरसागंज जनपद फिरोजाबाद सम्मिलित रहे।

### दोषी अभियुक्तगणों को आजीवन कारावास

**फिरोजाबाद।** ऑपरेशन कन्विक्शन के तहत फिरोजाबाद पुलिस की प्रभावी पैरवी एवं ठोस साक्ष्य संकलन के फ्लस्वरूप अभियुक्तगण बबलू एवं विजय को न्यायालय एडीजे-01 द्वारा दोषी पाते हुए आजीवन कारावास एवं 55-55 हजार रुपये के जुर्माने से दण्डित किया। पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश द्वारा प्रदेश में चलाये जा रहे ÷ऑपरेशन कन्विक्शन÷ अभियान के अन्तर्गत वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद के निर्देशन में मॉनिटरिंग सेल द्वारा प्रभावी पैरवी करते हुये ठोस साक्ष्य संकलन के आधार पर थाना दक्षिण पर पंजीकृत अभियोग मुअसं 300/2020 धारा 302,201 भादवि के दोषी अभियुक्तगण बबलू पुत्र रामभरोसी एवं विजय पुत्र हरिओम निवासीगण मालवीय नगर थाना दक्षिण को न्यायालय एडीजे-01 द्वारा दोषी पाते हुए आजीवन कारावास की सजा एवं 55-55 हजार रुपये के जुर्माने से दण्डित किया गया है। अभियुक्तगण को सजा दिलाने में अभियोजक शैलेन्द्र प्रताप सिंह, पुलिस मॉनिटरिंग सेल एवं कोर्ट पैरोकार है0का0 लक्ष्मण सिंह का विशेष योगदान रहा है।

# 15 दिवसीय विकसित कृषि संकल्प अभियान-2025 का जनपद में समापन




- 135 ग्राम पंचायतों में आयोजित हुई कृषक गोष्ठी

अवधनामा संवाददाता

**बहराइच।** प्रदेश में खरीफ मौसम में उगाई जाने वाली प्रमुख फसलों से सम्बन्धित आधुनिक कृषि तकनीकों एवं जलवायु परिवर्तन प्रभावरोधी कृषि पद्धतियों की जानकारी कृषकों को प्रदान करने के उद्देश्य से शासन के निर्देश पर 29 मई 2025 से 12 जून 2025 के मध्य संचालित होने वाले विकसित कृषि संकल्प अभियान-2025 के अन्तिम दिन 09 ग्राम पंचायतों विकास खण्ड चित्तौरा की ग्राम पंचायत बरई विलासा, परसौरा, कल्पीपारा, बहादुरचक, सिसैयाचक, ताजखुदाई तथा रिसिया की ग्राम पंचायत परसाखरगमन, समोखन, परसपुर आयोजित कृषक गोष्ठी में कृषि वैज्ञानिकों एवं कृषि अधिकारियों द्वारा किसानों को फसल उत्पादन तकनीक तथा योजनाओं की जानकारी प्रदान की गई। ग्राम पंचायत कल्पीपारा में आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कृषि विज्ञान केन्द्र बहराइच के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. शैलेन्द्र सिंह ने खरीफ फसलों में फसल सुरक्षा पर विशेष ध्यान देने का सुझाव दिया। डॉ. सिंह ने कहा कि भारत सरकार के कृषि मंत्रालय द्वारा कृषि वैज्ञानिक चले गांव की ओर की थीम के तहत विकसित कृषि संकल्प अभियान के अन्तर्गत पिछले 15 दिवसों में 135 ग्रामों में कृषि तकनीक प्रसार का आयोजन किया गया। कृषि वैज्ञानिक डॉ. प्रियन्का सिंह ने मृदा परीक्षण के आधार पर उर्वरकों के उपय ग की सलाह दी गई। ग्राम पंचायत बहादुरचक, सिसैवाचक एवं ताजखुदाई में आयोजित कार्यक्रम में डॉ. नन्दन सिंह एवं डॉ. अरुण कुमार राजभर ने कृषकों को प्राकृतिक खेती करने की सलाह दी तथा कृषि तकनीक अपनाकर खेती किसानी से आय वृद्धि करने के तरीके बताये। कृषि विज्ञान केन्द्र नानपारा के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. उमेश कुमार, डॉ. पी.के. सिंह, सुनील कुमार, डॉ. संदीप गौतम ने विकास खण्ड रिसिया की ग्राम पंचायत परसाखरगमन् समोखन एवं परसपुर में किसानों को कृषि तकनीकी की जानकारी देते हुए प्राकृतिक खेती करने तथा मृदा नमूना के आधार पर ही फसलों में उर्वरकों के प्रयोग की सलाह दी। ग्राम पंचायत बरईविलासा में जिला कृषि अधिकारी डॉ. सूबेदार यादव ने किसानों को नैनो यूरिया एवं नैनो डीएपी का अधिक से अधिक प्रयोग करने की सलाह दी। उप निदेशक कृषि विनय कुमार वर्मा ने बताया कि विकसित कृषि संकल्प अभियान कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य यही है अनुसंधान से प्राप्त तकनीक का कृषक उपयोग करके अपनी आय बेहतर करें। श्री वर्मा ने नेचुरल फार्मिंग तथा गौ-आधारित प्राकृतिक खेती के बेहतर विकल्प को अपनाने पर बल दिया।

# पारिवारिक कलह में मासूम की गई जान

अवधनामा संवाददाता



**बाँदा।** जनपद के मवई गाँव से एक हृदयविदारक घटना सामने आई है। पारिवारिक कलह और घरेलू हिंसा की चपेट में आकर एक 11 वर्षीय मासूम बच्ची ने अपनी जान दे दी। बताया जा रहा है कि बच्ची ने अपने पिता को मां को पीटते हुए देखा, जिससे आहत होकर उसने पास के एक गहरे कुएं में छलांग लगा दी। घटना के बाद से पूरे गांव में शोक और सनसनी का माहौल है। घटना की सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड और शहर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची। दो घंटे से अधिक समय बीत जाने के बावजूद रेस्क्यू ऑपरेशन जारी है। बच्ची के शव को बाहर निकालने के लिए गहरे कुएं में लोहे का कांटा डाला गया था, जिससे शव कुछ समय के लिए बाहर आ गया, लेकिन उसे बाहर खींचते समय फिर से कुएं में गिर गया। स्थानीय ग्रामीणों और पुलिस प्रशासन की टीम द्वारा शव निकालने की पूरी कोशिश की जा रही है। मौके पर भारी संख्या में ग्रामीण मौजूद हैं और रेस्क्यू ऑपरेशन में मदद कर रहे हैं। अधिकारियों ने बताया कि कुआं अत्यंत गहरा है, जिससे बचाव कार्य में काफी कठिनाई हो रही है। सूत्रों के अनुसार, दो दिन पहले ही यह बच्ची इलाज के लिए जिला अस्पताल गई थी और स्वास्थ्य लाभ के बाद हाल ही में घर लौटी थी। लेकिन घरेलू कलह और माता-पिता के झगड़े ने उसे इस कदर तोड़ दिया कि उसने आत्मघाती कदम उठा लिया।यह घटना एक बार फिर समाज को आईना दिखा रही है कि घरेलू हिंसा केवल पति-पत्नी तक सीमित नहीं होती, बल्कि इसका सीधा असर बच्चों की मानसिक स्थिति पर पड़ता है। प्रशासन से अपील है कि इस घटना की गहराई से जांच हो और पीड़ित परिवार को मानसिक एवं सामाजिक सहायता मुहैया कराई जाए।

# कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित किया गया मेधावी छात्र सम्मान समारोह

अवधनामा संवाददाता



**शाहजहाँपुर।** कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित ÷मेधावी छात्र सम्मान समारोह 2025÷ के अंतर्गत हाई स्कूल एवं इंटरमीडिएट की परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मा0 मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी द्वारा लखनऊ स्थित लोक भवन सभागार में आयोजित यूपी बोर्ड टॉपर्स सम्मान समारोह का सजीव प्रसारण भी देखा गया। मुख्यमंत्री द्वारा पूरे प्रदेश से हाई स्कूल व इंटरमीडिएट परीक्षा-2025 में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। इसी क्रम में शाहजहाँपुर जनपद के हाइस्कूल एवं इंटर मीडिएट के टॉप 10 छात्र-छात्राओं को भी कलेक्ट्रेट सभागार में प्रतीकात्मक रूप से 21,000 के चेक, टैबलेट, प्रशस्ति पत्र एवं मेडल प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में सांसद अरुण कुमार सागर, जिला पंचायत अध्यक्ष ममता यादव, विधायक जलालाबाद हरि प्रकाश वर्मा, विधायक ददरौल अरविंद कुमार सिंह, जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह, नगर आयुक्त डॉ. विपिन कुमार मिश्र, मुख्य विकास अधिकारी डॉ. अपराजिता सिंह, जिला विद्यालय निरीक्षक हरिवंश कुमार सहित अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारीगण, शिक्षकगण, सम्मानित विद्यार्थी एवं उनके अभिभावक उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान हाई स्कूल वर्ग से सम्मानित होने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं में अभय प्रताप सिंह (पंडित रामनाथ मिश्रा हायर सेकेंडरी स्कूल), अभय सिंह (आचार्य राम मोहन मिश्रा सरस्वती विद्या मंदिर, जलालाबाद), शिवांश सिंह (नवोदित पब्लिक इंटर कॉलेज म्यूना खुदागंज), अनमोल कुमार (न्यू ग्रेट स्कॉलर्स हाईस्कूल इस्लामगंज), निधि (सुभद्रा देवी महेश चंद्र बालिका इंटर कॉलेज हमजापुर), वीरेंद्र पाल (संजय कुमार सरस्वती कॉलेज), अनामिका (पंडित रघुवर दयाल मिश्रा इंटर कॉलेज चिलौआ), केशव गुप्ता (पंडित रामनाथ मिश्रा हायर सेकेंडरी स्कूल, अल्हागंज), अंशिका पाल (सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज, तिलहर) एवं संदीप (आदर्श बाल विद्यालय इंटर कॉलेज, मीरानपुर कटरा) सम्मिलित रहे। वहीं इंटरमीडिएट वर्ग में ज्ञानेश मौर्या (मां शारदे इंटर कॉलेज, तिलहर), आशीष कुमार श्रीवास्तव (संजय कुमार सरस्वती कॉलेज), शिखा व प्रांशी राठौर (सर्व हितेशी इंटर कॉलेज, हमजापुर), अभिनव सिंह राजपूत (सर्व समाज इंटर कॉलेज, बलदेवपुर), आकर्ष कुमार शुक्ला (सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज, पुवायां), अनुभव (काकोरी शहीद इंटर कॉलेज, जलालाबाद), अंजलि देवी (बृजपाल सिंह इंटर कॉलेज, महमूदपुर तिलहर), जागृति मिश्रा (पंडित रघुवर दयाल मिश्रा इंटर कॉलेज, चिल्लाउआ) तथा स्वर्णिम (सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज, पुवायां) को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सभी जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने विद्यार्थियों को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं और उनके अभिभावकों एवं शिक्षकों को भी उनकी प्रेरणादायी भूमिका के लिए बधाई दी।

# जनपद स्तरीय मेधावी छात्र-छात्रा सम्मान समारोह में बच्चों के चेहरे ख़ुशी से खिल उठे

अवधनामा ब्यूरो




**इटावा।** जनपद स्तरीय मेधावी छात्र-छात्रा सम्मान समारोह एवं मुख्यमंत्री विद्यालयीय खेल पुरस्कार वितरण समारोह कार्यक्रम विकास भवन स्थित प्रेरणा सभागार में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सदर विधायक श्रीमती सरिता भदौरिया ने अपने उद्बोधन में कहा कि सभी छात्र-छात्राओं द्वारा मुख्यमंत्री जी का लाईव प्रसारण सुना एवं देखा गया जिस पर उन्होंने कहा कि सभी बच्चों द्वारा इसपर विशेष ध्यान दिया जाए। कार्यक्रम में 11 मेधावी बच्चे जिसमें 6 बच्चे 10 वीं एवं 5 बच्चे 12वीं के 21000 रुपए की चेक, प्रमाण पत्र एवं मेडल देकर सम्मानित किया गया। मुख्यमंत्री खेल पुरस्कार के अंतर्गत 8 बच्चे रजत पदक जीतने वालों को 25000 रुपए एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया और 6 बच्चे कांस्य जीतने वालों को 15000 रुपए की चेक और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। जनपद के 10 बच्चों को मुख्यमंत्री जी द्वारा लखनऊ में सम्मानित किया गया। सदर विधायक जी ने कहा कि आज मुख्यमंत्री जी द्वारा 122 करोड़ परियोजनाओं का बटन दबाकर लोकार्पण किया गया। उन्होंने कहा कि छात्र की अपेक्षा छात्राएं अधिक मेहनत करती हैं इस कार्यक्रम में उनकी संख्या अधिक है। उन्होंने छात्रों का उत्साह एवं बधाई देते हुए कहा की इसी तरह छात्र छात्रों को भी कठिन परिश्रम कर एवं मेहनत करके जनपद का नाम रोशन करना है। उन्होंने कहा कि पारदर्शी व निष्पक्ष परीक्षा देने से परिणाम हमेशा अच्छे ही आते है। जिलाधिकारी ने अपने उद्बोधन में कहा कि जिन बच्चों ने जनपद का गौरव बढ़ाया है वह बधाई के पात्र है। उन्होंने कहा कि बच्चों के लिए बहुत ही समय है, भटकाव आदि चीजों से बचना है एवं आप सभी को नियमित रूप से अध्ययन करके अपना भविष्य उज्ज्वल करना है। उन्होंने कहा कि जो बच्चे लगन या मनोयोग से कार्य करेंगे वही बच्चे उच्च स्तर तक पहुंच पाएंगे। कार्यक्रम के अंत में जिलाधिकारी द्वारा सभी छात्र-छात्राओं को रक्त दान की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम के दौरान जिला विकास अधिकारी राकेश प्रसाद, जनप्रतिनिधिगण, जिला विद्यालय निरीक्षक मनोज कुमार, अपर जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ मुकेश यादव, सहित मेधावी छात्र-छात्राएं आदि उपस्थित रहे।

## आरक्षियों को नियुक्ति पत्र वितरण व्यवस्था का जायजा लिया

**इटावा।** आरक्षी ना.पु.सीधी भर्ती-2023 में चयनित अभ्यर्थियों के नियुक्ति पत्र वितरण व्यवस्था एवं प्रशिक्षण हेतु जे.टी.सी./आर.टी.सी. की तैयारी के दृष्टिगत गुरुवार को पुलिस उप महानिरीक्षक कानपुर परिक्षेत्र हरीश चन्द्र द्वारा डाक बंग्ला सिचाई विभाग पहुंचने पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव एवं अन्य अधिकारियों द्वारा स्वागत किया गया, तत्पश्चात गार्द द्वारा सलामी दी गयी तदोपरान्त उनके द्वारा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव तथा पुलिस अधिकारीगण /कर्मचारीगण के साथ सुदिति ग्लोबल एकादमी में पहुंचकर आगन्तुक आरक्षियों को नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम व्यवस्था का जायजा लिया।उन्होंने आरक्षी ना.पु.सीधी भर्ती-2023 में चयनित अभ्यर्थियों के प्रशिक्षण हेतु जे.टी.सी./आर.टी.सी. की तैयारी के सम्बन्ध में पुलिस लाइन स्थित आरटीसी बैरक, मैस, जिम, शौचालय, पीटी गोदाम, क्लास रूम, आरओ वाटर इत्यादि का निरीक्षण कर संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिये साथ ही उन्होंने आरटीसी परिसर की साफ-सफाई व सौंदर्यीकरण के लिए सभी को निर्देशित किया। इस दौरान पुलिस के अन्य अधि/कर्मचारीगण उपस्थित रहें।

# मुख्यमंत्री डैशबोर्ड की मासिक समीक्षा बैठक संपन्न



अवधनामा संवाददाता

**हमीरपुर।** कलेक्ट्रेट के डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम सभागार में मुख्यमंत्री डैशबोर्ड पोर्टल की ग्रेडिंग और विकास कार्यों की मासिक समीक्षा बैठक संपन्न हुई। जिलाधिकारी घनश्याम मीना की अध्यक्षता और मुख्य विकास अधिकारी चन्द्र शेखर शुक्ला की उपस्थिति में हुई बैठक में विभिन्न विकास योजनाओं की प्रगति, रैंकिंग और ग्रेडिंग की विभागवार समीक्षा की गई।जिलाधिकारी ने खराब रैंकिंग वाले विभागों को कार्यों में तेजी लाकर सुधार करने के निर्देश दिए। गलत डाटा फीड करने पर कड़ी कार्रवाई और प्रतिकूल दृष्टिकोण अपनाने की चेतावनी दी। उन्होंने डाटा फीडिंग से पहले विभागीय अधिकारियों को स्वयं डाटा जांचने, फैमिली आईडी निर्माण में युद्ध स्तर पर कार्य करने, और गौशालाओं का आकस्मिक निरीक्षण कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। गौवंश संरक्षण में लापरवाही पर सख्त कार्रवाई की बात कही।जिलाधिकारी ने कहा कि डैशबोर्ड पर मासिक रैंकिंग और ग्रेडिंग से विभागों के प्रदर्शन का मूल्यांकन होता है। सभी विभाग समयबद्ध तरीके से कार्यों और शिकायतों का निस्तारण पोर्टल पर दर्ज करें। डाटा फीडिंग में लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी। अधिकारियों को डाटा फीडिंग स्वयं देखने और केवल ऑपरेटर पर निर्भर न रहने की हिदायत दी। आईजीआरएस और जन शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने पर जोर दिया।सभी कार्यालयाध्यक्षों को ई-ऑफिस प्रणाली के प्रभावी संचालन के निर्देश दिए गए। बैठक में मुख्य चिकित्साधिकारी, प्रभागीय वनाधिकारी, परियोजना निदेशक, उपायुक्त एनआरएलएम, खंड विकास अधिकारी और अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# महिला बीट आरक्षियों के साथ पुलिस लाईन चुर्क की समीक्षा बैठक संपन्न

अवधनामा ब्यूरो



**सोनभद्र।** पुलिस लाईन चुर्क, सोनभद्र स्थित सभागार में अपर पुलिस अधीक्षक मुख्यालय अनिल कुमार द्वारा महिला बीट सुदृढ़ीकरण के सम्बन्ध में जनपद की समस्त महिला बीट कर्मियों की मीटिंग की गयी। उक्त मीटिंग के दौरान महिला बीट कर्मियों को बीट क्षेत्र में नियमित रूप से भ्रमण करते हुये कार्यक्रम आयोजित कर महिलाओं एवं बालिकाओं को सरकारी योजनाओं जैसे-प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, बैंकिंग करेस्पोन्डेन्ट सखी, निराश्रित महिला पेंशन योजना, मुख्यमंत्री सुकन्या समृद्धि योजना, छात्रवृत्ति योजना आदि तथा महिला सम्बन्धी अपराधों से बचाव व रोकथाम, महिला सम्बन्धी कानूनों यथा पोक्सो एक्ट, पोश एक्ट, दहेज प्रतिषेध अधिनियम, बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम आदि के सम्बन्ध में जानकारी प्रदान किये जाने हेतु निर्देशित किया गया। साथ ही बीट क्षेत्र में होने वाले अवैध कार्यों के सम्बन्ध में अभिसूचना संकलन करने तथा अवैध शराब/मादक पदार्थों/ छेड़खानी/ महिला उत्पीड़न में लिप्त अपराधियों व मनचलों/शोहदों के सम्बन्ध में जानकारी एकत्र किये जाने हेतु निर्देशित किया गया। उक्त के अतिरिक्त महिला बीट कर्मियों से उनके कार्य के सम्बन्ध में प्रश्नोत्तर करते हुये उनसे बीट क्षेत्र के सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त की गयी और विभिन्न सरकारी योजनाओं व महिला सम्बन्धी कानूनों के सम्बन्ध में जानकारी प्रदान करते हुये उनकी दक्षता में वृद्धि की गयी। साथ ही महिला बीट में प्रभावी कार्यवाही हेतु उच्चाधिकारीगण से प्राप्त निर्देशों से अवगत कराते हुये ब्रीफ किया गया। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक मुख्यालय द्वारा महिला बीट कर्मियों से उनकी समस्याओं के बारे में पूछा गया तथा प्रकाश में आने वाली समस्याओं के निस्तारण हेतु सम्बन्धित अधिकारीगणों को निर्देशित किया गया।

## प्रियांशु के शतक से देव स्पोर्ट्स फाइनल में

**प्रयागराज।** देव स्पोर्ट्स क्रिकेट क्लब ने डी फैमिली बिस्ट्रो कैफे एंड रेस्टोरेंट अंडर -14 व 16 क्रिकेट प्रतियोगिता के पहले सेमीफाइनल मैच में सेंट पीटर्स क्रिकेट क्लब को 55 रन से हराकर प्रतियोगिता के फाइनल में जगह बनाई हैं। इस जीत में प्रियांशु पाल के शानदार शतक ( 121 रन, 93 गेंद, 21 चौके ) पारी खेल अपनी टीम को फाइनल में जगह दिलाई हैं। सेंट पीटर्स क्लब के कुणाल मिश्रा ने सटीक गेंदबाजी ( 6 - 1 - 25 - 5 ) की लेकिन अपनी टीम को जीत ना दिला सके। गुरुवार को भानु प्रताप मैदान पर दोपहर में पहले सेमीफाइनल मैच में देव स्पोर्ट्स क्रिकेट क्लब पहले बल्लेबाजी करते हुए 30 ओवर में 200 रन ( प्रियांशु पाल 121, शिवा सिंह 26, अर्जुन 19 रन, कुणाल मिश्रा 5/26, शिवांश मिश्रा 2/40, शलोक चन्द्र 1/22, मंरूप सिंह 1/36 ) पर बनाए। जवाब में सेंट पीटर्स क्रिकेट क्लब की पूरी टीम 27.4 ओवर में 145 रन (शिवांश पांडेय 41, अमृतानश शुक्ला 29, हर्षित तिवारी 20 रन, प्रियांशु पाल 2/13, अभी 2/16, शिवा सिंह 2/22, प्रांजल मिश्रा 1/16) पर सिमट गई। प्रतियोगिता का दूसरा सेमीफाइनल मैच भानु प्रताप सिंह क्रिकेट क्लब व वर्मा क्रिकेट क्लब के बीच 14 जून को खेला जाएगा।

# अन्तर्राज्यीय टप्पेबाज गिरफ्तार

अवधनामा ब्यूरो



**इटावा।** एसओजी, सर्विलांस टीम एवं थाना कोतवाली पुलिस ने संयुक्त रुप कार्यवाही करते हुए टप्पेबाजी की घटना का वर्कआउट कर बस व ऑटो में आम जनता से गिरोह बनाकर टप्पेबाजी की घटना कारित करने वाला अन्तर्राज्यीय आरोपी गिरफ्तार किया। वादी प्रवीन कुमार पुत्र रामस्वरूप पाल निवासी राजपुर कुदरकोट थाना ऐरवाकटरा जनपद औरैया ने थाना कोतवाली पर लिखित तहरीरी सूचना दी कि 10 जून को एक ऑटो संख्या यूपी 75 सी टी 1844 से वादी की बहनों के बैग में रखे आभूषणों को अज्ञात व्यक्ति द्वारा चोरी कर लिया गया है। एसएसपी ब्रजेश कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि घटना की गंभीरता को देखते हुए घटना के सफल अनावरण हेतु तत्काल जनपद स्तर से अपर पुलिस अधीक्षक नगर एवं क्षेत्राधिकारी नगर के नेतृत्व में एसओजी, सर्विलांस एवं थाना कोतवाली से पुलिस टीमों का गठन किया गया। जनपदीय स्तर से गठित टीमों द्वारा सीसीटीवी फुटेज, इलेक्ट्रॉनिक एवं मैनुअल साक्ष्यों के माध्यम से त्वरित कार्यवाही करते हुये अन्तर्राज्यीय आरोपी आनंद बहेलिया पुत्र करण सिंह बहेलिया निवासी ग्राम नगला उसर थाना कुरावली मैनपुरी को ग्वालियर रोड पर घूमनपुरा पुलिया के पास से गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपी के कब्जे से दो सोने की चेन, पांच सोने की अंगूठी, सोने का मंगलसूत्र, दो जोड़ी चांदी की पायल, तीन चूड़ी, तीन चांदी की पायल, एक चांदी की कर्धनी फुल, एक चांदी की कर्धनी हाफ, चार जोड़ी पायल, दो जोड़ी पायल, एक कर्धनी बच्चे की, एक जोड़ी चांदी का कढ़ा बच्चे का, 9 बिछिया चांदी की, एक चांदी की चम्मच, एक टूटा हुआ मंगलसूत्र सोने का, एक टूटा हुआ सोने का पैंडल, एक टूटा हुआ हार बरामद किया। कड़ाई से पूछताछ करने पर उसके द्वारा बताया गया कि वह अपने साथियों विकास दोहरे, गोपाल उर्फ रामगोपाल बहेलिया, सचिन बहेलिया एवं अन्य सदस्यों के साथ मिलकर उत्तर प्रदेश एवं मध्य प्रदेश के विभिन्न जनपद इटावा, औरैया, जौनपुर, वाराणसी, सागर, दमोह, भिंड में आम जनता के भोले भाले पुरूष एवं महिलाओं से बस, टैम्पों व अन्य वाहनों में बैठकर टप्पेबाजी की घटनाओं को अंजाम देते हैं। उक्त सराहनीय कार्य करने वाली पुलिस टीमों को उत्साहवर्धन हेतु एसएसपी ने 20 हजार की धनराशि से पुरस्कृत किया।

# संक्षिप्त समाचार

## समाज उत्थान समिति ने चलाया ग्रीन टेप अभियान



**इटावा,अवधनामा ब्यूरो।** समाज उत्थान समिति द्वारा अखिल भारतीय कूर्मि क्षत्रिय महासभा , इटावा के बच्चों ने पेड़ों में ग्रीन टेप बांध कर ग्रीन टेप अभियान चलाया गया। ग्रीन टेप अभियान के संस्थापक/राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य अपना दल(एस) डॉ0हरीशंकर पटेल ने बताया कि पर्यावरण को स्वच्छ व शुद्ध करने में पौधों को लगाना तथा पेड़ों की रक्षा करना मानव जीवन के लिए हितकारी है। आओं हम सब वृक्षों की रक्षा करें तथा आम जनमानस में वृक्षों के प्रति प्रेम पैदा करना जरूरी है। इन्जी0राजेश कुमार वर्मा महासचिव अखिल भारतीय कूर्मि क्षत्रिय महासभा ने ग्रीन टेप अभियान की प्रशंसा करते हुए कहा कि पेडों से मानवीय जीवन को प्राण वायु, स्वस्थ वर्धक जड़ी बूटियों से अनंत लाभ प्राप्त तथा पर्यावरण शुद्ध होता है। अभिराज छात्र चड़ीगढ़ यूनिवर्सिटी, चड़ीगढ़ ने वृक्षो के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वृक्षों के बिना हमारा जीवन सूना है। कार्यक्रम को सफल बनाने में मुख्य रूप से नीतू गुप्ता, प्रियांशी, आर्य, अनमोल, ओम कटियार, अर्थव, रुद्र, तेजस पटेल, अलिया , रिया, आदविक, आरना, आदित्य, ईसिका अवनी, वैष्नवी द्विवेदी, आरुषी, अक्ष्य, माण्डवी, राघव गुप्ता आदि का सराहनीय योगदान रहा।

## अखंड रामायण पाठ के समापन पर भंडारा




**हमीरपुर, अवधनामा संवाददाता।** ज्येष्ठ पूर्णिमा के अवसर पर ज्ञान प्रकाश अवस्थी, राष्ट्रीय अध्यक्ष, सनातन संरक्षण कल्याण समिति, द्वारा रमेड़ी स्थित अपने आवास पर अखंड रामायण पाठ का आयोजन किया गया। ज्ञान प्रकाश अवस्थी ने कहा कि भगवान राम हमारे आदर्श हैं, जिन्होंने जीवन के मूल्यों का पाठ पढ़ाया। उन्होंने बताया कि जीवन की हर स्थिति में व्यक्ति को साहस के साथ सामना करना चाहिए और अपने कर्म भाग्य के अनुसार करने चाहिए।अखंड रामायण पाठ के समापन पर भंडारे का आयोजन हुआ, जिसमें सैकड़ों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर मंगली प्रसाद अवस्थी (शिक्षक), हरिकृष्ण अवस्थी (एडवोकेट), रामकृष्ण अवस्थी (इंजीनियर), श्याम सुंदर अवस्थी, मयंक अवस्थी (एडवोकेट, दिल्ली हाई कोर्ट), डॉ. सर्वेश द्विवेदी, हरिमाधव मिश्र, हरिप्रपन्न मिश्र सहित कई लोग उपस्थित रहे।

## स्वर्णकार धर्मशाला प्रबंध समिति का चुनाव जल्द



**राठ (हमीरपुर), अवधनामा संवाददाता।** नगर के हमीरपुर चुंगी चौकी के समीप श्री भोला आनंदेश्वर स्वर्णकार धर्मशाला में बीती शाम सामाजिक बंधुओं की बैठक संपन्न हुई। बैठक में धर्मशाला प्रबंध समिति का चुनाव जल्द कराने का निर्णय लिया गया। धर्मशाला समिति के अध्यक्ष बृजभूषण सोनी (दाऊ) ने बताया कि उनकी कार्यकारिणी का तीन वर्ष का कार्यकाल समाप्त होने पर यह बैठक बुलाई गई। सर्वसम्मति से चुनाव के लिए शिवराम सोनी को मुख्य चुनाव अधिकारी, बृजेंद्र सोनी (भोले) और राम प्रकाश को सह-चुनाव अधिकारी नियुक्त किया गया।बैठक में सुरेश सोनी (शिक्षक), बाल स्वरूप सोनी, वीरेंद्र, रोहित, अमित, पूर्व सभासद गुड्डू सोनी, आकाश सोनी सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## लाइनमैन की बिजली के खंभे से गिरकर मृत्यु

**हमीरपुर, अवधनामा संवाददाता।** सुमेरपुर थाना क्षेत्र के मवई जार निवासी अशोक कुमार (35 वर्ष), पुत्र हरिदास, जो लाइनमैन का कार्य करता था, की आज सुबह करीब 10 बजे बिजली के खंभे से गिरने के कारण मृत्यु हो गई। सुमेरपुर पुलिस को मिली सूचना के अनुसार, मृतक के शव को जिला अस्पताल हमीरपुर के मोर्चरी हाउस में सुरक्षित रखा गया है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचायतनामा भरकर पोस्टमार्टम की कार्रवाई शुरू कर दी है। अन्य आवश्यक वैधानिक कार्यवाही प्रचलित है।

## पर्यावरण और गंगा संरक्षण पर महत्वपूर्ण बैठक




**हमीरपुर, अवधनामा संवाददाता।** कलेक्ट्रेट के डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम सभागार में जिला पर्यावरण समिति, वृक्षारोपण समिति और गंगा संरक्षण समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक में पिछले पांच वर्षों के वृक्षारोपण से वनावरण सुधार का सर्वेक्षण कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए। बंजर व बीहड़ भूमि पर वृक्षारोपण, पौधों के संरक्षण और उत्तरजीविता सुनिश्चित करने तथा जिले में कुछ आदर्श वृक्षारोपण साइटें विकसित करने पर जोर दिया गया।नगरीय व ग्रामीण क्षेत्रों में ठोस और तरल अपशिष्ट प्रबंधन को मजबूत करने, ओडीएफ प्लस गांवों में अपशिष्ट प्रबंधन पर प्राथमिकता देने, और नदियों में प्रदूषित जल के प्रवाह को रोकने के लिए उपचारित जल की व्यवस्था करने के निर्देश दिए गए। सीवेज और वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट के लिए प्रभावी तंत्र विकसित करने, जैविक खेती को बढ़ावा देने, और तालाबों में अपशिष्ट प्रवाह रोकने की कार्ययोजना तैयार करने की बात कही गई। नदी किनारे जैविक कृषि और वृक्षारोपण को प्रोत्साहित करने के साथ-साथ नदियों की स्वच्छता के लिए जनजागरूकता बढ़ाने पर बल दिया गया।बैठक में मुख्य चिकित्साधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी, परियोजना निदेशक, जिला विद्यालय निरीक्षक, प्रभागीय वनाधिकारी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## 50 लाख से अधिक की निर्माणाधीन परियोजनाओं की डीएम ने की समीक्षा

**हमीरपुर, अवधनामा संवाददाता।** जिलाधिकारी घनश्याम मीना की अध्यक्षता और मुख्य विकास अधिकारी चन्द्र शेखर शुक्ला की उपस्थिति में डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम सभागार में जनपद की 50 लाख से अधिक लागत की निर्माणाधीन परियोजनाओं की समीक्षा बैठक आयोजित हुई।जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि पूर्ण हो चुकी परियोजनाओं को संबंधित विभागों को हैंडओवर किया जाए और निर्माणाधीन परियोजनाओं को शीघ्र पूरा किया जाए। बेसिक और माध्यमिक शिक्षा विभाग के तहत पूर्ण भवनों की जांच के बाद हैंडओवर करने, अधूरी परियोजनाओं को समयबद्ध पूरा करने, और पर्यटन विभाग के कार्यों को समय पर हैंडओवर करने के निर्देश दिए गए। जिला चिकित्सालय और जिला महिला चिकित्सालय के अधूरे कार्यों को जल्द पूरा करने को कहा गया।जिलाधिकारी ने नोडल और तकनीकी अधिकारियों को प्रत्येक माह परियोजनाओं का सत्यापन करने और गुणवत्तापूर्ण निर्माण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। लोक निर्माण विभाग और ग्रामीण अभियंत्रण विभाग के अधिशासी अभियंताओं को सड़कों का निर्माण शीघ्र पूरा करने को कहा, ताकि जनता को आवागमन में असुविधा न हो। सभी कार्यदायी संस्थाओं को समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण निर्माण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। बैठक में अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व), जिला विद्यालय निरीक्षक, अर्थ एवं संख्याधिकारी, कार्यदायी संस्थाओं के प्रतिनिधि और अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## विभिन्न स्थानों पर बांटी मच्छरदानी



**सोनभद्र/सिंगरौली, अवधनामासंवाददाता।** सिंगरौली स्थित कोल इंडिया की अनुषंगी कंपनी नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एनसीएल) की दूधीचुआ परियोजना एवं सीडबल्यूएस इकाई ने निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) के तहत स्थानीय परिक्षेत्र में बदलते मौसम के चलते मच्छरजनित रोगों से बचाव हेतु विभिन्न स्थानों पर निःशुल्क मच्छरदानी का वितरण किया। इस दौरान दूधीचुआ परियोजना द्वारा वार्ड संख्या 13 एवं 19 में तथा सीडबल्यूएस द्वारा मुड़वानी बैगा बस्ती, जयंत, कार्यालय परिसर, सी. डब्ल्यू. एस, जयंत और ग्राम अजगूढ, चितरंगी में मच्छरदानी का वितरण किया गया। इसके अतिरिक्त उपस्थित लोगों को मच्छरदानी के प्रयोग के लाभ एवं बारिश के मौसम में होने वाली बीमारियों से बचाव के बारे में भी जानकारी प्रदान की गयी। इस अवसर पर 850 से अधिक लोग लाभान्वित हुए। वितरण कार्यक्रम में परियोजनाओं से स्टाफ़ अधिकारी (एचआर), नोडल अधिकारी (सीएसआर), स्थानीय जन प्रतिनिधि एवं अन्य लोग उपस्थित रहे। गौरतलब है कि एनसीएल की सभी परियोजना एवं इकाइयों द्वारा सीएसआर के तहत समय-समय पर ऐसे अनेक जनकल्याणकारी कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता रहा है।

# सीएम योगी से कर्मचारी पदाधिकारियों की सकरात्मक वार्ता

अवधनामा ब्यूरो



**इटावा/लखनऊ।** राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के अध्यक्ष इं.हरिकिशोर तिवारी के नेतृत्व में मिले प्रतिनिधि मण्डल और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के बीच कर्मचारी समस्याओं, भर्ती, अनावश्यक न्यायिक विवादों पर एक सकारात्मक चर्चा हुई। इस चर्चा में प्रदेश के अधिनस्थ चयन आयोग शिक्षा आयोग अदि में चयन प्रक्रिया अत्याधिक धीमी होने का आकड़े सहित पदाधिकारियों ने रखा। श्री तिवारी ने मुख्यमंत्री को बताया कि प्रदेश में 2015 से अब तक काफी रिक्तियॉ कतिपय कारणों से देरी का शिकार हो रही है। वर्ष 2022 में कुल 7 परिक्षाये अधिनस्थ चयन द्वारा सम्पन्न कराई गई। इसी प्रकार 2023 में कुल चार और 2024 में मात्र 6 परीक्षाये सम्पन कराई गई। ऐसी स्थिति में प्रदेश में विभिन्न संवर्ग के 50 प्रतिशत पद रिक्त पड़े है। इनमें कई संवर्ग तो ऐसे है जिनके कारण जमीनी स्तर पर कार्यो का निस्तारण धीमी गति से हो पा रहा है। मुख्यमंत्री जी को अवगत कराया कि कार्मिकों के न्यायालय से सम्बंधी विवादो को निपटाने के लिए सरकार द्वारा एक उच्च स्तरीय कमेटी बनाई गई थी जिसमें कर्मचारी प्रतिनिधि के रूप में इं.हरिकिशोर तिवारी को सदस्य तथा इस समिति में उच्च न्यायालय के स्थाई अधिवक्ता को सदस्य नामित किया गया था। लेकिन विभागीय विवाद फोरम नामक इस समिति की बैठके न होने के कारण अनचाहे प्रकरण न्यायालय में चल रहे हैं। इससे सरकार के साथ साथ कार्मिक का धन और समय दोनों बरबाद हो रहा है। जबकि कार्मिक के कई ऐसे प्रकरण जो न्यायाल में चल रहे है जिनकों आपसी समझौते या विभागीय विवाद समाधान फोरम पर निपटाया जा सकता है। बैठक में आउटसोर्सिंग, कैशलेस इलाज, पुरानी पेंशन व्यवस्था पर चर्चा की गई। कार्मिकों के लिए अब तक किए जा रहे दस प्रतिशत के अंशदान को बढ़ाकर 14 प्रतिशत करने तथा साढ़े दस हजार करोड़ रूपये जो पिछली सरकार द्वारा कर्मचारियों के खाते में ना डालकर अन्य मद में लगाए गए थे मुख्यमंत्री जी द्वारा उक्त धनराशि कर्मचारियों के खाते में डलवाने का काम किया है। तथा पेंशन में सरकार के अंश को 10 प्रतिशत से बढ़ाकर 14 प्रतिशत करने में महती भूमिका अदा की है। उन्होंने आठवां वेतन को उत्तर प्रदेश में भी तुरंत लागू करने दिया। श्री तिवारी ने इस दौरान यह भी कहा कि अब पेंशन में अन्तिम सुरक्षा और उस पर मंहगाई भत्ता के लिए प्रधानमंत्री जी के साथ बैठक में निर्णय तो दिया गया परन्तु अभी भी कुछ कामियॉ है। उन्हे ठीक कराने हेतु अनुरोध किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने परिषद पदाधिकारियों की बॉतों को सुनने के उपरान्त समस्याओं और जरूरतों का हल निकालने का आश्वासन दिया। इस बैठक पर हर्ष व्यक्त करते हुए इटावा के जिला अध्यक्ष राजेश मिश्रा, पवन श्रीवास्तव, दिलीप मिश्रा, प्रदीप सक्सेना, अजय सिंह(सफाई), रिजवान अहमद, वार्ता के उपरान्त बताया कि वार्ता बहुत सकारात्मक रही। मुख्यमंत्री जी की तरफ से जल्द कुछ अच्छे दिशा निर्देश जारी होने की उम्मीद है।

# गुरुद्वारा गुरुतेग बहादुर साहिब में अखंड पाठ, कीर्तन, मिस्सी रोटियों, लस्सी के साथ संपन्न

अवधनामा ब्यूरो



**इटावा।** सिखों के छठवें गुरु हरगोविंद साहिब जी के प्रकाश पर्व पर गुरुद्वारा श्री गुरुतेग बहादुर साहिब में अखंडपाठ व शबद कीर्तन, लस्सी, मिस्सी रोटियों प्याज मक्खन और लस्सी प्रसाद के साथ समापन किया गया। इसमें गुरु के उपदेश केवल माला के साथ नहीं हालात को देखते हुए दूसरे हाथ में तलवार की जरूरत है, अर्थात भक्ति और शक्ति के बिना कोई भी व्यवस्था को नहीं चलाया जा सकता है। कार्यक्रम में गुरुद्वारा कमेटी के पूर्व अध्यक्ष हरजीत सिंह कालड़ा ने अपने संबोधन में बताया कि पहले सिख धर्म भक्ति व सेवा पर आधारित था, लेकिन गुरु हरगोविंद साहिब जी ने नाम जपना, लंगर चलाना, सेवा करना के साथ इसमें सैनिक शिक्षा को जोड़ना अनिवार्य किया और कहा कि धर्म की रक्षा के लिए सैनिक शिक्षा अर्थात शक्ति की महती आवश्यकता होती है, तभी व्यवस्था बनाना संभव है। गुरुद्वारा कमेटी के प्रधान तरन पाल सिंह कालरा ने गुरु हरगोविंद साहिब जी के प्रकाश पर्व पर सभी को बधाई दी और सभी संगत के सहयोग के लिए धन्यवाद दिया। मुख्य ग्रंथी ज्ञानी गुरदीप सिंह व किशन सिंह व स्त्री सत्संग की अगुआई में सुखमनी साहिब के पाठ की लड़ी का समापन किया गया। गुरुद्वारे में बच्चों ने सामूहिक सबद गाकर सभी का दिल जीता। महिला श्रद्धालओं ने कविताएं व सबद गायन किया। इस मौके पर मनदीप सिंह कालड़ा, चरणजीत सिंह, राजा साहनी खजांची व रिंकू मोगा राजू गुलाटी ने भी प्रकाश पर्व पर सभी संगत की सेवा और व्यवस्था संचालन और कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए निरंतर सेवा की। इस अवसर पर 12 दिन से सुखमनी साहिब के पाठ यज्ञ में सिख संगत सिंधी समाज संगत पंजाबी समाज संगत ने हर दिन सुबह समाप्ति के बाद प्रसाद लस्सी मिस्सी रोटियों प्याज मक्खन घर-घर से बनाकर लाए लोगों ने अपनी मनोकामना की अरदास कराई। गुरद्वारा प्रबंधक कमेटी ने कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग के लिए सभी का धन्यवाद किया।

# एसओजी टीम ने स्कार्पियों सहित पाँचों लोगों किया गिरफ्तार

अवधनामा ब्यूरो



**सोनभद्र।** प्रकरण- अवगत कराना है कि दिनांक 11.06.2025 को कलिंगा कम्पनी के चालक अजय कुमार रजक पुत्र रामबली रजक निवासी अमतोरी, थाना नवानगर, जनपद सिंगरौली के द्वारा थाना रॉबर्ट्सगंज पर सूचना दी गई कि केसीसीएल कम्पनी के जीएम डी.जे. नायक को बोलेरो नियो वाहन से लेकर अमलोरी एनसीएल प्रोजेक्ट सिंगरौली मध्य प्रदेश से अपने निजी काम से रॉबर्ट्सगंज आ रहे थे कि भिलाई बन्धा, लोढ़ी के पास एक स्कॉर्पियों वाहन संख्या UP 64 AZ 1563 पर सवार 05 लोगों के द्वारा मेरी गाड़ी रोककर मेरा मोबाइल छीनकर केसीसीएल कम्पनी के एचआर हेमन्त डकुआ के पास फोन कर उनसे 10 लाख रुपये मांगने और पैसा नही देने पर जान से मारने की धमकी दी गयी। उक्त प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना रॉबर्ट्सगंज पर मु0अ0सं0-619/ 2025 धारा-127(2), 308 (5), 351(2) बीएनएस का अभियोग नामजद 05 नफर अभियुक्तगण के विरुद्ध पंजीकृत किया गया। उक्त पंजीकृत अभियोग से सम्बन्धित अभियुक्तों की शीघ्र गिरफ्तारी हेतु पुलिस अधीक्षक सोनभद्र द्वारा अपर पुलिस अधीक्षक मुख्यालय तथा क्षेत्राधिकारी नगर को विशेष निर्देश दिये गये। उक्त निर्देश के क्रम में दिनांक- 11.06.2025 को थाना रॉबर्ट्सगंज पुलिस व एसओजी टीम ने मुखबीर खास कि सूचना पर थाना क्षेत्र के बढ़ौली के पास से वाहन सं0 P 64 AZ 1563 स्कार्पियो पर सवार वांछित 05 नफर अभियुक्तगण को पकड़ लिया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के माननीय न्यायालय भेजा गया।

# जलशक्ति मंत्री की अध्यक्षता में 641 अभियंताओं का किया गया स्थानांतरण

- अभियंताओं द्वारा चुने गए ऐच्छिक विकल्प के आधार पर स्थानांतरण आदेश अलग से जारी किए जाएँगे
- नियुक्ति, पदस्थापन से लेकर स्थानांतरण तक की समस्त प्रक्रिया पूरी पारदर्शिता के साथ संपन्न की जा रही है



अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह की अध्यक्षता में यहाँ तेलीबाग स्थित परिकल्प भवन (सभागार) में सिंचाई विभाग (सिविल संवर्ग) के अभियंताओं के स्थानांतरण की प्रक्रिया सम्पन्न की गई। जलशक्ति मंत्री की मौजूदगी में लगातार तीन दिनों तक चले पारदर्शी स्थानांतरण प्रक्रिया में स्थानान्तरण नीति से आच्छादित सिंचाई विभाग (सिविल संवर्ग) के कुल 641 अभियंताओं के स्थानांतरण हेतु उनके ऐच्छिक विकल्प लिये गए। इस अवसर पर 65 अधिशासी अभियंताओं, 278 सहायक अभियन्ताओं एवं 298 अवर अभियन्ताओं के स्थानान्तरण हेतु उनके ऐच्छिक विकल्प लिए गए। अभियंताओं द्वारा चुने गए ऐच्छिक विकल्प के आधार पर स्थानांतरण आदेश अलग से जारी किए जाएँगे। जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने इस अवसर पर कहा कि किसानों की आय दोगुनी करने, सिंचाई सुविधा के विस्तार, जल संचयन और नहरों के सुदृढ़ीकरण जैसी योजनाओं की सफलता अभियंताओं की कार्यशैली पर निर्भर करती है। इसलिए यह स्थानांतरण प्रक्रिया महज प्रशासनिक प्रक्रिया नहीं, बल्कि शासन के विकास लक्ष्य से जुड़ी एक निर्णायक कड़ी है। इससे यह भी सुनिश्चित होगा कि सही व्यक्ति सही स्थान पर तैनात हो और वहां अपनी संपूर्ण क्षमता से योगदान दे। उन्होंने कहा कि सरकार कार्य संस्कृति को बदलने में विश्वास रखती है। अब कोई भी निर्णय एकतरफा नहीं होगा। पारदर्शी प्रणाली से ही लक्ष्य प्राप्त होते हैं। जलशक्ति मंत्री ने इस अवसर पर कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा नियुक्ति, पदस्थापन से लेकर स्थानांतरण तक की समस्त प्रक्रिया पूरी पारदर्शिता के साथ संपन्न की जा रही है। पारदर्शी प्रक्रिया के अंतर्गत नियुक्ति, पदस्थापन तथा स्थानान्तरण की कार्यवाही प्रदेश सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने स्थानांतरित अभियंताओं से पूर्ण दक्षता व क्षमता के साथ बिना किसी दबाव के कार्य करते हुये विभाग को आगे ले जाने का आह्वान किया। अंत में जलशक्ति मंत्री ने सभी उपस्थित अभियंताओं से पुनः आग्रह किया कि वे हर योजना को मिशन मोड में पूर्ण करें। उन्होंने यह स्पष्ट किया कि अब विभाग में बिना जवाबदेही के कोई स्थान नहीं'। जलशक्ति राज्य मंत्री दिनेश खटिक ने इस अवसर पर कहा कि अभियंताओं द्वारा निष्पादित कार्य सदैव किसानों के हित में होने चाहिए। उन्होंने इस अवसर अभियंताओं किसानों के हित में विभाग द्वारा चलायी गयी योजनाओं को समयबद्ध रूप से पूर्ण करने एवं उनकी आय में बढ़ोतरी की दिशा में कार्य करने हेतु निर्देशित किया। जलशक्ति राज्य मंत्री दिनेश खटिक एवं राकेश निषाद ने इस अवसर पर अभियंताओं को उनके ज्ञान व योग्यता को उपयोग में लाने हेतु प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि विभागीय निर्माण कार्यों को समय से व गुणवत्तापरक कराये जाने में अभियन्ताओं की महती भूमिका होती है, तदनुसार उनका कार्य व आचरण उत्कृष्ट स्तर का होना चाहिए। इस अवसर पर प्रमुख सचिव सिंचाई एवं जल संसाधन अनिल गर्ग, प्रमुख अभियंता एवं विभागाध्यक्ष अखिलेश सचान, प्रमुख अभियंता संदीप कुमार सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।

# मुख्यमंत्री योगी ने बाल श्रम को बताया अभिशाप



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बृहस्पतिवार को बाल श्रम को एक ''अभिशाप'' बताया और नागरिकों से इस प्रथा के खिलाफ एकजुट होने का आग्रह किया ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि हर बच्चे को शिक्षा, सुरक्षा, सम्मान और नैतिक मूल्य मिलें। विश्व बाल श्रम निषेध दिवस के अवसर पर सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर उन्होंने कहा, ''बाल श्रम अभिशाप है, इसे स्वीकार नहीं किया जा सकता। आइए, इस विश्व बाल श्रम निषेध दिवस पर हम हर बच्चे को शिक्षा, सुरक्षा, सम्मान और संस्कार से जोड़ने का संकल्प लें।'' उन्होंने कहा कि बाल श्रम के विरुद्ध जागरुकता और सहयोग से ही हम एक संवेदनशील, सशक्त समाज के भविष्य का निर्माण कर सकते हैं। विश्व बाल श्रम निषेध दिवस प्रतिवर्ष 12 जून को मनाया जाता है, जिसकी शुरुआत वर्ष 2002 में अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन (आईएलओ) द्वारा विश्व भर में बाल श्रमिकों की दुर्दशा को उजागर करने के लिए की गई थी।

# आईटीआई में रोजगार मेला संपन्न, 17 अभ्यर्थी चयनित



अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री मिशन रोजगार योजना के तहत राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आई.टी.आई.), अलीगंज, लखनऊ में रोजगार मेले का सफल आयोजन किया गया। प्रधानाचार्य राज कुमार यादव ने बताया कि रोजगार मेले में सैमसंग इंडिया इलेक्ट्रॉनिक्स प्रा. लि., औडाज़ वेंचर्स, वी विन लि., तथा सुज़लान एनर्जी सहित कुल चार प्रतिष्ठित कम्पनियों ने प्रतिभाग किया। चयन प्रक्रिया पूर्ण होने के उपरांत प्रधानाचार्य महोदय द्वारा चयनित अभ्यर्थियों को ऑफर लेटर भी वितरित किए गए। एम. ए. खाँ, ट्रेनिंग, काउंसलिंग एण्ड प्लेसमेंट ऑफिसर ने जानकारी दी कि मेले में 55 अभ्यर्थियों ने भाग लिया, जिनमें से 35 अभ्यर्थी अर्ह पाए गए। सैमसंग इंडिया द्वारा साक्षात्कार के बाद 17 अभ्यर्थियों का चयन किया गया। चयनित अभ्यर्थियों को 13,000 रुपये प्रतिमाह स्टाइपेंड सहित अन्य सुविधाएं प्रदान की जाएंगी। रोजगार मेले के सफल आयोजन में मकबूल कादिर, जेड रहमान, क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय एवं ग्रे सिम फाउंडेशन का महत्वपूर्ण सहयोग रहा। चयन से वंचित अभ्यर्थी आगामी 21 जून 2025 को आयोजित होने वाले रोजगार मेले में पुनः प्रतिभाग कर सकते हैं।

## प्रदेश सरकार गोवंश के संरक्षण एवं संवर्धन पर बल दे रही: श्याम बिहारी गुप्त

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष श्याम बिहारी गुप्त की अध्यक्षता में गुरूवार को इन्दिरा भवन स्थित सभागार में लालटिपारा, ग्वालियर के स्वामी देवानंद एवं सिलीगुड़ी, पश्चिम बंगाल के प्रभु गुप्ता के साथ एक विशिष्ट बैठक संपन्न हुई। इसमें गौ-विज्ञान, पंचगव्य उत्पादों एवं सीबीजी प्लांट से सम्बंधित पहलुओं पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। बैठक में गो सेवा आयोग के अध्यक्ष गुप्त ने कहा कि राज्य सरकार गोवंश के संरक्षण एवं संवर्धन पर बल दे रही है। प्रदेश में गोपालन मजबूत ग्रामीण अर्थव्यवस्था का आधार बन रहा है। गौ-आधारित आर्थिक और पर्यावरण-संबंधी विकास कार्यक्रमों हेतु गो सेवा आयोग प्रतिबद्ध है।बैठक में बताया गया कि स्वामी देवानंद द्वारा ग्वालियर में चलाए जा रहे लालटिपारा गौशाला में स्थापित कम्प्रेस्ड बायो गैस (सीबीजी) प्लांट, भारत की बहुआयामी ऊर्जा पहल का उत्कृष्ट उदाहरण है। यह प्लांट प्रतिदिन लगभग 100 टन गोबर को संसाधित कर 2-3 टन बायोगैस (बायो-सीएनजी) एवं जैविक खाद उत्पन्न करता है।

# भाषा वि.वि. को B.Pharma और D. Pharma के लिए मिली पी.सी.आई. से मान्यता

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय, लखनऊ को शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया से B.Pharma और D.Pharma पाठ्यक्रमों की मान्यता प्राप्त हो गई है। यह मान्यता विश्वविद्यालय की अकादमिक साख के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि मानी जा रही है। ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय के B.Pharma और D.Pharma कोर्स को 2025-26 के लिए फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया से मान्यता प्रदान की गई है। यह मान्यता इस बात का प्रमाण है कि विश्वविद्यालय द्वारा संचालित फार्मेसी पाठ्यक्रम PCI द्वारा निर्धारित गुणवत्ता मानकों पर खरे उतरते हैं। D.Pharma कोर्स को फार्मेसी एक्ट की धारा 12 के तहत स्वीकृति मिली है, जिससे पाठ्यक्रम पूरा करने के बाद छात्र फार्मासिस्ट के रूप में पंजीकरण के लिए पात्र होंगे। इससे छात्रों के लिए फार्मेसी क्षेत्र में विविध करियर अवसर खुलेंगे। इस उपलब्धि पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. अजय तनेजा ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा, यह मान्यता विश्वविद्यालय की शैक्षणिक गुणवत्ता और प्रतिबद्धता को दर्शाती है। हमारा उद्देश्य केवल पाठ्यक्रम संचालित करना नहीं, बल्कि उद्योग-उन्मुख, गुणवत्तापरक और छात्र-केंद्रित शिक्षा प्रदान करना है, जिससे हमारे छात्र राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रतिस्पर्धा में सफल हो सकें। फार्मेसी संकाय की डीन प्रो. चन्दना डे ने कहा, यह मान्यता हमारे विद्यार्थियों को शिक्षा और रोजगार दोनों क्षेत्रों में नए अवसर उपलब्ध कराएगी। यह हमारे शिक्षण की गुणवत्ता को भी प्रमाणित करती है। संस्थान की निदेशक प्रो. शालिनी त्रिपाठी ने कहा, यह सफलता हमारे कुलपति प्रो. अजय तनेजा के कुशल नेतृत्व, शिक्षकों की निष्ठा और स्टाफ की सतत मेहनत का परिणाम है। हमने यह सुनिश्चित किया कि हमारे फार्मेसी कोर्स हर स्तर पर PCI की कसौटियों पर खरे उतरें। यह मान्यता न केवल संस्थान की प्रतिष्ठा को सुदृढ़ करेगी, बल्कि छात्रों के उवल भविष्य की दिशा में एक सशक्त आधार भी प्रदान करेगी।

# छात्र सम्मान समारोह का आयोजन

- मेधावी छात्रों को विभिन्न प्रेरणादायक पुरस्कारों से किया गया सम्मानित



अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** एमएच चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा ऐतिहासिक स्थल छोटा इमामबाड़ा, हुसैनाबाद में छात्र सम्मान समारोह का भव्य और प्रेरणास्पद आयोजन किया गया। इस समारोह का उद्देश्य हाल ही में सम्पन्न बोर्ड परीक्षाओं में 75 प्रतिशत या उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित करना और उनके उज्ज्वल भविष्य के प्रति उन्हें प्रोत्साहित करना था।

इस अवसर पर सैकड़ों छात्र-छात्राओं और उनके अभिभावकों ने भारी उत्साह के साथ भाग लिया। ट्रस्ट के चेयरमैन मोहम्मद इबाद की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम में शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को विशेष सम्मान प्रदान किए गए।

कार्यक्रम की विशेषता यह रही कि विद्यार्थियों को सम्मान पत्र और शील्ड के साथ-साथ विभिन्न प्रतिष्ठित शैक्षिक पुरस्कारों से नवाज़ा गया, जिनमें शामिल हैं- सर सैयद अहमद खाँ अवार्ड, मौलाना कल्बे सादिक अवार्ड, मौलाना गुलाम असकरी अवार्ड, डॉ. ज़ाकिर हुसैन अवार्ड, अबुल कलाम आज़ाद अवार्ड, इन पुरस्कारों के माध्यम से ट्रस्ट ने न केवल छात्रों की मेहनत का सम्मान किया बल्कि उन्हें इन महान व्यक्तित्वों के जीवन से प्रेरणा लेने का संदेश भी दिया।इस अवसर पर कई गणमान्य अतिथियों एवं शैक्षिक क्षेत्र की प्रतिष्ठित हस्तियों ने प्रेरणादायक संबोधन दिए और छात्रों को जीवन में अनुशासन, निरंतरता और आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। करियर मार्गदर्शन सत्र भी आयोजित किया गया, जिसमें विद्यार्थियों के विभिन्न प्रश्नों के उत्तर दिए गए। अपने संबोधन में मोहम्मद इबाद ने कहा कि, एमएच चैरिटेबल ट्रस्ट शिक्षा के प्रसार और छात्रों के सर्वांगीण विकास हेतु सतत् प्रयासरत है। यह सम्मान समारोह ट्रस्ट की उस प्रतिबद्धता का हिस्सा है, जो समाज के भविष्य–हमारे विद्यार्थियों–को सशक्त बनाने के उद्देश्य से जुड़ी है। उन्होंने यह भी आश्वस्त किया कि ट्रस्ट भविष्य में भी इस प्रकार के प्रेरक और समाजोपयोगी कार्यक्रमों का आयोजन करता रहेगा।

# टीएमयू मेडिकल के न्यू पीजी स्टुडेंट्स को समझाए एथिक्स

अवधनामा ब्यूरो



तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी के मेडिकल कॉलेज एंड रिसर्च सेंटर में एमडी और एमएस 2024-25 बैच के फर्स्ट ईयर जूनियर डॉक्टर्स के ओरिएंटेशन प्रोग्राम का समापन

**लखनऊ।** तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के मेडिकल कॉलेज एंड रिसर्च सेंटर में एमडी और एमएस 2024-25 बैच के मेडिकल पीजी ओरिएंटेशन प्रोग्राम में 136 न्यू कमर्स स्टुडेंट्स को हॉस्पिटल और कॉलेज की फैसेलिटीज़, कार्यप्रणाली, पेशेंट्स, तीमारदारों और सहकर्मियों से बातचीत की तरीके, मरीजों के अधिकार, डाटा की कॉन्फिडेंसिटी को मेंटेन रखना, मेडिकल रिकार्ड को मेंटेन रखना, मेडिकल लीगल इस्यूज को मैनेज करना, सुरक्षित तरीके से रक्त को चढ़ाना, उचित दवाइयों का प्रयोग करना, रेडियोलॉजी और लैब के फॉर्म को सही से भरना ताकि सही जांच और हो सके, बायोमेडिकल वेस्ट का उचित निस्तारण करना, पेशेंट के अनुमति पत्र को भरना, ड्रग्स के साइड इफेक्ट्स का रिकॉर्ड रखना, आयुष्मान योजना की जानकारी, मेडिकल साइंस में रिसर्च आदि के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। इस मौके पर फैकल्टी ऑफ मेडिसिन साइंसेज़ के डीन प्रो. एसके जैन की बतौर मुख्य अतिथि, मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल प्रो. एनके सिंह की बतौर विशिष्ट अतिथि गरिमामयी मौजूदगी रही। साथ ही पीजी ओरिएंटेशन प्रोग्राम के ऑर्गेनाइजिंग चेयरमैन प्रो. वीके सिंह, को-ऑर्गेनाइजिंग चेयरमैन एवम् मेडिकल के वाइस प्रिंसिपल प्रो. प्रीथपाल सिंह मटरेजा, ऑर्गेनाइजिंग सेक्रेटरी प्रो. अमित सराफ और ज्वाइंट ऑर्गेनाइजिंग सेक्रेटरी प्रो. राजुल रस्तोगी आदि की भी उल्लेखनीय मौजूदगी रही। मेडिकल कॉलेज के वाइस प्रिंसिपल प्रो. प्रीथपाल सिंह मटरेजा और फिजियोलॉजी के हेड डॉ. जयबल्लभ कुमार ने एडीआर रिपोर्टिंग/फर्माकोविजिलेंस, प्रिस्क्रिप्शन राइटिंग और रेसनल यूज ऑफ ड्रग्स के बारे में विस्तार से बताया।

## उद्यान मंत्री औद्यानिक उन्नयन गोष्ठियों में करेंगे प्रतिभाग

**लखनऊ।** प्रदेश के उद्यान, कृषि विपणन, कृषि विदेश व्यापार एवं कृषि निर्यात राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिनेश प्रताप सिंह 13 एवं 14 जून 2025 को मेरठ और बरेली मण्डलों के दौरे पर रहेंगे। इस दौरान मंत्री मण्डलीय औद्यानिक उन्नयन गोष्ठी, वर्ष 2025 के कार्यक्रमों में प्रतिभाग कर किसानों और अधिकारियों को संबोधित करेंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार मंत्री 13 जून, 2025 को प्रातः 09:00 बजे यू0पी0 सदन, नई दिल्ली से प्रस्थान कर प्रातः 10:30 बजे सर्किट हाउस, मेरठ पहुँचेंगे। वहां से 10:55 बजे प्रस्थान कर 11:00 बजे नेताजी सुभाष चन्द्र बोस प्रेक्षागृह, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ में आयोजित मण्डलीय औद्यानिक उन्नयन गोष्ठी, मेरठ/सहारनपुर मण्डल में मुख्य अतिथि के रूप में प्रतिभाग करेंगे। मंत्री अपराह्न 14:00 बजे कार्यक्रम स्थल से प्रस्थान कर अपराह्न 14:05 बजे हरपाल सैनी, पूर्व सदस्य विधान परिषद, उत्तर प्रदेश के मेरठ के निवास पर उनसे मुलाकात करेंगे। इसके बाद अपराह्न 15:00 बजे मेरठ से प्रस्थान कर सायं 19:30 बजे सर्किट हाउस, बरेली पहुँचकर रात्रि विश्राम करेंगे।

मंत्री अनिल राजभर ने जिनेवा में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय श्रम सम्मेलन में किया प्रतिभाग

# भारत का सामाजिक सुरक्षा कवरेज ऐतिहासिक रूप से बढ़ा

- प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत ने 11 वर्षों में सामाजिक सुरक्षा में ऐतिहासिक प्रगति की

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'सबका साथ, सबका विकास' के विजन से प्रेरित होकर भारत ने पिछले 11 वर्षों में सामाजिक सुरक्षा कवरेज के क्षेत्र में विश्व स्तर पर अभूतपूर्व उपलब्धि हासिल की है। अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन ने भारत में सामाजिक सुरक्षा कवरेज की ऐतिहासिक वृद्धि को मान्यता दी है, जो वर्ष 2015 में मात्र 19 प्रतिशत थी, अब 2025 में बढ़कर 64.3 प्रतिशत हो गई है। भारत अब 94 करोड़ से अधिक नागरिकों को सामाजिक सुरक्षा कवरेज प्रदान कर विश्व में दूसरे स्थान पर पहुंच गया है। यह जानकारी उत्तर प्रदेश सरकार के श्रम एवं रोजगार मंत्री अनिल राजभर ने जिनेवा में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय श्रम सम्मेलन के दौरान दी। उन्होंने कहा कि भारत में सामाजिक सुरक्षा का यह विस्तार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में गरीबों, श्रमिकों एवं असंगठित क्षेत्र के हितों की केंद्रित नीतियों का प्रत्यक्ष परिणाम है।अनिल राजभर ने बताया कि अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन ने अपने आधिकारिक डैशबोर्ड पर भारत की इस उपलब्धि को प्रकाशित किया है। प्ल्व् के महानिदेशक गिल्बर्ट एफ. हांगबो ने भी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत की गरीबों और श्रमिकों के प्रति प्रतिबद्ध कल्याणकारी नीतियों की सराहना की है। अनिल राजभर ने जिनेवा में गिग और प्लेटफॉर्म वर्कर्स के सामाजिक सुरक्षा अधिकारों पर आयोजित एक विशेष सत्र में भी भाग लिया। उन्होंने कहा कि यह सत्र सभी देशों के लिए एक महत्वपूर्ण संदेश लेकर आया है कि गिग और प्लेटफॉर्म वर्कर्स के कल्याण के लिए वैश्विक स्तर पर गंभीरता से विचार किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यह सभी देशों के लिए एक आंख खोलने वाला सत्र था कि गिग और प्लेटफॉर्म वर्कर्स के कल्याण के बारे में गंभीरतापूर्वक विचार किया जा रहा है। लगभग 8 मिलियन (80 लाख) कर्मचारी गिग और प्लेटफॉर्म अर्थव्यवस्था में लगे हुए हैं और 2030 तक यह संख्या बढ़कर लगभग 24-25 मिलियन हो जाएगी।

## उप मुख्यमंत्री ने मुख्यमंत्री कल्याण सिंह बाबू की मूर्ति का किया अनावरण

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने गुरूवार को अपने पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत जनपद अयोध्या के विकासखंड रुदौली के ग्राम भौली मे उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कल्याण सिंह बाबू की प्रतिमा का अनावरण किया और उन्होंने गुजरात के अहमदाबाद मे हुयी विमान दुर्घटना पर गहरा शोक व्यक्त किया, संवेदना व्यक्त की तथा यहां पर अपने सम्मान में होने वाले कार्यक्रमों को स्थगित किया। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने मूर्ति अनावरण के पश्चात विकसित भारत का अमृत काल,सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के 11 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित जनसभा कार्यक्रम में पहुंचे जहां उन्होंने सर्वप्रथम विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए प्रदर्शनी में स्टालों का अवलोकन किया। इसके बाद उन्होंने अपने सम्बोधन मे कहा कि आज गुजरात के अहमदाबाद मे विमान हादसा हुआ है। हादसे की सूचना प्राप्त होने पर कार्यक्रम को स्थगित करने का विचार था, परंतु रुदौली की जनता का पूर्व मुख्यमंत्री कल्याण सिंह के प्रति प्रेम व सम्मान को देखते हुए भारी मन से आना पड़ा।

# निजीकरण पर नियामक आयोग के अध्यक्ष का अभिमत अवैध

- समझौता तोड़ा, अधिकार खोया: नियामक अध्यक्ष पर नैतिक और कानूनी सवाल
- निजीकरण की जिद, कर्मचारियों का विरोध: पावर सेक्टर में गरमाई जंग
- झूठे आंकड़ों से नहीं, समझौते से चलेगा काम: संघर्ष समिति का सीधा संदेश



अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति, उत्तर प्रदेश ने पॉवर कॉरपोरेशन प्रबंधन की निजीकरण के आरएफपी (रिक्वेस्ट फॉर प्रपोजल) डॉक्यूमेंट पर विद्युत नियामक आयोग से संस्तुति लेने की तैयारी पर कड़ा विरोध जताया है। समिति ने स्पष्ट शब्दों में कहा है कि विद्युत नियामक आयोग के वर्तमान अध्यक्ष अरविंद कुमार को इस मामले पर कोई भी अभिमत देने का नैतिक और कानूनी अधिकार नहीं है, क्योंकि उन्होंने स्वयं 6 अक्टूबर 2020 को एक लिखित समझौते पर हस्ताक्षर किए थे, जिसमें पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम के निजीकरण का प्रस्ताव वापस लेने और भविष्य में बिना कर्मचारियों को विश्वास में लिए किसी भी निजीकरण को न करने की बात कही गई थी।

संघर्ष समिति ने एक बयान जारी कर बताया कि उन्हें जानकारी मिली है कि पॉवर कॉरपोरेशन के चेयरमैन डॉ. आशीष गोयल, निदेशक वित्त निधि नारंग, नियामक आयोग के सदस्य संजय सिंह और अवैध रूप से नियुक्त किए गए ट्रांजैक्शन कंसल्टेंट ग्रांट थॉर्टन ने आज नियामक आयोग के चेयरमैन अरविंद कुमार से पूर्वांचल और दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगमों के निजीकरण हेतु आरएफपी डॉक्यूमेंट पर संस्तुति लेने के संबंध में एक घंटे से अधिक बातचीत की है।समिति ने ग्रांट थॉर्टन को अवैध ढंग से नियुक्त किए गए, झूठा शपथ पत्र देने वाले और फर्जीवाड़ा स्वीकार कर लेने वाले कंसल्टेंट बताते हुए नियामक आयोग से उनके द्वारा बनाए गए निजीकरण के आरएफपी डॉक्यूमेंट पर कोई बात न करने का आग्रह किया है। समिति ने यह भी जोर दिया कि किसी भी नियम के तहत विद्युत नियामक आयोग को पॉवर कॉरपोरेशन के कहने पर निजीकरण के किसी दस्तावेज पर अभिमत नहीं देना चाहिए।संघर्ष समिति ने याद दिलाया कि 6 अक्टूबर 2020 के समझौते पर तत्कालीन वित्त मंत्री सुरेश खन्ना और ऊर्जा मंत्री श्रीकांत शर्मा की उपस्थिति में अरविंद कुमार ने हस्ताक्षर किए थे। इस समझौते में साफ तौर पर कहा गया है कि पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम के निजीकरण का प्रस्ताव वापस लिया जाता है। इसके अतिरिक्त किसी अन्य व्यवस्था का प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है। उत्तर प्रदेश में विद्युत वितरण निगमों की वर्तमान व्यवस्था में ही विद्युत वितरण में सुधार हेतु कर्मचारियों एवं अभियंताओं को विश्वास में लेकर सार्थक कार्यवाही की जाएगी। कर्मचारियों एवं अभियंताओं को विश्वास में लिए बिना उत्तर प्रदेश में किसी भी स्थान पर कोई निजीकरण नहीं किया जाएगा।समिति ने सवाल उठाया कि जब अरविंद कुमार ने ऐसे दस्तावेज पर हस्ताक्षर किए हैं, तो विद्युत नियामक आयोग के अध्यक्ष रहते हुए वे कैसे पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम के आरएफपी डॉक्यूमेंट पर अपना अभिमत देने हेतु पॉवर कॉरपोरेशन और ग्रांट थॉर्टन के साथ मीटिंग कर रहे हैं।इसके अतिरिक्त, संघर्ष समिति ने बताया कि नियामक आयोग के दूसरे सदस्य संजय सिंह उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन के कर्मचारी रह चुके हैं, इसलिए वे भी पॉवर कॉरपोरेशन की सब्सिडियरी पूर्वांचल और दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम के निजीकरण के डॉक्यूमेंट पर अपना अभिमत नहीं दे सकते।

## एलयू में योग की भूमिका विषय पर सेमिनार

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय के योग विभाग, फैकल्टी ऑफ योग एंड अल्टरनेटिव मेडिसिन के तत्वावधान में 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2025 के आयोजन श्रृंखला के अंतर्गत अवसाद के प्रबंधन में योग की भूमिका विषय पर एक सेमिनार का आयोजन योग सभागार में किया गया।

सेमिनार के मुख्य वक्ता डॉ बृजेन्द्र प्रताप सिंह, योग इंस्ट्रक्टर, स्टेट आयुर्वेदिक हॉस्पिटल, फरीदीनगर, लखनऊ ने अवसाद प्रबंधन में योग की प्रभावशीलता पर विस्तृत चर्चा की। उन्होंने बताया कि भुजंगासन, भद्रासन, अनुलोम-विलोम, भ्रामरी तथा उज्जायी प्राणायाम तनाव के स्तर को कम करने में अत्यंत सहायक हैं। डॉ सिंह ने कहा कि व्यक्ति की जीवनशैली, आहार-विहार एवं शारीरिक गतिविधियां भी तनाव के स्तर को सीधे प्रभावित करती हैं। उन्होंने अवसाद प्रबंधन में योग की वैज्ञानिक एवं सामाजिक उपयोगिता को रेखांकित किया।

# देश की जानी मानी साध्वी सरला खेड़ा ने सांसारिक जीवन से लिया विदा

- सनातन धर्म के प्रचार में पूरा जीवन लगाया



अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ/पानीपत।** पानीपत के प्रेम मंदिर धाम की देश की जानी मानी साध्वी सरला खेड़ा देवी गुरु चरणों में विलीन हो गई। उनका अंतिम संस्कार किया गया, जिसमें सामाजिक, धार्मिक एवम अन्य गणमान्य लोगों ने भाग लिया। सरला देवी गुरु महाराज कांता देवी के सानिध्य में प्रेम मंदिर में रहती थी और धार्मिक प्रवच्चनों से लोगों के जीवन को सुधारने का काम करती थी। सरला देवी हमेशा सफेद वस्त्र धारण करके रहती थी और और उन्होंने अपना पूरा जीवन सनातन धर्म के प्रचार और प्रसार में लगा दिया। वह 85 वर्ष से अधिक की थी और उन्होंने अपने जीवन में समाज के उत्थान के लिए कई कार्यक्रम चलाए। वह लगातार महिलाओं के हित में कार्य करती रहीं। प्रेम मंदिर की वर्तमान मुख्य गुरु कांता देवी जी महाराज ने कहा कि साध्वी सरला देवी प्रेम मंदिर धाम की सबसे वरिष्ठ सदस्य थी और उनके जाने से सनातन धर्म का गहरा नुकसान पहुंचा है। उनका पूरा जीवन समाज के लिए अर्पित था और प्रेम मंदिर में उनका योगदान अतुलनीय रहा। कांता देवी जी महाराज ने कहा कि प्रेम मंदिर की पहली अध्यक्ष श्री श्री 1008 श्री शांति देवी जी महाराज के साथ संत सरला देवी जी ने काफ़ी कार्य समाज के लिए किया और सनातन धर्म के लिए इनका जाना अपूर्णीय क्षति है।उनका स्वभाव हंसमुख विनम्र शांत स्वभाव था।वे जीवन यात्रा पूर्ण करके अपने अराध्य श्री गुरुदेव भगवान के चरणो में विलिन हो गई है उनका अंतिम संस्कार अंसध रोड शिवपुरी में किया गया। उन्होंने बताया कि प्रेम मंदिर के पूरे देश भर में दिल्ली, पानीपत, बहादुरगढ, झज्जर, वृदावन, सोनीपत, दुजाना सहित अन्य शहरो में मंदिर हैं और हर मंदिर से समाज के उत्थान के लिए बहुत सी गतिविधियाँ चलाई जा रही हैं। सनद रहे कि हरियाणा में इस प्रेम मंदिर का बहुत ज़्यादा प्रभाव है और स देश भर से लाखो भक्त इस पंथ से जुड़े है, जो समय समय पर मदिंर में आकर अपनी श्रदापूर्ण भकित करते है। देश भर के श्रद्धालुओं को भी उनके इस दुनिया से चले जाने का गहरा दुख पहुंचा है। पानीपत की प्रेम मंदिर की स्थापना (1920) में हुई थी यह मंदिर महिलाओं के उत्थान के लिए चलाया था यह मंदिर सौ साल पुराने मंदिर है। इस ट्रस्ट की वर्तमान प्रधान कांता देवी जी महाराज है।